❁ इस पञ्चाङ्ग की विशेषमान्यता देख, इसी माफिक अन्य पञ्चाङ्ग बने हैं. अतः पञ्चाङ्ग लेते समय 'पं. भवानीशंकरजी' का ट्रेडमार्क चित्र अवश्य देखें। ❁





स्वस्तिश्रीजोधपुरनगरीयषट्पलभोपरि सुसंस्कारितग्रहगणितानुसारं

श्रीमन्मुकुटमणीनांश्री १०८ श्रीविक्रमराज्यातीत शुभसंवत् २०८२

राष्ट्रीयशाकः १९४७ ईस्वी सन् २०२५–२६ हिजरी सन् १४४६–४७

नीमचनगरस्थराजज्योतिषिभिः पण्डितवर्यभवानीशंकररविशंकर महोदयैः

प्रकाशितं भवानीशंकरीयं निर्णयसागरचण्डमार्त्तण्डपञ्चाङ्गशास्त्रसम्मतम्

❁ भारतीयस्वातंत्र्य संवत् ७८–७९ ☆ श्री जैन महावीर संवत् २५५१–५२ ❁





निर्णयसागरपञ्चाङ्गकार्यालय, नीमच छा.


जयति स विक्रमार्को यन्नाम्ना चलति संवतो गणना।
पञ्चाङ्गम् हि तदीयं मान्यतमं भारतादिदेशेषु॥

पञ्चाङ्गम् सुलभं सेव्यं शास्त्रमर्मसमन्वितम्।
निर्णयात्मकं सर्वमान्यं निर्णयसागरसंज्ञकम्॥

卐 शत तुल्य वर्षों से प्रचलित सन्मान्य लोकप्रिय पञ्चाङ्ग ● मूल्य १२०) रु. मात्र 卐

♣ नक्कालों से सावधान ♣ नववर्ष का पञ्चाङ्ग लेते समय मुख पृष्ठ पर पं. श्री रविशंकरजी का स्पष्ट चित्र एवं इन्द्रधनुष सा–सातरंगी–त्रिदर्पणीय ☐ होलोग्राम देख लेवें।

स्व. पण्डित श्री भवानीशंकर शर्मा राजज्योतिषी



निर्णयसागर पञ्चाङ्ग कार्यालय नीमच छावनी

प्रिय ग्राहक महाशय ! इस सुरम्य सृष्टि रचना विधान के साथ ही श्री ब्रह्मदेव ने मनुष्यों के लिए धर्मादि व्यवस्था वर्णन की, उस वर्णित ग्रंथ का सन्नाम 'वेद' है और वेदोक्तधर्म ही मनुष्य मात्र को कर्त्तव्य है। वेद में धर्मादि साधन हेतु काल-तंत्र (समय) का कथन किया गया और उस समय ज्ञान हेतु उन्हीं ब्रह्मदेव ने वेदाङ्ग रूपक ज्योतिष कालशास्त्र का भी निर्माण किया यथा श्रुति सूत्र वचन - **विनैतदखिलं श्रौत स्मार्त्त कर्म न सिध्यति। तस्माज्जगद्धितायेदंब्रह्मणा निर्मितंपुरा ॥** यह ज्योतिर्विज्ञान सिद्धान्त+ संहिता+होरा नामक तीन स्कन्धों में विस्तृत वर्णित है, परन्तु काल ज्ञान सिद्धांत संभाग से समुत्पन्न होता है। सिद्धांत के बहुविध ग्रंथ आगमकाल से प्रचलित है, तदनुरूप फलाशय उपकरण तथ्य भी न्यूनाधिक अन्तरांश में विदित हो पाते हैं एवं जनसाधारण में सहज विभ्रम भी बन पाता है, परन्तु आपका यह लोकप्रिय **'निर्णयसागर चण्डमार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग'** शत तुल्य वर्षों से सारगर्भित ग्रह-गति उपकरण, अनुसन्धान, अनुभवाऽगत तथ्ययुक्त गणना नियामक से कालांश निर्णय कर निर्मित होता है एवं जन समाज के धर्मादिक कृत्य तथा अन्य विविध काल निर्णय तथा मानवीय गृहस्थ्य धर्म के नित्योपयोगी कार्य प्रसाधना गणना प्रतिफल हेतु अनुभवसिद्ध भी चरितार्थ बना है, यह विषय सर्वविदित स्पष्ट है। ❊ सम्प्रति हमारे इस भारत विख्यात सर्वदेशीय पंचाङ्ग की अधिक सन्मान्यता तथा प्रचार-प्रसार को देखकर लघुमानस ईर्ष्या विदग्ध कतिपयजन विभिन्न प्रकार की विभ्रामक धारणा प्रस्तुत कर स्वयं को निष्णात शुद्ध सम्पन्न पंचाङ्ग से उद्घोषित करते हैं। यह उनकी व्यक्तिगत समझ है हमारा सत्य सन्मार्ग ध्रुववत् शाश्वत है। हमारे पंचाङ्ग के मानद ग्राहकगण इन सारहीन प्रचार से विचलित होने वाले नहीं, क्योंकि नीति वचन भी है कि - **"खलो मृगयते दोषं गुणपूर्णेषु वस्तुष" पुनरपि - क्रमेलकः केलिवनं प्रविश्य निरीक्षतेकण्टकजालमेव"** तदर्थ भावार्थ गुणज्ञ-विज्ञजन स्पष्ट ही समझेंगे। हमारा यह जोधपुरी नित्यकर्म-धर्मकृत्योपयोगी पंचाङ्ग **जोधपुर अक्षांश २६।१९ उत्तर तथा रेखांश ७३।४ पूर्व** स्थितिवत् सर्वसाधारण एवं पण्डितवर्ग की उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुए निर्मित होता है। यह **निर्णयसागर पंचांग** स्वनामधन्य तुल्य भारतवर्ष में ही क्या ?

प्रारम्भिक विज्ञापना

भारत से बाह्य अन्य राष्टों में भी विभिन्न जनसमुदाय श्रीधर्माचार्य श्रीधर्मसंघ तथा कालांश-निर्णायक विज्ञ पण्डितजनों आदि से व्यवहार में लाया जाता है। ट्रिनीडाड एकेडमी आफ हिन्दूज-वेस्टइण्डीज ने तो विशेष मान्यता प्रदान कर मानद सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र भी प्रेषित किया है। यह इस निर्णय सागर पंचाङ्ग की शुद्धता एवं गणना प्रामाणिकता का सुस्पष्ट प्रमाण है। **सर्वसाधारण हेतु**

✿ पंचाङ्ग अभिज्ञान अवलोकन विधि ✿

भारतीय पंचाङ्ग के प्रमुख ५ अंग होते हैं। अतः पंचाङ्गसंज्ञक कहलाता है, यथा-**तिथिवार्श्च नक्षत्रं योगः करणमेव च। एतैः पंचभिरंगै संयुतं पंचाङ्गमुच्यते ॥** एवमेव प्रकारान्तरेऽपि सूत्रम् - **तिथिर्वासिरनक्षत्रे योगः करणमेव च इति पंचाङ्गमाख्यातं व्रतपर्वनिदर्शकम् ॥** तिथि १ भाग, वार २ भाग, नक्षत्र ३ भाग, योग ४ भाग तथा करण ये पांच विभाग हैं। **❊ प्रथम १ भाग-तिथि-तत्व ❊ सूर्यचन्द्रयोर्या स्थितिःसा एव तिथिः** अमावस्या के अन्त पर सूर्य चन्द्र दोनों एक समान राशि अंश पर रहते हैं, तथा शीघ्र गतिमान चन्द्रमा का जब सूर्य से क्रमिक १२ अंशों का अन्तर सिद्ध होता है, उस कालांश अन्तरांश को प्रतिपदा, १२ से २४ अंशान्तर को द्वितीया एवमेव क्रमशः २४ से ३६ अंशान्तर के बनते तृतीया तिथि सिद्ध होकर अग्रिम क्रमिक रूप से १२-१२ अंश पर तिथि क्रम वृद्धिशील रहते १६८ से १८० अंशान्तर पर पूर्णिमा का स्वरूप प्रत्यक्ष प्रतीत होता है तथा १८० अंश के अन्त से १६८ अंश तक १२ अंश न्यूनान्तर बनते कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा, १६८ अंश से १५६ अंश तक १२ अंश न्यूनान्तर होते कृष्णपक्ष की द्वितीया तिथि इसी प्रकार न्यूनान्तर होते-होते १२ मे ० शून्य अंशान्तर पर ३० अमावस्या तिथि का स्वरूप बनेगा। **प्रतिपदा-द्वितीया-तृतीया-चतुर्थी-पंचमी-षष्ठी-सप्तमी-अष्टमी-नवमी-दशमी-एकादशी-द्वादशी-त्रयोदशी-चतुर्दशी और पूर्णिमा १५ शुक्ल पक्षीय तिथि तथा पुनः प्रतिपदा से क्रमशः चतुर्दशी अमावस्या 30 संज्ञक ये कृष्णपक्ष की तिथि मानी जाती है ❊ पक्ष संज्ञा ❊** १ चान्द्र मास में २ पक्ष होते हैं, पहला शुक्ल पक्ष १ से १५ पूर्णिमा तक पुनः कृष्णपक्ष १ से ३० अमावस्या तिथि तक। **❊ द्वितीय २ भाग वारों का विज्ञान ❊** एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय के पूर्वसमय को वार माना है। वार प्रवृत्ति सूर्योदय से ही क्रमशः **रवि-सोम-मंगल-बुध-गुरू शुक्र-शनि** आदि ७ वार क्रमशः चलते हैं। अंग्रेजी दिनांक अर्द्धरात्रि १२।० से बदल जाती है, परन्तु वार प्रवृत्ति सूर्योदय से ही मान्य होती है। **क्षयवृद्धि सूत्र** १ तिथि का मान २ सूर्योदयकाल में स्पर्श करें तो वह वृद्धि तिथि तथा १ ही तिथि का मान प्रथम सूर्योदय से द्वितीय पूर्व ही पूरक हो जावे तो वह क्षय तिथि बनती है। यही नियामक क्षय वृद्धि स्थिति का नक्षत्र-योगों के उपकरणों हेतु भी मान्य रहता है। **❊ तृतीय३ भाग - नक्षत्रनिर्णय ❊** आकाश ३६० अंशों का गणनागत मान्य है, तथा समस्त भचक्र को २७ भागों में विभक्त करने से १३ अंश २० कला अर्थात ८०० कला का १ क्षेत्र अश्विन्यादि रेवती पर्यन्त २७ नक्षत्रों को भाग मान्य है। **"नक्षरतीति नक्षत्राः"** ये नक्षत्र स्थित बिन्दु मान के हैं, जिस दिन समय को चन्द्रमा पृथ्वी से जिस नक्षत्रपुंज में दिखे उस समय पंचाङ्ग में वहीं नक्षत्र रहता है। **अश्विनी, भरणी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वाफाल्गुनी,**

स्व. पं. श्री रविशंकर शर्मा



उत्तराफाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ, उत्तराषाढ, श्रवण, घनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती, ये २७ नक्षत्र क्रमशः हैं। इनमें अभिजित् नक्षत्र का मान उत्तराषाढ नक्षत्र की अन्तिम १५ घटी और श्रवण प्रारंभ की ४ घटी, कुल १९ घटी का मान अभिजित् नक्षत्र का है। १ नक्षत्र में ४ चरण होते हैं, प्रति चरण ३ अंश २० कला तथा १ राशि में ९ चरण का मानक बनता है।

❊ चतुर्थ ४ भाग-योगों के नाम ❊ सूर्य+चन्द्र गति में १३ अंश २० कला का अन्तर होने से १ योग का कालांश बनता है अर्थात् सूर्य की माध्यमिक गति दैनिक १ अंश है और चन्द्रमा की १३ अंश २० कलादि, जिस समय में दोनों मिलकर औसतन १३ अंश २० कला की दूरी आकाश में पार करेंगे, उस कालांश का एक योग नाम बनेगा योग भी २७ होते हैं यथा **विष्कुम्भ, प्रीति, आयुष्मान, सौभाग्य, शोभन, अतिगंड, सुकर्मा, धृति, शूल, गण्ड, वृद्धि, ध्रुव, व्याघात, हर्षण, वज्र, सिद्धि, व्यतिपात, वरियान, परिध, शिव, सि द्ध, साध्य, शुभ, शुक्ल, ब्रह्म, ऐन्द्र, वैधृति** ये २७ योग हैं **❊ पंचम ५ भाग-करण ❊** तिथि के आधे भाग को करण कहते हैं, तिथियों के सूक्ष्म प्रभाव जानने के लिये प्रत्येक तिथि के २ भाग मान्य किये हैं यथा-'**तिथ्यर्धं करणं स्यात**' प्रत्येक भाग की करण संज्ञा है "**सूर्य चन्द्रयोर्मध्ये षद् अंशांतरे करणमेकं**" बव-बालव-कौलव-तैतिल-गर-वणिज-विष्टि (भद्रा) ये ७ चलसंज्ञक तथा **शकुनि-चतुष्पद-नाग-किंस्तुघ्न ये ४ स्थिर करण** एवं भारतीय पंचांग के पांच तत्व। **❊ गणितागत नियामक सूत्र - पूर्ण ६0 घटी की अपेक्षा ❊** तिथि-नक्षत्र-योग आदि का पूर्ण मानक सप्तवृद्धिः दशक्षयः सूत्रानुसार ७ घटी तक वृद्धि तथा १० घटी तक न्यूनता का मान गणितागत मान्य रहता है। **❊ निर्णयसागर पंचांग अनुक्रमणिका संकेताक्षर ❊** प्रतिमास पृष्ठों पर इन सभी पंचांग उपकरणों के नाम प्रथमाक्षर-संकेत में दिये हैं तथा घटी-पल रूप में इन सभी के 'समाप्तिकाल' का मान लिखा है। यथा प्रतिपदा १० घटी २० पल है तो यहां तक प्रतिपदा रहते, १० घटी २० पल बाद द्वितीया प्रारंभ होगी। तिथि तथा नक्षत्रादिक घटी पल मान के साथ ही घन्टा मिनिट स्टे.टाइम भी दिया गया है। गणना स्पष्टार्कोदयकालिक समझें। एवमेव नक्षत्र-योग-करण हेतु भी क्रिया जानें। चैत्रशुक्ल प्रतिपदा से नवीन विक्रमवर्ष प्रारंभ होता है। प्रतिमास पृष्ठ पर प्रथम कोष्ठक रवियोग विशेष दिवस + आनन्दादि योग का है। फिर क्रमशः तिथि वार कोष्ठक तथा घटी पल मान तथा घण्टा मिनिट समय, अग्रिम कोष्ठ क्रमशः नक्षत्र घटी पल तथा घण्टा मिनिट मानक तथा योग करणों के केवल घटी पल मानों का ही है। अग्रिम कोष्ठ से दिनमान घटी पल मानक तथा अग्रिम कोष्ठ रवि उदय-रवि अस्तकाल जो कि स्टैण्डर्ड समयानुसार दिये हैं। बं.मु.भा.कोष्ठ क्रमशः बंगला-मुस्लिम चांद तारीखें-भारतीय शाके तारीखों के हैं इनसे अग्रिम दैनिक चन्द्रराशि प्रवेश प्रारम्भ समय घटी पलों में तथा स्टे.घण्टा मिनिट में भी है व आगे का कोष्ठ दैनिक प्रातः सूर्य स्पष्ट तथा निम्न कोष्ठ सूर्य दैनिक कला विकला गति का है। इससे आगे कोष्ठ ता. यह अंग्रेजी सन् तारीखों का स्पष्ट है। पुनः अग्रिम सीध में सभी सम्प्रदाय वर्ग के सर्वा.अर्थात् सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत अर्थात् अमृतसिद्धि योग विशेष समय-ग्रहनक्षत्र-राशि संचार ग्रह उदयास्त आदि खगोल विचारक प्रस्तुत हैं। नीचे प्रति पाक्षिक ८-१५-३० तिथि की ग्रहकुण्डली तथा नवग्रहों की स्पष्टता सूर्योदयकालिक ०।० इष्टकाल की है। साथ ही ग्रहगोचर फलश्रुति-मासिक संक्रान्तिफल की भी रचना प्रस्तुत है। हमें आशा है कि हमारे मानद ग्राहकवर्य आजकल की नवीन प्राचीन गणित रचना एवं असली-नकली छाप इत्यादि विज्ञापना संकेतों से विभ्रमित नहीं होते, वर्षों से अनुभवाऽगत-व्यवहार-सिद्ध यथा नाम तथा गुणद-फलद "निर्णयसागरीयपंचांग" को ही पूर्वानुसार स्वीकार करते प्रोत्साहित करेंगे। हमारे पंचांग के सद्प्रकाशन हेतु तथा नक्कालों के असद् अनैतिक प्रकाशन कार्य हित सुरक्षा संरक्षा के लिये भारत सरकार ट्रेड विभाग द्वारा पंचांग पंडित भवानीशंकर रविशंकर शर्मा, नीमच छावनी (म.प्र.) का ट्रेडमार्क नं. २५३८२८ क्रम से रजिस्टर्ड किया है। एवमेव गणितागत सम्पादन-कलाकार्य तथा सारिणी विविध चित्रादि मुखपृष्ठ हेतु कापीराइट नं.एल ४६२९-३०-६९ से प्रमाणित किया गया है। एवं नियामक अधिसूचना सर्वसाधारण जनसमुदाय-विचारशीलगण हेतु सुस्पष्ट है।

▲ पञ्चाङ्ग विषयक-पर्व तिथि संज्ञा सूत्र ▲

नक्षत्रग्रहयोगेन भेदाः कालस्य नैकधा। तज्ज्ञानं ज्यौतिषात् तस्मात् कालतन्त्रमपीरितम् ॥
आकाशस्थानि सर्वाणि नक्षत्राणि ग्रहास्तथा। ज्योतिः शब्देन कथ्यन्ते तज्ज्ञानं ज्यौतिषं स्मृतम् ॥

❊ मन्वादिसंज्ञातिथयः ❊ चैत्र शुक्ल की ३-१५ ♣ ज्येष्ठ शुक्ल की १५ ♣ आषाढ शुक्ल की १०-१५ ♣ श्रावण कृष्ण की ८-३० ♣ भाद्रपद शुक्ल की ३ ♣ आश्विन शुक्ल की ९ ♣ कार्त्तिक शुक्ल की १२-१५ ♣ पौष शुक्ल की ११ ♣ माघ शुक्ल की ७ ♣ फाल्गुन शुक्ल की १५ ♣ इस प्रकार की १४ मनुओं की ❊ मन्वादि ❊ तिथि संज्ञा। ◆ **युगएवंयुगादितिथिसंज्ञा** ◆ वैशाख शुक्ल तृतीया-त्रेता युगादि। आश्विन कृष्ण त्रयोदशी-कलियुगादि। कार्तिक शुक्ल नवमी कृत-सत्य युगादि, माघ कृष्ण अमावस्या-द्वापर युगादि।


❊ कल्पादि-कल्प तिथि संज्ञा ❊ चैत्र शुक्ल १-५ तिथियां कल्पादि। वैशाख शुक्ल ३। मार्गशीर्ष शुक्ल ९। माघ शुक्ल १३। चैत्र कृष्ण ३ कल्पादि। **❊ प्रतिफल ❊** इन तिथियों में दान-पुण्य-स्नान का विशेष अक्षय संज्ञा का महत्व है। उपर्युक्त तिथ्यादि में किया गया दान-पुण्य-स्नानादि कृत्य अनन्त पुण्यफल प्रदाता **❊ तिथियों के स्वामी-अधिपति ❊** प्रतिपदा-अग्नि, २-ब्रह्मा, ३-पार्वती, ४-गणेश, ५-सर्पनाग, ६-कार्त्तिकेय, ७-सूर्य, ८-शिव, ९-दुर्गा, १०-यमराज, ११-विश्वदेव, १२-विष्णु, १३-कामदेव, १४-शिव, पूर्णिमा-चन्द्र, अमावस्या-पितर-पितृदेव।

पञ्चाङ्ग शास्त्रीय-विषय अनुक्रमणिका

सारगर्भित चन्द्र-फल सारावली सूत्र

भारतीय ज्योतिर्विज्ञान के अन्तर्गत नवग्रहों के मध्य "चन्द्रमा" का महत्व अपना निज वैशिष्ट-विशेषकर संज्ञा का मान्य है। सभी भारतीय फलित अन्वेषकों ने चन्द्रमा को मन का कारक पूर्णतया मान्य किया है। ✦ चन्द्रमा मनसोजातःचक्षुसूर्योअजायत् ✦ यह मूलसूत्र चन्द्रमा की उत्पत्तिकाल पुरुष अथवा विराट पुरुष के मन से चरितार्थ बनी-यह सर्वसम्मत विषय है। सर्वविदित अनुभव में आता है कि मनुष्य की 'मानसिक स्थिति' पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट प्रतीत होता है। चन्द्रमा की क्षय-वृद्धि के साथ मनुष्य की मानसिक स्थिति में परिवर्तन होता है। उन्माद रोग से पीड़ित व्यक्तियों पर चन्द्र की वृद्धि-क्षय रचना का प्रभाव मानसिक रोगों के चिकित्सक-डाक्टरों ने अनुभव किया है। चन्द्र को माता का स्थान एवं सूर्य को आत्मा का स्थान मान्य है। 'कालात्मा दिनकर मनश्च हिमगुः' भावार्थ स्पष्ट है काल पुरुष आत्मा सूर्य और चन्द्रमा मन है। भारतीय ज्योतिष में लग्न के समान ही चन्द्र लग्न को भी महत्व इसलिये प्रदान किया कि मनुष्य जीव-जातक के सम्पूर्ण कार्य 'मन की प्रेरणा' से ही होते हैं। सूत्र वचन भी है कि 'इन्द्रियाणां मनो नाथः' इन्द्रियों का स्वामी भी मन है। मनुष्य की मनोस्थिति का पता उसकी कुण्डली में जन्मकालीन चन्द्र की स्थिति से 'आत्मा' का बल सूर्य से और शारीरिक विचार लग्न से होता है। मूल कथन यह भी कि सूर्य हृदय उच्च भावना-प्रकृति-व्यक्तित्व स्वभाव का सूचक। एवमेव चन्द्रमा मस्तिष्क, मन इन्द्रियां अन्य मनोविकार संस्कारों का सूचक। चन्द्रमा का प्रभाव पेड़-पौधों, वनस्पतियों पर विशेष बनता है। यह तथ्य विज्ञान सम्मत है। शुक्ल पक्ष में बीजवपन किये पौध तेजी से बढ़ते हैं तथा कृष्ण पक्ष में बोये हुए मन्द गति से बढ़ते हैं। ज्वारभाटे के रूप में चन्द्रमा के प्रभाव से सभी विदित हैं। चन्द्र प्रभाव केवल जल पर ही जलीय पदार्थों और जन्तुओं पर भी प्रत्यक्ष दिखता है। मछलियां अपने अण्डे चन्द्रमा की कलाओं के गणनानुसार देती हैं। शुक्ल पक्ष में मछलियां अधिक पुष्ट होती हैं। पागलपन के रोगियों का उन्माद पूर्णिमा को विशेष बन जाता है एवं स्पष्ट अनुभव मानसविकार के चिकित्सकों द्वारा बनता है। आयुर्वेद में चन्द्रमा की कलाओं और नक्षत्र अनुसार औषध संग्रह करने का तथा निर्माण का विधान भी सर्वविदित है। आचार्य वराह मिहिर प्रदत्त सूत्र 'कुजेन्दु हेतुः प्रतिमासामार्त्तवं ।।' अर्थात् स्त्री जगत में मासिक धर्म की रचना भी चन्द्रमा आधारित है।

चन्द्रमा का मौलिक स्वरूप- 'श्वेत श्वेताम्बरो देवो दशाश्वः श्वेत भूषणः गदा हस्तो द्विबाहश्च विधातव्यो विधुर्द्विजः ।। संस्कृत साहित्य में चन्द्रमा को इन पर्यायवाचिक बहुल नामों से यथा सोम-ग्लौ-उडुपति, इन्दु-मृगांक-अब्ज-शशधर विधु-शशांक-यामिनीश-राकापति-शीतांशु-अब्धिज-हिमकर-अमृत-शुभांशु आदि नामों से भी वर्णन है। ज्योतिष फलित-मुहूर्त आदि गणना में चन्द्रमा को ही मान्य एवं महत्व प्रदान किया है। इसका सरलतम कारण यह पृथ्वी के सबसे निकट पास का तथा परावर्तक संज्ञा का ग्रह है। पृथ्वी के साथ नक्षत्र मण्डल का भ्रमण करते हुए अपने ऊपर गिरने वाली ग्रहों-रश्मियों को पृथ्वी पर परावर्तित करता रहता है। जिसका प्रभाव मनुष्य-पशु-पक्षी-वनस्पति एवं समुद्र के जल पर पड़ना विज्ञानसम्मत सिद्ध हो चुका है। सामान्यतः बली चन्द्रमा मनुष्य की मानसिक स्थिति और स्वास्थ्य को प्रभावशील रखता है। निर्बल चन्द्रमा तन और मन को अस्वस्थ करता है। अतएव सभी शुभ प्रभावी कार्यों की रचना शुभारंभ हेतु प्राथमिकता से चन्द्र बल शोधन करना परमावश्यकीय समझा जाता है। सांसारिक सारे कार्य मनुष्य अपनी मनस्थिति के अनुरूप करता है। उसी से उसका उत्थान-पतन, सुख-दुःख हानि, लाभ रूपी फल प्राप्त होते हैं। भारतीय जनसमुदाय तो सूर्य और चन्द्रमा को केवल आकाशी पिण्ड ही नहीं वरन प्रत्यक्ष देवता मानकर दर्शन अभिवन्दना करते धन्यभागी बनते हैं। मूलतया जन्माक्षर कुण्डली में ६-८-१२ भावों में चन्द्र स्थिति को अशुभ ही माना है। सूर्य चन्द्र-मंगल चन्द्र- बुध चन्द्र-गुरु चन्द्र-शुक्र चन्द्र-शनिचन्द्र-राहुचन्द्र इत्यादि युति योग बनते फलित शास्त्र में शुभाऽशुभ दोनों प्रकार के फलादेश व्यक्त किए हैं। इसमें मूलतया शुभ भाव राशि+उच्च नीच राशि+पापग्रह राशि आदि मित्र सौम्य ग्रह राशि आदि का प्रतिफल। पूर्णतया इन विषयक स्थान भाव राशि का विचार मंथन करते ही प्रतिफल विदित हो पाता है। फलित शास्त्र में चन्द्रजनित "गज केसरी योग" रचना का महत्व विशेष माना गया है। यदि लग्न अथवा चन्द्रमा से गुरु केन्द्र स्थान में हो और शुभ ग्रह दृष्टिशील तथा नीच राशि का शत्रु ग्रही और अस्त म्लान स्थिति का नहीं हो तो पूर्णतया सुखद गजकेसरी योग मान्य बनता है। तथा गुरु चन्द्र की नवम पंचम भाव स्थिति तथा दृष्टि योग भी है तो प्रायः कुफल का नाश बनते सुयोगद-सुफल ही प्राप्त होता है। चन्द्रमा का प्रमुख बल उसका रश्मि-किरण बल है। अतः शुक्ल पक्ष की अष्टमी से कृष्ण पक्ष की पंचमी तक का ही शुभाऽशुभ प्रभावी बन पाता है।


• सर्वेश्वरीय सुरम्य सृष्टि संरचना •
विश्व भूमण्डलीय परिदृश्यः
अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम् उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्
यत्र विश्वंभवत्यैकनीड़म्
अन्तर्राष्ट्रीय-वैश्वीकरण युगधर्म
❖ अहं ब्रह्मास्मि ❖
ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः।
ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न काङ्क्षति ।।
धर्मो विश्वस्य जगतः प्रतिष्ठा
सत्यमेवजयते
यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ।।
ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशे अर्जुन तिष्ठति।
भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारुढानी मायया ।।
विश्व-गीता-अध्याय १८
श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः पर धर्मात्स्वनुष्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः ।।
आर्कटिक सागर
ग्रीनलैंड
कनाडा
संयुक्त राज्य अमेरिका
अलास्का
रूस
अटलांटिक
प्रशांत महासागर
हिंद महासागर
महासागर
ब्राजील
लीबिया
आस्ट्रेलिया
चीन
मंगोलिया
भारत
चन्द्रमा की कलाएँ
सूर्य की किरणें
सूर्य से प्रकाशित चन्द्रमा
नवीन चन्द्रमा
पूर्ण चन्द्रमा
पृथ्वी
• अमावस्यायां सूर्यग्रहण प्रारूप •
• पूर्णिमायां चन्द्रग्रहण प्रारूप •
सूर्य
चन्द्रमा का पथ
•निर्णय सागर पञ्चाङ्ग कार्यालय•
नीमच केण्ट, मध्यप्रदेश - 458 441

नित्योपयोगी परमेश्वर-स्तवनीय स्तुति सारावली

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते । पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

श्री विष्णुः प्रियःस्तवन

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं ।
विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्णं शुभाङ्गम् ॥
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यं ।
वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम् ॥
गोविन्द गोविन्द हरे मुरारे गोविन्द गोविन्द मुकुन्द कृष्ण ।
गोविन्द गोविन्द रथाङ्गपाणे गोविन्द दामोदर माधवेति ॥
सुखावसाने त्विदमेव सारं दुःखावसाने त्विदमेव गेयम् ।
देहावसाने त्विदमेव जाप्यं गोविन्द दामोदर माधवेति ॥
मङ्गलं भगवान विष्णुः मङ्गलं गरूड़ध्वजः ।
मङ्गलं पुण्डरीकाक्षः मङ्गलायतनं हरिः ॥
मूकं करोति वाचालं पङ्गु लंघयते गिरिम् ।
यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्दमाधवम् ॥
त्वमेव माता च पिता त्वमेव । त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव ॥
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव । त्वमेव सर्वं मम देवदेव ॥

♠ सरस्वती सुखदा स्तवन ♠

या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता
या वीणावरदण्डमण्डित करा या श्वेतपद्मासना ।
या ब्रह्माच्युतशंकरप्रभृतिभिर्देवै सदावन्दिता
सा मां पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा॥
शुक्लां ब्रह्मविचारसारपरमामाद्यां जगद्व्यापिनीं
वीणापुस्तकधारिणीमभयदां जाड्यान्धकारापहाम् ।
हस्ते स्फाटिकमालिकां विदधतीं पद्मासने संस्थितां
वन्दे त्वां परमेश्वरीं भगवतीं बुद्धिप्रदां शारदाम् ॥

♠ श्री विश्वेश्वर विराट स्तवन ♠

यं शैवाः समुपासते शिव इति ब्रह्मेति वेदान्तिनो
बौद्धा बुद्ध इति प्रमाणपटवः कर्तेति नैयायिकाः ।
अर्हन्नित्यथ जैनशासनरताः कर्मेति मीमांसकाः
सोऽयं वो विदधातु वांछितफलं त्रैलोक्यनाथो हरिः ॥
यं ब्रह्मा-वरूणेन्द्र-रूद्र-मरूतः स्तुन्वन्ति दिव्यैः
स्तवै-र्वेदैः साङ्गपदक्रमोपनिषदैर्गायन्ति यं सामगाः ।
ध्यानावस्थित-तद्गतेन मनसा पश्यन्ति यं योगिनो
यस्यान्तं न विदुः सुराऽसुरगणाः देवाय तस्मै नमः ॥

या श्रीः स्वयं सुकृतिनां भवनेष्वलक्ष्मीः - पापात्मनां कृतधियां हृदयेषु बुद्धिः ।
श्रद्धा सतां कुलजनप्रभवस्य लज्जा - तां त्वां नताःस्म परिपालय देवि विश्वम् ॥
नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः । नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताःस्म ताम् ।
ॐजयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी । दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तु ते ॥
जय त्वं देवि चामुण्डे जय भूतार्तिहारिणी । जय सर्वगते देवि कालरात्रि नमोऽस्तु ते ॥
सर्वमंगलमांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके । शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणि नमोऽस्तु ते ॥
या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शब्दिता । नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥
या देवि सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते । नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥

जो देवी पुण्यात्माओं के गृह-भवनों में श्री-सिद्ध महालक्ष्मी के रूप से तथा पापात्माओं के गृह-भवनों में अलक्ष्मी-दरिद्रा स्वरूप से, निर्मल पवित्र बुद्धि वाले व्यक्तियों के हृदय में सद्बुद्धि प्रारूप से तथा सद्विचारक कुलीन सज्जनों के हृदय में श्रद्धास्वरूप से एवं सद्कुलोद्भव व्यक्तियों में लज्जा-विनम्रता-क्षमाशीलता-पांत्रता स्वरूप से स्वयं निवास करती हैं। हे देवि ! आप विश्व का प्रतिपालन करें।

सर्वेऽत्र सुखिनः सन्तु सर्वे सन्तु निरामयाः । सर्वे भद्रांणि पश्यन्तु न कश्चिद् दुःखमाप्नुयात् ॥
न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं न पुनर्भवम् । कामयेदुःखतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम् ॥
सच्चिदानन्दरूपाय विश्वोत्पत्यादिहेतवे । तापत्रयविनाशाय श्रीकृष्णाय वयं नुमः ॥
आकाशात् पतितं तोयं यथा गच्छति सागरम् । सर्वदेवनमस्कारः केशवं प्रति गच्छति ॥

श्री शिव पञ्चाक्षर स्तोत्रम्

इस जीव-जगत के मध्य नैसर्गिक रूप में चरितार्थ पञ्च ज्ञानेन्द्रिय एवं मन-बुद्धि-अहंकार विषयक अष्ट विकार शमन-सन्तुलन हेतु श्री शिवसाधना-सिद्धि शिवयोग प्रदायक इस स्तोत्र का प्रातः-मध्याह्न-सायं वेला में पठन वाचन योग्य शाश्वत सन्मार्ग है।

नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्माङ्गरागाय महेश्वराय । नित्याय शुद्धाय दिगम्बराय तस्मै 'न'काराय नमः शिवाय ॥
मन्दाकिनीसलिलचन्दनचर्चिताय नन्दीश्वरप्रमथनाथमहेश्वराय । मन्दारपुष्पबहुपुष्पसुपूजिताय तस्मै 'म'काराय नमः शिवाय ॥
शिवाय गौरीवदनाब्जवृन्द सूर्याय दक्षाध्वरनाशकाय । श्रीनीलकण्ठाय वृषध्वजाय तस्मै 'शि'काराय नमः शिवाय ॥
वसिष्ठ कुम्भोद्भवगौतमार्य मुनीन्द्रदेवार्चित शेखराय । चन्द्रार्कवैश्वानरलोचनाय तस्मै 'व'काराय नमः शिवाय ॥
यज्ञस्वरूपाय जटाधराय पिनाकहस्ताय सनातनाय । दिव्याय देवाय दिगम्बराय तस्मै 'य'काराय नमः शिवाय ॥
पञ्चाक्षरमिदं पुण्यं यः पठेच्छिवसंनिधौ । शिवलोकमवाप्नोति शिवेन सह मोदते ॥

श्रीराम-हनुमान स्तवन सूत्र

आपदामपहर्तारं दातारं सर्वसम्पदाम् । लोकाभिरामं श्रीरामं भूयो भूयो नमाम्यहम् ।
रामाय रामभद्राय रामचन्द्राय वेधसे । रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः ॥
नीलाम्बुजश्यामल कोमलाङ्गम् सीता समारोपितवाम भागम् । पाणौ महासायकचारु चापं नमामि रामं रघुवंशनाथम् ॥
राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे । सहस्रनाम तत्तुल्यं रामनाम वरानने ॥
अतुलितबलधामं हेमशैलाभदेहं दनुजवन कृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम् । सकल गुणनिधानं वानराणामधीशं रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि ॥
मनोजवं मारुततुल्यवेगं जितेन्द्रीयं बुद्धिमतां वरिष्ठं । वातात्मजं वानरयूथमुख्यं श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये ॥
हे राम पुरूषोत्तम नरहरे नारायण केशव । गोविन्द गरुड़ध्वज गुणनिधे दामोदर माधव ॥
हे कृष्ण कमलापते यदुपते सीतापते श्रीपते । वैकुण्ठाधिपते चराऽचरपते लक्ष्मीपते पाहिमाम् ॥
नारायणं निराकारं नरवीर नरोत्तमम् । नृसिंह नागनाथं च तं वन्दे नरकान्तकम् ॥

श्री शंकरः शिवःस्तवन

वन्दे देवमुमापतिं सुरगुरूं वन्दे जगत्कारणम्
वन्दे पन्नगभूषणं मृगधरं वन्दे पशूनां पतिम् ।
वन्दे सूर्य-शशांक-वह्निनयनं वन्दे मुकुन्दप्रियं
वन्दे भक्तजनाश्रयं च वरदं वन्दे शिवं शंकरम् ॥
सौराष्ट्रे सोमनाथं च श्रीशैले मल्लिकार्जुनम्
उज्जयिन्यां महाकालमोंकारममलेश्वरम् ॥१॥
परल्यां वैद्यनाथं च डाकिन्यां भीमशंकरम् ।
सेतुबन्धे तु रामेशं नागेशं दारूकावने ॥२॥
वाराणस्यां तु विश्वेशं त्र्यम्बकं गौतमी तटे
हिमालये तु केदारं घुश्मेशं च शिवालये ॥३॥
एतानि ज्योतिर्लिङ्गानि सायं प्रातः पठेन्नरः।
सप्तजन्म कृतं पापं स्मरणेन विनश्यति ॥४॥
ॐकारं बिन्दुसंयुक्तं नित्यं ध्यायन्ति योगिनः
कामदं मोक्षदं चैव ॐकाराय नमो नमः ॥

♠ श्रीपाद आचार्य-गुरूवर्य स्तुति ♠

अखण्ड मण्डलाकारं व्याप्तं येन चराऽचरम् ।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः ॥१॥
अखण्डानन्दबोधाय शिष्य सन्तापहारिणे ।
सच्चिदानन्दरूपाय तस्मै श्री गुरवे नमः ॥२॥
अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया ।
चक्षुरून्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥३॥
गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णुर्गुरूर्देवो महेश्वरः ।
गुरूः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥४॥

♠ श्रीकृष्ण प्रभु स्तवन ♠

कस्तूरीतिलकं ललाटपटले वक्षःस्थले कौस्तुभं
नासाग्रे नवमोक्तिकं करतले वेणुं करे कंकणम् ।
सर्वाङ्गे हरिचन्दनं सुविमलं कण्ठे च मुक्तावलीं
गोपस्त्रीपरिवेष्टितो विजयते गोपालचूड़ामणिः ॥
करारविन्देन पदारविन्दं मुखारविन्दे विनिवेशयन्तम् ।
वटस्य पत्रस्य पुटे शयानं बालं मुकुन्दं मनसा स्मरामि ॥
गोपालबालं भुवनैकपालं संसारमायामति मोहजालम् ।
यशोविशालं शिशुपालकालं बालं मुकुन्दं मनसा स्मरामि ॥



▲❖▲ वार्षिक प्रमुख व्रतोत्सव निर्णय–परिपत्र संवत् २०८२ सनाब्द २०२५–२०२६ ई. पञ्चाङ्गे निर्णयसागरे ▲❖▲

♠**संकेत सूत्रावली**– भारत सरकार मान्य अवकाश की जगह ▲ इस चिह्न का प्रयोग किया गया है तथा वर्ष में समस्त रविवार तथा प्रत्येक मास के द्वितीय शनिवार को भी शासकीय अवकाश रहेगा। इस चिह्न ❖ का अवकाश सर्वत्र मान्य नहीं, जिलाधीश महोदय की अनुज्ञा से वैकल्पिक मान्यता है। तथा चन्द्रदर्शन विभेद से मुस्लिम त्यौहारों में एक दिन का विशेषान्तरीय अवकाश भी मान्य हो सकता है। इस चिह्न ● का अवकाश केवल ट्रैजरी तथा बैंक विषयक है। निर्णय सागर पञ्चाङ्ग कार्यालय – नीमच (म.प्र.)

व्रतपर्वादिक	दिनांक-माह-वार
चैत्री नवरात्री प्रारंभ	३० मार्च रवि
चेटीचन्द श्री झूलेलाल जन्म	३० मार्च रवि
▲इदुलफ़ित्तर–मीठी ईद मुस्लिम	३१ मार्च सोम
श्री मत्स्य जयंती	३१ मार्च सोम
गणगौर पूजा – मेला पर्व	३१ मार्च सोम
चैत्रीय दुर्गाष्टमी पूजा	०५ अप्रैल शनि
▲श्री राम ज.–दुर्गा नवमी पूजा	०६ अप्रैल रवि
▲श्री महावीर जयंती – जैन	१० अप्रैल गुरु
श्री हनुमान जयंती पर्व	१२ अप्रैल शनि
श्री खालसा ज.–वैशाखी पर्व	१३ अप्रैल रवि
▲डॉ अम्बेडकर जन्म १३४वां	१४ अप्रैल सोम
वल्लभाचार्य जयंती – वैष्णव	२४ अप्रैल गुरु
❖श्री छत्रपति शिवाजी जन्म	२९ अप्रैल मंगल
श्री परशुराम जयंती दशावतारे	२९ अप्रैल मंगल
अक्षय तृतीय – आखातीज	३० अप्रैल बुध
श्री आद्यशंकराचार्य जयंती	०२ मई शुक्र
श्री सूरदास जन्मोत्सव	०२ मई शुक्र
श्री रामानुजाचार्य जयंती	०२ मई शुक्र
श्री नृसिंह जयंती पर्व मेला	११ मई रवि
श्री कूर्म जयंती – दशावतारे	१२ मई सोम
▲पीपल पूनम बुद्ध जयंती	१२ मई सोम
रोहिणी रवि तपन काल प्रारंभ	२५ मई रवि
वट सावित्री अमावस्या पूजा	२६ मई सोम
श्री शनि जयंती – पर्व दिवस	२७ मई मंगल
श्री महाराणा प्रताप जयंती	२९ मई गुरु
श्री महेश नवमी – महेश्वरी वंशे	०४ जून बुध
विश्व पर्यावरण दिवस	०५ जून गुरु
श्री गंगा दशहरा स्नान पर्व	०५ जून गुरु
निर्जला एकादशी व्रत पर्व	०६ जून शुक्र
▲बकरीद – ईदुज्जुहा मुस्लिम	०७ जून शनि

मृगशिरा रवि वायु प्रवाह लक्षण	०८ जून रवि
वट सावित्री व्रत–दिनत्रय पूर्ण	१० जून मंगल
❖श्री कबीर जयंती पर्व	११ जून बुध
वर्षा ऋतु प्रा., विश्व योग दिवस	२१ जून शनि
आर्द्रायां रवि प्रवेश	२२ जून रवि
❖आषाढ़ी गुप्त नवरात्री प्रारंभ	२६ जून गुरु
❖श्री जगन्नाथ रथ यात्रा	२७ जून शुक्र
भड़ली नवमी पर्व तिथि	०४ जुलाई शुक्र
देवशयनी एकादशी व्रत	०६ जुलाई रवि
▲मोहर्रम ताजिया मुस्लिम	०६ जुलाई रवि
श्री गुरु पूर्णिमा पूजा पर्व	१० जुलाई गुरु
नागपंचमी राजस्थानी	१५ जुलाई मंगल
श्री बाल तिलक जयंती	२३ जुलाई बुध
श. चन्द्रशेखर आजाद जन्म	२३ जुलाई बुध
❖हरियाली अमावस्या पर्व	२४ जुलाई गुरु
❖श्रावण तीज – झूला तीज	२७ जुलाई रवि
नागपंचमी देशाचारीय	२९ जुलाई मंगल
श्री कल्की जयंती – दशावतारे	३० जुलाई बुध
गोस्वामी तुलसीदास जयंती	३१ जुलाई गुरु
▲रक्षाबंधन श्रावणी पर्व	०९ अगस्त शनि
कज्जली सातू तीज–व्रत पर्व	१२ अगस्त मंगल
बहुला भादवा चतुर्थी व्रत	१२ अगस्त मंगल
हलचन्दन षष्ठी व्रत	१४ अगस्त गुरु
▲रा. स्वतंत्रता दिवस ७९वां	१५ अगस्त शुक्र
▲श्रीकृष्ण ज.–जन्माष्टमी व्रत	१५ अगस्त शुक्र
श्री गोगानवमी	१७ अगस्त रवि
बछबारस गौ सेवा संकल्प	२० अगस्त बुध
श्री पर्युषण पर्व प्रा. श्वे. जैन	२० अगस्त बुध
सती पूजा अमा.– अग्रवंशे	२३ अगस्त शनि
श्री वराह जयंती–दशावतारे	२५ अगस्त सोम
हरितालिका व्रत	२६ अगस्त मंगल

श्री गणेश ज.	२७ अगस्त बुध
संवत्सरी पर्व श्वे.जैन चतुर्थी पक्ष	२७ अगस्त बुद्ध
ऋषिपंचमी पर्व	२८ अगस्त गुरु
पर्युषण पर्व प्रा. दिगंबर जैन	२८ अगस्त गुरु
बलदेव – हल– मोर छठ	२९ अगस्त शुक्र
श्रीराधा रानी अष्टमी पर्व	३१ अगस्त रवि
श्री दधीचि जयंती	३१ अगस्त रवि
श्री भागवत सप्ताह प्रारंभ	०१ सितम्बर सोम
श्री चन्द्र नवमी उदासीन	०१ सितम्बर सोम
मेला श्रीराम देव–तेजा दशमी	०२ सितम्बर मंगल
जल एकादशी फूलडोल पर्व	०३ सितम्बर बुध
श्री वामन जयंती दशावतारे	०४ सितम्बर गुरु
राष्ट्रीय शिक्षक दिवस	०५ सितम्बर शुक्र
❖अनंत चतुर्दशी पर्व	०६ सितम्बर शनि
महालय श्राद्धपक्ष प्रारंभ	०७ सितम्बर रवि
विश्वकर्मा पूजा	१७ सितम्बर बुध
सर्व पितृ अमावस्या तर्पण	२१ सितम्बर रवि
शारदीय नवरात्री प्रारंभ	२२ सितम्बर सोम
श्री अग्रसेन जयंती ५१४९वीं	२२ सितम्बर सोम
शहीद भगत सिंह जन्म	२८ सितम्बर रवि
● बैंक अर्द्धबंदी, दुर्गाष्टमी	३० सितम्बर मंगल
दुर्गानवमी पूजा	०१ अक्टूबर बुध
❖श्री गाँधी, लाल ब.शास्त्री ज.	०२ अक्टूबर गुरु
▲विजय दशमी – दशहरा पर्व	०२ अक्टूबर गुरु
शरद पूर्णिमा महोत्सव–क्षीरपान	०६ अक्टूबर सोम
पाराशर ऋ.ज., श्रीवाल्मी.ज.	०७ अक्टूबर मंगल
राष्ट्रीय वायु सेना दिवस	०८ अक्टूबर बुध
सौभाग्य करक करवा चतुर्थी व्रत	१० अक्टूबर शुक्र
अहोई अष्टमी पूजा पर्व	१३ अक्टूबर सोम
धनतेरस + धनवन्तरी जयंती	१८ अक्टूबर शनि
नरक चतुर्दशी निमित दीपदान	१९ अक्टूबर रवि

रूप चतुर्दशी अरुणोदय स्नान	२० अक्टूबर सोम
▲महालक्ष्मी पूजा दीपावली	२१ अक्टूबर मंगल
श्री महावीर स्वामी निर्वाण	२१ अक्टूबर मंगल
महर्षि दयानंद पुण्य १४२वां	२१ अक्टूबर मंगल
▲अन्नकूट गोवर्धन पूजा	२२ अक्टूबर बुध
भाईदूज + चित्रगुप्त पूजा	२३ अक्टूबर गुरु
संयुक्त राष्ट्रीय दिवस	२४ अक्टूबर शुक्र
सौभाग्य लाभ पंचमी	२६ अक्टूबर रवि
सूर्यषष्ठी – डालाछठ	२७ अक्टूबर सोम
गोपाष्टमी – गौ सेवा संकल्प	३० अक्टूबर गुरु
देवप्रबोधिनी एकादशी	०१ नवम्बर शनि
बैकुण्ठ चतुर्दशी	०४ नवम्बर मंगल
▲श्री गुरुनानक जयंती	०५ नवम्बर बुध
श्री पुष्करराज स्नान मेला	०५ नवम्बर बुध
श्री निम्बार्क जयंती	०५ नवम्बर बुध
श्री कालभैरव अष्टमी	१२ नवम्बर बुध
श्री नेहरू जन्म दि.–बाल दि.	१४ नवम्बर शुक्र
श्री गीता जयंती पर्व	०१ दिसम्बर सोम
राष्ट्रीय नौसेना, जलसेना दिवस	०४ दिसम्बर गुरु
श्री गुरु दत्तात्रय जयंती	०४ दिसम्बर गुरु
राष्ट्रीय सशस्त्र सेना दिवस	०७ दिसम्बर रवि
श्रीपार्श्वनाथ जयंती – जैन	१४ दिसम्बर रवि
धनु संक्रांति मलमास प्रारंभ	१५ दिसम्बर सोम
राष्ट्रीय किसान दिवस	२३ दिसम्बर मंगल
▲ईसा जन्म – क्रिसमस डे	२५ दिसम्बर गुरु
▲गुरु गोबिन्द सिंह जन्म	२७ दिसम्बर शनि
ईस्वी नव वर्ष २०२६ प्रारंभ	०१ जनवरी गुरु
माघी संकष्ट चतुर्थी व्रत	०६ जनवरी मंगल
श्रीरामानन्दाचार्य जयंती	०९ जनवरी शुक्र
स्वा.विवेकानंद जन्म–युवा दि.	१२ जनवरी सोम
❖लोहड़ी पर्व पंजाब	१३ जनवरी मंगल

❖मकर संक्रांति पर्व पुण्य	१४ जनवरी बुध
राष्ट्रीय थल सेना दिवस	१५ जनवरी गुरु
माघी गुप्त नवरात्री प्रारंभ	१९ जनवरी सोम
नेताजी सुभाषचंद्र जन्म	२३ जनवरी शुक्र
श्री सरस्वती जयंती–बसंत पंचमी	२३ जनवरी शुक्र
श्रीनर्मदा जयंती स्नान पर्व	२५ जनवरी रवि
▲राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस ७७वां	२६ जनवरी सोम
श्री गाँधी पुण्य दिवस	३० जनवरी शुक्र
श्री विश्वकर्मा जयंती	३१ जनवरी शनि
श्री रामस्नेही जयंती शाहपुरा	३१ जनवरी शनि
गुरु रविदास जयंती ६१३वीं	०१ फरवरी रवि
▲श्री महाशिवरात्रि पर्व	१५ फरवरी रवि
स्वामी दयानंद बोधोत्सव	१६ फरवरी सोम
फुलेरा दूज	१९ फरवरी गुरु
श्री रामकृष्णपरमहँस जयंती	१९ फरवरी गुरु
रमजान – पाक रोजे शुरू	१९ फरवरी गुरु
श्री दादूदयाल जयंती	२४ फरवरी मंगल
श्री खाटूश्याम जी मेला प्रारंभ	२७ फरवरी शुक्र
राष्ट्रीय विज्ञान दिवस	२८ फरवरी शनि
होलिका दहन पर्व	०२ मार्च सोम
▲छारंडी वसंतोत्सव	०३ मार्च मंगल
श्री चैतन्य महाप्रभु जयंती	०३ मार्च मंगल
वि. महिला दि., श्री रंग पंचमी	०८ मार्च रवि
शील रंग सप्तमी	१० मार्च मंगल
शीतला अष्टमी–बासोड़ा	११ मार्च बुध
श्री केशरियाजी मेला जैन	११ मार्च बुध
श्री दशामाता व्रत पूजा	१३ मार्च शुक्र
रंग तेरस	१७ मार्च मंगल
चैत्री अमावस्या विक्रमवर्ष पूर्ण	१९ मार्च गुरु

पञ्चाङ्गं सुलभं सेव्यं शास्त्रीयविधिनिर्मितम्।
निर्णयार्थं जनैर्मान्यं नाम्ना निर्णयसागरम्॥

▲★▲ श्री विक्रम संवत् २०८२ शाके १९४७ मध्ये ग्रहाणां निरयन राशि गतिचार–प्रवेश उदयास्त बोधक परिपत्र–पञ्चाङ्गे निर्णयसागरे ▲★▲



✪ सूर्य निरयन संक्रान्ति ✪

तारीख	राशी	घंटा–मिनिट
१३.४.२५	मेष	२७–२२
१४.५.२५	वृषभ	२४–१२
१५.६.२५	मिथुन	०६–४४
१६.७.२५	कर्क	१७–३२
१६.८.२५	सिंह	२५–५२
१६.९.२५	कन्या	२५–४७
१७.१०.२५	तुला	१३–४६
१६.११.२५	वृश्चिक	१३–३७
१५.१२.२५	धनु	२८–१९
१४.१.२६	मकर	१५–०७
१२.२.२६	कुम्भ	२८–१०
१४.३.२६	मीन	२५–०४

✪ भानु सायन संक्रान्ति ✪

१९.४.२५	वृषभ	२५–२७

• प्रखर ग्रीष्म ऋतु कालांश प्रारंभ •

२०.५.२५	मिथुन	२४–२५
२१.६.२५	कर्क	०८–१२

• रवि दक्षिणायाने वर्षा ऋतु प्रारंभ •

२२.७.२५	सिंह	१८–५९
२२.८.२५	कन्या	२६–०४

• सुखद शरद ऋतु काल प्रारंभ •

२२.९.२५	तुला	२३–४९

• रवि दक्षिणगोलीय गति प्रारंभ •

२३.१०.२५	वृश्चिक	०९–२१

• सुखद हेमंत ऋतु काल प्रारंभ •

२२.११.२५	धनु	०७–०६
२१.१२.२५	मकर	२०–३३

• रवि उत्तरायने – शिशिर ऋतु प्रारंभ •

१९.१.२६	कुम्भ	३१–१५
१८.२.२६	मीन	२१–२२

• ऋतुराज बसंत काल प्रारंभ •

✪ रवि नक्षत्र चार प्रवेश ✪

तारीख	नक्षत्र	घंटा–मिनिट
३१.३.२५	रेवती	१४–००
१३.४.२५	अश्विनी	२७–२२
२७.४.२५	भरणी	१९–११
११.५.२५	कृत्तिका	१३–१८
२५.५.२५	रोहिणी	०९–३१

• रोहिणी तपन परिताप काल प्रारंभ •

८.६.२५	मृगशिरा	०७–१८

• वायु प्रवाह गर्भलक्षण रचना प्रारंभ •

२२.६.२५	आर्द्रा	०६–२०

• वर्षा मानसून संचार सुगति प्रारंभ •

०५.७.२५	पुनर्वसु	२९–४८
१९.७.२५	पुष्य	२९–२२
०२.८.२५	आश्लेषा	२८–०८
१६.८.२५	मघा	२५–५२
३०.८.२५	पूर्वा फा.	२१–४४
१३.९.२५	उत्तरा फा.	१५–४१
२७.९.२५	हस्त	०७–०७
१०.१०.२५	चित्रा	२०–१२
२३.१०.२५	स्वाति	३०–४०

• मानसून वर्षा समापित नक्षत्र •

०६.११.२५	विशाखा	१४–५२
१९.११.२५	अनुराधा	२०–५६
२.१२.२५	ज्येष्ठा	२५–१४
१५.१२.२५	मूल	२८–१९
२८.१२.२५	पूर्वाषाढ़	३०–३०
११.१.२६	उत्तराषाढ़	०८–३६
२४.१.२६	श्रवण	१०–५०
६.२.२६	धनिष्ठा	१४–०५
१९.२.२६	शतभिषा	१८–३४
४.३.२६	पूर्वाभाद्रपद	२४–५५
१८.३.२६	उत्तराभाद्रपद	०९–२१

✪ मंगल राशी प्रवेश ✪

तारीख	राशी	घंटा–मिनिट
२.४.२५	कर्क	२५–२९
६.६.२५	सिंह	२६–०८
२८.७.२५	कन्या	१९–५७
१३.९.२५	तुला	२१–२१
२७.१०.२५	वृश्चिक	१५–४१
६.११.२५	अस्त	२३–५२
७.१२.२५	धनु	२०–१७
१५.१.२६	मकर	२८–२६
२३.२.२६	कुम्भ	११–५०

✪ बुध राशि प्रवेश ✪

तारीख	राशी	घंटा–मिनिट
०६.०४.२५	उदय	२९–२४
०७.०४.२५	मीन–मार्गी	१६–३८
०६.०५.२५	मेष	२८–०६
१५.०५.२५	अस्त	२९–०५
२३.०५.२५	वृषभ	१२–५९
०६.०६.२५	मिथुन	०९–२६
०८.०६.२५	उदय	२०–२३
२२.०६.२५	कर्क	२१–३१
१८.०७.२५	कर्क–वक्री	१०–१४
१८.०७.२५	अस्त	२०–२८
१०.०८.२५	उदय	२९–०७
११.०८.२५	कर्क–मार्गी	१२–५९
३०.०८.२५	सिंह	१६–४१
०२.०९.२५	अस्त	२९–३४
१५.०९.२५	कन्या	११–०७
०२.१०.२५	तुला	२७–४३
०६.१०.२५	उदय	१९–०४
२४.१०.२५	वृश्चिक	१२–३७
०९.११.२५	वृश्चिक–वक्री	२४–३०
१२.११.२५	अस्त	१८–४१
२३.११.२५	तुला	२०–०७
२६.११.२५	उदय	३०–०१
२९.११.२५	तुला–मार्गी	२३–०८
०६.१२.२५	वृश्चिक	२०–४४
२८.१२.२५	धनु	३१–२३
२९.१२.२५	अस्त	२५–३०
१७.०१.२६	मकर	१०–२२
०३.०२.२६	कुम्भ	२१–५२
०८.०२.२६	उदय	१८–१७
२६.०२.२६	कुम्भ–वक्री	१२–१७
२७.०२.२६	अस्त	२७–५५
१४.०३.२६	उदय	१२–४०

✪ गुरु राशी प्रवेश ✪

तारीख	राशी	घंटा–मिनिट
१४.०५.२५	मिथुन	२२–३४
१२.०६.२५	अस्त	२३–२९
०५.०७.२५	उदय	२९–२९
१८.१०.२५	कर्क	१९–४७
११.११.२५	कर्क–वक्री	२१–५१
०५.१२.२५	मिथुन	१७–२४
११.०३.२६	मिथुन–मार्गी	०९–०१

रोहिणी मृगशिरा आर्द्रा पुनर्वसु निम्न ४ नक्षत्रों के मध्य वक्री मार्गी गतिरचना नियामक से गुरु का गोचर चलन–कलन मान्य रहेगा।

✪ शुक्र राशी प्रवेश ✪

तारीख	राशी	घंटा–मिनिट
१३.०४.२५	मीन मार्गी	०६–३२
३१.०५.२५	मेष	११–३२
२९.०६.२५	वृषभ	१४–०९
२६.०७.२५	मिथुन	०८–५६
२०.०८.२५	कर्क	२५–१९
१४.०९.२५	सिंह	२४–१६
०९.१०.२५	कन्या	१०–४७
०२.११.२५	तुला	१३–१४
२६.११.२५	वृश्चिक	११–२२
१५.१२.२५	अस्त	१४–५१
२०.१२.२५	धनु	०७–४५
१२.०१.२६	मकर	२७–५८
०२.०२.२६	उदय	३०–१०
०५.०२.२६	कुम्भ	२५–११
०१.०३.२६	मीन	२४–५७

✪ शनि राशी प्रवेश ✪

तारीख	राशी	घंटा–मिनिट
१३.०७.२५	मीन – वक्री	०९–३८
२८.११.२५	मीन – मार्गी	०९–४५
०८.०३.२६	अस्त	०९–३४

यह विक्रम वर्ष शनि मीन राशी गतिचार से प्रभावशाली रहेगा। नक्षत्रचार नियामक अनुसार पूर्वाभाद्रपद और उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के मध्य गतिचार चरितार्थ रहेगा।

✪ राहु–केतु राशी गति ✪

तारीख	राशी	घंटा–मिनिट
१८.५.२०२५	राहू–कुम्भ	१७–१२
१८.५.२०२५	केतु–सिंह	१७–१२

नवीन चैत्री वर्षारंभ से उपरोक्त अंकित तारीख तक राहु–मीन और केतु–कन्या में तथा इसके बाद राहु –कुम्भ और केतु – सिंह राशी विषयक मान्य रहेगा।

✪ चन्द्रदर्शन स्थिति ✪

तारीख	मास	तिथि वार
३०.०३.२५	चैत्र	१ रविवार
२८.०४.२५	वैशाख	१ सोमवार
२८.०५.२५	ज्येष्ठ	२ बुधवार
२६.०६.२५	आषाढ़	१ गुरुवार
२६.०७.२५	श्रावण	२ शनिवार
२४.०८.२५	भाद्रपद	१ रविवार
२३.०९.२५	आश्विन	२ मंगलवार
२३.१०.२५	कार्तिक	२ गुरुवार
२२.११.२५	मार्गशीर्ष	२ शनिवार
२१.१२.२५	पौष	१ रविवार
२०.०१.२६	माघ	२ मंगलवार
१८.०२.२६	फाल्गुन	१ बुधवार

✪ ग्रह गोचर प्रतिफल ✪

शनिवक्र जने पीड़ा–गुरु वक्रे स्थिरो रोगो।। शनिवक्रे महामारी रौरवं च भयं पथि।। धन धान्यं व वस्त्रं च रुण्डमुण्डा च मोदिनी।। यदा जीवयुतोमंदोजीवाद्वा सप्तमेस्थितः।।तदा प्रजा विनश्यंति भूश्चान्न परिक्षयः।। भौम वक्रे अनावृष्टि–बुधवक्रे धनक्षयः।। शुक्र वक्रे सुखी प्रजा।। पाठान्तरेऽपि भौमवक्रे सचिव द्वन्दे गुरुवक्रे सुभिक्षंस्यात्।।

संकेत–यदा कदा दिक्देशान्तर विभेद से १ दिन चन्ददर्शन अन्तरांश बन जाता है एवं मुस्लिम तारीख–त्यौहार में भी १ दिन का यदा–कदा ही अन्तरांश बनना चन्द्रदर्शन स्थितिवश स्वाभाविक है।

पंचांगं सुलभं सेव्यं शास्त्रीय विधिनिर्मितम्। निर्णयार्थां जनैर्मान्यं नाम्ना निर्णयसागरम्।।

ग्रामे ग्रामे पुरे प्रान्ते
प्रचारं यस्य वर्त्तते।
निर्णायकं ही पञ्चाङ्गं
निर्णयसागराभिधम्



♠ **श्रीवर्षफलाऽभिमुखं** – श्रीगणेशाय नमोनमः ♠ श्री विश्वप्रबोधकाय भगवते श्रीभुवनभास्कराय नमोनमः ♠ ज्योतिषक्रस्य केन्द्राय जगत: स्तिथि रुपिणे त्रिनेत्र नेत्र रूपाय ग्रेह्शाय नमो नम: ♠ भवानीशंकरो वन्दे श्रद्धाविश्वास रुपिणौ ♠स्वस्ति श्रीभारतहृदयसम्राट श्रीराष्ट्रपतिमहोदया: ♠येषां सुपल्लविते प्रजा–लोकतंत्रीय विज्यराज्ये ज्योतिर्विद्वर्य श्री पण्डित भवानीशंकर रविशंकर शास्त्री महोदयै: सम्यक् प्रकाशितं विनिर्मितश्च विविधविषयाऽलंकृत ♠ श्री निर्णयसागर पंचांग ♠ सर्वत्र भरतखण्डे परमादरणीयम् ♠ अथास्मिन् विक्रमाब्दे सृष्टितोगताब्दा: **१९५५८८५१२६** एवं चतुर्युगमनेषु कृत–सतयुग प्रमाणं **१७२८000** अस्यां वेलायां श्रीविष्णु मत्स्यकच्छपावराहनृसिंहदी देवानामवतार:। त्रेतायुग प्रमाणं **१२९६000** युगेऽस्मिन् श्रीवामनपरशुराम मर्यादा–पुरुषोत्तम: श्रीरघुसूर्यवंशीय राघवेन्द्र रामचंद्राऽवतार। द्वापरयुग प्रमाणं **८६४000** कालांशेऽस्मिन् षोडशकलावन्त: श्रीयदुचन्द्रवंशीय श्रीकृष्णचन्द्र बलरामयो: अवतार:। कलियुग प्रमाणं **४३२000** तन्मध्ये अहिंसानायक श्री बुद्धाऽवतारऽभवत् तथा च कल्कि अवतार: कलियुगस्य **८२१** वर्षाऽवशेषकाले स्यात्।। सम्प्रति गत्कालिवर्षाणि **५१२६** एवं गणनया भोम्यकलियुगवर्षाणि **४२६८७४** तथा च विविध कालांश विषये श्रीरामरावणयुद्धतो गताब्दखा: **८८0१६७** एवञच श्रीकृष्णाऽवतारतो गताब्दा: **५२५१** कुरुपाण्डवयुद्धतो गताब्दा: **५१२६** एवञच कालक्रमानुगते श्रीविक्रमादित्य राज्यात् संवात **२०८२** राष्ट्रीय शाके **१९४७** तथा च श्रीभारतीयस्वातंत्र्य संवत् **७८–७९** एवञच श्रीभारतीय गणराज संवत् **७६–७७** कालांश गतिक्रम:।

♠ वर्षेऽस्मिन् वर्षेश अधिपति(राजा): **शनि (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा प्रवेश वार)** तथा संहितामतान्तरे उपेश(राजा) **सूर्य (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सूर्योदयकालिक वार) (देखे पेज – १२२)** १, मंत्री **सूर्य** : २ , पूर्व अन्नाधिप: सस्येश **बुध** : ३, पच्श्रादन्नाधिप : ध्यानेश **चन्द्र** : ४, मेघेश **सूर्य** : ५, रसेश **शुक्र** : ६, निरसेश **बुध** : ७, फलेश **शनि** : ८ धनेश **भौम** : ९, दुर्गेश **शनि** : १० एते वर्षमध्ये विश्ववृतीय संसदीयविमंडले दशाऽधिकारिण:।।

♠इथं काल गणनानुगते ब्राहस्पत्यमानेन षष्टि अब्दानां मध्य ब्रह्मा –विष्णु–रूद्र शिव विंशतिकायां **श्री सिद्धार्थी** नामकीय संवत्सर **५३** तथा च सौराब्दीय मानत: चैत्र शुक्लपक्ष कालांशत: **श्री रौद्र** नामकीय संवत्सर **५४** गतिशील:।। तथा च संकल्पादौ चैत्री वर्षांत **श्री सिद्धार्थी** संवत्सर: गणनीय:।। सम्प्रति सप्तमवैवस्वद् मन्वंतरकाल:। एवमेव वर्षफलाभिमुखे वर्षनाम **कार्तिक**। चतुर्मेघगणनया मेघनाम **संवर्त** : नवमेघ गणनया मेघनाम **नील**, रोहिणी निवास **संधि**, समय निवास **वैश्य** गृहे संवत् समय वाहन **महिष**: केचिन्मते **अश्व**: संवत् विश्वा १२, आषाढ कृष्णे रोहिणी १३–१४ तिथि मध्ये।। एवं विगणनया – गणितागते स्तंभ चतुष्के चैत्र शुक्ल प्रतिपदायां **रेवती भोग: ४२ घटी**, वैशाख शुक्ले प्रतिपदायां **भरणी भोग : ५0 घटी**, ज्येष्ठा शुक्ल प्रतिपदाया **मृगशिरा भोग : ११ घटी**, आषाढ शुक्ल प्रतिपदायां **पुनर्वसु भोग : १२ घटी एवं गणितागत स्तंभ विषये जल – तृण स्तंभ मान्यता तथा – वायु अन्न – स्तंभस्य अल्पता।** वर्षेऽस्मिन् सोमवती अमावस्या 0, अंगारकीय भौम चतुर्थी १, सोमवती पंचमी १ रविवारीय सप्तमी २, बुधाष्टमी 0, रविवारीय दशमी १ एवं विगणनानुक्रमे शुभाऽशुभ तिथ्यादी रचना मान्यता। ♠ **वर्षेऽस्मिन् संवत २०८२ में भूगोल पर २ सूर्य ग्रहण तथा २ चन्द्र ग्रहण घटित होंगे परन्तु इन में से दोनों सूर्य ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होंगे जिसका सूतक लागू नहीं होगा तथा दोनों चन्द्र ग्रहण भारत में दृश्य होंगे जिसका सूतक लागू होगा।।** ♠ शनि दृष्टि: उत्तर, उत्पत्ति विश्वा ९३, खपति विश्वा ९३, अगस्त्य: सिंहाऽक्रस्यसप्तांशे उदयं स्यात्।। संवत् मुहूर्ता ३७५ संवत् दिनानी ३५५, क्षय तिथय: १६, वृद्धि ११, सौभाग्य पंचमी घटिकादय: ५८।। इत्थं वार्षिक गणनानुगते स्पष्टता।।

♣ **वर्षमध्ये विश्वादय:** ♣ वर्षा विश्वा ११, धान्य ११, तृण ५, शीत १३, तेज १७, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ११, तृष्णा ९, निंद्रा १५, आलस्य १५, उधम १३, शांति १५, क्रोध १३, दंभ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रसनिष्पत्ति ९, फलनिष्पत्ति १३, उत्साह ११, उग्रता १३, पाप १५, पुण्य ५, व्याधि ५, व्यधिनाश ३, आचार ३, अनाचार ९, मृत्यु मरण ७, जन्म १७, देशोपद्रव ७, देशस्वास्थ्य १३, चोरभय ३, चोरभयनाश १३, उद्भिज (वृक्षलताबेलादि) १३, जरायुज (मनुष्य गौ आदि वर्ग) ३ , अण्डज (पक्षी एवं विषजीव) ७, स्वेदज (जूं–खटमल–दीमक–मच्छर आदि कीट) ११ ♠ विश्वाप्रमाणे पूर्णविश्वा २0 अनुपातेन फलादेशो वीजानियात् ♠ तथा च वर्षरक्षार्थे परिपालन–संवर्धनार्थचत्वारि रक्षा–कल्प दुर्गाणि ♠ वैशाखशुक्ले तृतीययां रोहिणी ४९ घटी भावी सुभिक्षार्थे **सुखद** प्रतिफलं। श्रावण शुक्ले पूर्णिमायां श्रवण ५७ घटी उत्पत्ति उत्पादानार्थे **सुखद** प्रतिफलं कार्तिक शुक्ले पूर्णिमायां कृतिका 0 घटी गौ प्रजा बालऽबाल संरक्षण–पोषणर्थे **हानि** प्रतिफलं। पौष कृष्णे अमावस्यायां मूलनक्षत्रीय **२१ घटी सामान्य** प्रतिफलं शीतकलिकं।। एवं चत्वारि वर्षरक्षा दुर्गाणि स्पष्टता एतेषां ६0 घटी मानतो अनुपातेन निर्णयम्। इत्थं वर्षान्तर्गते सौरमण्डलीय ग्रहजनित गोचर–चलनकलनाऽनुसारेण शुभाऽशुभं वर्षफलाऽभिमुखं अनुभूयते।। बालवृद्ध धेनु प्रजायाभाम्यं सुकल्पं सततं सबलं प्रबलमस्ति धर्मो विश्वस्य जगतः प्रतिष्ठा–धर्मो रक्षति रक्षितः।। धर्मेयत्नः सदा कार्यो धर्म एकः सुखावहः धर्मेण पाल्यते सर्वं त्रैलोक्यं सचराचरम्।। ग्रहाः राज्यं प्रयच्छन्ति ग्रहाः राज्यं हरन्ति च। ग्रहैर्व्याप्तमिदं सर्वं त्रैलोक्यं सचराचरम्।। श्रीरस्तु–भारते भारतु भारती।। ♣ **ग्रहशान्ति मंत्र** ♣ ब्रह्मामुरारि त्रिपुरान्तकारीः भानु शशि भूमिसुतोबुधश्च। गुरुश्च शुक्रः शनि राहुकेतवः सर्वे–ग्रहाः शान्तिकरा भवन्तु।। एवं गणना गणित गतिक्रम पंचांगे निर्णयसागरे नीमच नगरस्थे मध्यप्रदेशे। शुभमिति –

श्रीमानानन्दरूपोऽस्मि रविसूनुः सुनीमचे। गौड़ः पौत्रो भवानीशपंचाननस्य धीमतः

♠ **त्रिपुष्कर + द्विपुष्कर** ♠ तिथि २–७–१२ वार–रवि, मंगल, शनि तथा नक्षत्र – विशाखा, उत्तराफाल्गुनी, पूर्वाभाद्रपद, पुनर्वसु, कृतिका, उत्तराषाढ इन तीनों के योग होने पर त्रिपुष्कर नामक योग होता है। ♠ तथा तिथि – २–७–१२ वार–रवि, मंगल, शनि तथा नक्षत्र – चित्रा, मृगशिरा, घनिष्ठा इन तीनों के योग बनने पर द्विपुष्कर नामक योग गणनानुगत। इन दोनों योगानुयोगों का प्रतिफल मृत्यु + विनाश + वस्तुलाभवृद्धि में त्रिपुष्कर तीन गुना तथा द्विपुष्कर दोगुना फल देता है। इन योगवश लाभ होने पर भावी लाभ और अधिक तथा मृत्यु विनाश होने से और भी हानि विशेष बन पावे एवं शास्त्रीय मान्यता मुहूर्त्त चिन्तामणि शास्त्रग्रन्थ मतानुसार स्पष्टं एवञ्च तदग्रे नीतिसार सूत्राणि।। ♠ ♣ ♠

♣ उषः प्रशस्यते गर्गः शकुनं च बृहस्पतिः। अंगिरा च मनोत्साह विप्रवाक्य जनार्दनः।। गर्गमते सूर्योदय पूर्ववेला, गुरुमते शकुन प्रमाण, अंगिरानुसार मनोत्साह, जनार्दनमते श्रीविज्ञवचन। इत्यादि शास्त्र वचन आवश्यकीय मुहूर्त्त रचना हेतु श्रीकार रहते हैं। ● भाग्यं फलति सर्वत्र न च विद्या न च पौरूषम्। समुद्रमन्थनं प्राप्य, विष्णुर्ललक्ष्मीहरेर्विषम्।। देवदानवगंधर्वाः यक्षराक्षस किन्नराः। पीड्यन्ते ग्रहपीड़ाभिः किं पुनर्भुवि मानवाः।। ● आयुः कर्म च वित्तं विद्या निधनमेव च। पंचेत्यान्नपि सृज्यन्ते गर्भस्थस्यैव देहिनः।। कालः पचति भूतानि कालः संहरते प्रजाः।। कालः सुप्तेषु जागर्ति कालो ही दुरति क्रमः।। वन रणे शत्रुजलाग्निमध्ये महार्णवे पर्वतमस्तके वा।। सुप्तं प्रमत्तं विषमास्थितं वा रक्षन्ति पुण्यानि पुराकृतानि।। यद् दूरं यद्दुराध्य यच्च दूरे अवस्थितम्। तत्सर्वं तपसा साध्यं तपोहि दूरित क्रमम्। इत्थं शास्त्रीय नीति वचन सूत्राणि।



वर्षफलाशय–सूत्रावली – श्रीशंवन्दे–सजयति सिंधुरवदनो–देवोयत्पाद पंकजस्मरणम् । वासरमणिरिवतमसां राशीन्नाशयति विघ्नानाम् ॥ आदित्यो मंत्र संयुक्त आदित्यो भुवनेश्वरः। अदित्यांन्नापरो देवो आदित्यः परमेश्वरः ॥ प्राप्तेनूतनवत्सरे प्रतिगृहे कुर्यात् ध्वजारोपणं स्नानं मंगलमाचरेत् द्विजवरैः सार्ध सुपूजोत्सवम् देवानां गुरुयोषितां च शिशवोऽलंकारवस्त्रादिभिः, संपूज्योगणकः फलं च श्रुणुयात्तस्माच्चलाभप्रदम् ॥ सरस्वतीं च दैवज्ञं पूजयित्वा विनायकं दैवज्ञ मुखतो भक्त्या श्रुणुवर्षफलं मुदा॥

सिद्धार्थ नामकीय संवत्सरे तु – सिद्धार्थवत्सरेभूयोज्ञानवैराग्ययुक्प्रजाः। सकलावसुधाभातिबहुसस्यार्घवृष्टिभिः।।1 ।। एवं **तदग्रेऽपि फलश्रुतिः**– रौद्रेब्देनृपसंभूतक्षोभक्लेशसमन्विते । सततंत्वखिलालोकामध्यसस्यार्घवृष्ट्यः।।2।। **(1) वर्षेश राजा शनिफलं**– शनैश्चरे भूमिपतौ सकृज्जलं प्रभूतरोगैः परिपीड्यते जनः। युद्धं नृपाणां गदतस्कराद्यैर्भ्रमन्ति लोकाः क्षुधिताश्च देशान् ।। उपनायक सूर्यस्य फलं– सूर्ये नृपे स्वल्पफलाश्च मेघाः स्वल्पं पयो गौषुजनेषु पीड़ा। स्वल्पं सुधान्यं फलमल्पवृक्षाश्चौराग्निबाधा निधनं नृपाणाम्।। **(2) मंत्री सूर्यस्तस्यफलं**– नृपभयं गदतोपि हि तस्करात्प्रचुरधान्यधनादि महीतले। रसचयं हि समर्घतमं तदा रविरमात्यपदं हि समागतः।। **(3) सस्येश (पूर्व अंन्नाधिपः) बुधस्तस्यफलं**– जलधरा जलराशिमुचो भृशं सुखसमृद्धियुतं निरुपद्रवम्। द्विजगणः श्रुतिपाठकरः सदाप्रथमसस्यपतौ सति बोधने।। **(4) धान्येश (पश्चादन्नाधिपः) चन्द्रस्तस्यफलं**– चन्द्रेधान्याधिपेजातेप्रजावृद्धिः प्रजायते। गोधूमाः सर्षपाश्चैवगोषुक्षीरं तदाबहु।। **(5) मेघेश सूर्यस्तस्यफलं**– जलदपेयदिवासरपेतदासरसिवैरमतेजनतारसम्। यवचणेक्षुनिवारसुशालिभिः सुखचयंसुलभंभुवि वर्तते।। **(6) रसेश शुक्रस्तस्यफलं**– यजनयाजनकोत्सवकोत्सुकाजनपदाजलतोषितमानसाः। सुखसुभिक्षसु–मोदवतीधराधरणिपा हतपापगणप्रियाः।। **(7) नीरसेश बुधस्तस्यफलं**– चित्रवस्त्रादिकंचैवशंखचंदनपूर्वकम्। अर्घवृद्धिः प्रजायेतनीरसेशोबुधोयदि।। **(8) फलेश शनिस्तस्यफलं**– यदिशनिः फलपः फलहा भवेज्जनित–पुष्पगणस्य दमः सदा। हिमभयंवरतस्करजन्तुभीर्जनपदो गदराशिमहाकुलः।। **(9) धनेश मंगलस्तस्यफलं**– असममौल्यकरोधरणीसुतः शरदितापकरस्तुषधान्यहृत् । सहसिमासिभवेद्द्विगुणंतदानरपतिर्जनशोकविधायकः।। **(10) दुर्गेश शनिस्तस्यफलं** – रविसुतेगढपालिनिविग्रहे सकलदेशगताश्चलिताजनाः। विविधवैरिविशेषितनागराः कृषिधनं शलभैर्मुषितंभुवि।। **वर्षनाम कार्तिकस्तस्यफलं**– सत्यात्पीड़ाकार्तिकेवर्षेवह्नीगावोपजीविनाम्। शस्त्राग्नेश्चभयंवृद्धिः पुष्पकौसुम्भजीविनाम्।। **रोहिणी निवास संधि भागे तत् फलं**– संधिसंस्थंयदाब्राह्मभंजायते। खंडवृष्टिस्तदासर्वधान्याप्तयः।। **समय निवास वैश्यगृहे तत् फलं**– खण्डवृष्टिः सर्वधान्यमहर्घं स्याद् वणिग्वैश्मनी संस्थिते।। **चतुर्मेघ गणनानुसारेण मेघनाम संवर्तस्तस्यफलं**– कामाधिक्यंस्वल्पताधर्मकार्येपृथ्वीपालास्तत्परा नान्यकार्ये। संवर्ताख्योनीरदः स्याद्धियत्रप्रांचो वायुर्वातिसर्वत्रतत्र।। **नवमेघगणनानुगते मेघनाम नील संज्ञकीय**–सत्पयोदिशतिगोकुलपूर्णावस्त्रताखिलमहीपरिपूर्णा। नीलनाम्निजलदेजलवृष्टिर्जायतेसकलमानवतुष्टिः।। स्तम्भ चत्वारेशु– **वायु+ अन्न अल्पता, जल + तृण मान्यता** ♠●♠ **कालेवर्षतुपर्जन्यः पृथिवी सस्यशालिनी देशोऽयं क्षोभरहितो सुप्रजाः सन्तु निर्भयाः। अपुत्राः पुत्रिणः सन्तु पुत्रिणः सन्तुपौत्रिणः। अधनाः सधनाः सन्तु सर्वे सन्तु निरामयाः। शिवमस्तु सर्वजगतः परिहितनिरताः भवन्तुभूतगणाः दोषाः प्रयान्तु नाशं सर्वत्र सुखी भवतु लोकः।। सूर्यशौर्यमथेन्दुरुच्चपदवीं सन्मंगलं मंगलः। सद्बुद्धिं च बुधो गुरुश्च गुरुतां शुक्रः सुखं शं. शनिः।। राहुर्बाहुबलं करोतु विपुलं केतुः कुलस्योन्नतिं। नित्यं प्रीतिकरा भवन्तु भवतां सर्वे प्रसन्ना ग्रहाः।। इत्याशीर्वादादिकं शुभ संकल्प।। एवं बहुविधं संचिन्त्य दैवज्ञैः कथनीयं शुभाऽशुभफलम् एवं मेदिनी संहितान्तर्गते राजावली फलश्रुतिः पंचांगे निर्णयसागरे नीमच नगरस्थे - शुभमिति।।** ♠●♠

卐 श्री भैरव – भवानी सुवाक्यं सूत्रावली 卐



आद्य सनातन शक्ति हो ! जीव जगत प्रतिपाल । विक्रमाब्द अभिनव बना, कहो भुवन के हाल ॥
सुनो देव ! इस वर्ष में, अधिनायक पद काज । शनि देवता मन्दश्री, नेता नायक राज ॥
आतंक द्वन्द्व, हिंसा मति, तृष्णा तंत्र अपार । अदल बदल बहुधा बने, प्रजा तंत्र अभिसार ॥
नीति राज नवचक्र की मुद्रा पंथ प्रभार । जनमानस ले आपदा, ऋतु प्रकोप संसार ॥
मंत्री पद श्री सूर्य का अभिनव पंथ निहार । नेता शासी दलपति, विग्रह विविध प्रकार ॥
सस्य धान्य के श्रीपति, बुध–चन्द्र अधिवर्ष । हरित श्वेत क्रान्ति सबल, कृषि सम्पदा हर्ष ॥
रसाधीश भृगु देवता, बुध नीरस का पक्ष । खनिज सम्पदा देश की, भूमि भारत दक्ष ॥
देव शनि रक्षा पदे, धन नायक श्री भौम । व्यय विशेष की धारणा, मुद्रा मार्ग विलोम ॥
अर्थ तन्त्र चिन्तन गति, विश्व पक्ष अधिभार । फलाधीश शनि देवता, नहीं सुखद संसार ॥
रोहिणी वास संधि भुवन, वर्ष वैश्य का कक्ष । वृष्टि खंड रचना बने, भेद भूमि को लक्ष ॥
नृप फलेश दुर्गेश हो, एकै ग्रह संयोग। कम वर्षा दुर्भिक्ष दुःख, बढ़े प्रजा में रोग ॥
षड़ाष्टकी शनि भौम की, विग्रह विविध प्रकार । यान खान कम्पन्न गति, जन धन क्षति प्रहार ॥
शनि वक्र सावन बदी, बना दुःखद दुर्योग । ऋतु कोप भय आपदा, जन धन क्षति कुयोग ॥
लेख सुलेख लिखे सभी, कोविद करे विचार । निर्णय गणना शास्त्र की, ग्रह गति संसार ॥
धर्म कर्म पर दृढ़ रहो, राष्ट्र सत्व परिवेश । विज्ञ भवानी सुत कहें, मौलिक सूत्र निवेश ॥

♠● लाभ खर्च विवेक २०८२ विक्रमाब्दे एवं सनाब्दे २०२५–२०२६ ई. ●♠

राशि	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
लाभ	१४	०८	११	०५	०८	११	०८	१४	०२	०५	०५	०२
खर्च	१४	०८	०५	०५	१४	०५	०८	१४	०८	०२	०२	०८

♣ **लाभ खर्च विगणना** – अपनी–अपनी राशि अनुसार लाभ खर्च दोनों अंकों का योग कर १ घटावें तथा ८ का भाग देवें। यदि शेष १ रहे तो वर्ष में लाभ, २ में सुख शान्ति, ३ में क्लेश, ४ में रोग–शोक, ५ में अपयश, ६ में मानद जीवन, ७ में विजय लाभ, तथा ८ या 0 शेष रहते कुयोग नेष्ट फलसूचक। इसे भी विशेषकर अपनी जन्मराशि में गोचर दिन दशा का मनन करना भी योग्य विषयक सूत्र रचना समझना चाहिए।

♣ **सुभिक्षदुर्भिक्ष परिज्ञान सूत्र** – प्रभवादि संवत्सर क्रम से वर्तमान वत्सर संख्या में दो का गुणा करें ३ घटावें तथा ६ का भाग देवें शेष १ – ४ से दुर्भिक्ष, ५ – २ से सुभिक्ष, ३ – ६ शेष में साधारण फल, 0 शेष अशुभफल * अन्य नियम – विक्रम वर्ष की संख्या ३ से गुणा कर ५ जोड़ें योगफल में ७ का भाग देने से शेष ३ – ५ रहते दुर्भिक्ष शून्य से नेष्ट फल तथा १ – २ – ४ – ६ शेष से सुभिक्ष प्रदायक प्रतिफल समझना चाहिए।



पद्मालयां पद्मकरां पद्मपत्र निभेक्षणाम्।
वन्दे पद्ममुखीं देवीं पद्मनाभप्रियां शुभाम्।।
ॐ सर्वज्ञे सर्व वरदे सर्वदुष्ट भयंकरी।
सर्व दुःखहरे देवि महालक्ष्मी नमोस्तु ते।।
जयति कञ्जपत्राक्षि जयति श्रीपति प्रिये।।
जयमातर्महालक्ष्मी संसारार्णवतारिणी।।
भवानि त्वं महालक्ष्मीः सर्वकाम प्रदायिनी।
सुपूजिता प्रसन्ना स्यान्महालक्ष्मि नमोऽस्तु ते।।

श्रीवर्धन श्रीःयंत्रराज			
७	१२	१	१४
२	१३	८	११
१६	३	१०	५
९	६	१५	४

♣ श्री महालक्ष्मी पूजा–अर्चना मुहूर्त ♣

सिद्धिबुद्धिप्रदे देवि भुक्ति मुक्ति प्रदायनी।
मंत्रपूते सदा देवि महालक्ष्मी नमोऽस्तु ते।।
नमस्ते तु महामाये श्रीपीठे सुरपूजिते।
शंख चक्र गदा हस्ते महालक्ष्मी नमोस्तु ते।।

● बहीखाता निर्माण एवं आनयन मुहूर्त ●

(१) स्वस्ति शुभ संवत् २०८२ आश्विन शुक्ल पक्ष १ सोमवार उत्तरा फाल्गुनी/हस्त नक्षत्र ता. २२.९.२०२५ ई. आवश्यके। **(२) आश्विन शुक्ल पक्ष ३** बुधवार चित्रा नक्षत्र ता. २४.९.२०२५ ई.। **(३) आश्विन शुक्ल पक्ष १०** गुरुवार उत्तराषाढ नक्षत्र दिवा ९:१३ या. रवियोग ता. २.१०.२०२५ ई.। **(४) कार्तिक कृष्ण पक्ष २** बुधवार अश्विनी नक्षत्र ता. ८.१०.२०२५ ई.। **(५) कार्तिक कृष्ण पक्ष ९** बुधवार पुष्य नक्षत्र दिवा १०:३४ उ १२:०० या. ता. १५.१०.२०२५ ई.।

● धनत्रयोदशी श्री कुबेर पूजा ●

संवत् २०८२ **कार्तिक कृष्ण पक्ष १२** शनिवार ता. १८.१०.२०२५ भगवान श्री धनवंतरी पूजन एवं सायं प्रदोष वेला यमदीपदानं तथा श्री पूजनं सायं ६:०३ से रात्रि ८:३५ पर्यंत।

- **नरकचतुर्दशी दीपदानं–प्रदोष वेला १९.१०.२०२५**
- **रूप चतुर्दशी अरुणोदय स्नान – २०.१०.२०२५**

● श्री महालक्ष्मी पूजा–दीपोत्सव ●

श्री संवत् २०८२ **कार्तिक कृष्ण पक्ष ३० मंगलवार** तिथिमानक रचना अनुसार तारीख **२१.१०.२०२५ ई.**

दिवस वेला पर प्रालेपन गादीस्थापना–स्याही भरना – कलम दवात संवारने हेतु प्रातः स्टैंडर्ड रेलवे घड़ी समयानुसार दिवा ९:३३ से १०:५८ तक **चंचल वेला,** दिवा १०:५८ से १:४७ तक **लाभ–अमृत वेला,** दिवा १२:०० से १२:४५ तक **अभिजित वेला,** दिवा ३:११ से ४:३६ तक **शुभ वेला** समगतिक मान्य तथा श्री पूजन मुहूर्त दैनिक लग्न विगणना मान्यता अनुसार सायं गोधूलि **प्रदोष वेला** का समय मानक सायं सूर्यास्त समय ६:०० से ८:३३ रात्रि पर्यंत तथा स्थिर संज्ञक **वृषभ लग्न** सायं समय मानक ७:२५ से ९:२२ रात्रि पर्यंत तथा अर्धरात्रि स्थिर संज्ञक **सिंह लग्न वेला** मध्य रात्रि १:५३ से ४:०८ पर्यंत एवं इस सिंह लग्न में कनकधारा स्तोत्र का पठन पाठ विशेष श्रीकारक सिद्ध होता है। प्रकारांतर से पूजन समय परिहार समाधान सूचक **वृश्चिक स्थिर लग्न** प्रातः ८:४५ से ११:०२ तक स्थिर संज्ञक **कुम्भ लग्न** दिवा २:४९ से ४:१९ पर्यंत की समय मान्यता भी सामान्य पक्ष अनुसार व्यवहार जनक है।

● श्री रोकड़ मिलान लेखन ●

श्री रोकड़ मिलान लेखन कार्य– श्री नावाँकार्य शुभारम्भ हेतु कार्तिक सुदी १ बुधवार प्रतिपदा तिथि मानक एवं ता. २२.१०.२०२५ ई. प्रातः ६:४४ से ९:३३ तक **लाभ–अमृत वेला** दिवा १०:५८ से १२:२२ तक **शुभ वेला श्रीकार।**

● शासकीय लेखा–बही निर्माण व्यवहार मुहूर्त ●

(१) संवत् २०८२ **चैत्र कृष्ण पक्ष १ बुधवार** उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र ७:३९ उ.ता. ४.३.२०२६ ई.। (२) **चैत्र कृष्ण पक्ष २ गुरुवार** उत्तरा फाल्गुनी/हस्त नक्षत्र ता. ५.३.२०२६ ई.।

✷ विवाह लग्ने विश्वादा ग्रहाः ✷

(लग्नं शुभं विवाहे स्याद् दश विंशोपकाधिकम्–मुहूर्तगणपति)


सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
३	२	३	१	१	१	३	३	३
६	३	६	२	२	२	६	६	६
८	११	११	३	३	४	८	८	८
११			४	४	५	११	११	११
			५	५	९			
			६	६	१०			
			९	९	११			
			१०	१०				
			११	११				
३।।	५	१।।	२	३	२	१।।	१।।	१।।

विवाहेलग्नभंगदा ग्रहाः

● एवञ्च विवाहलग्ने शुद्धि–विवेचना सूत्र ●

सर्वमान्य आगम काल से सिद्ध मुहूर्त्त चिन्तामणि मतानुगत विवाहलग्न–विषयक सूत्र– **व्यये शनिःखेऽवनिजस्तृतीये भृगुस्तनौ चन्द्रखला न शस्ताः। लग्नेट् कविग्लौश्च रिपौ मृतौ ग्लोर्लग्नेट्– सुभाऽराश्च मदे च सर्वे।।** भावार्थ विवेचना– विवाहलग्न काल में चन्द्र तथा पाप ग्रह वर्जित है। परन्तु वृषभ, क़र्क राशि एवं पूर्ण चन्द्रमा की स्थिति दोषसंज्ञक नहीं। ✦ **द्वितीय** २ भाव में कोई भी ग्रह वर्जित नहीं है। ✦ **तृतीय** ३ भाव में शुक्र सम गतिक अनुदानादि से शुभ मान्य तथा अन्य सभी ग्रह शुभ मान्य ✦ **चतुर्थ** ४ भाव में राहु सम गतिक तथा अनुदानादि से शुभ मान्य तथा अन्य सभी ग्रह शुभ मान्य ✦ **पंचम** ५ भाव में सभी ग्रह प्रायः शुभ ही मान्य ✦ **षष्ठ** ६ भाव में चन्द्र–शुक्र तथा लग्नेश शुभ नहीं। तथापि चन्द्र नीच राशि वृश्चिक – नवांश का चन्द्र एवं शुक्र–कन्या नीच राशि का तथा कर्क–सिंह शत्रु राशि का शुभ ही मान्य तथा चन्द्र व शुक्र का लग्नेश होकर छठे भाव में होना शुभ नहीं। ✦ **सप्तम** ७ भाव में चन्द्र–गुरु की रचना सामान्य संज्ञक बनते अनुदानादि से शुभ मान्य तथा सप्तम में अन्य सभी ग्रह वर्जित हैं। ✦ **अष्टम** ८ भाव में चन्द्र–मंगल–लग्नेश तथा अन्य सभी शुभ ग्रह मान्य नहीं। तथापि नीच राशि वृश्चिक ८ चन्द्र एवं शुक्र शत्रु राशि कर्क–सिंह तथा मंगल शत्रुराशि मिथुन–कन्या एवं अस्तंगत स्थिति का शुभ ही मान्य। परन्तु चन्द्र–शुक्र–मंगल का लग्नेश होकर ८ भाव में स्थान शुभसूचक नहीं। ✦ **नवम** ९ भाव में प्रायः सभी ग्रह शुभ ✦ **दशम** १० भाव में मंगल सामान्य संज्ञा का बनते अनुदानादि से शुभ ही मान्य तथा अन्य सभी ग्रह वर्जित नहीं हैं। ✦ **एकादश** ११ भाव में प्रायः सभी ग्रह शुभ मान्य। ✦ **द्वादश** १२ भाव में शनि तथा चन्द्र सामान्य संज्ञा के बनते अनुदानादि से शुभ मान्य तथा अन्य कोई भी ग्रह वर्जित नहीं है एवं यह विवाह लग्न शोधन–शुद्धि का नियामक बहुसम्मत है। ● **विशेषशास्त्रीय सूत्र–लग्न बल–ग्रह परिहार–समाधान हेतु भी शास्त्रीय वचन प्राप्त है। यथा–गुरुरेकोपि केन्द्रस्थः शुक्रो वा यदि वा बुधः। हरेः स्मृतिर्यथा हन्ति तद्वद्दोषा न कालजाः।।काव्योगुरुर्वासौम्योवायदाकेन्द्रत्रिकोणगाः।नाशयंत्यखिलान्दोषान्पापानिवहरिस्मृतिः।।**

विवाहलग्न भंगदा ग्रहाः




विशेष संकेत–समाधान सूत्र

लग्न प्रथम १ भाव स्थान तथा षष्ठ ६–७ भाव स्थान एवं अष्टम ८ भाव स्थान तथा १०–१२ भाव ग्रह रचना हेतु विशेष उपरोक्त भाषा लेखन परिहारक वचन सूत्र पर भी ध्यान रखना चाहिए।

✦ प्रत्येक शुभ कार्यों हेतु सामान्य लग्न शुद्धि ✦

व्ययाष्टशुद्धोपचये लग्नगे शुभदृग्युते। चन्द्रे त्रिषड्दशायस्थे सर्वारम्भः प्रसिद्धयति।। अभिष्ट कार्य सम्पादन हेतु जन्म लग्न या जन्म राशि से ३–६–१०–११ भाव राशि में लग्न हो तथा लग्न से द्वादश १२ एवं अष्टम ८ भाव स्थान शुद्ध (ग्रह रहित) रहें। लग्न पर शुभ ग्रह की दृष्टि या योग हो तथा चन्द्रमा लग्न से ३–६–१०–११ स्थान भाव में हो। एवं सुयोग रहते सभी शुभ कार्यों का शुभारंभ शास्त्रसम्मत एवं सामान्य लग्न शुद्धि नियामक गणना से शुभ होता है।

विवाहलग्न रेखाप्रदाः ग्रहाः




卐 वर्षलग्नम् ४।१२ 卐



राष्ट्रभाषायां वर्षराजावली फलश्रुतिः

卐 वर्षेशलग्नम् १०।०० 卐



यस्योदये जगत्पद्मं विकसत्येव सर्वतः । सततं तमहं वन्दे द्युमणिं त्रिजगन्मणिम् ॥ तमिस्रया जगद् ग्रस्तं यो जीवयति भूतले । तं वन्दे परमानन्दं सर्वसाक्षिणमीश्वरम् ॥ यदेकं यत्परं नित्यं यदनन्तं चिदात्मकम् ॥ यदेकं व्यापकं लोके तद्रूपं चिन्तयाम्यहम् ॥ यं शैवाःसमुपासते शिव इति ब्रह्मेति वेदान्तिनो । बोद्धा बुद्ध इति प्रमाण पटवः कर्तेति नैयायिकाः अर्हन्नित्यथ जैनशासनरताः कर्मेति मीमांसका । सोऽयं वो विदधातु वांछित फलं त्रैलोक्यनाथो रविः ॥ गंगा यमुना निर्मल धारा मेरू विन्ध्य नगराज । विद्यमान जब तक वसुधा में अटल रहे गणराज ॥ नगरी टोला पण्यवीथिका आलय मन्दिर ग्राम । हो वैभव परिपूर्ण धरित्री, दीप जले हर धाम ॥ सचिव सभासद शासक शिक्षक कवि कोविद कविकान्त । चमू चमूपति नायक कृषक रहे कार्यरत शान्त ॥ जड़ता मृशा न्यूनता चिंता राग द्वेष दुष्कर्म । ये उलूक भागे आभा लख अरूणोदय सत्कर्म ॥ इत्यादि सर्वजनहिताय – बहुजन सुखाय – विश्वकल्याणकामनार्थे शुभ संकल्पः पंचांगे निर्णयसागरे नीमचनगरस्थे ॥ ★●★

✷ सतत गतिमान काल चक्र ! राष्ट्रीय एवं विश्व वैभव विकास सुख सम्पदा–वर्चस्व एवं वैज्ञानिक–परमाणुविक शक्ति अनुसंधान–गवेषणा तथा विविध उर्जा उत्पादन प्राकृतिक वरद खनिज जंगल भू–सम्पदा अभिवृद्धि चरण नियामक से बहुजन हिताय–बहुजन सुखाय–वसुधैव कुटुम्बकम् – यत्र विश्वं भवत्यैकनीड़म् अन्तर्राष्ट्रीय–वैश्वीकरण संकल्पित सूत्रानुगत यह महाकाल परिचक्र–चक्रवत् निरन्तर अबाध गतिशील है। तथापि इस नवीन विक्रम वर्ष २०८२ शाके १९४७ देश स्वातंत्र्य वर्ष ७८-७९ की वार्षिक सौरमण्डलीय नवीन ग्रह संसद का चयन–निर्वाचन गणितागत निम्नानुसार चरितार्थ है तथा नाक्षत्रिक प्रमुख सदस्यों के गोचर गति प्रवाह एवमेव शोषक–पोषक तत्व, सम–विषम रश्मि प्रभामण्डल प्रसार–गति नियामक मीमांसानुसार संहिता–मेदिनी प्रतिफल विश्लेषण भावार्थ सार यह कि

♠ **वर्ष लग्न प्रवेश सिंह राशि स्थिर–स्वभाव संज्ञक अग्नि तत्व प्रधान तथा वर्षेश लग्न प्रवेश कुम्भ राशि स्थिर संज्ञक तथा जलतत्व वर्ग से चरितार्थ है।** इन लग्न पतियों का स्थान न्यास वर्ष कुण्डली में अष्टम भाव तथा वर्षेश कुण्डली में द्वितीय भाव एवं इनके स्वामी सूर्य एवं शनि हैं। दोनों में से वर्ष लग्न हल्का एवं वर्षेश लग्न मध्यम है एवं वर्ष लग्न पाप दृष्ट हैं, वर्षेश लग्न भी पाप दृष्ट है तथा केन्द्र स्थान भाव रचना प्रभावशील वर्ग की है एवं नवग्रह रचना स्थान विशेष शुभ राजयोगद वर्ग का नहीं है अतः वर्षजनित प्रतिफल विविध दृष्टि से सामान्य प्रतिफल का सूचक है तथा वर्ष लग्न सिंह राशि का चरितार्थ है एवं वर्ष लग्न पति सूर्य उच्चाभिलाषी होकर अष्टम भाव में ग्रहण योग में गया है। वर्षेश लग्न कुम्भ राशि का तथा वर्षेश लग्न पति नीचाभिलाषी होकर द्वितीय भाव में बुध, शुक्र, राहु के साथ है। चन्द्रमा तुला राशि का भाग्यभाव में स्थित है अन्य ग्रहों के स्थान न्यास में गुरू वृषभ राशि का केन्द्र स्थान में तथा सूर्य मेष का तृतीय भाव में है। अन्य ग्रहों का स्थान न्यास भी विशेष शुभ संज्ञा का परिचायक नहीं है एवं राजनैतिक–सामाजिक एवं विविध व्यवहार पक्ष में वर्षफल सामान्य सूचक बन पावे। आर्थिक सम्पदा मुद्राकोष, बैंक, संभाग, दृष्टि से नवीन सूत्रों का निर्धारण तथा आर्थिक लेन–देन व्यवहार जगत में संशोधित नियामक का सूत्रपात होकर आर्थिक क्षेत्र में गिरावट बन पावे। शिक्षा स्वास्थ्य विषयक भी अनुसंधान बनते लोक सुविधा का पक्ष सामान्यतः प्रभावशील नहीं रह पावे। देश–देशांतर के राष्ट्रनायक सीमा–संभाग सुरक्षा दृष्टि से परस्पर विरोधाभास से ग्रसित बने तथा विविध वाहन अस्त्र–शस्त्र परमाणु परीक्षण आदि हेतु विशेष व्यय प्रभार से त्रासदी प्राप्त कर पावे।

♠ संवत्सर चलन कलन नियामक अनुसार श्रीविष्णु विंशति का कालचक्र प्रभावशाली बनते **श्री सिद्धार्थी+श्री रौद्र नाम गुरूवत्सर** से यह विक्रम वर्ष प्रभावशील बना है। तदनुरूप फलाशय यह कि सिद्धार्थी नामक वर्ष होने से प्रजा ज्ञान वैराग्य से युक्त हो। पृथ्वी पर प्रसन्नता रहे और जल अन्न अच्छे हों। पृथ्वी पर सुख धर्म में चित्त लगे, सुकाल हो, क्रय– विक्रय अधिक हो, उद्योग में नवनिर्माण व गाँव–शहर में नये भौतिक सुख संसाधन मिले, चैत्र वैशाख में पीड़ा, ज्येष्ठ आषाढ़ प्रचण्ड पवन आँधी आदि श्रावण में अल्प वर्षा हो। अन्न में तेजी भादो में खण्ड वृष्टि, आश्विन भाव सामान्य, कार्तिक पैदावार उत्तम, अन्न मन्दा, मृगशिर से फाल्गुन तक सर्व सुख धान्य की प्राप्ति अच्छी, पशुओं में तेजी हो। वर्ष अन्त में रौद्र संवत्सर प्रवेश से राष्ट्र स्तर पर स्थिति चिंताजनक बने


♠ **इस वर्ष के अधिपति शनि–रवि के पदासीन अनुसार संहिता शास्त्रीय प्रतिफल यह कि** ऋतुजनित प्रकोप की रचना, कृषि उत्पत्ति उत्पादन में विशेष कष्टद श्रम गति, अनुपातिक लाभांश न्यूनता। राष्ट्रीय आर्थिक वित्त मुद्रा कोष संतुलन हेतु जनमानस पर टैक्स करों का प्रभार–अधिभार तथा कृषि तंत्र–यातायात परिवहन विषय पर नवीन कर प्रणाली की रचना। युवक–युवती नवोदित वर्ग हेतु उद्योग कार्य व्यवसाय रोजगार समस्या विशेषकर गतिमान बनें। राष्ट्रीय आर्थिक नीति रीति तथा अर्थवित्त विषमता से जनमानस में आक्रोश–विद्वेष–उद्वेग का वातावरण तथा आर्थिक घोटाला हेराफेरी–मुद्राकोष दुरूपयोग प्रवंचन हेतु मनोवृत्ति विशेषकर बनें। अग्निवात–अग्निकाण्ड–विस्फोटक प्रदूषण–समुद्री चक्रवात अंधड़ आंधी वायुवेग–भूगर्जना–तापमान परम वृद्धि–पर्यावरण प्रकोप आदि से जनधन क्षति का कुयोग। मार्गरोध–तस्करी–अपहरण–चौर्यकर्म–लूटपाट आतंक में अनुपातिक वृद्धि तथा राजनेता–नायक विशिष्ट शासकीय पदासीन वर्ग को विविध विषयक चिंता प्रतिभार की रचना एवं समस्या समाधान का प्रभार बनें।

♠ **वर्ष के प्रधानमंत्री का पदभार सूर्यदेव के हस्तगत बना है** एवं संहिता प्रतिफल यह कि यह वर्ष राजा से मंत्री पद की आपसी शत्रुता का परिचायक है। संहिता सूत्रफल यह कि रविरमात्ये भुवि रोग पीड़ा रसेपु धान्येषु महर्घता – स्वास्थ्य प्रपीड़ा में अभिवृद्धि रसवर्गीय पदार्थ उन्नत भाव कृषि उत्पादन में कमी तथा स्वार्थ मनोवृत्ति का चलन कलन बने। सशक्त विरोध की न्यूनता का प्रतिफल चरितार्थ बनें।

♠ **सस्य–धान्य विभाग के अधिनायक क्रमशः खरीफ फसल विषयक पदभार चन्द्रसुत बुधदेव को प्राप्त है।** तथा शीतकालीन रबी फसल के अधिपति अमृत रश्मिप्रसारक चन्द्रदेव हैं एवं प्रतिफल यह कि कृषि विकास तथा कृषि प्रसाधन उपकरणों हेतु शासकीय सुविधा–योगदान विशेषकर प्राप्त होवें। राष्ट्रीय बैंक माध्यम से हरित–श्वेत क्रान्ति विकास अभियानगत आर्थिक मद ऋण, प्रदायगी एवं अदायगी सुविधा में विशेष अभिवृद्धि। कृषि विश्वविद्यालय में नीति निदेशक नायकगण नवीनतम कृषि रचना प्रक्रिया विधि का सन्मार्ग प्रचारित करने में सक्षम रहेंगे। कृषक समुदाय में अभिनव कृषि प्रणाली ज्ञान विज्ञान विकास हेतु शासकीय कृषि भवन–मंत्रालय द्वारा प्रचार प्रसार का योगदान एवं समुन्नत फसल सुरक्षा के लिये उत्तम बीज कीटनाशक नवीनतम औषध रासायनिक पदार्थ द्रव्य उपकरणों का वितरण चरितार्थ बनें तथा सिंचाई विषयक नवीन अनुसंधान एवं लघुत्तम (अल्पजल) प्रक्रिया द्वारा वृहत्तम प्रतिफल फसल अभिवृद्धि हेतु दिशा निर्देश प्राप्त होवें। जलसिंचित भूमि का विकास एवं युगानुकूल यांत्रिक उपकरण सुविधा बनते कृषक समाज में उत्साह संवर्धन भी बनें।

♠ **मेघपर्जन्य नायक पदभार विश्व प्रबोधक सूर्यदेव को प्राप्त हुआ है।** तदनुसार संहिता प्रतिफल यह कि मेघ मण्डल मानसून की रचना तो विशेषकर बनें परन्तु जल वृष्टि की रचना जलधारा वेग प्रपात–सुवेग में न्यूनता तथा पर्यावरण जनित विकार विशेष गतिशील बनते–भूमण्डलीय तापमान–परिताप में अनुपातिक विशेष वृद्धि तथा वायुमण्डल संचरण विषमता का प्रारूप बन पावे। राष्ट्रीय जल समस्या समाधान में गतिरोध जल प्रदायगी वितरण प्रणाली हेतु प्रान्तीय स्तर पर वैचारिक विवादक गति बने।

卐 आर्द्रायां रविः २।१३ 卐



♠ रसेश–नीरसेश पद कार्यप्रभार क्रमशः दैत्य गुरू श्री शुक्राचार्य को तथा सौम्यनायक बुधदेव को प्राप्त है। प्रतिफल यह कि विविध रसवर्गीय पदार्थ–द्रव्य वस्तु का उत्पादन अनुकूल बनें। डीजल–पेट्रोल–केरोसीन–रसोई गैस, विविध खाद्य तेल आदि हेतु नवीन आचार रचना राष्ट्रीय नीति–रीति सार्थक फलद बनें एवं भाव नियंत्रण विषय पर विशेषकर विचार विमर्श बन पावे। तथा इत्र–सुगंधित तेल–दूध–श्रृंगारिक प्रसाधान क्रीम–लोशन आदि का कार्य व्यवसाय लाभद बनें एवं चंदन–गुलाब–केवड़ा–चमेली–मोगरा आदि के पुष्प विशेष उत्पन्न बनें। कन्द पदार्थ यथा–अदरक, आलू, अरबी, प्याज, लहसन, मूली, गाजर, सकरकन्द, सुरण, रतालु, जमीकन्द आदि का उत्पादन एवं कार्य व्यवसाय भी लाभद रहे।

♠ **इस वर्ष का फलनायक पदभार रविसुत शनिदेव के हस्तगत तदनुसार** संहिता प्रतिफल यह कि यदि शनि फलपः फला–हिमभयं सूत्रानुगत पौध–वृक्ष–लता बेलादि में पुष्प विकास उद्भव तो होवे परन्तु हिम प्रपात, तुषार, विपुल वायु आँधी वेग, विशेष शीतलहर आदि से ऋतुजनित विषमता से निष्फलता विखण्डना आदि बनते उत्पादन न्यूनता। विविध फल फूल साग सब्जी व्यापार–व्यवसाय मध्य तेजी का गतिक्रम सहज बन पावे।

♠ **धनाध्यक्ष वित्त विभाग का कार्यप्रभार भूमिसुत–भौमदेव के हस्तगत प्रभावशील** तदनुसार राष्ट्रीय एवं विश्वव्यापी अर्थतन्त्र मुद्राकोष में नवीन आचार संहिता नीति रीति व्यवहार का सूत्रपात, आर्थिक असन्तुलन विषमता विबाधा निवारण हेतु मुद्रा कोषालय बैंक आदि में अभिनव योजना–नीति सूत्र–आचरण संहिता की रचना। आर्थिक वित्त तंत्र विषयक गोलमाल घोटाला काण्ड आदि की रचना प्रायः बने एवं जनमानस मध्य आर्थिक लेनदेन–धन व्यवहार में न्यूनता का असर रहे। राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय आयात–निर्यात व्यवहार गति में विषमता। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष–विकास संघ–विश्व बैंक आदि मध्य भी स्पष्ट नीति रीति व्यवहार की न्यूनता बने। राष्ट्रीय टैक्स कर नीति रीति में नवीन आचार संहिता का सूत्रपात। जनमानस के मध्य आर्थिक स्थिति को लेकर आक्रोश असन्तोष की रचना विभावना बन पावे।

♠ **रक्षा सुरक्षा विभाग, जल–थल–नभ आण्विक पद का कार्यप्रभार मन्दनायक शनिदेव के हस्तगत।** तदनुसार प्रतिफल यह कि देश–विदेश भू संभाग में सीमा विवाद–सैन्य संघर्ष–राजनैतिक पद पतन–पराभव की रचना। देश देशान्तर मध्य शांति व्यवस्था में न्यूनता एवं अस्त्र शस्त्र–अणु परमाणु रचना विविध यान आदि हेतु अनुपातिक व्यय–खर्च भार में विशेष गति। राष्ट्र–अन्तर्राष्ट्रीय–मित्र राष्ट्र मध्य सीमा विषयक अनुबंधन की अवहेलना तथा विस्फोटक अशांति प्रसारक आतंक–नक्सल आदि दल संघटन मध्य विशेष अभियान गति। देश–प्रान्तीय जनमानस मध्य आरक्षण भाषा–भूषा–जाति–धर्म–जिला–प्रान्त रचना आदि विषयक विवाद विग्रह आन्दोलन आदि से सत्तारूढ़ नायक त्रस्त बन पावें।

♠ वर्षनाम कार्तिक संज्ञा का प्रभावशील – तदनुसार प्रतिफल यह है कि कार्तिक संज्ञा का गुरू वत्सर सुख सुविधा का विधायक नहीं बने। कौसुंभ–मदिरालय–सुरापान कार्य व्यवसाय की अभिवृद्धि विशेष–इन विषयक कार्यकारकगण को सुलाभ। मादक द्रव्य पदार्थों में जन मानस की अभिरूचि विशेष। पशुपालक वर्ग को श्रमसाधना विशेष तथा पशुपालन में दुःविधा। अग्निवात प्रवाह–विस्फोटक रचना–आगजनी विषयक कुयोग। शस्त्र–अस्त्र भण्डार में विक्षोभ तथा अग्निकाण्ड प्रवाह से जन धन क्षति कुयोग।

♠ **रोहिणी रमण परिचक्र विन्यास** – इस विक्रम वर्ष में **रोहिणी निवास सन्धि मध्य** का तथा **वैश्य घर वर्ष का स्थान न्यास** एवं चतुर्मेघ गणना नियामक से **संवर्त** संज्ञा की मेघ रचना गतिशील है। इन उपकरणों की विगणना तथा गणितागत आर्द्रा रवि नक्षत्र गतिचार अनुसार मेघ गाज मानसुन संरचना ऋतु गर्जना प्रवर्षण गति न्यूनाधिक खण्ड वृष्टि मापक की बनें। देश भूभेद व्यवस्था से सजल रूप आंशिक संभाग में तथा विशेषकर भूसंभाग में खण्डशः सामान्य गतिक रचना रहे। साथ ही कथन यह भी कि मानसून गतिपथ–गर्भरचना–शकुन सूत्र–वायु प्रवाह अति उपलक्षण सूत्र रचना पंचांग में प्रदत्त प्रति चैत्रादि द्वादश मास पृष्ठों के ग्रहगोचरीय फल श्रुति कोष्ठक–में देख लेना भी सन्मार्ग सूचक विषय है। तथा वर्ष मध्य जल तृण का स्तंभ पक्ष आरक्षक सहायक संज्ञा का चरितार्थ है। वायु+अन्न के स्तंभ अल्प बनें हैं।

❋ आर्द्रायां रवि गतिचार तिथि नक्षत्र योगादि फलाशय सूत्र ❋

♠ **तिथि फलं** – द्वादश्यांशिवनक्षत्रंप्रविष्टश्चेद्दिवाकरः। नानाविधंशुभंतर्हीजनः प्राप्नोतिनिश्चितम् ॥ ♠ **वार फलं** – रविवासरे पशुनाशः ॥ ♠ **नक्षत्रफलं** – अर्कस्यरौद्रसंवेशेभरणीचन्द्रर्भयदि। तर्हिस्याद्रोगबाहुल्यंशुभंनैवकदाचन ॥ ♠ **योगफलं** – सुकर्मनामयोगकेयदिशभरविर्व्रजेत्। तदासमस्तभूसुराः सुकर्मकर्तमुद्यताः ॥ ♠ **प्रवेश वेला फलं** – सूर्योदय रोगकरी स्मृताः। ♠ **चंद्रस्थिति फलं** – चन्द्र मेष राशिः अग्नितत्वीय एकादश भावगतियः तथा शुभग्रहयुतः रचना मित्र संज्ञक मंगल गृहे उत्तम प्रतिफलं सूचकम्।

❋ देश–दिशा संभाग अनुसार प्रवर्षण रचना प्रतिफलम् भारतदेशीय ❋

♠ **पूर्व दिशा** – सामान्य से उत्तम कृषि सस्य उत्पादन अनुकूल मेघ गाज जल रचना। ♠ **पश्चिम दिशा** – उत्तम वर्षा मापक–सार्वत्रिक समकल गति विशेष उत्तम योग। ♠ **उत्तर दिशा** – मानसून मेघ गाज वर्षा गति सामान्य न्यूनता। ♠ **दक्षिण दिशा** – मेघ गाज प्रवर्षण सामान्य से उन्नत गति। ◆ **देश दिशाकोणीय संभागानुसारेण प्रतिफलम्** – ♠ **उत्तर पश्चिम मध्य वायव्य कोणीय** देश–प्रदेश समकल वर्षा गति सामान्य से उत्तम, आंशिक भाग सजल विशेष प्राकृतिक प्रकोप युक्त। ♠ **पूर्वोत्तर मध्य ईशान कोणीय संभाग** – समकल वर्षा गति नहीं, सामान्य ठीक, आंशिक भाग सजल विशेष प्राकृतिक प्रकोप युक्त। ♠ **पश्चिम दक्षिण मध्य नैऋत्य कोणीय संभाग** – अधिक भाग सजल विशेष तथा कतिपय भाग में सूक्ष्मतम भी बन पावे – ♠ **दक्षिण पूर्व मध्य आग्नेय कोणीय संभाग** – सजल विशेष तथा कतिपय भाग में बाढ़ की स्थिति भी बन पावे एवं भारतीय मानचित्र प्रारूप से देश प्रांत संभाग एवं प्रमुख दिशा मध्य स्थित कोणानुसार सचित्र दृश्यमान अनुभव भी चरितार्थ बन पावे।

◆ **एवं बहुविध संचिन्त्य दैवज्ञैः कथनीयं शुभाऽशुभ प्रतिफलम् ॥ सर्वेषां गणनायकानां कृते शाश्वत ज्योतिर्नीति वचनसूत्रम् ॥ स्वस्ति प्रजाभ्यःपरिपालयन्तां न्याय्येन मार्गेण मही महिपाः गौ ब्राह्मणेभ्यः शुभमस्तु नित्यं लोकाः समस्ता सुखिनोभवन्तु ॥**



❋ फलाशय सूत्र रचना ❋

चोंच दुःख पाखा मरण, कण्ठा मिलन समाज।
उदर सुप्रेरक पूंछ धन, मस्तक होवे काज ॥
शुभ लक्षण पावा परे, घर में मंगलाचार।
विज्ञ भवानीसुत कहे, पक्षी शकुन विचार ॥

विक्रमाब्द २०८२ सनाब्द २०२५-२०२६ ई. दिनमान राशिफल सूत्र

मेष **(एरीज) चू–चे–चो–ला, ली–लू–ले–लो, अ. (अश्विनी ४, भरणी ४, कृत्तिका १)**

इस वर्ष की दिनदशा गोचर गणना का चलन कलन राज योगद व योगवाही नहीं। विविध जीवनीय पक्षों में न्यूनता का गतिक्रम तथा आत्म सन्तोष सुख पक्ष हेतु कारक धारक नहीं। असामयिक व्यय प्रभार तथा अकल्पित विषय समस्या से मानसिक अशान्ति का प्रतिफल बनें। नीति रीति विवेक गुण धर्मों का पालन रखते, सन्तुलित जीवन प्रवाह पर लक्ष्य साधना रखे, उन्नत लालसा के प्रति मनोवृत्ति नहीं रखें। इस वर्ष का सुयोग ३० प्रतिशत का तो कुयोग की रचना ७० प्रतिशत की। अतः आर्थिक सन्तुलन लेन देन में स्पष्टता का मार्ग अपनावे, निज शक्ति से बाहर कार्य योजना का विस्तार भी नहीं रखे। अपयश, अपवाद की अनुभूति बने, राज काज में समय व्यतीत होकर विवाद विग्रह की परिणिति सहज बने। कार्य व्यवसाय लाभ आमद से असन्तोष तथा रकम अवरोध का अवसर भी बने। शरीर सुख स्वास्थ्य का गतिक्रम सामान्य नित्य की दिनचर्या रात्रिचर्या में व्यवधान रहे। परिवार सुख एवं मित्र बान्धव पक्ष से मनोविकार बनते सहयोग की न्यूनता। जन जीवनीय कर्म क्षेत्र में श्रम साधना विशेष रहें। गुरूवार का व्रत रखना योग्य तथा आरक्षण विवाधा निवारण में सहायक सिद्ध शनि मुद्रिका धारण करना योग्य।

वृषभ **(टोरस) ई–उ–ए, ओ–वा–वि–वू–वे–वो (कृतिका ३, रोहिणी ४, मृगशिरा २)**

इस वर्ष के गोचर ग्रह पथ का प्रभाव आपके जनजीवन में सुखद वर्ग का चरितार्थ है। कर्मोदय राज्योदय–भाग्योदय विषयक पक्षों में सार्थक गतिमान होने का संकेत प्रदान करता है। अतः पूर्ण मनोयोग निष्ठा रखते अपने कार्य क्रिया कलापों पर गतिमान होने का लक्ष्य रखना उपादेय है। सुयोग का निर्माण ७० प्रतिशत का तो कुयोग का वर्चस्व ३० वर्ग का बना है एवं इसी अनुपात अनुसार विविध पक्षों में प्रतिफल बन पावे। शरीर सुख बुद्धि पक्ष का चलन कलन ठीक रहे, मनोत्साह की अनुभूति रहे। निज कार्य व्यवसाय का प्रतिफल ठीक, लाभ आमद का पक्ष अनुकूल रहे मानद जन जीवन का विकास बने। अवरोधित कार्य का समाधान होवे। आर्थिक कोष में अभिवृद्धि रहे। राजनैतिक व्यवसायिक तथा कला विद्या, अध्ययनरत सभी वर्ग हेतु मनोनीत विकास सफलता का प्रतिफल बने। परिवार सुख तथा सहयोगीजन मित्र मण्डल बंधु वर्ग से अनुकूल वातावरण बनते मनोत्साह वृद्धि रहे। ससुराल पक्ष तथा सन्तान पक्ष से खेद की अनुभूति संभव साथ ही कार्य प्रभार विशेष से मानसिक खेद की रचना भी बन पावे। अतः वर्ष पर्यंत गुरूवार का व्रत रखना सन्मार्ग सूचक समझें।

मिथुन **(जैमिनी) का–की, कु–घ–ङ–छ, के–को–ह (मृगशिरा २, आर्द्रा ४, पुनर्वसु ३)**

इस वर्ष की दिन दशा एवं समय गति का चलन कलन विशेष सार्थक योगवाही फलद नहीं। एक पक्षीय रूप में श्रीकार–श्रीवर्धन स्थिति का प्रतिफल नहीं, अपितु सामान्य वर्ग का गतिक्रम विविध पक्षों में रहे। अतः अनैतिक–अव्यवहारिक क्रिया कलापोंसे बचाव रखते, सन्तुलित जीवन क्रम पर लक्ष्य रखावें। अन्यथा अपवाद अपयश का चलन कलन वन पावे। सुयोग का निर्माण ३५ प्रतिशत तो कुयोग का वर्चस्व ६५ वर्ग का प्रतीत होता है, इसी अनुपात अनुसार जीवनीय प्रति पक्ष में फलावट रहे। शरीर सुख आरोग्य लाभ पक्ष सामान्य, मानद जन जीवन में कमी बने। पद अथवा स्थान परिवर्तन वश मानसिक व्यथा की अनुभूति, स्त्री अथवा पिता पक्ष से मनोविकार भी संभव, परिवार सुख पक्ष में कमी। निज कार्य व्यवसाय द्वारा लाभ आमद की गति में न्यूनता, श्रम साधना अनुकूल प्रतिफल नहीं रहे। भूमि जमीन जायदाद पक्ष से विकार तथा खर्चे का वातावरण बने, मनोत्साह में भी कमी रहे। आमदनी की अपेक्षा खर्चे की गति विशेष तथा मित्र बान्धव सहयोगी वर्ग से विषमता का स्वरूप प्राप्त होवे। तथापि सुयोग दृष्टि से पूर्व अर्जित सम्पदा तथा निजकर्म कला पक्ष से विषम परिस्थिति में सहायक गति प्राप्त होवे। शनिवार का व्रत रखना सुख शान्ति विधायक सूत्र भी स्पष्ट समझें।

कर्क **(कैंसर) ही–हे–हो–डा, डी–डू–डे–डो (पुनर्वसु १, पुष्य ४, अश्लेषा ४)**

इस वर्ष का गोचर ग्रह न्यास दशा पथ का प्रतिफल विशेष योगवाही धारक श्रीकार नहीं। अपितु सम दृष्टि से सामान्य प्रतिफल का कारक विधायक। भाग्य कर्म राजयोग पक्ष से विशेष विकास अभिवृद्धि का स्वरूप नहीं एवं आत्म सन्तोष में न्यूनता। अतः सन्तुलित नियमित जीवन रेखा पर ही गतिमान रहने का निरन्तर प्रयास रखना सन्मार्ग सूचक सूत्र। कुयोग का प्रभाव ६० प्रतिशत का तो सुयोग का वर्चस्व ४० वर्ग का प्रतिपादित है। इसी अनुपात अनुसार जीवनीय गति में फलाशय बन पावे। शरीर सुख पक्ष में सामान्य स्थिति एवं मनोत्साह में न्यूनता रहे, स्वास्थ्य हेतु ध्यान रखें। कार्य व्यवसाय में अवरोध विबाधा, बने चले कार्य में भी अवरोधक गति, तथा लाभ आमद की स्थिति संतोषजनक नहीं रहे। मित्र बन्धु एवं सहयोगी वर्ग से विषमता का वातावरण तथा असामयिक खर्चे का अवसर प्राप्त होवें। शुभ कार्यों में गतिरोध, अधिकारी वर्ग से अनुकूल वातावरण में कमी, अतः नीति रीति शान्त मन स्थिति गुण धर्म का जीवन में समावेश रखें। मन बुद्धि की रचना एवं निज कार्यकला पक्ष से संतोष की अनुभूति रहेगी। गुरूवार का व्रताचरण रखना श्रीकार फलद बनें।

सिंह **(लियो) मा–मी–मू–मे, मो–टा–टी–टू, टे (मघा ४, पूर्वाफाल्गुनी ४, उत्तराफाल्गुनी १)**

इस वर्ष का गोचर दिनमान एवं ग्रह गति पथ का चलन कलन श्रीकार शुभ सूचक नहीं। भाग्य–कर्म–राज्य एवं सुयोग दृष्टि से जीवनीय प्रतिफल में न्यूनता का प्रतिफल, स्वतंत्र कार्यशील, सेवारत अथवा राजनेता नायक पक्ष में पराभव अपवाद की अनुभूति रहे। अतः अमानवीय कार्य–प्रलोभन, वाद–विवाद से बचाव हेतु विशेषकर ध्यान रखना सन्मार्ग सूचक सूत्र। शान्त नीति रीति विवेक गुण धर्मों का परिपालन रखना योग्य समझे। विशेष नवसम्पर्क–हठवादिता–स्वाभिमान दर्प आदि से बचाव का प्रयास रखें। सुयोग की रचना ३० प्रतिशत तो कुयोग का मापदंड ७० वर्ग का प्रतीत होता है। इसी अनुपात अनुसार आपके जनजीवन में प्रतिफल बन पावे। शरीर सुख तथा नित्य की जीवनचर्या में विबाधा की अनुभूति, गुप्त चिन्ता–मनोविकार तथा अपघात चोट मोच का प्रारूप भी बने। ससुराल पक्ष–मित्र बांधव सहयोगी वर्ग से विषम वातावरण खेद की अनुभूति रहे। कार्य व्यवसाय संतोषजनक नहीं रहते, लाभ आमद पक्ष में कमी तथा रकम अवरोधक स्थिति भी संभव। स्थान अथवा पद परिवर्तन एवं बने चले कार्य में विबाधा, मानद जनजीवन में कमी रहे। निज परिवार पक्ष स्त्री–सन्तति पक्ष से मनोविकार खेद की गति एवं आवक की अपेक्षा जावक विशेष रहे। अरिष्ट निवारक कवच तुल्य सिद्ध विधान की शनि मुद्रिका धारण करना योग्य समझें।

कन्या **(वर्गो) टो–प–पी (प्री), पू–ष–ण–ठ, पे–पो (उफा. ३, हस्त ४, चित्रा २)**

इस वर्ष का गोचर ग्रह न्यास तथा दिनमान गोचर गतिचार सामान्य फल का प्रतिपादक, विशेष योगवाही सार्थक नहीं। अभिनव योजना–विकास रचना अथवा नवीन कार्य विस्तारक कारक योग विशेष नहीं। अतः सन्तुलित नियमित कार्य रचना का गतिमान होता रहे, यह लक्ष्य रखें तथा मानसिक प्रसन्नता मनोत्साह कायम रखने हेतु विशेष ध्यान रखना सन्मार्ग समझें। सुयोग का विकास ४० प्रतिशत तो कुयोग की रचना ६० वर्ग की है, इसी रचना नियामक अनुसार जीवनीय प्रतिपक्ष में फलाशय बन पावें। शरीर सुख एवं परिवार सुख पक्ष में असंतोष रहें, स्त्री तत्व से भी मनोनीत वातावरण में कमी, यान वाहन आदि से अपघाट चोट–मोच का अंदेशा रहे। भाग्य विकास में कमी, सुयोग न्यूनता, भूमि–जमीन जायदाद, कृषि विषयक पक्ष तथा मित्र बन्धु बान्धव आदि से असंतोष खेद की अनुभूति रहे। आपके ज्ञान विज्ञान–कला तत्व से सहायक भूमिका बने, तथा कार्य व्यवसाय पक्ष से भी अनुकूल गति मति रहे। तथापि वर्ष पर्यन्त शनिवार का व्रत रखना सुख शांति विधायक समझें। वर्ष प्रतिफल मूलतया सामान्य वर्ग का रहे।

तुला **(लिब्रा) रा–री, रू–रे–रो–ता, ती–तू–ते (चित्रा २, स्वाति ४, विशाखा ३)**

इस वर्ष की ग्रह गणना गति एवं गोचर ग्रह गतिचार का चलन कलन विविध पक्षों में अनुकूल स्थिति का प्रतीत है। भाग्य–राज्य–कर्म एवं धारक श्रीकार सुयोग दृष्टि से प्रतिफल वर्चस्व कारक बने। अभिनव सम्पर्क, कार्यक्षमता आदि में गति मति बनते विगत अवरोधित कार्य समाधान के अवसर प्राप्त कार्य योजना, मनोत्साह, नव होवे। मुद्रा कोष में आय वृद्धि तथा बचत स्थिति का प्रारूप भी बने।

सुयोग का प्रभाव ६० प्रतिशत का तो कुयोग की रचना ४० वर्ग की चरितार्थ है। इसी अनुपात अनुसार जनजीवन में प्रतिफल विघटित हो पावें। राजनेता, नायक, स्वतंत्र कार्यरत अथवा शासकीय सेवारत सभी हेतु अनुकूल वातावरण का निर्माण होकर जीवनीय सौख्य सम्पदा का विकास बने। शरीर सुख पक्ष ठीक रहते कार्य क्रिया शक्ति का गतिक्रम ठीक रहे व्यवसाय प्रगति, मांगलिक कार्य सुयोग, मुद्राकोष में अभिवृद्धि बने। नव निर्माण में मनोवृत्ति, कार्य क्षेत्र में वर्चस्व तथा सहसम्पर्क में वृद्धि बने। तथापि अधिक उदार मनोवृत्ति से बचाव रखें, निज शक्ति से बाहर गतिमान नहीं रहते बोल चाल व्यवहार पक्ष में सन्तुलन का ध्यान रखें। गुरूवार का व्रताचरण भी सन्मार्ग सूचक सूत्र है।

वृश्चिक (स्कॉर्पियो) **तो, ना–नी–नू–ने, नो–या–यी–यू (विशाखा १, अनुराधा ४, ज्येष्ठा ४)**

इस वर्ष की ग्रह जनित स्थिति एवं गोचर दिनमान का विपाक विशेष योगद सार्थक फल का परिचायक नहीं। विगत वर्ष अपेक्षा अनुपातिक प्रतिपक्ष में प्रतिफल न्यूनता सूचक। जीवनीय मनोत्साह तथा निज कार्य गति में न्यूनता का उपलक्षण बने तथा श्रम साधना अनुकूल लाभांश में न्यूनता असन्तोष। सुयोग का मापक ४० प्रतिशत तो कुयोग का वर्चस्व ६०वर्ग का प्रतीत होता है। इसी अनुपात अनुसार जनजीवनीय प्रतिपक्ष में फलाशय की अनुभूति बनें। आजीविका पक्ष में असन्तोष, व्यय–खर्चे में गति, ऋण प्रभार तथा व्यर्थ प्रवास पर्यटन के कारण मानसिक खिन्नता सहज बन पावे। पद परिवर्तन अथवा स्थान परिवर्तन की रचना संभव, स्त्री सन्तान एवं परिवार पक्ष वातावरण से भी मनोविकार बन पावें। शरीर सुख पक्ष सामान्य रहे, वायु वात जनित आदि व्याधि संभव, मांगलिक कार्य रचना में विबाधा तथा मित्र–बन्धु वर्ग से विषम वातावरण की अनुभूति बनें। मानद जनजीवन में कमी, मनोनीत सुख प्रसाधनों में भी विकार तथा अपयश अपवाद की परिस्थिति का निर्माण निज शक्ति अनुसार क्रिया रत रहना सन्मार्ग सूचक तथा वर्ष पर्यन्त गुरूवार का व्रताचरण भी श्रेयस्कर समझें।

धनु (सैजिटेरीयस) **ये–यो–भ–भी, भू–ध–फ–ढ, भे (मूल ४, पूर्वाषाढ ४, उत्तराषाढ १)**

इस वर्ष का गोचर विपाक तथा दिनमान परिचक्र का चलन कलन योगवाही श्रेयस्कर नहीं, सुयोग की रचना न्यून तथा विषम कुयोग का प्रभाव गतिमान है। भाग्योदय कर्म–पुण्य–राज्ययोग विषयक तथ्य से पराभव निराशा की अनुभूति बने। अकल्पित समस्या का निर्माण, ऋण प्रभार, रकम अवरोध वाद विवाद की रचना सहज बने। अतः अधिक उन्नत लालसा प्रलोभन, अनैतिक कार्य, विशेषकर बोलचाल व्यवहार हित विशेष ध्यान रखना चाहिये। कुयोग का प्रभाव ७०प्रतिशत तो सुयोग का वर्चस्व ३०वर्ग का प्रतीत होता है, इसी रचना नियामक से जीवनीय प्रतिफल बन पावे। शरीर सुख न्यून, बौद्धिक वैचारिक शक्ति में कमी, तथा धन सम्पदा का लाभ नहीं रहे। जमीन जायदाद–कृषि तथा माता मित्र–बान्धव पक्ष से वाद विवाद विग्रह। वाहनादि से चोट मोच एवं राज काज में समय व्यतीत होवे। यात्रा प्रवास के योग निरर्थक सिद्ध होकर मनोत्साह में कमी। निज कार्य व्यवसाय से असन्तोष, स्थान अथवा पद परिवर्तन से मानसिक खेद, अधिकारी वर्ग से विरोधाभास की गति। आपको निज स्वाभिमान दर्प की मात्रा में कमी रखना योग्य रहे, साथ ही अरिष्ट निवारक सिद्धि विधान की शनि मुद्रिका धारण करना योग्य रहे।

मकर (कैप्रिकॉर्न) **भो–जा–जी, खी–खू–खे–खो, ग–गी (उत्तराषाढ ३, श्रवण ३, घनिष्ठा २)**

इस वर्ष का ग्रह जनित प्रतिफल एवं गोचर दिन दशा का प्रचलन आप हेतु अनुकूल सार्थक प्रतीत होता है। राज भाग्य कर्म–पुण्य आदि अधियोग का प्रभाव सुखद उदयमान कालांश चरितार्थ होवें। स्वयं का बल पुरूषार्थ, पराक्रम मनोत्साह जागृत होकर, नव सम्पर्क, कार्य योजना का प्रस्तार बने। धन परियोजना, मुद्रा कोष में अभिवृद्धि अवरोधित कार्यों का समाधान भी बन पावे। जन जीवन में यश सम्पदा तथा मानदजन जीवन का प्रतिफल विदित होवे। सुयोग का प्रभाव ७०प्रतिशत का तथा कुयोग की रचना ३० वर्ग की विदित होती है। इसी अनुपात से जनजीवनीय विविध पक्षों में गतिविधि रहें। शरीर सुख आरोग्य पक्ष ठीक रहते दैनिक दिनचर्या–रात्रिचर्या का चलन कलन ठीक। कार्य व्यवसाय पक्ष से लाभ आमद का गतिक्रम सन्तोष कारक। मांगलिक कार्य समायोजना, नवनिर्माण में गतिमति, परिवार–मित्र बान्धव–सहयोगी वर्ग से अनुकूल वातावरण। तथापि कुयोग वश विवेक शक्ति में न्यूनता संदिग्ध गति–मति भय का वातावरण भी संभव, तदर्थ आत्म विश्वास कायम रखने हेतु विशेषकर ध्यान रखना होगा। तथा वर्ष पर्यन्त गुरूवार का व्रताचरण भी सन्मार्ग सूचक समझें।

कुम्भ (एक्वेरियस) **गू–गे, गो–सा–सी–सू, से–सो–द (धनिष्ठा २, शतभिषा ४, पूर्वाभाद्रपद ३)**

इस वर्ष का गोचर ग्रह न्यास एवं दिनमान गति पथ का संचार आपके जन जीवन हेतु कारक विधायक नहीं। राजयोग–कर्म पुण्य–भाग्य विषयक उदय विकास हेतु विबाधा का गतिक्रम प्रतीत होवे तथा बने चले कार्यक्रम में भी व्यवधान की अनुभूति रहे एवं आपको प्रलोभन, अनैतिक कार्य, तथा अति दुःसाहस से बचाव हेतु लक्ष्य विशेषकर रखना होगा। साथ ही नित्य की कार्य व्यवस्था हेतु पूर्ण निष्ठापूर्वक गतिमान होने का प्रयास रखना योग्य है। निजशक्ति से बाहर कार्यविस्तार हेतु भी नियंत्रण रखें। सुयोग का मापक ३० वर्ग का तो कुयोग की रचना ७० प्रतिशत की प्रतीत होती है। जीवनीय गतिक्रम में इसी अनुपात अनुसार प्रतिफल बन पावे। शरीर सुख स्वास्थ्य पक्ष हेतु भी आपको सचेष्ट रहना होगा। साथ ही आहार व्यवहार खान पीन पर सन्तुलन रखना भी योग्य सूचक। निज कार्य व्यवसाय का चलन कलन सामान्य एवं असन्तोष चिन्तन भी बने, लाभ आमद का प्रारूप ठीक नहीं रहते आर्थिक विषमता की अनुभूति रहे। परिवार सुख पक्ष सहयोगी वर्ग तथा बन्धु बान्धव मित्र मण्डल से विवाद विग्रह की स्थिति। निज वाणी का प्रभाव न्यून बनते, मनोत्साह में कमी बने। व्यर्थ कार्यों में गति मति तथा भूमि विषयक व लेन देन हेतु विवादक गति, ससुराल पक्ष एवं माता पक्ष से खेद की अनुभूति। गुरूवार व्रताचरण वर्ष पर्यन्त योग्य तथा अरष्टि विबाधा निवारण हेतु सिद्ध विधान की शनि मुद्रिका धारण करना उचित।

मीन (पाइसेस) **दी, दू–थ–झ–ज, दे–दो–चा–ची (पूर्वाभाद्रपद १, उत्तराभाद्रपद ४, रेवती ४)**

इस वर्ष की ग्रह रचना एवं गोचर दिनमान का विपाक योग वाही श्रीकार नहीं, जनजीवनीय सुख सम्पदा कार्य विकास तथा मानद जन जीवन हेतु सार्थक फलद नहीं। विशेषकर मानसिक सन्ताप–मनोविकारखेद की अनुभूति बन पावे। भाग्य–राजयोग–कर्म–पुण्य आदि गुण धर्मों में विषमता की गति रहे। अतः उन्नत कार्य योजना, अति दुःसाहस का प्रदर्शन तथा निज शक्ति से बाहर खर्चे की गति मति पर नियंत्रण का प्रयास रखें। साथ ही आत्म सन्तोष एवं शरीर सुख पक्ष हेतु विशेषकर ध्यान रहे। कुयोग की गणना ७० प्रतिशत तो सुयोग का वर्चस्व ३० वर्ग का चरितार्थ है। इसी नियामक अनुसार जीवनीय प्रतिक्षेत्र में प्रतिफल बन पावें। मूलतः अस्त्र–शस्त्र वाहनादि से प्रपीड़ा, चोट मोच संघात का गतिक्रम रहे। सामाजिक राजनैतिक–आर्थिक तथा मानद जन जीवन में न्यूनता का असर बने एवं अपवाद अपयश का संयोग भी संभव। सोच विचार की क्षमता कम रहते, ओज शक्ति पराक्रम में अनुपातिक न्यूनता रहे। आमद की अपेक्षा खर्चे का मार्ग विशेष तथा आर्थिक विषमता की अनुभूति भी बन पावे। नियोजित सन्तुलित जीवन क्रम पर लक्ष्य रखावें तथा मानसिक पवित्रता हेतु भी प्रयास विशेष रखें आरक्षण समाधान हेतु सिद्ध विधान की कवच तुल्य शनि मुद्रिका धारण करना भी योग्य समझें।

● **राशिफल सूत्र विषयक–संकेत** ● दिनमान भावीफल अपनी जन्म नक्षत्र राशि अनुसार देखना ही योग्य है तथा निज कुलज वंशज प्रारूप से संप्राप्त सम्पदा सुविधा तथा वर्तमान कार्यक्रिया क्षेत्र का सन्तुलन बनाते राशि फलाशय का मनन करना चाहिए एवमेव नित्य के जनजीवनीय कार्य क्रियाकलापों में फलसूत्रों के माध्यम से प्रसार व संकुचन गति का निर्धारण करना भी योग्य विषयक है तथा जन्म ग्रह संस्थिति के सुप्रभावी अथवा कुयोगद स्थान न्यास विभेद से उपर्युक्त प्रतिफल में न्यूनाधिक अंतरांश बनना भी सहज विषयक है।

स्वस्ति श्री विक्रमाब्द २०८२ शाकः १९४७ रेखाभिः सहिता विवाहलग्नोपनयनादि विविध मुहूर्त्तादयः

गजाननं भूतगणादिसेवितं कपित्थजम्बूफलचारू–भक्षणम् ! उमासुतं शोकविनाशकारकं नमामि विघ्नेश्वरपादपंकजम् ॥ वक्रतुण्डमहाकाय कोटिसूर्यसमप्रभः । निर्विघ्नं कुरू मे देव ! शुभकार्येषु सर्वदा ॥ श्रीमन् महागणाधिपतये नमो नमः ॥

स्वभावादेव कालोऽयं शुभाशुभ समन्वितः । अनादिनिधनः सर्वो न निर्दोषो न निर्गुणः ॥
तस्मान्निर्दोषकालार्थे मुहूर्त्तमधिगच्छताम् । कालः शुभो गुणैर्युक्तो बलवद्भिः शुभप्रदः ॥

गुरूशुक्रास्त एवं विविध समयशुद्धि विवेचना

*** भवानीशंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वास रूपिणौ ***

♣ **मीनसंक्रान्ति मलमास**–संवत् २०८१ फाल्गुन शुक्ल पक्ष १५ शुक्रवार तारीख १४.३.२०२५ से संवत् २०८२ वैशाख कृष्ण पक्ष १ रविवार तारीख १३.४.२०२५ पर्यंत मान्य रहेगा। ♣ **गुरूअस्तोदय**–आषाढ कृष्ण पक्ष १ गुरूवार ता. १२.६.२०२५ से गुरू तारा अस्त रचना का बनते भावी आषाढ शुक्ल पक्ष १० शनिवार ता. ५.७.२०२५ को गुरूतारा उदित स्वरूप का रहेगा। ♣ **श्री हरि–देवशयनकालांशः**–आषाढ़ शुक्ल पक्ष ११ रविवार ता. ६.७.२०२५ से कार्तिक शुक्ल पक्ष १० शनिवार ता. १.११.२०२५ पर्यंत देवशयन कालांश मान्य रहेगा। ♣ **महालय श्राद्ध पक्ष**–भाद्रपद शुक्ल पक्ष १५ रविवार ता. ७.९.२०२५ से आश्विन कृष्ण पक्ष ३० रविवार ता. २१.९.२०२५ पर्यंत श्राद्ध पितृ पक्ष कालांश नेष्ट सूचक ♣ **शुक्रास्त**–पौष कृष्ण पक्ष ११ सोमवार ता. १५.१२.२०२५ से शुक्र तारा अस्त रचना का बनते फाल्गुन कृष्ण पक्ष १ सोमवार ता. २.२.२०२६ को शुक्रतारा उदित स्वरूप का रहेगा। ♣ **धनु संक्रान्ति मल मास**–पौष कृष्ण पक्ष ११ सोमवार ता. १५.१२.२०२५ से प्रारंभ होकर भावी माघ कृष्ण पक्ष ११ बुधवार ता. १४.१.२०२६ पर्यंत कुमुहूर्त्त सूचक नेष्ट कालांश मान्य। ♣ **होलाष्टक कालांश**–फाल्गुन शुक्ल पक्ष ८ मंगलवार ता. २४.२.२०२६ से फाल्गुन शुक्ल पक्ष १४ सोमवार ता. २.३.२०२६ पर्यंत विवाह मुहूर्त्त आदि शुभ मांगलिक कार्य रचना शोधन हेतु कालांश मान्य नहीं।

मीन संक्रान्ति मलमास–संवत् २०८२ चैत्र कृष्ण पक्ष १० शनिवार ता. १४.३.२०२६ से संवत् २०८३ वैशाख कृष्ण पक्ष १२ मंगलवार ता. १४.४.२६ ई.पर्यंत मान्य रहेगा। ♣ **गोधूलि लग्न वेला**–गोरज गोधूलिक वेला के विवाह लग्न सर्वदा सूर्यास्त समय से १२ मिनिट पूर्व तथा १२ मिनिट उपरांत तक मान्य एवं गुरूवार को सूर्यास्त होने पर तथा शनिवार को सूर्यसाक्षी मध्य ही वर–कन्या का हस्तमिलाप–पाणिग्रहण शुभ। अन्यथा गोधूलि–अन्य गोधूलि वेला संज्ञक समय सिद्ध नहीं होगा। अतः विवाह विषयक अन्य पूजा कर्म आदि समय से १ घंटा पूर्व ही समाधित कर लेना योग्य सूत्र है ♣ तथा जिन ग्रहों के (दा.) दानतः अथवा (पू.) पूज्य उल्लेख किया गया हो उस दिवस पर अथवा श्रीगणपति स्थापना दिवस पर ही अभीष्ट ग्रह हेतु अनुदानादिक क्रिया सूत्र रचना पर ध्यान रखना युक्तियुक्त विषय है। ♣ **क्रान्तिसाम्य**–महापात गणितागत सूक्ष्म रचना अनुसार मान्य किया गया है। इस पक्ष विषयक सूर्य–चन्द्र की राश्यात्मक स्थिति मात्र को मान्य नहीं किया गया है। यह गणितागत सिद्धान्त रचना का विषय भी स्पष्ट है ✱ तथा इन विवाह मुहूर्त्तों में दिवा–गोधूलि–रात्रि आदि इन ३ लग्नवेला की गणना मान्यता की गई है। अपनी–अपनी कार्यसुविधा लोक मान्यता देशाचार–कुलाचार अनुसार कार्य समाधान करना भी सन्मार्ग सूचक सूत्र। ✱ दिवा लग्न हेतु शास्त्रीय व्यवधान विशेष नहीं यथासूत्र विवाह पद्धति मध्ये–**दिवासूर्यमवलोक्य रात्रौ ध्रुवं च विपश्य**। अर्थात् दिवा लग्न भी कार्य समाधान सूचक तथा रात्रिलग्न वेला पाठान्तर वैशेषिक मान्यता अनुरूप है। ✱ देवशयन कालांश के लग्न मुहूर्त्त तथा कात्यायनोक्त नक्षत्र चतुष्टयी के विवाह मुहूर्त्त भी युगधर्मानुकुल जनसुविधार्थ प्रस्तुत हैं। इनका सदुपयोग–कार्यव्यवहार भी देशकाल परिस्थिति एवं निजकुलज धर्म सम्प्रदाय शाखा–प्रशाखा देशाचार–कुलाचार मान्यतानुसार समुचित है। ✱ विवाह मुहूर्त्त विषयक शास्त्र वचन – **मुहूर्त्तात्मा स्थिरः काल पुराणादौ प्रकीर्त्तितः । अतो मुहूर्त्ते कर्तव्यं विवाहाद्यं बुधैः सदा । सिद्धिर्भवति कार्याणां शुभलग्न मुहूर्त्तयोः । अतो मुहूर्त्तेमेवादौ सर्वकृत्येषु चिन्तयेत् ॥ भार्यात्रिवर्गकरणं शुभशील युक्ता, शीलं शुभं भवति लग्न वशेन तस्याः । तस्माद विवाहसमयः परिचिन्त्ये हि, तन्निघ्नतामुपागता सुतशील धर्माः । इति विवाहादिकेषु विविध मुहूर्त्तेषु सूत्राऽधारम् ॥**

सर्वदिशीय शुभ विवाह–मुहूर्त्ताः विक्रम वर्ष २०८२ सन् २०२५–२०२६ ई.मध्ये

मास–पक्ष–तिथि	वार	दिनांक	विवाह नक्षत्र	रेखा	लत्तादि दोष रेखाएँ	चन्द्रराशि	सूर्यराशि	गुरूराशि	● विवाह लग्न समय दिवा–रात्रि एवं पूजा दानादि उपकरा–सूत्रावली ●
वैशाख कृष्ण १	सोम	१४-०४-२५	स्वाति	७	।।।।ऽ।ऽऽ।।	तुला	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ३ मिथुन दिवा ९।५३ से १२।०७ लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ९।१३ से ११।२९ गु. ७ पू.भान्तमपि
वैशाख कृष्ण ३	बुध	१६-०४-२५	अनुराधा	८	।ऽ।।।ऽअ।।।।	वृश्चिक	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ११ कुंभ रात्रि ३।०९ से ४।४०
वैशाख कृष्ण ५	शुक्र	१८-०४-२५	मूल	६	।।।।ऽऽरा।ऽ।ऽ	धनु	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ११ कुंभ रात्रि ३।०२ से ४।३२ दग्धा परिहारः
वैशाख कृष्ण ६	शनि	१९-०४-२५	मूल	७	।।।।ऽ।।ऽ।ऽ	धनु	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ३ मिथुन दिवा ९।३४ से १०।२१ चं.७ पू.दग्धा परिहारः भान्तमपि
वैशाख कृष्ण ७	रवि	२०-०४-२५	उत्तराषाढ़	७	।।।ऽगु।ऽ।ऽ।।	मकर	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ८।५०से ११।०६ गु.७पू.लग्न ११ कुम्भ रात्रि २।५४ से ४।२४ गु.पाद वेधाऽभावः
वैशाख कृष्ण १२	शुक्र	२५-०४-२५	उत्तराभाद्रपद	७	।।ऽबु।ऽऽअ।।।।	मीन	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ३ मिथुन दिवा ९।३९से ११।२३
वैशाख शुक्ल २	मंगल	२९-०४-२५	रोहिणी	९	।।।।।ऽचौ।।।।	वृषभ	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ८।१३ से १०।२९ चं.गु.७ पू.लग्न ११ कुंभ रात्रि से २।१७ से ३।४७
वैशाख शुक्ल ३	बुध	३०-०४-२५	रोहिणी	९	।।।।।ऽचौ।।।।	वृषभ	मेष	वृषभ	विवाह लग्न २ वृषभ दिवा ६।५३ से ८।४९ चं.१ परिहारः लग्न ३ मिथुन दिवा ८।४१ से ११।०३
वैशाख शुक्ल ३	बुध	३०-०४-२५	मृगशिरा	९	।।ऽगु।।।।।।।	वृषभ	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ८।०९ से १०।२५ चं.गु.७ पू.
वैशाख शुक्ल ८	सोम	०५-०५-२५	मघा	९	ऽमंगु।।।।।।।।।	सिंह	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ७।४९ से १०।०५ गु.७ पू.लग्न ११ कुंभ रात्रि १।५३ से ३।२३ चं.७ पू.गणितेन क्रान्तिसाम्याऽभावः

मास–पक्ष–तिथि	वार	दिनांक	विवाह नक्षत्र	रेखा	लत्तादि दोष रेखाएँ	चन्द्रराशि	सूर्यराशि	गुरूराशि	● विवाह लग्न समय दिवा–रात्रि एवं पूजा दानादि उपकरा–सूत्रावली ●
वैशाख शुक्ल ९	मंगल	०६-०५-२५	मघा	९	ऽमंगु।।।।।।।।।	सिंह	मेष	वृषभ	विवाह लग्न २ वृषभ दिवा ६।२१ से ८।२५ लग्न ३ मिथुन दिवा ८।२५ से १०।३९ गणितेन क्रान्तिसाम्याऽभावः तिथ्यंतमपि
वैशाख शुक्ल १०	बुध	०७-०५-२५	उत्तराफाल्गुनी	७	।।ऽके।ऽ।ऽ।।।	सिंह	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ७।४१ से ९।५८ केतु युति परिहारः गणितेन क्रान्तिसाम्याऽभावः
वैशाख शुक्ल ११	गुरू	०८-०५-२५	उत्तराफाल्गुनी	७	।।ऽके।ऽ।ऽ।।।	कन्या	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ७।३७ से ९।०७ भान्तमपि केतु युति परिहारः गणितेन क्रान्तिसाम्याऽभावः
ज्येष्ठ कृष्ण ५	शनि	१७-०५-२५	उत्तराषाढ	७	।।।ऽगु।ऽअ।ऽ।।	धनु	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न गोधलि ९ धनु रात्रि ९।२० से ११।२३ गु.७ पू.मं.८ परिहारः गु.पाद वेधाऽभावः
ज्येष्ठ शुक्ल २	बुध	२८-०५-२५	मृगशिरा	९	।।ऽगु।।।।।।।	वृषभ	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन दिवा ६।५९ से ९।१३
ज्येष्ठ शुक्ल २	बुध	२८-०५-२५	मृगशिरा	८	।।ऽगु।।ऽरा।।।।	मिथुन	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न ९ धनु रात्रि ०९।०८ से १०।३९ चं.गु.७ पू.मं.८ परिहारः
ज्येष्ठ शुक्ल ६	रवि	०१-०६-२५	मघा	६	ऽगु।।।।ऽरोऽऽ।।	सिंह	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न ९ धनु रात्रि ९।३७ से १०।२३ गु.७ पू.लग्न १ मेषरात्रि ३।०५ से ४।४३ श.१२ पू.
ज्येष्ठ शुक्ल ७	सोम	०२-०६-२५	मघा	६	ऽगु।।।।ऽरोऽऽ।।	सिंह	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन दिवा ६।३९ से ८।५२
ज्येष्ठ शुक्ल ७	सोम	०२-०६-२५	मघा	८	ऽगु।।।।।।ऽ।।	सिंह	वृषभ	मिथुन	विवाह गोधूलि लग्न ९ धनु रात्रि ८।१५ से १०।१९ गु.७ पू.तिथ्यंतमपि, भान्तमपि
ज्येष्ठ शुक्ल ९	बुध	०४-०६-२५	उत्तराफाल्गुनी	७	।।ऽके।ऽऽअ।।।।	कन्या	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न ९ धनु रात्रि ८।११ से १०।१५ गु.७ पू.केतु युति परिहारः
ज्येष्ठ शुक्ल १२	शनि	०७-०६-२५	स्वाति	८	ऽसू।।।ऽ।।।।।	तुला	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न १ मेष रात्रि २।४१ से ४।१९ चं.७ श.१२ पू.
ज्येष्ठ शुक्ल १२	रवि	०८-०६-२५	स्वाति	८	।।।।ऽ।ऽ।।।	तुला	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन दिवा ६।१६ से ८।२९ लग्न ४ कर्क दिवा ८।२९ से १०।४७ तिथ्यंतमपि
मार्गशीर्ष शुक्ल २	शनि	२२-११-२५	मूल	८	।।।ऽगु।ऽचौ।।।।	धनु	वृश्चिक	कर्क	विवाह लग्न ७ तुला रात्रि ४।१७ से ६।१७ से ६।३५ गु.पादवेधाऽभावः
मार्गशीर्ष शुक्ल ३	रवि	२३-११-२५	मूल	८	।।।ऽगु।ऽचौ।।।।	धनु	वृश्चिक	कर्क	विवाह लग्न १० मकर दिवा १०।५५ से १२।४० गु. पाद वेधाऽभावः गु.७ पू.
मार्गशीर्ष शुक्ल ५	मंगल	२५-११-२५	उत्तराषाढ	६	।ऽ।।ऽ।ऽऽ।।	मकर	वृश्चिक	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क रात्रि ९।१७ से ११।३५ चं.७ पू.
मार्गशीर्ष शुक्ल १०	रवि	३०-११-२५	उत्तराभाद्रपद	८	।।।।।।।ऽ।ऽ	मीन	वृश्चिक	कर्क	विवाह लग्न १० मकर दिवा १०।२८ से १२।१३ गु.७ पू.लग्न ४ कर्क रात्रि ८।५८ से ९।३० तिथ्यंतमपि दग्धा परिहारः
मार्गशीर्ष शुक्ल १०	रवि	३०-११-२५	उत्तराभाद्रपद	९	।।।।।।।ऽ।।	मीन	वृश्चिक	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क रात्रि ९।३०से ११।१६
मार्गशीर्ष शुक्ल १४	गुरू	०४-१२-२५	रोहिणी	७	ऽचं।।।ऽ।।ऽ।।	वृषभ	वृश्चिक	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क रात्रि ८।४३ से ११।०० तिथि क्षये चांवल अनुदानतः परिहारः
पौष कृष्ण ७	गुरू	११-१२-२५	उत्तराफाल्गुन	९	।।।।।।।ऽ।।	सिंह	वृश्चिक	मिथुन	विवाह लग्न ७ तुला रात्रि ३।५६ से ५।२१
पौष कृष्ण ८	शुक्र	१२-१२-२५	उत्तराफाल्गुन	८	।।।।।ऽरो।ऽ।।	कन्या	वृश्चिक	मिथुन	विवाह लग्न १० मकर दिवा १०।२१ से ११।२६ अत्यावश्यके
फाल्गुन कृष्ण ८	मंगल	१०-०२-२६	अनुराधा	९	।।।।।।।ऽ।।	वृश्चिक	मकर	मिथुन	विवाह लग्न २ वृषभ दिवा १२।०६ से २।०३ लग्न ७ तुला रात्रि ११।०५ से १।२२
फाल्गुन शुक्ल ४	शनि	२१-०२-२६	रेवती	९	।।।।।ऽरो।।।।	मीन	कुम्भ	मिथुन	विवाह लग्न २ वृषभ दिवा १।०१ से १।१८
चैत्र कृष्ण ७	मंगल	१०-०३-२६	अनुराधा	९	।ऽ।।।।।।।।	वृश्चिक	कुम्भ	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन दिवा १२।४१ से २।२६ चं.६ परिहारः
चैत्र कृष्ण ८	बुध	११-०३-२६	मूल	८	।।।ऽगु।।।ऽ।।	धनु	कुम्भ	मिथुन	विवाह लग्न १० मकर रात्रि ३।४८ से ५।३२ गु.पाद वेधाऽभावः शु. ३ पू.
चैत्र कृष्ण ९	गुरू	१२-०३-२६	मूल	८	।।।ऽगु।।।ऽ।।	धनु	कुम्भ	मिथुन	विवाह लग्न १ मेष दिवा ८।३० से ९।५८ गु.पाद वेधाऽभावः

कात्यायनोक्त विशेष–४ नक्षत्रीय विवाह मुहूर्त संवत् २०८२ मध्ये

चित्रा–श्रवण–घनिष्ठाऽश्विन्याधिकानि चत्वारि तथाऽपि खलग्रहयुतं वर्ज्यं सूत्रानुगत–अश्विनी–चित्रा–श्रवण–घनिष्ठा आदि ४ नक्षत्रीय विवाह लग्न शोधन विशेष शास्त्रीय मान्यता अनुसार अभिलेखन

वैशाख कृष्ण ८	सोम	२१-०४-२५	श्रवण	७	।ऽ।।ऽ।।ऽ।।	मकर	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ८।४६ से ११।०२ गु.७ पू.लग्न ११ कुम्भ रात्रि २।५० से ४।२०
वैशाख कृष्ण ९	मंगल	२२-०४-२५	श्रवण	६	।ऽ।।ऽऽरो।ऽ।।	मकर	मेष	वृषभ	विवाह लग्न २ वृषभ दिवा ७।२५ से ९।२२
वैशाख कृष्ण ९	मंगल	२२-०४-२५	धनिष्ठा	८	।।।।।ऽरो।ऽ।।	मकर	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ८।४१ से १०।५८ गु.७ पू.
ज्येष्ठ कृष्ण ५	रवि	१८-०५-२५	श्रवण	९	ऽचं।।।।।।।।।	मकर	वृषभ	मिथुन	विवाह गोधूलि लग्न ९ धनु रात्रि ९।१६ से ११।११ गु.७ पू.लग्न १ मेष रात्रि ४।०१ से ५।४३ श.१२ पू.रात्रि ३।५०उ.राज पंचकः रेखा ८
मार्गशीर्ष शुक्ल ५	मंगल	२५-११-२५	श्रवण	१०	।।।।।।।।।।	मकर	वृश्चिक	कर्क	विवाह लग्न ७ तुला रात्रि ४।०६ से ५।२६ रात्रि ५।२६ उ.महापातः

विशेष धर्म–सम्प्रदाय–पंथ मार्ग तथा संभागीय विवाह मुहूर्त्त सन्मान्यता संवत् २०८२ मध्ये

सिन्ध–पंजाब–कश्मीर–हिमाचल प्रदेश प्रान्तीय संभागों में देशाचार–लोकाचार नियामक स्थितिवश देवशयन चातुर्मास कालांश में भी विवाह लग्न आदि सम्पन्न होते हैं। जनसमाज एवं पण्डितगणों द्वारा कार्य सम्पन्न होते हैं। इस पक्ष हेतु बृहद दैवज्ञ रंजन नामक शास्त्रीय निबंध ग्रंथ में वचन प्रमाण भी प्राप्त हैं। यथा–प्रमाणं ग्राम वचनं विवाहादौ तथात्यये। अत: परम्परायातं धर्मं वदन्ति ते खलु॥ देशांचारस्तावदादौ विचिन्त्यो देशे–देशे या स्थिति सैव कार्या॥

मास–पक्ष–तिथि	वार	दिनांक	विवाह नक्षत्र	रेखा	लत्तादि दोष रेखाएँ	चन्द्रराशि	सूर्यराशि	गुरूराशि	● विवाह लग्न समय दिवा–रात्रि एवं पूजा दानादि उपकरा–सूत्रावली ●
श्रावण कृष्ण १	शुक्र	११-०७-२५	उत्तराषाढ	७	।ऽ।।ऽ।ऽ।।।	मकर	मिथुन	मिथुन	विवाह लग्न १ मेष रात्रि १२।२९ से २।०७ श.१२ पू.लग्न २ वृषभ रात्रि २।०७ से ४।०४
श्रावण कृष्ण २	शनि	१२-०७-२५	श्रवण	८	।।।।।ऽरो।ऽ।।	मकर	मिथुन	मिथुन	विवाह लग्न १ मेष रात्रि १२।२५ से २।०३ श.१२ पू.लग्न २ वृषभ रात्रि २।०३ से ४।०१
श्रावण कृष्ण ३	रवि	१३-०७-२५	धनिष्ठा	८	।।।ऽबुऽ।।।।।	कुम्भ	मिथुन	मिथुन	विवाह लग्न १ मेष रात्रि ०१।०१ से १।५९ श.१२ पू.लग्न २ वृषभ रात्रि १।५९ से ३।५६ बु.पाद वेधाऽभाव:
श्रावण कृष्ण ८	शुक्र	१८-०७-२५	अश्विनी	८	।।।।।ऽअ।ऽ।।	मेष	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न २ वृषभ रात्रि १।४० से २।१४ भान्तमपि
श्रावण कृष्ण १०	रवि	२०-०७-२५	रोहिणी	८	।।।।।ऽरा।ऽ।।	वृषभ	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न १ मेष रात्रि ११।५४ से १।३२ श.१२ पू.लग्न २ वृषभ रात्रि १।३२ से ३।२९ चं.१ परिहार: लग्न ३ मिथुन रात्रि ३।२९ से ५।४६
श्रावण कृष्ण ११	सोम	२१-०७-२५	मृगशिरा	८	।।ऽशु।।।।ऽ।।	वृषभ	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न १ मेष रात्रि ११।५० से १।२८ श.१२ पू.लग्न २ वृषभ रात्रि १।२८ से ३।२५ चं.१ परिहार: लग्न ३ मिथुन रात्रि ३।२५ से ५।४२
श्रावण शुक्ल २	शनि	२६-०७-२५	मघा	९	।ऽ।।।।।।।।	सिंह	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन रात्रि ४।०६ से ४।५१
श्रावण शुक्ल ४	सोम	२८-०७-२५	उत्तराफाल्गुनी	७	।।ऽमं।।ऽअ।ऽ।।	कन्या	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन रात्रि २।५८ से ५।११ मं.युति परिहार:
श्रावण शुक्ल ७	गुरू	३१-०७-२५	स्वाति	८	।ऽ।।।।।ऽ।।	तुला	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन रात्रि २।४६ से ४।५९
श्रावण शुक्ल ८	शुक्र	०१-०८-२५	स्वाति	८	।ऽ।।।ऽचो।ऽ।।	तुला	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन रात्रि २।४२ से ३।४१ भान्तमपि
श्रावण शुक्ल ९	रवि	०३-०८-२५	अनुराधा	९	।।।।।।।ऽ।।	वृश्चिक	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न ७ तुला दिवा ११।४० से १२।३०
श्रावण शुक्ल ९	रवि	०३-०८-२५	अनुराधा	८	।।।।।ऽरो।ऽ।।	वृश्चिक	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न ७ तुला दिवा १२।३० से १।५७ गोधूलि लग्न १ मेष रात्रि ११।०१ से १२।३८ चं.८ परिहार: शु.३ श.१२ पू.लग्न २ वृषभ रात्रि १२।३८ से २।३४ चं.७ पू.लग्न ३ मिथुन रात्रि २।३४ से ४।४७ चं.६ परिहार:
श्रावण शुक्ल १३	गुरू	०७-०८-२५	उत्तराषाढ	१०	।।।।।।।।।।	ध./म.	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न गोधूलि लग्न २ वृषभ रात्रि १२।२२ से २।१८
श्रावण शुक्ल १४	शुक्र	०८-०८-२५	उत्तराषाढ	१०	।।।।।।।।।।	मकर	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न ७ तुला दिवा ११।२० से १।३८
श्रावण शुक्ल १४	शुक्र	०८-०८-२५	श्रवण	७	।।।।ऽऽरा।ऽ।।	मकर	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न २ वृषभ रात्रि १।५३ से २।५३ लग्न ३ मिथुन रात्रि २।१५ से ४।२८
श्रावण शुक्ल १५	शनि	०९-०८-२५	श्रवण	७	।।।।ऽऽरा।ऽ।।	मकर	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न ७ तुला दिवा ११।१६ से १।३४
भाद्रपद कृष्ण ४	बुध	१३-०८-२५	रेवती	८	।।।।ऽ।।ऽ।।	मीन	कर्क	मिथुन	विवाह लग्न २ वृषभ रात्रि ११।५८ से १।५५ लग्न ३ मिथुन रात्रि १।५५ से ४।०८
भाद्रपद कृष्ण ९	रवि	१७-०८-२५	रोहिणी	८	।।।।।।।ऽ।ऽ	वृषभ	सिंह	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन रात्रि १।३९ से ३।१८ दग्धा परिहार: भान्तमपि
भाद्रपद शुक्ल १	रवि	२४-०८-२५	उत्तराफाल्गुनी	९	ऽगु।।।।।।।।।	सिंह	सिंह	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन रात्रि २।०६ से ३।२४ लग्न ४ कर्क रात्रि ३।२४ से ५।४२
भाद्रपद शुक्ल २	सोम	२५-०८-२५	उत्तराफाल्गुनी	८	ऽगु।।।।ऽ।।।।	कन्या	सिंह	मिथुन	विवाह लग्न ७ तुला दिवा १०।१३ से १२।३१ लग्न २ वृषभ रात्रि ११।११ से १।०७ शु.३ पू.लग्न ३ मिथुन रात्रि १।०७ से ३।२१ लग्न ४ कर्क रात्रि ३।२१ से ३।५० भान्तमपि
भाद्रपद शुक्ल ५	गुरू	२८-०८-२५	स्वाति	८	ऽमं।।।।ऽअ।।।।	तुला	सिंह	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन रात्रि १२।०९ लग्न ४ कर्क रात्रि ३।०९ से ५।२७
भाद्रपद शुक्ल ९	सोम	०१-०९-२५	मूल	७	।।।ऽगु।ऽचौ।।।ऽ	धनु	सिंह	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन रात्रि १२।४० से २।५३ चं.७ पू.दग्धा परिहार: गु.पाद वेधाऽभाव:
भाद्रपद शुक्ल १२	गुरू	०४-०९-२५	उत्तराषाढ	९	।।।।ऽ।।।।।	मकर	सिंह	मिथुन	विवाह लग्न २ वृषभ रात्रि १०।३१ से ११।४४ शु.३ पू.भान्तमपि
भाद्रपद शुक्ल १३	शुक्र	०५-०९-२५	श्रवण	८	ऽसू।.।ऽबु।।।।।।	मकर	सिंह	मिथुन	विवाह लग्न ७ तुला दिवा ९।३० से ११।४७ बु.पाद वेधाऽभाव:
भाद्रपद शुक्ल १४	शनि	०६-०९-२५	धनिष्ठा	७	।।।ऽशुऽऽअ।।।।	कुम्भ	सिंह	मिथुन	विवाह लग्न २ वृषभ रात्रि १०।२३ से १०।५६ शु.पाद वेधाऽभाव: भान्तमपि
आश्विन शुक्ल ४	शुक्र	२६-०९-२५	अनुराधा	१०	।।।।।।।।।।	वृश्चिक	कन्या	मिथुन	विवाह लग्न २ वृषभ रात्रि १०।०९ से ११।०१ चं.७ पू.लग्न ३ मिथुन रात्रि ११।०१ से १।१४ चं.६ परिहार: शु.३ पू.
आश्विन शुक्ल ९	बुध	०१-१०-२५	उत्तराषाढ	८	।।।।ऽ।ऽ।।।	मकर	कन्या	मिथुन	विवाह लग्न २ वृषभ रात्रि ८।४४ से १०।४१ लग्न ४ कर्क रात्रि १२।५४ से ३।१२ चं. ७ पू.
आश्विन शुक्ल १०	गुरू	०२-१०-२५	श्रवण	८	।।।।।ऽचौ।ऽ।।	मकर	कन्या	मिथुन	विवाह लग्न ९ धनु दिवा १२।१७ से २।२० गु.७ पू.लग्न २ वृषभ रात्रि ८।४० से १०।३७ लग्न ४ कर्क रात्रि १२।५० से ३।०८

मास–पक्ष–तिथि	वार	दिनांक	विवाह नक्षत्र	रेखा	लत्तादि दोष रेखाएँ	चन्द्रराशि	सूर्यराशि	गुरूराशि	● विवाह लग्न समय दिवा–रात्रि एवं पूजा दानादि उपकरा–सूत्रावली ●
आश्विन शुक्ल ११	शुक्र	०३-१०-२५	धनिष्ठा	१०	।।।।।।।।।।	म./कुं.	कन्या	मिथुन	विवाह लग्न २ वृषभ रात्रि ८।३६ से १०।३३ लग्न ३ मिथुन रात्रि १०।३३ से १२।४६
कार्तिक कृष्ण ५	शनि	११-१०-२५	रोहिणी	७	।ऽ।।।ऽचौ।ऽ।।	वृषभ	कन्या	मिथुन	विवाह लग्न १० मकर दिवा २।०७ से ३।२० मं. १० पू.भान्तमपि
कार्तिक कृष्ण ५	शनि	११-१०-२५	मृगशिरा	७	ऽश।।।।ऽचौ।ऽ।।	वृ./मि.	कन्या	मिथुन	विवाह लग्न २ रात्रि ८।०४ से १०।०१ चं. १ परिहारः लग्न रात्रि १०।०१ से २।३२ शु.३ पू.
कार्तिक शुक्ल १	बुध	२२-१०-२५	स्वाति	१०	।।।।।।।।।।	तुला	तुला	कर्क	विवाह लग्न ३ मिथुन रात्रि ९।१८ से ११।३१ लग्न ४ कर्क रात्रि ११।३१ से १।४९ भान्तमपि शु.३ पू.
कार्तिक शुक्ल ३	शुक्र	२४-१०-२५	अनुराधा	९	।।।।।ऽचौ।।।।	वृश्चिक	तुला	कर्क	विवाह लग्न १० मकर दिवा १२।५३ से २।३८
कार्तिक शुक्ल ३	शुक्र	२४-१०-२५	अनुराधा	१०	।।।।।।।।।।	वृश्चिक	तुला	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क रात्रि ११।२३ से १।४१ शु. ३ पू.
कार्तिक शुक्ल ६	सोम	२७-१०-२५	मूल	८	।।।ऽगु।।।ऽ।।	धनु	तुला	कर्क	विवाह लग्न १० मकर दिवा १२।४१ से १।२८ गु.पाद वेधाऽभावः भान्तमपि
कार्तिक शुक्ल ६	मंगल	२८-१०-२५	उत्तराषाढ	७	।।।।ऽऽअ।ऽ।।	मकर	तुला	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क रात्रि ११।०७ से १।२५ चं.७ शु.३ पू.
कार्तिक शुक्ल ८	गुरू	३०-१०-२५	धनिष्ठा	८	।ऽ।।।ऽरा।।।।	मकर	तुला	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क रात्रि १०।५९ से १।१७ चं.७ शु.३ पू.
कार्तिक शुक्ल ९	शुक्र	३१-१०-२५	धनिष्ठा	८	।ऽ।।।ऽरा।।।।	कुम्भ	तुला	कर्क	विवाह लग्न १० मकर दिवा १।५० से २।१० चं.७ पू.
कार्तिक शुक्ल ११	रवि	०२-११-२५	उत्तराभाद्रपद	७	ऽसू।।।।।ऽ।।ऽ	मीन	तुला	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क रात्रि १०।४७ से ११।१०
कार्तिक शुक्ल ११	रवि	०२-११-२५	उत्तराभाद्रपद	८	ऽसू।।।।।।।।ऽ	मीन	तुला	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क रात्रि ११।१० से १।०५
कार्तिक शुक्ल १३	सोम	०३-११-२५	उत्तराभाद्रपद	८	ऽसू।।।।।।।।ऽ	मीन	तुला	कर्क	विवाह लग्न १० मकर दिवा १२।१४ से १।५८ गु.७ पू.दग्धा परिहारः
कार्तिक शुक्ल १३	सोम	०३-११-२५	रेवती	८	।ऽ।।।ऽरो।।।।	मीन	तुला	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क रात्रि १०।४३ से १।०१
कार्तिक शुक्ल १४	मंगल	०४-११-२५	रेवती	८	।ऽ।।।ऽरो।।।।	मीन	तुला	कर्क	विवाह लग्न १० मकर दिवा १२।१० से १२।३५ भान्तमपि
मार्गशीर्ष कृष्ण २	शुक्र	०७-११-२५	रोहिणी	७	।।।।ऽऽअऽ।।।	वृषभ	तुला	कर्क	विवाह लग्न १० मकर दिवा १२।३५ से १।४२ गु.७ पू.
मार्गशीर्ष कृष्ण ३	शनि	०८-११-२५	मृगशिरा	९	ऽश।।।।।।।।।	मिथुन	तुला	कर्क	विवाह लग्न १० मकर दिवा ११।५४ से १।३८ गु.७ पू.
मार्गशीर्ष कृष्ण ८	बुध	१२-११-२५	मघा	८	।।।।।ऽरो।ऽ।।	सिंह	तुला	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क रात्रि १०।०८ से १२।२६

विक्रम संवत् २०८३ – चान्द्र संवत्सर प्रारंभ १९.०३.२०२३

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नव संवत्सर प्रारंभ होता है। संवत्सर का प्रारंभ उदयकालिक प्रतिपदा के दिन होता है। प्रतिपदा की वृद्धि होने पर इसका प्रारंभ पहले दिन (६० घटी प्रतिपदा के दिन) होता है और प्रतिपदा का क्षय होने पर नवसंवत्सर उसी दिन प्रारंभ होता है, जिस दिन वह प्रतिपदा तिथि प्रारंभ और समाप्त हो रही हो। इस स्थिति में स्पष्ट है नवसंवत्सर का प्रारंभ उस दिन होगा, जिस दिन चैत्र अमा समाप्त हो रही हो। इस बारे में धर्मसिंधुकार का यह वचन अंकित है – तत्र चैत्र शुक्ल प्रतिपदि वत्सराम्भः। तत्रौदयिकी प्रतिपद् ग्राह्या। दिनद्वये उदयव्याप्तौ अव्याप्तौ वा पूर्वा। आगामी वर्ष सं. २०८३ में चैत्र शुक्लपक्ष की प्रतिपदा १९.३.२६ ई. को सं. २०८२ की चैत्र अमावस्या की समाप्ति वाले दिन ही है। सं. २०८३ की चैत्र शुक्ल पक्ष वाली यह प्रतिपदा १९.३.२६ ई. को प्रातः ६ घं.५३ मि. से प्रारंभ होकर २०.३.२६ ई.को सूर्योदय से पहले ही ४ घं.५२ मि.पर समाप्त हो जाएगी। **अतः यहां प्रतिपदा का क्षय है** – यह स्पष्ट है। अपितु उपरोक्त धर्मसिंधु नियमानुसार सं. २०८३ में नवसंवत्सर का प्रारंभ १९.३.२६ ई. गुरूवार को ही होगा यह शास्त्रोक्त व शास्त्र नियमों के अधीन है।

विशेष संकेत – विक्रम संवत् २०८३ चन्द्र नवसंवत्सर का प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के क्षय के कारण १९ मार्च २०२६ ई.को हो रहा है, अतः इससे सम्बंधित चैत्री नवरात्रारम्भ, घटस्थापना आदि अन्य व्रत–पर्व भी इसी दिन रहेंगे – यह भी स्पष्ट है।

श्रीविक्रम संवत् २०८२	श्री निम्बार्काब्द ५१२१-२२	श्रीफसली बंगाली १४३१-१४३२	पारसी शहंशाही १३९४-१३९५	✻ हस्तलिखित जन्म पत्रिका निर्माण एवं विश्लेषण ✻
राष्ट्रीय शाकः १९४७	श्री रामचरणाब्द ३०६-३०७	श्रीकृष्ण संवत् ५२५१-५२५२	हिजरी मुस्लिम सन् १४४६-१४४७	वर–वधु कुण्डली मिलान (विवाह गुण मिलान) ✻ शुभ
भारत स्वातंत्र्य संवत् ७८-७९	श्री रामानन्दाब्द ७२७-७२८	श्रीमहावीर जैन संवत् २५५१-२५५२	श्री खालसा सिक्ख पंथ ३२५-३२६	मुहूर्त, ज्योतिषीय परामर्श आदि कार्य हेतु सम्पर्क करें –
श्री वल्लभाब्द ५४७-५४८	श्री बुद्ध संवत् २५६८-२५६९	श्रीराजेन्द्रगुरू जैन सं. ११८-११९	मलयालम वर्ष १७००-१७०१	**निर्णय सागर पंचांग कार्यालय**
श्री रामानुजाब्द १००९-१०१०	श्री हरिदासाब्द वृन्दावने ५४६-५४७	श्री खरतरगच्छ श्रीसंघ संवत् १००२	ईस्वी सन् २०२५-२०२६	503, तिलक मार्ग, नीमच मो. 8964098640

सांकेतिक सार्वदिशीय शुभ विवाह मुहूर्त आगामी संवत् २०८३

मास–पक्ष–तिथि	वार	दिनांक	विवाह नक्षत्र	रेखा	लत्तादि दोष रेखाएँ	चन्द्रराशि	सूर्यराशि	गुरूराशि	● विवाह लग्न समय दिवा–रात्रि एवं पूजा दानादि उपकरा–सूत्रावली ●
वैशाख शुक्ल ३	सोम	२०-०४-२६	रोहिणी	१०	IIIIIIIIII	वृषभ	मेष	मिथुन	विवाह लग्न २ वृषभ चं. १ परिहारः लग्न ३ मिथुन मं. १० पू. लग्न ४ कर्क दिवा १२।४४ प्रा.
वैशाख शुक्ल ३	सोम	२०-०४-२६	रोहिणी	९	IIIIIऽचौIIII	वृषभ	मेष	मिथुन	विवाह लग्न ४ कर्क दिवा १२।४४ उ.
वैशाख शुक्ल ५	मंगल	२१-०४-२६	मृगशिरा	७	ऽराIIIIऽचौIऽII	वृषभ	मेष	मिथुन	विवाह लग्न २ वृषभ चं. १ परिहारः लग्न ३ मिथुन १० पू. लग्न ४ कर्क दिवा १२।३२ या.
वैशाख शुक्ल ५	मंगल	२१-०४-२६	मृगशिरा	७	ऽराIIIIIऽऽII	मिथुन	मेष	मिथुन	विवाह लग्न ४ कर्क दिवा १।१८ उ.
वैशाख शुक्ल १०	रवि	२६-०४-२६	मघा	७	IऽऽकेIIऽअIIII	सिंह	मेष	मिथुन	विवाह लग्न २ वृषभ लग्न ३ मिथुन मं. १० पू. लग्न ४ कर्क केतु युति परिहारः गणितेन क्रान्तिसाम्याऽभावः
प्र.ज्येष्ठ कृष्ण ४	मंगल	५-०५-२६	मूल	८	IIIऽगुIIIऽII	धनु	मेष	मिथुन	विवाह लग्न १० मकर गुरू पाद वेधाऽभावः
प्र.ज्येष्ठ कृष्ण ४	बुध	६-०५-२६	मूल	८	IIIऽगुIIIऽII	धनु	मेष	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन चं. ७ पू. गुरू पाद वेधाऽभावः
द्वि.ज्येष्ठ शुक्ल ५	शुक्र	१९-०६-२६	मघा	७	IऽऽकेIIऽराIIII	सिंह	मिथुन	कर्क	विवाह लग्न २ वृषभ शु. ३ पू. केतु युति परिहारः
द्वि.ज्येष्ठ शुक्ल ६	शनि	२०-०६-२६	मघा	७	IऽऽकेIIऽराIIII	सिंह	मिथुन	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क दिवा ९।२६ या. केतु युति परिहारः
द्वि.ज्येष्ठ शुक्ल ९	मंगल	२३-०६-२६	हस्त	८	ऽगुIIIIIIऽII	कन्या	मिथुन	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क
द्वि.ज्येष्ठ शुक्ल १४	रवि	२८-०६-२६	मूल	७	IIIऽबुIऽराIऽII	धनु	मिथुन	कर्क	विवाह लग्न १ मेष बुध पाद वेधाऽभावः गणितेन क्रान्तिसाम्याऽभावः
आषाढ कृष्ण ६	सोम	०६-०७-२६	उत्तराभाद्रपद	८	ऽचंIIIIऽअIIII	मीन	मिथुन	कर्क	विवाह लग्न १ मेष श. १ मेष श. १२ पू. रात्रि १।४२ उ.
आषाढ कृष्ण ७	मंगल	०७-०७-२६	उत्तराभाद्रपद	८	ऽचंIIIIऽअIIII	मीन	मिथुन	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क

संवत् २०८२ साक्षेप
दोषयुक्त अमान्य
● विवाह मुहूर्त ●

● वैशाख पक्षे ●

१ सूर्ये चित्रा/स्वात्यां ता. १३.४.२५ संक्रान्तिः
१३ शनौ उभा/रेवती/अश्विन्यां ता. २६.४.२५ क्षीण चन्द्रः
३० सूर्ये अश्विन्यां ता. २७.४.२५ क्षीण चन्द्रः

● वैशाख शुक्ल पक्षे ●

४ गुरौ मृगशिरायां ता. १.५.२५ भद्रा, लग्नाऽभावः
११ गुरौ हस्ते ता. ८.५.२५ शुक्र तथा पाप ग्रह शनिवेधः
१२ शुक्रे हस्ते ता. ९.५.२५ शुक्र तथा पाप ग्रह शनिवेधः
१२ शुक्रे चित्रायां ता. ९.५.२५ पाप ग्रह राहुवेधः
१३ शनौ चित्रायां ता. १०.५.२५ पाप ग्रह राहुवेधः
१३ शनौ स्वात्यां ता. १०.५.२५ लग्नाऽभावः, व्यतिपातः
१४ सूर्ये स्वात्यां ता. ११.५.२५ भद्रा, व्यतिपातः
१५ चन्द्रे स्वात्यां ता. १२.५.२५ भद्रा

● ज्येष्ठ कृष्ण पक्षे ●

१ भौमे अनुराधायां ता. १३.५.२५ मासान्तः
२ बुधे अनुराधायां ता. १४.५.२५ संक्रान्तिः
३ गुरौ मूले ता. १५.५.२५ भद्रा, मृत्युपंचकः
४ शुक्रे मूले ता. १६.५.२५ मृत्युपंचक
५ सूर्ये उषायां ता. १८.५.२५ लग्नाऽभावः
६ चन्द्रे श्रवणे ता. १९.५.२५ लग्नाऽभावः
८ भौमे धनिष्ठायां ता. २०.५.२५ लग्नाऽभावः
१० गुरौ उभायां ता. २२.५.२५ पापग्रह शनियुतिः
दिल्ली का स्पष्ट सूर्योदय जोधपुर सूर्योदय से पूर्व है। अत: अन्तर (६ घं. ४४ मि. से - ६ घं.२८ मि.५०) =० घं.१५ मि. १० सै. को ढाई से गुणा कर प्राप्त लब्ध ३७ पल ५५ विपल अर्थात् ३८ पल को २२ अक्टूबर २०११ के पंचांग के तिथि (कार्तिक कृष्ण १० शनिवार) घ. २८ प. २० आश्लेषा नक्षत्र ८ घ. १० प., शुभ योग १७ घ. १३ प. तथा वणिज करण ० घ.४८ प. में जोडने पर दिल्ली के तिथ्यादि मान यथा - कार्तिक कृष्ण १० तिथि २८ घ. ५८ प., आश्लेषा नक्षत्र ८ घ. ४८ प. शुभयोग १७ घ. ५१ प. तथा वणिज करण १ घ. २६ प.स्पष्ट हुए। ♣ **इत्यादि देशान्तर भेदीय संस्कार गणना केवल सन्धिगत समय-कालांश** ♣ **विशेष सूक्ष्मता मात्र हेतु हैं एवं मूलतया पंचांग में प्रदत्त गणना सामान्य गतिक्रम से सार्वत्रिक अनुकूल व्यवहारजनक ही हैं।**

पंचभौतिक-शरीरस्थ-सप्तचक्र



इस सम्पूर्ण विश्व-व्यापक सृष्टि रचना के अन्तर्गत ''आत्मा'' ही एकमात्र ऐसा तत्व है जो कि नित्य एवं शाश्वत है। अन्य सभी उसी के स्वरूप हैं जो उससे सर्वथा अभिन्न हैं। वही विशुद्ध चैतन्य आत्मा जब प्रकृति के गुण धर्मों से संयुक्त बनता है तो वह अपने वास्तविक मूल स्वरूप को विस्मृत करते प्रकृति को ही निज का स्वरूप-केन्द्र मानने लगता है । यही उसकी भ्रान्ति है, जिसे ही 'अविद्या माया' की संज्ञा कहा है । इसी अविद्या के कारण उसकी जीव संज्ञा बनती है तथा इसी के कारण स्वरूप उसे अनेक सांसारिक मायावी क्लेशों को भोगना होता है। महर्षि पतंजलि योगीराज ने अपने योग दर्शन में पाँच प्रकार के सांसारिक प्रपंचजनक क्लेशों का वर्णन किया है । यथा अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश साथ ही इनकी उत्पत्ति भूमि को ''अविद्या'' का नामकरण किया है। इसी अविद्या माया के कारण ही पंच भौतिक तत्व वाला जीव इस प्रकृति का जो अनित्य-अपवित्र-दुःख और अनात्म रूप है उसे वह जीव नित्य-पवित्र-सुख एवं आत्म भाव रूप समझकर विभ्रान्त बनते-पतित होता है। इस भ्रान्ति का मूल वैचारिक शक्ति माध्यम से जब जीवात्मा पुन: अपने मूल आत्म स्वरूप का बोध कर लेता है उस ज्ञान स्थिति की रचना होते ही वह शाश्वत एवं परम सुख संरचना को संप्राप्त कर लेता है। इस आत्म तत्व प्रक्रिया को जानने का नाम ही भारतीय दर्शन में ''योग'' संज्ञक वर्णित किया गया है। यही सूत्र रचना विश्व मण्डल के अन्तर्गत इस भारत भूमि मध्य समुत्पन्न होने से भारत-विश्वगुरू संज्ञक पात्रता प्राप्त किये है। चपल-चंचल मन को स्थिर केन्द्रीभूत करने का माध्यम ही योग प्रवेश का एक शाश्वत सत्य सन्मार्ग है । योग साधना से व्यक्ति विभिन्न प्रकार की सुप्त-प्रसुप्त शक्तियों को जाग्रत कर लेता है जिससे मनुष्य में कर्म करने की अद्भुत क्षमता संलब्ध होती है इसलिये श्रेष्ठ एवं मानवेतर जीवन के लिये ''योग साधना'' ही एकमात्र समाधान सूत्र है। ♣ योगशास्त्रीय सुलभ ज्ञान हेतु नवीन प्रकाशकों के प्रकाशन भी बने हैं। यथा -

❁ उदयान्तर-वेलान्तर मिनिट सारणी रचना ❁

तारीख	जन. मि.	फर मि.	मार्च मि.	अप्रैल मि.	मई मि.	जून मि.	जुलाई मि.	अग. मि.	सित मि.	अक्टू मि.	नवं. मि.	दिस. मि.
१	-४	-१४	-१२	-०४	+०३	+०२	-०४	-०६	+००	+१०	+१६	+११
२	-४	-१४	-१२	-०४	+०३	+०२	-०४	-०६	+००	+११	+१६	+१०
३	-५	-१४	-१२	-०३	+०३	+०२	-०४	-०६	+०१	+११	+१६	+१०
४	-५	-१४	-१२	-०३	+०३	+०२	-०४	-०६	+०१	+११	+१६	+१०
५	-६	-१४	-१२	-०३	+०४	+०२	-०४	-०६	+०१	+१२	+१६	+०९
६	-६	-१४	-११	-०२	+०४	+०२	-०४	-०६	+०२	+१२	+१६	+०९
७	-७	-१४	-११	-०२	+०४	+०१	-०५	-०६	+०२	+१२	+१६	+०८
८	-७	-१४	-११	-०२	+०४	+०१	-०५	-०५	+०२	+१२	+१६	+०८
९	-७	-१४	-११	-०२	+०४	+०१	-०५	-०५	+०३	+१३	+१६	+०७
१०	-८	-१४	-१०	-०१	+०४	+०१	-०५	-०५	+०३	+१३	+१६	+०७
११	-८	-१४	-१०	-०१	+०४	+०१	-०५	-०५	+०३	+१३	+१६	+०६
१२	-९	-१४	-१०	-०१	+०४	+००	-०५	-०५	+०४	+१४	+१६	+०६
१३	-९	-१४	-१०	-००	+०४	+००	-०५	-०५	+०४	+१४	+१६	+०६
१४	-९	-१४	-०९	-००	+०४	-००	-०६	-०४	+०५	+१४	+१५	+०५
१५	-१०	-१४	-०९	+००	+०४	-००	-०६	-०४	+०५	+१४	+१५	+०५
१६	-१०	-१४	-०९	+००	+०४	-००	-०६	-०४	+०५	+१४	+१५	+०४
१७	-१०	-१४	-०८	+०१	+०४	-०१	-०६	-०४	+०६	+१५	+१५	+०४
१८	-११	-१४	-०८	+०१	+०४	-०१	-०६	-०४	+०६	+१५	+१५	+०३
१९	-११	-१४	-०८	+०१	+०४	-०१	-०६	-०३	+०६	+१५	+१४	+०३
२०	-११	-१४	-०८	+०१	+०४	-०१	-०६	-०३	+०७	+१५	+१४	+०२
२१	-१२	-१४	-०७	+०१	+०४	-०२	-०६	-०३	+०७	+१५	+१४	+०२
२२	-१२	-१४	-०७	+०२	+०४	-०२	-०६	-०३	+०७	+१५	+१४	+०१
२३	-१२	-१४	-०७	+०२	+०३	-०२	-०६	-०२	+०८	+१६	+१३	+०१
२४	-१२	-१३	-०६	+०२	+०३	-०२	-०६	-०२	+०८	+१६	+१३	+००
२५	-१३	-१३	-०६	+०२	+०३	-०२	-०६	-०२	+०८	+१६	+१३	+००
२६	-१३	-१३	-०६	+०२	+०३	-०३	-०६	-०२	+०९	+१६	+१२	-०१
२७	-१३	-१३	-०५	+०२	+०३	-०३	-०६	-०१	+०९	+१६	+१२	-०१
२८	-१३	-१३	-०५	+०३	+०३	-०३	-०६	-०१	+०९	+१६	+१२	-०२
२९	-१३	-१२	-०५	+०३	+०३	-०३	-०६	-०१	+१०	+१६	+११	-०२
३०	-१४	-	-०४	+०३	+०३	-०३	-०६	-००	+१०	+१६	+११	-०३
३१	-१४	-	-०४	+	+०३	-	-०६	-००	+	+१६	+	-०३

▲●▲ **उपकरण हेतु** - स्टेण्डर्ड समय को देशी स्थानिक करने हेतु सारणी अनुसार + धन अथवा -ऋण करें तथा देशी स्थानिक समय को स्टेण्डर्ड समय करने में विपरीत क्रिया करें। धन + चिह्न हो तो ऋण करें तथा - चिह्न हो तो धन + करें। ✦ ❁ ✦

▲●▲ भारतीय वैदिक शास्त्रों में अनेक प्रकार के स्तोत्र पाठ वाचन की महिमा ग्रह जनित कुयोगद दिनमान एवं ग्रहपीड़ा निवारण हेतु वर्णित हैं। ग्रह पीड़ा के निवारण के साथ ही नित्य की जन-जीवनीय सुख सम्पदा अभिवृद्धि-आत्मशक्ति विकास हेतु भी विविध स्तोत्र वाचन-पठन आदिकाल से प्रचलित है। भारतीय ऋषि-महर्षि द्वारा उपदिष्ट धर्म-संस्कृति एवं सभ्यता की परिचायक स्तोत्रपाठ की परम्परा निरन्तर चली आ रही है। नीति वचन भी है कि ● स्तोत्रं कस्य न तुष्टये ● के अनुसार ऋषि-मुनि तथा इन्द्रादि देवताओं ने भी अपने किसी न किसी उपास्य देवी देवताओं को अपने अभीष्ट सिद्धि-समाधान के निमित्त स्तोत्रों द्वारा अभिवन्दना प्रार्थना की है और अपने कार्य में सफलीभूत भी बने हैं। इसी समाधार पर स्तोत्रों के नित्य के पठन-पाठन का श्रीगणेश भारत वसुन्धरा पर चरितार्थ बना। ♠ ♣ ♠

❁ दुःस्वप्न-नाशक-सूर्यस्तुतिः ❁

आदित्यः प्रथमं नाम द्वितीयं तु दिवाकरः।
तृतीयं भास्करः प्रोक्तं चतुर्थं च प्रभाकरः॥
पंचमं च सहस्रांशुः षष्ठं चैव त्रिलोचनः।
सप्तमं हरदिश्वश्च अष्टमं च विभावसुः॥
नवमं दिनकृत प्रोक्तं दशमं द्वादशात्मकः।
एकादशं त्रयीमूर्त्तिर्द्वादशं सूर्य एव च॥
द्वादशैतानि नामानि प्रातः काले पठेन्नरः।
दुःस्वप्ननाशनं सद्यः सर्वसिद्धि प्रजायते॥
अविमुक्त-चरण-युगलं दक्षिणमूर्तेश्च कुक्कुट - चतुष्कम्।
स्मरणं वाराणस्यां निहन्ति दुःस्वप्नमपशकुनं च॥

इत्यादि स्तोत्र पठन वाचन प्रातः काल करने से विविध प्रकार के दुष्ट स्वप्न दर्शन से मुक्ति प्राप्त होती है तथा विकारयुक्त अनिष्टसूचक स्वप्नदोषादि से निवृत्ति बने शक्तिसामर्थ्य का विकास बनता है एवं श्रीगजेन्द्रमोक्ष का पाठ भी मान्य है।

❁ सुख शांति प्रदायक स्तुतिः ❁

पुण्यश्लोको नलो राजा पुण्यश्लोको युधिष्ठिरः।
पुण्यश्लोका च वैदेही पुण्यश्लोको जनार्दनः॥
हरं हरिं हरिश्चन्द्रं हनुमन्तं हलायुधम्।
पंचकं वै स्मरेन्नित्यं घोरसंकटनाशनम्॥
अहल्या द्रोपदी तारा कुन्ती मन्दोदरी तथा
पंचकन्याः स्मरेन्नित्यं महापातक नाशनम्।
अयोध्या मथुरा माया काशी कांचा ह्यवन्तिका।
पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिका॥
कश्यपोऽत्रिर्भरद्वाजो विश्वामित्रौऽथ गौतमः।
जमदग्निर्वसिष्ठश्च सप्तैते ऋषयः स्मृताः॥
तेषांवंशानुवंशानां वेदमंत्रस्य द्दष्टणाम्।
संस्मरामि सदा भक्त्या धर्ममार्ग प्रदर्शकान्॥

इनके नित्य पाठ से नित्य की दिनचर्या व कार्य विबाधा में समाधान सहज भाविक बन पाता है। अवरोधित कार्य एवं विविध समस्या का निवारण भी हो पाता है, अनुभव योग्य सूत्र रचना है।

❁ शनिवज्रपञ्जरकवचम् ❁

नीलाम्बरो नीलवपुः कीरीटी गृध्रस्थितस्त्रासकरो धनुष्मान्।
चतुर्भुजः सूर्यसुतः प्रसन्नः सदा मम स्याद वरदः प्रशान्तः॥
कोणस्थः पिंगलो बभ्रुः कृष्णो रौद्रान्तको यमः।
सौरिः शनैश्चरोमन्दः पिप्लाश्रयसंस्थितः॥
एतानि शनि - नामानि जपेदश्वत्थसन्निधौ।
शनैश्चरकृता पीड़ा न कदाऽपि भविष्यति।

इस मंत्र कवच के नित्य पाठ से शनिजनित आदि व्याधि पलायित होकर शान्ति शमन का सन्मार्ग बन पाता है। शमी-खेजड़ा अथवा पीपल वृक्ष के पास इस मंत्र का ७ बार पाठ वाचन विशेष फलद रहता है।

❁ सप्त चिरजीवि स्तुतिः ❁

अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनुमांश्च विभीषणः।
कृपः परशुरामश्च सप्तैते चिरजीविनः॥
सप्तेतान् संस्मरेन्नित्यं मार्कण्डेयमथाष्टमम्।
जीवेद् वर्षशतं सोऽपि सर्वव्याधिविवर्जितः॥

इस स्तोत्र श्लोक के पठन वाचन से यात्रा सुखद बनती है, यात्रा के प्रारंभ में इसका वाचन करना चाहिए तथा रोग-विकास-व्याधि से भी निवारण बनते आयुष्य वृद्धि बनती है। इस हेतु नित्य आठ बार प्रातः तथा आठ बार रात्रि शयन के पूर्व उच्चारण करना चाहिए।

पंचज्ञानेन्द्रीय

१ नेत्र - २ श्रौत्र (कर्ण) ३ नासिका (घ्राण) ४ त्वक (त्वचा स्पर्श) ५ रसना (जिह्वा) - ये पांच ज्ञानेन्द्रिय संज्ञा से मान्य।

पंचकर्मेन्द्रीय

१ वाक् २ हस्त ३ पाद ४ उपस्थ (लिंग) ५ गुदा ये पांच कर्मेन्द्रिय संज्ञा से मान्य।

शरीरस्थ षडङ्ग

१ शिरः २ हस्तद्वय १ उदर (पेट) २ पादद्वय - ये शरीर के छः अङ्ग हैं।

मनस्

(कर्म विबोधक संज्ञा) मानव नर देह की सुरम्य क्रियाशक्ति एवं नित्य के जीवन गतिक्रम संचलन हेतु उपर्युक्त मूल उपादेय हैं। नवग्रहजनित रश्मि प्रभामण्डल का प्रारूप इन विषयक पक्ष पर ही प्रभावशील बनता है।

⌘ **सिद्धिप्रदायक-वाचाशक्ति विवर्धक-सिद्धशारदा-स्तुतिः** ⌘ सरस्वतीं शारदां च कौमारीं ब्रह्मचारिणीम्। वागीश्वरी बुद्धिदात्रीं भारतीं भुवनेश्वरीम्॥ चन्द्रघण्टां मरालस्थां जगन्मातरमुत्तमाम्। वरदायिनीं सदा वन्दे चर्तुवर्गफलप्रदाम्॥ द्वादशैतानि नामानि सततं ध्यानसंयुतः। यः पठेत् तस्य जिह्वाग्रे नूनं वसति शारदा॥ ⌘ **स्थिरा लक्ष्मी साधना सूत्र** ⌘ त्रैलोक्य-पूजिते देवि। कमले विष्णुवल्लभे। यथा त्वमचला कृष्णे तथा भवमयि स्थिरा॥ ईश्वरी कमला लक्ष्मीश्चला भूर्तिर्हरिप्रिया। पद्मा पद्मालया सम्यगुच्चैः श्री पद्मधारिणी॥ द्वादशैतानि नामानि लक्ष्मीं सम्पूज्य यः पठेत्। स्थिरां लक्ष्मीर्भवेत् तस्य पुत्र-दारादिभिः सह॥

समाधान सिद्धिसूत्रक - कालहोरा मुहूर्त्त

यस्य ग्रहस्य वारेषु कर्म किंचित्प्रकीर्तितम्। तस्य ग्रहस्य होरायां सर्व कर्म विधीयते॥ प्रस्तुत श्लोक मुहूर्त्त शास्त्रीयवचनविशेष का परिचायक है, आवश्यकता विशेष में कार्यसिद्धि समाधान हेतु काल होरा मुहूर्त्त की संरचना शास्त्रकारों ने वर्णित की है। जो कि पुरातन आगमकाल से लोक व्यवहार में स्थिति विशेष पर कार्य समाधान हेतु अपूर्वयोगिक फलद है। सप्त ग्रहों की सप्त ७ होरा बनती हैं, जो कि प्रतिदिन कार्य साधना समाधान हेतु श्रेष्ठ कार्य सूचक समय प्रदान करती हैं। एक होरा का कालांश समय २॥ ढाई घटी अर्थात एक घन्टा का बनता है तथा इस क्रम से प्रत्येक १ घंटे पर काल होरा का समय परिवर्तित होता है। स्थानीय सूर्योदय से क्रमशः प्रतिघन्टा गतिकाल समझें। किस वार की काल होरा के समय कौन-कौन कार्य फलद-योगद-सिद्धिप्रदायक बन पाते हैं, इसका सुलभ विवरण इस प्रकार मुहूर्त्त ग्रन्थों में प्रतिपादित है।

(१) ● **सूर्य की कालहोरा** - आवेदन पत्र देने, राज कार्य अथवा पदअधिग्रहण, शासकीय सेवा कार्य, टेन्डर आदि देने में श्रेष्ठ। (२) ● **चन्द्र होरा** - सभी कार्यों के लिये कल्याण कारक। (३) ● **मंगल होरा** - वाद-विवाद, मुकदमा, कर्ज देना, यात्रा प्रवास, सभा - सोसायटी में गमन तथा न्यायालय विषय कार्य नोटिस, द्यूत क्रीड़ा हेतु श्रेष्ठ। (४) ● **बुध की होरा** - विद्या-कला साहित्यसंग्रह-विद्या शिक्षा, पठन, पाठन, नवीन लेखन, पुस्तक प्रकाशन, विमोचन, नवीन व्यापार तथा मुद्रण कार्य, कोष संग्रह, प्रार्थना पत्र प्रदान करने हेतु शुभ। (५) ● **गुरूकी होरा** - विवाह विषयक कार्य, संबंध स्थापित करना, उच्च अधिकारी वर्ग से सम्पर्क, व्यवहारगति, नवीन काव्य लेखन, प्रकाशन, बैंक खाता खोलना, वस्तु संग्रह, विद्या अभ्यास तथा अन्य भी विभिन्न शुभ कार्यों हेतु शुभ सूचक। (६) ● **शुक्र की होरा**-छाया चित्र - चलचित्र, फिल्म निर्माण शुभारंभ नवीन वस्त्र तथा आभूषण धारण व निर्माण, यात्रा प्रवास, सौभाग्यवर्धक कार्य-संगीत स्वर साधना हेतु योगद। (७) ● **शनि की होरा** - नवीन गृह निर्माण अथवा प्रवेश, भूमि खरीदी, मशीनरी मिल्स शुभारंभ, द्रव्य संग्रह, गृह नींव खात एवं खनिज खनन कार्य हेतु लाभद

● **सिद्धहोरा (क्षणवार) मुहूर्त्तज्ञानविधि**- जिस दिन जिस समय कि कालहोरा देखनी होवे, नीचे प्रदत्त काल होरा ज्ञान चक्र कोष्ठक सारिणी से काल होरा समय ज्ञात कर लेवें यथा रविवार को पहली होरा सूर्य २॥ घटी अर्थात् एक घन्टा की, इसके बाद रविवार को ही दूसरी होरा शुक्र की ५ घटी तक, फिर इसी क्रमानुसरा तीसरी ५ से ७॥ घटी तक बुध की होरा एवं अग्रिम ७॥ से १० घटी तक चन्द्र की अर्थात् प्रति १ घंटा वृद्धि से १ घन्टे का समय प्रति १ काल होरा वार का बनता है। कोष्ठक में घटी मान तथा घन्टा मान दोनों स्पष्ट किये गये हैं। इसी क्रम से प्रत्येक दैनिक वार में इष्ट समय की होरा वार काल विदित कर सकते हैं। फलित अन्वेषक आचार्यों ने दैनिक प्रमुख वार से अधिक प्रधानता होरा के (क्षणवार) को प्रदान की है। तथ्य यह भी कि दैनिकवार तथा क्षणवार दोनों अनुकूल होवें तो विशेष फल प्रदाता समय। तथा आवश्यकता में वार दोष विकार होवे तो (क्षणवार) होराकाल के समय शुभ वार की काल होरा में कार्य सम्पन्न करना श्रेयस्कर। यथा अनायास कोई विशेष कार्यवश रविवार को पश्चिम दिशा में यात्रा करना है तो मुहूर्त्त नियामक से रविवार को 'दिशाशूल' यात्रा में होगा, परन्तु उस दिन भी रविवार को सोमवार की 'काल होरा' में पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ सूचक अर्थात् अवरोधितवार होने पर उस दिन की इष्ट शुभ होरा में कार्य सम्पन्न कर सकते हैं। पुनरपि फलाशय उदाहरण - आज सोमवार है तथा शासकीय सेवा कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत करना है, इस कार्य के लिये बुध की होरा योग्य फलद लिखी है अतः सोमवार को बुध की होरा (होरा चक्र कोष्ठक) में देखें तो ७-१४-२१ वें घंटे में बुध की होरा समय स्पष्ट लिखा ही है। अतः सोमवार को स्थानीय सूर्योदय से ६ वें, १३ वें अथवा २० वें घंटे के बाद एक-एक घंटे तक की बुध की होरा में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। ▲ तथा प्रति घंटा गणना स्थानीय सूर्योदय से क्रमशः वृद्धिगत समझें। काल होरा (क्षणवार) कोष्ठ रचना निम्नानुसार -

होरा घंटा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४
होरा घटी	२॥	५	७॥	१०	१२॥	१५	१७॥	२०	२२॥	२५	२७॥	३०	३२॥	३५	३७॥	४०	४२॥	४५	४७॥	५०	५२॥	५५	५७॥	६०
सूर्य	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.
चन्द्र	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.
मंगल	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.
बुध	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.
गुरू	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.
शुक्र	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.
शनि	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.

भूमिभवनमध्ये कूपखनन स्थानफलम्

कूपे वास्तोर्मध्यदेशेऽर्थनाशस्त्वैशान्यादौ पुष्टिरैश्वर्यवृद्धिः। सूनोर्नाशः स्त्रीविनाशो मृतिश्च सम्पत् पीड़ा शत्रुतः स्याच्च सौख्यम्॥ श्लोक भावार्थ स्पष्टता चक्र -

ईशान-सौख्य	पूर्व-श्रीवृद्धि	अग्निकोण-पुत्रभार
उत्तर-सौख्य	मध्य-हानि	दक्षिण-स्त्रीभार
वायव्य-पीड़ा	पश्चिम-सौख्य	नैऋत्य-स्वामीभार

अर्थात् वास्तु भूमि के ईशान-पूर्व-पश्चिम तथा उत्तरभाग में कूप खनन निर्माण शुभ फल संचारक होता है।

▲ **विशेष** - यदि कूप या अन्य जलाशय पहले से ही बना हो तो उस कूप-जलाशय भाग से प्रतिकूल वायव्य-उत्तर-ईशान-आग्नेय भागों में गृह निर्माण शुभ फलदायक नहीं।

कूपजलाशयाऽरंभे - नक्षत्रशुद्धिस्पष्टता

सूर्यनक्षत्र चार से इष्टदिन नक्षत्र गणना ३ संख्या शुभ तथा अग्रिम ३ अशुभ एवं क्रमशः ३ शुभ, ३ अशुभ, ३ शुभ, ३ अशुभ तथा ३ क्रमशः शुभ, ३ अशुभ तथा ३ शुभ अग्रिम गणना करते प्रतिफल समझना योग्य

वास्तु राजवल्लभे-देवस्थापनायां मुखदिशाज्ञान

ब्रह्माविष्णुशिवेन्द्रभास्करगुहा पूर्वापरस्या शुभाः। प्रोक्तौ सर्वदिशामुखौ शिवजिनौ विष्णुर्विधाता तथा। चामुण्डाग्रहमातरो धनपतिर्द्वौ भ्रातरौ भैरवो। देवोदक्षिण दिङ्मुखः कपिवरो नैऋत्यवक्रो भवेत्॥ भावार्थ - ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इन्द्र, सूर्य, कार्तिकेय की प्रतिष्ठा में पूर्व या पश्चिम दिशा में मुख। शिव, जिन, विष्णु, ब्रह्मा का सभी दिशाओं में मुख। चामुण्डा (देवी) गृह, मातृका, शीतला-भैरव आदि का दक्षिण दिशा में और श्री हनुमानजी को नैऋत्यकोण मुख करके स्थापना करना चाहिए।

♠ **शिववास तिथि संरचना** - **तिथिं च द्विगुणीं कृत्य बाणैः संयोजयेत्ततः। सप्तिश्च हरेद्भागं शिववासं समुद्दिशेत्॥ एकेनवासः कैलाशे द्वितीये गौरी संनिधौ तृतीये वृषभारूढः संभायां च चतुष्टये। पंचकेभोजने चैव, क्रीड़ायांषण्मिते तथा॥ श्मशाने सप्तशेषे च शिववासः इतीरितः। कैलाशेलभते सौख्यं गौर्यां च सुखसम्पदः। वृषभेऽभीष्ट सिद्धिः स्यात् सभा सन्तापकारिणी॥ भोजने च भवेत् पीड़ा क्रीड़ायां कष्टमेव च। श्मशाने मरणज्ञेयं फलमेव विचारयेत्**॥ भावार्थ इष्ट तिथि को २ से गुणा कर ५ और मिलावें ७ के भाग से जो शेष रहे, फल उपर्युक्त स्पष्ट ही है।

♠ **स्पष्टार्थ** - शिववास शुभतिथिचक्र - **शुक्लपक्षे** २-५-६-९-१२-१३ तथा **कृष्ण पक्षे** - १-४-५-८-११-१२-३० शुभ मान्य।

♣ **प्रतिकूल दोषाऽभावः सूत्रम् दुर्भिक्षे राष्ट्रभंगे च पित्रोर्वाप्राणसंशये। प्रोढायामपि कन्यायां प्रतिकूलं न दूष्यति॥ तथा च ऋषिमेधा वचन** - दीर्घरोगाभिभूतस्य दूरदेशास्थितस्य च। उदासवर्तिनश्चैव प्रतिकूलं न विद्यते॥ भावार्थ यह कि - दुर्भिक्ष, राष्ट्रसंकट या माता-पिता के मरण संदेह तथा कन्या प्रौढ़ा हो तो प्रतिकूलता का दोष नहीं तथा अधिक काल तक रोग से पीड़ित या दूर देश स्थित या उदासी गति-मति के कारण होने पर प्रतिकूलता का दोष नहीं। ♠♣♠

❀ यात्रा प्रवास ❀ हेतु श्री गोकुलनाथजी के वचनामृत-श्री गोरक्षनाथजी के वचनतत्व ✹ यात्रा भ्रमण सुयोग ✹

पौ	मा	फा	चै	वै	ज्ये	आ	श्रा	भा	आ	का	मं	फलश्रुति	प्रहर १	प्रहर २	प्रहर ३	प्रहर ४	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	सुख, विवाद का अभाव, यात्रा योग सुखद, सुविधा गति, महाभय,	अर्थसिद्धि	सुख	शोक	सुख	सुख	क्लेश	भय	द्रव्य
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	विवाद, मानसिक दुःख, पृथागमन कुयोग	महाभय	क्लेश	सुख	कुशल	शून्य	नाश	दरिद्र	चिन्ता
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	कार्यसिद्धि, अर्थलाभ, विजय, मेल मिलाप सम्पर्क, योग	अर्थलाभ	राजपद	सुख	विनाश	द्रव्य	दुःख	इष्ट प्राप्ति	धन प्राप्ति
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	श्रम साधना, परन्तु प्रतिफल नेष्ट नहीं, मध्यमकार्य योग	क्लेश	कल्याण	क्लेश	अहित	क्लेश	अहित	धन	सुख
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	वस्तुलाभ संकट की निवृत्ति, मेल-मिलाप, कार्य सिद्धि	संकट	क्लेश	भाग्य	सुख	लाभ	धन	धन	सुख
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	चिन्ता, विवाद मानसिक पतन, वियोग, सफलता न्यून	संकट	क्लेश	मित्र	अर्थप्राप्ति	भय	लाभ	मृत्यु	धनलाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	कार्यलाभ, मेलमिलापक सम्पर्क, कार्यसाधना सिद्धियोग	विलम्ब	अर्थप्राप्ति	सुख	सुख	लाभ	कष्ट	लाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कुयोग, कार्यहानि, विवाद, व्यवहार-मिलाप की न्यूनता	०	०	०	०	०	सुख	०	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	अर्थ-लाभ, कार्ययोग सफलता, यात्रा प्रवास सुखद	अर्थ	बहुभय	मित्र	सुख	सुख	लाभ	कार्यसिद्धि	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	यात्रा प्रवास योगद परंतु श्रम साधना विशेष, कार्य विलम्ब,	शीघ्र लाभ	सम्पूर्ण	मरण	मरण	क्लेश	कष्ट	धन	धन
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	मानसिक कष्ट, विवाद, भय, परंतु परिणाम नेष्ट नहीं,	मरण	अर्थ	कुशल	मृत्यु	लोभ	धननाश	०	मित्र
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	सुख-सुविधा, मेल-मिलाप, सार्थक, गति, कार्य सुयोग।	मरण	अर्थ	सुख	कुशल	०	सुख	मृत्यु	कष्ट

* **यात्रा प्रवास हेतु गोकुलनाथ गोरक्षनाथजी** के मतानुसार गमन प्रयाण के लिये मुहूर्त्त साधना पुरातन समय से लोकप्रिय व्यवहार योग्य है। बायें तरफ के पहले द्वादश १२ कोष्ठ में द्वादश मास नाम लिखे हैं तत्पश्चात फलश्रुति लिखी है और उसके बाद चार कोष्ठ में चार प्रहर की फलश्रुति अलग-अलग दिखी है और आगे के ४ कोष्ठों में दिशा और उनकी फलश्रुति दी है। * कोष्ठों में बताये अंकों का तृतीया और तेरस, चतुर्थी और चौदस, पंचमी और पूर्णिमा इनका फल एक है। * बदी चौदस तथा अमावस का निषेध। इन मुहूर्त्त पर गमन करने वालों को चन्द्र-भद्रा-भरणी-दिशाशूल-योगिनी काल घात वार आदि का दोष नहीं। * गोरखनाथजी के प्रश्न पर मत्स्येन्द्रनाथ ने इस मुहूर्त्त को 'मुहूर्त्तराज' कहा। * उदाहरणार्थ - कोष्ठ में दी गई तिथि-उस मास के बदी पक्ष तथा सुदी पक्ष में एक समान समझना चाहिये - यथा फाल्गुन सुदी तथा बदी तिथि के मुहूर्त्त पर गमन करने वालों का कार्यसिद्ध होवे। पहले प्रहर में जाने से अर्थलाभ। दूसरे प्रहर में राज्य सुख, तीसरे में शोक, चौथे में सुख एवं दिशाओं के भी फल जानें। श्रीवल्लभ सम्प्रदाय के वैष्णव इस मुहूर्त्तवेला को श्री गोकुलनाथ के वचनामृत भी कहते हैं।

❀ सम्मुखचन्द्रदिशाप्रति ❀

मेषे च सिंहे धनुपूर्वभागे वृषे च कन्या मकरे च याम्ये ।। युग्मं तुला कुंभसु पश्चिमायां, कर्कालिमीने दिशि चोत्तरस्यां ।।१।। फल सन्मुखो अर्थलाभाय दक्षिणे सुखसंपदे। पृष्टतः प्राणनाशाय वामे चंद्रे धनक्षयः ।।२।। अर्थः-मेष सिंह धनु पूर्व वृषभ कन्या मकर दक्षिण मिथुन तुला कुंभ पश्चिमे कर्क मीन वृश्चिके उत्तरे।

♣♠♣

❀ योगिनीचक्रम् ❀

ईशान ३०।८ — पूर्व १।९ — आग्नेय ३।११

उत्तर २।१० — दक्षिण ५।१३

योगिनी सुखदा वामे
पृष्ठे वांछितदायिनी ।।
दक्षिणे धनहंत्री च
सन्मुखे मरण प्रदा ।।१।।

वायव्य ७।१५ — पश्चिम ६।१४ — नैऋत्य ४।१२

❀ कालराहुचक्रम् ❀

ईशान — पूर्व शनि — आग्नेय शुक्र

उत्तर-रवि — दक्षिण-गुरु

अर्कोत्तरे वायुदिशां च सोमे
भौमे प्रतीच्यां बुधनैर्ऋते च
याम्ये गुरौ वन्हिदिशां च शुक्रे
मंदे च पूर्वे प्रवदंति कालः ।।

वायव्य सोम — पश्चिम भौम — नैऋत्य बुध

❀ दिशाशूलचक्रम ❀

पूर्व
चंद्र-शनि

उत्तर बुध-मंगल — दक्षिण गुरु

दिशाशूल ले जावो
वामे राहू योगिनी पूठ
।। सन्मुख लेवे चंद्रमा
ल्यावें लक्ष्मी लूट ।।१।।

पश्चिम रवि-शुक्र

❀ यात्रा विशेष सुयोग ❀

- हिंवर सुयोग - सूर्य नक्षत्रचार से इष्ट दिवस चन्द्र नक्षत्र की गणनाकर इस संख्या में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से इष्टदिवस की तिथि संख्या तथा रविवार क्रम से इष्ट दिवस वार की संख्या जोड़कर ९ का भाग देवें। भाग देने पर ७ शेष बचे तो हिंवर योग दिवस बनता है, यह दिवस यात्रा में शुभ है।
- टेलक सुयोग - सूर्य नक्षत्र चार से इष्टदिवस नक्षत्र संख्या में इष्टदिवस तिथि तथा वार जोड़कर ७ का भाग देने पर ५ शेष बचने से टेलक योग बनता है। तस्करी कार्य एवं अनैतिक कार्य-चौर्यकार्य में यह सुयोग मान्य है।

अथ पुरूष जन्मकुण्डल्यां तन्वादि भावस्य ग्रहफलम्

ग्रहा:	तनुः १	धन २	भ्राता ३	सुख ४	पुत्र ५	शत्रुः ६	स्त्री ७	मृत्युः ८	धर्म ९	कर्म १०	लाभ ११	व्यय १२
सूर्यः	शूरः	धनी	सुखी	दुःखी	अपुत्रः	बली	स्त्रीजित्	अल्पायुः	सुखी	शूरः	धनी	पतितः
चन्द्रः	जड़ः	कुटुम्बी	क्रूर	सुशील	पुत्रवान्	अल्पायुः	ईर्ष्यालुः	रोगी	सुभगः	धीरः	ख्यातः	हीनांगः
भौमः	व्रणीः	कुटिल	विक्रमी	पीड़ित	अपुत्र	शत्रुजित्	स्त्रीपीड़ा	रोगी	पापात्मा	सुखी	धनाढ्यः	पतितः
बुधः	विद्वान्	धनी	दुर्जन	सुखी	मंत्री	दुशील	धर्मज्ञः	गुणी	पुत्रवान्	विक्रमी	धनी	जड़
गुरूः	चिरायुः	धनी	कृपणः	सुखी	प्रतापी	कामी	प्रसिद्धः	अल्पायु	पुत्रवान्	सुकृतिः	धनी	दरिद्रः
शुक्रः	सुखी	धनी	पापी	सुखी	धीमान्	रोगी	क्रोधी	नीच	प्रतापी	सुमति	धनाढ्यः	खलः
शनिः	रोगी	वक्ता	विक्रमी	दुःखी	दरिद्रः	सुखी	दुःखी	नेत्ररोगी	सुखी	पराक्रमी	धनी	दुःखी
राहुः	रोगी	विरोधी	विक्रमी	दुःखी	दुर्भगः	बली	अशुचिः	गतायुः	दैन्यं	मानी	ख्यातः	पतितः
केतुः	अल्पायुः	धर्महा	शूरः	दुःखी	अपुत्रः	बली	दारहा	क्लेशी	पापी	अधर्मी	धनी	दुर्जनः

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां तन्वादि भावस्य ग्रहफलम्

ग्रहा:	तनुः १	धन २	भ्राता ३	सुख ४	पुत्र ५	शत्रुः ६	पति ७	मृत्युः ८	धर्म ९	कर्म १०	लाभ ११	व्यय १२
सूर्यः	सक्रोधा	निर्धना	सुपुत्रा	सपीड़ा	अपुत्रा	धनाढ्या	दुःखार्ता	विधवा	धर्मिष्ठा	सती	सधना	सक्रोधा
चन्द्रः	अल्पायुः	सधना	सुखिनी	दुर्भगा	सुपुत्रा	रोगिणी	पतिप्रिया	दुखार्ता	सुखिनी	धन्या	गुणिनी	हीनांगा
भौमः	दुःखार्ता	बन्ध्या	अभ्रातृका	दुःखिनी	अपुत्रा	नीरोगा	विधवा	कुलटा	दुखिनी	कुपुत्रा	सुधर्मा	दुष्टा
बुधः	सुभगा	धनाढ्या	सुखिनी	सुगृहा	सबुद्धः	सक्रोधा	सती	कृतघ्ना	सुधर्मा	सुधर्मा	सुलाभा	कृशांगी
गुरूः	सती	सधना	भ्रातृमती	सुखिनी	साध्वी	सापदा	सुकीर्ति	रोगिणी	पुत्राढ्या	सुभगा	सुरूपा	सद्व्यया
शुक्रः	सुखिनी	सहर्षा	धनाढ्या	सुकीर्ति	सुसुता	दरिद्रा	पतिप्रिया	प्रमत्ता	सुपुण्या	सुकर्मा	सुपुत्रा	सद्व्यया
शनिः	बन्ध्या	निर्धना	दक्षा	सरोगा	अपुत्रा	सुगुणा	विधवा	दुःखार्ता	बन्ध्या	पापा	सुलाभा	मूढा
राहुः	अपुत्रा	दरिद्रा	धनाढ्या	रोगार्ता	अपुत्रा	धनाढ्या	दुःखार्ता	क्लेशिनी	बन्ध्या	कुकर्मा	सुभगा	खला
केतुः	दुःखार्ता	शोकार्ता	रोगाढ्या	मातृहीना	विपुत्रा	धनाढ्या	विधवा	सदुःखा	शोकार्ता	पापा	सुभगा	सरोगा

अथ सूर्यादिग्रहाणां जन्मराशितः गणना एवं गोचर भाव-राशि फलम्

ग्रहा:	मेष १	वृषभ २	मिथुन ३	कर्क ४	सिंह ५	कन्या ६	तुला ७	वृश्चिक ८	धनु ९	मकर १०	कुंभ ११	मीन १२
सूर्यः	स्थाननाश	भय	श्रीवृद्धि	मानभंग	दैन्य	विजय	मार्गभ्रम	पीड़ा	सुकृतना	सिद्धि	धनलाभ	धननाश
चन्द्रः	धनलाभ	सन्तोष	सुख	रोग	ज्ञानवृद्धि	धनलाभ	स्त्रीलाभ	रोग	धर्मलाभ	सौख्य	धनलाभ	धननाश
भौमः	शत्रुनाश	धननाश	धनलाभ	शत्रुप्रद	पुत्रकष्ट	धनलाभ	स्त्रीकष्ट	शत्रुप्रद	शत्रुपीड़ा	शोक	धनलाभ	धननाश
बुधः	सुख	धनलाभ	शत्रुप्रद	पशुलाभ	सुख	स्थानलाभ	पीड़ा	धनलाभ	पीड़ा	सौख्य	धनलाभ	धननाश
गुरूः	भय	धनलाभ	क्लेश	हानि	सुख	शोक	राजमान	पीड़ा	सौख्य	दैन्यंभ्रम.	धनलाभ	पीड़ाप्रवा.
शुक्रः	शत्रुनाश	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुप्रद	शोक	धनलाभ	वस्त्रलाभ	दुःख	धनलाभ	धनलाभ
शनिः	भयखेद	धननाश	ऐश्वर्य	शत्रुप्रद	पुत्रकष्ट	विजयसु.	दोषखेद	पीड़ा	धर्मनाश	विबाधा	धनलाभ	विवाद
राहुः	हानि	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक	श्रीलाभ	कलह	भयखेद	दुःख	वैरं	सुख	शोक
केतुः	रोग	वैर	सुख	भय	सुख	धनलाभ	कलह	रोग	पापकर्म	शोक	कीर्ति	शत्रु

अथ वर्षकुण्डल्यां तन्वादि स्थान भावस्य ग्रहफलम्

ग्रहा:	भाव १	भाव २	भाव ३	भाव ४	भाव ५	भाव ६	भाव ७	भाव ८	भाव ९	भाव १०	भाव ११	भाव १२
सूर्यः	चिन्ता	राजभय	धनलाभ	हानि	कष्टम्	शत्रुनाश	पीड़ा	कष्टम्	धर्मनाश	सुख	धनलाभ	पीड़ा
चन्द्रः	पीड़ा	धनलाभ	हर्ष	शत्रुनाश	सुखम्	पीड़ा	कष्टम्	दुःखम्	भाग्योदय	विजय	धनलाभ	व्यय
भौमः	वृणाः	धनलाभ	जय	व्यसनं	दुर्मति	शत्रुनाश	स्त्रीकष्ट	पीड़ा	पुण्योदय	राज्यलाभ	धनलाभ	विरोध
बुधः	सौख्यम्	धनलाभ	सुखम्	द्रव्यलाभ	पुत्रलाभ	कलह	धनलाभ	व्यग्रता	सुखम्	मानलाभ	सुखलाभ	रोग
गुरूः	सुखम्	धनलाभ	जय	वाहनलाभ	पुत्रप्राप्ति	कष्टम्	सुखम्	रोग	धर्मलाभ	राज्यलाभ	धनलाभ	शोक
शुक्रः	मानप्राप्ति	धनलाभ	कीर्तिला	सुखलाभ	धनलाभ	शत्रुभय	स्त्रीसुख	कष्टम्	धर्मोदय	मानलाभ	क्षेमलाभ	व्यय
शनिः	वातार्ति	पीड़ा	धनलाभ	दुःखम्	पुत्रपीड़ा	जय	स्त्रीकष्ट	रोग	भाग्यहानि	धनहानि	धनलाभ	चिन्ता
राहुः	शिरोर्ति	राजभय	सुखम्	दुःखम्	बुद्धिनाश	शत्रुनाश	रोगी	कष्टम्	धर्महानि	विजय	सुलाभ	व्याधि
केतुः	चिन्ता	क्लेश	आरोग्य	राजभय	दुर्बुद्धि	सुखम्	क्लेश	पीड़ा	भाग्यनाश	धनलाभ	लाभ	शोक
मुन्था:	सुखम्	यशोऽर्थ	पुष्टि	दुःखम्	सुखाप्ति	कष्टम्	व्यसनं	दुःखम्	भाग्योदय	राज्ययोग	लाभ	कष्टम्

लग्नसारिणी-कालांश भेद

हमारे पंचांग में जोधपुर स्टे. टा. अनुसार लग्नसारिणी के पृष्ठ अंकित है। अंगेजी मास तारीखों के क्रम से प्रति दिवसीय लग्न प्रवेश काल है इस लग्नसारिणी से अन्य नगरों का स्वदेशीय लग्न प्रवेशकाल जानने हेतु विधि यह कि इष्ट नगर का देशान्तर फल अक्षांश रेखांश सारिणी से लेवें, घटी-पलात्मक फल है तथा इसे ढाई २॥ विभाजित करने से मिनिटात्मक फल प्राप्त होगा।

▲ ये देशांतर फल धन हो तो इस पंचांग के लग्न प्रवेश कालमें घटावें ▲ तथा ऋण चिह्न हो तो जोड़ें एवं देशान्तर संस्कार बनेगा। पुनः जिस नगर का लग्न प्रवेश जानना है, उसके अक्षांश तथा क्रान्ति से इस पंचांग में प्रदत्त 'चरान्तर सारिणी' से चरान्तर फल प्राप्त करें तथा देशान्तर संस्कृत समय में ▲ चरान्तर फल धन होवे तो धन करें तथा ऋण संज्ञक हो तो घटावें ▲ एवं स्पष्ट लग्न का प्रवेशकाल प्राप्त होगा। उदाहरणार्थ - देहली राजधानी अक्षांश २८।३८ उ. रेखांश ७७।१२ पूर्व है। तारीख १७ जून को देहली लग्न प्रवेश संस्कार करना है। जोधपुर लग्नप्रवेश सारिणी में तारीख १७ जून को वृषभ लग्न प्रवेश काल ३ घं. ४५ मि. रात्रि में है जोधपुर से देहली देशान्तर फल + ४२ पल है २॥ विभाजित १७ मिनिट + फल बना जोधपुर वृषभ लग्न प्रवेश काल ३ घं. ४५ मि. में देशान्तर फल धन वश ऋण किया तो ३ घं. २८ मि. देशान्तर फलित कालांश आया। १७ जून रविक्रांति २३।२२ उत्तरा है देहली अक्षांश २८।३८ है एवं चरान्तर सारिणी से चर फल ४ मिनिट उत्तरक्रान्ति वश ऋण संज्ञक फलांक देशान्तर संस्कृत लग्न प्रवेश ३।२८ मि. में४ मिनिट ऋण किये तो ३ घं. २४ मि. देहली लग्न प्रवेश काल आया। चरफल हेतु अक्षांश क्रान्ति अंशकलादि न्यूनाधिक स्थितिवश चर सारिणी सेअनुपातिक क्रिया से चरफल लेवें तो और भी ठीक रहेगा। जोधपुर के पूर्वापर आसन्न नगरों हेतु संस्कार क्रिया का विशेष महत्व नहीं, परन्तु दूरस्थ पूर्वापर नगरों हेतु संस्कार करना योग्य है, इस तरह यह पंचांग सर्वदेशीय उपयुक्त सन्मान्य गणना का चरितार्थ रहेगा।

❋ स्वप्न सरोवर सारिका ❋

❀ मानवीय स्वप्नविषयक शास्त्रीयसमादेश-फल ❀

इस सृष्टि प्रारम्भकाल से ही मनुष्य स्वप्न देखता चला आ रहा है। मनुष्य ही क्या स्वयं सृष्टि रचेता तत्व भी स्वप्न सरोवर की मार्मिक कल्पना में लिप्त रहता है। ऋग्वेद एवं उपनिषदों में स्वप्न विषयक बहुविध वर्णन मिलता है। साथ ही स्वप्न हेतु मंत्र सिद्धि साधना का विवेचन भी है, इस साधना से स्वप्न में कार्यसिद्धि वा असिद्धि हित दिग्दर्शन हो जाता है। स्वप्न फल हेतु जीव की प्रकृति शरीर स्थिति पर ही प्रतिफल स्पष्ट बनता है। निर्णयसागरपंचांग अनुरागीवृन्द हित कुछ तथ्य प्रदान करते हैं। यथा - **यस्य चित्तं स्थिरी भूतं समधातुश्च यो नरः। तत्प्रार्थितं च बहुशः स्वप्ने कार्यं प्रदृश्यते॥ चिन्ता च प्रकृतिश्चैव विकृतश्च तथा भवेत्। देवाः पुण्यानि पापानीत्येवं हि जगतीतले** अर्थात् जिस जीव का चित्त स्थिर शुद्ध तथा सप्त धातु वा त्रिदोष सम अवस्था में है। उस जव की सदेच्छा से ही स्वप्न में फलद कार्य प्रतीत होते हैं। विपरीत स्थिति में स्वप्न फलद नहीं होते हैं। चिन्ता, प्रकृति, विकृति, देव इष्ट एवं पाप पुण्य गति आदि स्थिति से भी स्वप्न होते हैं, इन हेतु शास्त्रीय सारगर्भित अभिमत यह कि -

रात्रि के प्रथम प्रहर में स्वप्न से १ वर्ष में फलद, प्रातःकालीन, स्वप्न शीघ्र फलद, जबकि देखने वाला पुनः शयन नहीं करे। "**रोगचिन्तोद्भवा व्यर्थाश्चिरपाकादिवीक्षताम्" रतेर्हासाच्चशोकाच्च भयान्मूत्रपुरीषयोः। प्रणष्टवस्तुचिन्तातो जातः स्वप्नो वृथा भवेत्॥** सूत्रानुसार रोगी व चिन्ताग्रस्त उन्माद, शोक, भय, मूत्रशौच वेगी जीव का स्वप्न व्यर्थ होता है, यह स्पष्ट ध्यान रखना चाहिये। शरीर में कफ का वेग होने से सुखदस्वप्न तथा पित्त वेग से भयावह दृश्य वात प्रकृति जीव उन्नति चढना, तेज गति, विवाद आरोहण आदि दृश्य प्राप्त करता है। **स्वप्नमिष्टं च दुष्टा यः पुनः स्वपिति मानवः। तदुत्पन्नं शुभ फलं स नाप्नोतीतिनिश्चितम्॥** शुभस्वप्न देखकर सो जाना फलकारक नहीं। अपितु जागकर सूर्यदेव की स्तुति, प्रातः शिवादि देवपूजन, फिर वयोवृद्ध जीव को स्वप्न कहें तो सार्थकता बनती है। तथा-**अनिष्टं प्रथमं दृष्ट्वा तत्पश्चात्स्वपेत्पुमान्। रात्रौ वा कथयेदन्यं ततो नाप्नोति तत्फलम्॥** अशुभ स्वप्न को देखकर शयन करना और रात्रि में ही उसे दूसरे से कह दें तो अनिष्ट फल नहीं बनेगा। अथवा प्रातः तुलसी पौध के आगे उस स्वप्न फल को कहें तो दुष्फल प्राप्त नहीं होवे। यह भी अभिमत विदित होता है।

अशुभ स्वप्न के उपलक्षण प्रतिफल यह कि स्वप्न में आकाश तारा, ग्रहण, ध्रुवतारा, सूर्यदर्शन, स्वर्ण देखना, रोग पीडाकारक। स्थूल पुरूष का पतला होना या कृश पुरूष पुष्ट होवे, स्वभाव का परिवर्तन, कबूतर, गिद्ध, कौवा, राक्षस आकृति, विद्युत दर्शन, लाल-काला वस्त्र धारित स्त्री, हंसता हुआ सन्यासी, कीचड़ में दबना, केश, अंगारे, भस्म, नदी को सूखते देखना, क्षुधातुर होना, दांत घिसना, उंट-गधे की सवारी, गड्ढे में पतित होना और निकल नहीं सके, अग्नि प्रवेश, मरणदृश्य आदि स्वप्न स्वास्थ्य हित शुभद नहीं, तथा रोग पीड़ा परिचायक समझें। झूलना, गीत गाना, खेलना, हंसना, बोलना, फोडना, डूबना, काले वस्त्र धारित स्त्री से प्रेम तथा भाव, घी-कीचड़-गोबर-तेल से लिप्त होना, श्वान, सियार, मुर्गा, बिलाव, नेवला, सर्प, मक्खी, बिच्छु को देखना अनिष्ट अशुभ सूचक। प्रियवस्तु का अपहरण होना, दाढी बनवाना, पकवान-मिष्ठान भोजन करना, किसी वस्तु की चोरी करना, सूखा वृक्ष, कारीगर, देवमन्दिर, पर्वत, शिखर, ध्वजा आदि दर्शन भी नेष्ट फल सूचक समझना चाहिये।

शुभ लक्षण सूचक स्वप्न हित प्रतिफल यह कि - सज्जन पुरूष, मंत्री-अधिकारीगण, देवता, श्वेत वस्त्र धारित स्त्री, हाथी सिंह, घोड़ा, गाय, कमल, रत्न, चांदी, दही, जौ, गेहूँ, सरसों, फल, दीपक, कन्या, चन्दन, गन्ना, फलयुक्त वृक्ष, भोजन, रोदन रोना, संगीत श्रवण, नौका विहार, विष्ठा मूत्र से सनना, अगम्या से सम्भोग आदि दृश्य स्वप्न शुभ फलद होते हैं।

प्रकारांतर से दाहिने हाथ में श्वेत सर्प का दंश, रूधिर स्नान, मांस भक्षण, स्वयं को मृतक देखना, मकान जलना, जल से नहाना, प्रायः शराब पीना, पीले वा लाल पुष्प का पाना, सर्प द्वारा काट जाना, खून निकलना, स्वकीय बंधन होना, भूमि या पर्वतों का लांघना उछलना आदि कर्म शुभ सूचक तथा सन्यासी, ब्राह्मण, पितर, पिता, मित्र, देवता, अधिकारी विशेषगण जो स्वप्न में शुभाऽशुभ कहते हैं वे वचन भी सत्य सिद्ध होते हैं। छाछ, कपास को छोडकर सफेद वस्तु देखना तथा गाय, हाथी, काले वर्ण के ब्राह्मण को छोडकर अन्य सभी काली वस्तु देखना नेष्ट सूचक।

जो जीव स्वप्न में दूसरे का वध या अपना बंधन अथवा किसी की निंदा करे, स्वयं की जय, शत्रु की पराजय देखना, विष खाकर मरना, शिखर वा पर्वत पर चढकर बिना श्रम उतरना, मूत्र शौच का शरीर में लगना शुभ सूचकतथा अपना घर गिराकर, नया घर बनावें वह व्यसनों से मुक्त हो जाता है। शोक से दुःखित होकर स्वप्न में नदी, कमल, बगीचा, पर्वत देखे वह शोक मुक्त हो जाता है। स्वप्न में शोक-रोदन-मरण-परिताप, दृश्य सुख वृद्धिकारक जानें। स्वप्न में फल-फूल खाना तथा देखना स्वकीय विवाह स्मृति दृश्य, हाथी-घोडे की सवारी, भूमि पर पतित होकर फिर उठ जावे, उत्तम शय्या पर शयन, बहुत वर्षा, ज्वालारहित अग्नि देखा आदि भी शुभ सूचक तथा स्वप्न में पितरों का दर्शन होने से वंश वृद्धि सुयोग तथा लाभ-आमद वृद्धि योग कारक। शीतल जल स्नान, वृक्ष पर चढना, नौका विहार एवं समुद्र नदी जलाशय में तैरना, मित्र बन्धु को गहने पहले देखना, चतुरंगिणी सेना सेना दर्शन, स्त्री सम्भोग क्रिया, अस्त्र-शस्त्र, केला, नीम्बू, सफेद मेघ, चमेली, तिल, अनार, अखरोट, खिरनी, सुपारी, नारियल, चन्दन, लौंग, इलायची, लाल पुष्प तथा विविध धातुओं का ढेर स्थापित करते देखना सुख सूचक समझना चाहिये। यदि स्वप्न में साक्षात् देवी लक्ष्मी के दर्शन हो जाएं तो जीवन में धन-सम्पदा का विकास होना है तथा स्वर्णमुद्रा-सिक्के-जेवर आदि स्वप्न में दिखे अथवा प्राप्त होवे तो प्राचीन मतानुगत पीड़ाकारक तथा नवीन लोक मतानुसार भावी लाभ की रचना बनें। तथापि इनका खो जाना अथवा बाँटना आदि नजर आवे तो भावी रूप में आर्थिक दुःविधा विषमता बनें। धन मिलने से पुरस्कार प्राप्त होने का भी संकेत समझें तथा स्वप्न में हाथी गजराज का दिखना भी शुभ सूचक। गौतम बुद्ध की मातुश्री को जब स्वप्न में सफेद हाथी के दर्शन बनें तो दिव्य शिशु का जन्म बना। हाथी की सवारी करना अथवा दर्शन होना भावी ऋद्धि-सिद्धि तथा पदोन्नति का प्रारूप चरितार्थ होता है। साथ ही नवीन मित्र सहयोगीगण की रचना बनें तथा स्वयं की मृत्यु-अन्त्येष्टि-श्मशान-शव लाश देखना शुभ सूचक उपलक्षण। परन्तु विशाल सींग-दाँत वाले जानवर, भयानक पुरूष, राक्षस, आँधी-तूफान देखना अशुभ उपलक्षक हैं। नवीन मतानुसार पानी में डूबना, सूखे गिरते वृक्ष, शीशे का टूटना, विशाल खाली मकान देखना अशुभ संकेत प्रदायक। तथापि सभी विषयक स्वप्न का शुभाऽशुभ प्रतिफल तब ही मान्य समझें जबकि नर-नारी-जीव का शारीरिक तन्त्र स्वस्थ एवं वात-पित्त-कफ आदि त्रिदोष सन्तुलित होवे, तब ही स्वप्नफल सार्थक समझें। अन्यथा स्वप्न फल निरर्थक ही निर्मूल समझें।

दुःस्वप्न नाशकमंत्र ब्रह्मवैवर्त्तपुराणान्तर्गत -

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं पूर्वदुर्गतिनाशिन्ये महामायायै स्वाहा॥ इसको स्नानादि से पवित्र होकर १० बार जपने से दुःस्वप्न नहीं दिखते हैं तथा श्रीगजेन्द्रमोक्ष स्त्रोत का पाठ करने से -भी दुःस्वप्न दर्शन नहीं होकर शुभत्व प्राप्त होता है

स्वप्नसिद्धि प्रदायक मंत्र -

ॐ ह्रीं श्रीं ऐं चक्रेश्वरि चक्रधारिणि शंखचक्रगदा धारिणी मम स्वप्नं प्रदर्शय स्वाहा॥ इस मंत्र को ११०८ बार जपने से सिद्धि होती है अथवा रात्रि में १०८ बार जपकर सो रहे तो स्वप्नेश्वरी प्राप्त होकर स्वप्न में शुभाऽशुभ कहती है। विशेष यह भी कि स्वप्न शास्त्र मनोवैज्ञानिक शास्त्र है, मन तथा मस्तिष्क से इसका प्रगाढ सम्बंध है। **इस विषय हित ज्ञानार्थ प्राच्य नवीन प्रकाशन भी बने हैं। स्वप्नसाहित्य ३ सेट मू. ६०) रूपये। हिन्दी भाषा में प्राप्त मनीआर्डर से शुल्क भेजकर मंगा लेवें।**

❋ सप्तवारादिक व्रत-विधि विधान ❋

(१) ● **रविवार व्रत विधि** - रविव्रत किसी शुक्ल पक्ष के प्रथम रविवार से प्रारंभ करें तथा १ वर्ष पर्यन्त अथवा ३० या १२ व्रत करना चाहिये। इस दिन भोजन में गेहूँ की रोटी अथवा गेहूँ का दलिया अथवा इनसे बना सीरा हलवा-गुड घी इलायची सहित बना सेवन करें। भोजन में नमक का प्रयोग नहीं करें। भोजन सूर्यास्त पहले करें तथा भोजन के पूर्व इस हलवा का कुछ भाग देवस्थान अथवा बालक बालिका को देकर भोजन करें। प्रथम हलवा सेवन करें फिर अन्य पदार्थ सेवन करें। प्रातः स्नान करके रक्त चन्दन का तिलक करें तथा रोली, अक्षत, लाल पुष्प मिश्रित जल से सूर्यनारायण को जलांजलि श्रद्धापूर्वक प्रदान करें। अन्तिम रविवार को हवन क्रिया के बाद योग्य दम्पत्ति को भोजन कराकर लाल वस्त्र एवं यथेच्छा दक्षिणा प्रदान करें। व्रत के दिन लाल रंग का बनियान या वस्त्र धारण करना योग्य तथा ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः इस बीज मंत्र का यथाशक्ति मानसिक जप करना भी योग्य। हवन समिधा अर्क-आंकड़ा यह व्रत आयु-सौभाग्य-समस्त कामना सिद्धि-चर्मनैत्र आदि विकार नाशक हैं।

(२) ● **सोमवार व्रत विधि** - यह व्रत चैत्र, वैशाख, श्रावण या कार्तिक मार्गशीर्ष के मास से धारण करना योग्य। तथापि किसी शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार से प्रारंभ करें तथा १० या ५४ व्रत करें। भोजन में दही, दूध-चाँवल अथवा खीर के प्रथम ७ ग्रास खावें फिर अन्य पदार्थ सेवन करें। भोजन के पूर्व किसी विद्यार्थी को उपरोक्त वस्तु पदार्थ का यथेच्छा अनुदान करें तथा भोजन सूर्यास्त बाद करना समुचित, इस दिन सफेद रंग के वस्त्रादि धारण करना भी योग्य। प्रातः स्नान के बाद चन्दन का तिलक लगावें। तथा शिवालय के दर्शन दीप ज्योति सुगंध अर्पण आदि कार्य भी समुचित। **ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः** इस बीज मंत्र का यथाशक्ति मानसिक जाप योग्य। अन्तिम सोमवार को हवन क्रिया के बाद बालक-विद्यार्थी को खीर सहित भोजन करावें। हवन समिधा पलाश तथा दक्षिणा स्वरूप चाँदी अथवा सफेद वस्त्र देवें। यह व्रत व्यापार में लाभप्रदायक एवं मानसिक कष्ट विकारों के नाश हेतु फल प्रदायक है।

(३) ● **मंगलवारव्रत विधि** - यह व्रत किसी शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार से प्रारंभ करें तथा २१ या ४५ व्रत करें। भोजन में गेहूँ आटे गुड घी से बना हलवा एवं मोदक लड्डुओं का ५-७ ग्रास लेवें फिर यथेच्छा पदार्थ सेवन करें। परन्तु नमक का सेवन करना योग्य नहीं। ये सेवनीय पदार्थ किसी बैल-पशु को खिलाकर भोजन करना भी योग्य है। इस दिन श्री हनुमानजी के मन्दिर में तैल का दीपक प्रदान करना भी योग्य तथा लाल पुष्प की माला अर्पण करना एवं श्रीफल अर्पण करना भी योग्य तथा श्री हनुमान चालीसा - हनुमानाष्टक - बजरंगबाण के पाठ भी श्रद्धानिष्ठापूर्वक करना समुचित एवमेव **ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः** इस बीज मंत्र का यथाशक्ति मानसिक जाप योग्य। अन्तिम व्रत दिवस पर हवन क्रिया के बाद बालक विद्यार्थी को लड्डुओं से भोजन करावें हवन समिधा खदिर-खैरकाष्ठ तथा दक्षिणा स्वरूप लाल वस्त्र, ताम्रपत्र, गुड, नारियल आदि का अनुदान योग्य। यह व्रत ऋण निवारक आर्थिक समस्या का समाधान सूचक एवं सन्तति सौख्य प्रदायक एवं आत्मशक्ति तत्व का विकास सूचक है

(४) ● **बुधवारव्रत विधि** -यह व्रत किसी शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार से प्रारंभ करें तथा २१ या ४५ व्रत करें। भोजन में हरे मूंग की दाल चाँवल की खिचड़ी, मूँग का हलवा, हरे मूँग की पकौड़ी ४-५ ग्रास लेवें, अन्य पदार्थ बाद में सेवन करें। भोजन करने के पूर्व ५-७ तुलसी पत्र गंगाजल या शुद्धजल के साथ सेवन करें। इन्हीं सेवनीय वस्तु का किसी अपंग अंगहीन को भोजन के पूर्व अनुदान करना भी योग्य। इस दिन हरे रंग का बनियान या वस्त्र धराण करें तथा **ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः** इस बीज मंत्र का यथाशक्ति मानसिक जाप योग्य। अन्तिम व्रत दिवस पर हवन क्रिया के बाद अंगहीन अथवा भिक्षुक को उपरोक्त वस्तु पदार्थ का ही भोजन करावें, हवन समिधा अपामार्ग आंधीझाड़ा तथा दक्षिणास्वरूप कांसी का पात्र, २ फल, हरा रूमाल वस्त्र, मूंग आदि का अनुदान करें। यह व्रत विद्या-बुद्धिवर्द्धक तथा व्यापार वृद्धि का सूचक इस दिन श्री गणेशजी के देवस्थान पर दर्शन तथा १ पावमोदक का प्रसाद अर्पण करना एवं गाय को हरी घास का अनुदान करना भी योग्य।

(५) ● **गुरूवारव्रत विधि** - यह व्रत किसी शुक्ल पक्ष के प्रथम गुरूवार से प्रारंभ करें तथा ३ वर्ष या १ वर्ष अथवा १६ संख्या के व्रत करने का विधान है। इस दिन कुछ हल्दी मिश्रित जल से स्नान करें तथा केसर या हल्दी का तिलक लगावें। तथा पीले रंग का बनियान या वस्त्र धारण करें। भोजन में चने की दाल से बने पदार्थ हलवा मोदक भूजिये केशरिया चांवल आदि पदार्थ प्रथम ७ ग्रास लेवें, अन्य पदार्थ बाद में लेवें। इन्हीं वस्तु का किसी पीली गाय को अथवा विद्यार्थी एवं अध्यापक को अनुदान करना भी योग्य। इस दिन केले के वृक्ष की पूजा दर्शन, जल प्रदान करना भी समुचित तथा जल में कुछ हल्दी सरसों मिलाकर जल प्रदान करें तथा **ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरूवे नमः** इस बीज मंत्र का यथाशक्ति मानसिक जाप योग्य। अन्तिम व्रत दिवस पर हवन क्रिया के बाद बालक-विद्यार्थियों को उपरोक्त वस्तु पदार्थ का भोजन करावें। हवन समिधा अश्वत्थ-पीपल काष्ठ तथा दक्षिणास्वरूप स्वर्ण, पीतल पात्र, पीले वस्त्र-रूमाल, पीला चन्दन गट्टा, चने की दाल, हल्दी आदि का यथाशक्ति अनुदान करें। यह व्रत विद्या बुद्धि प्रदाता तथा उत्तम स्थान पद प्रदायक, धन सम्पदा की स्थिरता हेतु एवं दाम्पत्य सौख्य, सन्तति सुख, यशवृद्धि सूचक है

(६) ● **शुक्रवार व्रत विधि** - यह व्रत किसी शुक्ल पक्ष के प्रथम शुक्रवार से प्रारंभ करें तथा २१ या ३१ व्रत करने का विधान है। इस दिन स्नान के बाद शुद्ध सफेद वस्त्र ही पहनें यथासंभव सफेद वर्ण की गाय के दर्शन तथा सर्वप्रथम १ या २ कन्या के दर्शन करें तथा श्रीफल नारियल देवें। भोजन में दूध, दही, चाँवल, खीर, घी, साबूदाना, सफेद मावा मिष्ठान्न, केला, जुवार, गेहूँ की रोटी आदि सफेद वस्तुमात्र सेवन करना ही योग्य है। तथा अन्य पदार्थ सेवन करना समुचित नहीं। तथा **ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः** इस बीज मंत्र का यथाशक्ति मानसिक जाप करें। रात्रिशयन सफेद चादर पर ही करें तथा भक्तिसंगीत श्रवण पठन मनन करते शयन करें। अन्तिम व्रत दिवस पर हवन क्रिया के बाद ६ कन्याओं को उपरोक्त वस्तुओं का भोजन करावें तथा दक्षिणास्वरूप सफेद वस्त्र रूमाल, श्रृंगारिक वस्तु, चाँदी का यथाशक्ति अनुदान एवं किसी एकाक्षि (एक आँख वाले) व्यक्ति को भी ये अनुदान योग्य। हवन समिधा गूलर-उदम्बर मान्य। यह व्रत अविवाहित स्त्री-पुरूष हेतु मनोकामना सिद्धि प्रदायक तथा दाम्पत्य सुख विवर्धक है एवं मांगलिक कार्य समाधान बनें। स्त्री-पुरूष एवं कुमार-कुमारी सभी वर्ग हेतु यह व्रत फलदायक है।

(७) ● **शनिवार व्रत विधि** - किसी शुक्ल पक्ष के प्रथम शनिवार से प्रारंभ करें तथा १९, ३१ या ५१ व्रत करने का विधान है। इस दिन स्नान के बाद तेल का अनुदान करना योग्य है तथा १ लोटा जल में कुछ काले तिल, लोंग, दूध, शकर आदि मिलाकर पीपल अथवा शमी-खेजड़ा के वृक्ष के दर्शन करते पश्चिम दिशा की तरफ मुख रखते जल प्रदान करें। भोजन में उड़द दाल से बने पदार्थ तथा विविध फल विशेषकर केला एवं तेल से निर्मित पदार्थ का सेवन प्रथम ५-७ ग्रास तक लेवें अन्य पदार्थ बाद में लेवें। इन्हीं वस्तु का अनुदान इस दिन किसी काले कुत्ते-भिक्षुक या निर्धन को देवें। काले रंग का बनियान धारण करें तथा **ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः** इस बीज मंत्र का मानसिक जाप यथेच्छा करें। अन्तिम व्रत दिवस पर हवन क्रिया के बाद यथाशक्ति तेल, तिल, छतरी, जूता, कम्बल, नीला काला वस्त्र, लोहा-कुर्सी, तिल के मोदक का अनुदान निर्धन व्यक्ति को करें। विशेषकर कबूतरों को दाना तथा चींटियों के बिल पर आटा डालना भी समुचित। हवन समिधा शमी-खेजड़ा। काले घोड़े की नाल अथवा नौका के किल से साधित मुद्रिका धारण करना भी समुचित। यह व्रत विविध सांसारिक विकार-विबाधा-अनिष्ट एवं शत्रु विनाशक है। यह व्रतादिक नियामक स्वानुभवगत तथा विविध शास्त्र नियामक से अंकित किया गया है। ग्रन्थान्तर भेद से स्वल्पान्तर नियामक हेतु अन्यथा विचार नहीं लेवें। तथापि सभी नियामक में यथा देशकाल स्थिति अनुसार व्यवहार कर्तव्यता समुचित है। परन्तु भोजन में भक्ष्य पदार्थ वस्त्र धारण अनुदान आदि का नियामक पूर्णतया परिपालन योग्य समझें।

✵ व्रत कब नष्ट हो जाता है (धर्म सिन्धु सूत्र) ✵

असकृज्जलपानाच्च सकृत्ताम्बूल चर्वणात्। उपवासः प्रणश्येत दिवास्वापाच्च मैथुनात्॥ व्रत दिवस पर बार बार जल पीना, एक बार भी पान खाना, दिन में सोना, स्त्री रंति प्रसंग आदि से व्रत नष्ट होता है।

❋ प्राण संकटे एवं सकृज्जलपाने दोषो नास्ति ❋

अर्थात् शरीर परिस्थिति विशेष पर एक से अधिक बार जल पीने से दोष नहीं। **अश्रुपातक्रोधादिना सद्यो व्रत नाशः परान्न भोजन चाऽपि** अर्थात् अश्रुपात रौदन, क्रोध, बहुभाषण, पराये अन्न का भोजन भी व्रत नाशक, इन विषयक बचाव रखना चाहिए।

✺ व्रत कब नष्ट नहीं होता है ✺

अष्टैतान्यव्रतघ्नानि आपो मूलं फलं पयः। हविर्ब्राह्मण काम्या च गुरौर्वचनमौषधम्॥ अर्थात् जल, मूलपदार्थ कन्द (भूमिगत उत्पन्न) सभी प्रकार के ऋतु फल, दूध एवं दूध से बने पदार्थ, हवन योग्य पदार्थ, विद्वान-वृद्धजन की इच्छा वचन, गुरू की आज्ञा तथा औषध सेवन आदि से धारित व्रत नष्ट नहीं होता है।

अथ सामान्यतो व्रत धर्माः

क्षमा सत्ये दया दानं शौचमिन्द्रिय निग्रहः। देवपूजा च हवनं सन्तोषः स्तेयवर्जनम्॥ अर्थात क्षमा, सत्यं, दया, दान, शौच, शुद्धि, इन्द्रीय नियंत्रण, इष्टदेव पूजा, हवन आत्म संतोष तथा चोरी नहीं करना तथा अतिलोभ-अनैतिक कार्य क्रिया से बचाव आदि सभी व्रत विषयक मान्य धर्मसूत्र हैं। ♠ ♣ ♠

नवीन विक्रम वर्षीय राजा विषये स्पष्टता

हमारे पास प्राय: प्रतिवर्ष पत्र आया करते हैं तथा संवत् के राजा-अधिपति हेतु उपालंभ लिखा जाता है एवं कई महानुभाव इतर अन्य पंचांगों में पृथक राजा का नाम देखते दोनों में से एक को अशुद्ध मानकर व्यर्थ ही विभ्रमयुक्त शंकास्पद बन पाते हैं। इस अभिलेख माध्यम से शंका समाधान यह कि प्रतिवर्ष राजा निर्णय विषय में शास्त्रीयव्यवस्था। चैत्रस्य प्रतिपच्शक्लार्कोदये प्रतिपत्तिथौ यो वासर: स राजा स्यात्तस्मिन्वर्षे ततः फलम्॥१॥ चैत्रस्य प्रतिपच्शुक्ला यत्रवारे प्रविशयति । सोऽपि वारो भवेद्राजातस्मिन् वर्षेततः फलम्॥२॥ दर्शप्रतिपत्संघौ चैत्रादौ योभवेद्वार: सोब्दपतिर्विज्ञेय: प्रतिपदि मध्याह्नकाले य: ॥३॥ बहुभि: कीर्त्तितो राजारवेरूदय कालिक: । तत्र भूपद्वये वृद्धौ भूपाभावस्तिथिक्षये ।४।। ग्रन्थान्तरेऽपि सूत्र रचना अमाप्रतिपदो: संधिर्मध्याह्नात् पूर्वतो यदि । तदात्तद्दिनृपो राजा परतश्चेतपरो भवेत् ॥५॥ चैत्रशुक्लाद्यदिवसे यो वार: सोऽब्दप: स्मृत: । शुभंवाप्यशुभं सर्वं तस्मादेव फलं स्मृतम् ॥६॥ उदये प्रतिपद्येवं मुहूर्त्तद्वयमस्तिचेत् । तस्मिन् दिने तु यो वार: स तु संवत्सरोऽधिप: ॥७॥ अभिप्राय सरलार्थ यह कि चैत्र शुक्ला प्रतिपदा १ को सूर्योदयकालिक समय का वार राजा संज्ञक होगा। अन्य मत यह भी कि चैत्र शुक्ला १ प्रतिपदा का मानक जिस वार में प्रवेश हो वही वार राजा होगा तथा मतान्तर यह भी कि प्रतिपदा मध्याह्न काल-समय का वार राजा होगा तथा चैत्र शुक्ला १ वृद्धि हो तो दोनों वारों का राजा एवं क्षय स्थिति में राजा का अभाव मानते हैं। कतिपय विज्ञ अमावस्या एवं प्रतिपदा संधि मध्याह्न से पूर्व होय वहीं दिवस का राजा तथा मध्याह्न काल से अग्रिम स्थिति पर द्वितीय दिवस का राजा मानते हैं। इत्यादि वचन मतभेद से पंचांगों में पृथक-पृथक पद्धति मान्यता व्यवस्था से राजा निर्णय में एक वार का अन्तरांश बन पाता है। इस विषयक उभय पक्ष में सूत्र-वचन है। हमारा अभिमत किसी को अप्रामाणिक कथन का नहीं। तथापि हमारे प्रायोगिक अनुभव में यही सारभूत निष्कर्ष आगम काल से रहा है कि नवीन प्रतिपदा का मान प्रवेश जिस समय हो वहीं वर्षेश - अधिपति राजा संज्ञक गणितागत नियामक से फलत: समुचित प्रतीत होता है। सुआशा है कि मानद ग्राहक महाशय विषय गरिमा सुतथ्य स्थिति पर ध्यान एवं मनन रखते विभ्रमशील नहीं रहेंगे। अस्तु

सप्तग्रह शुभाऽशुभ प्रतिफल प्रभाव

✿ **सूर्य**-राष्ट्रनायक - मन्त्री - मन्त्रिमण्डल सदस्य - राजपत्रित अधिकारी - शासकीय उच्च पदासीन वर्ग - सचिव - न्यायाधीश - अधीक्षक - अभियन्ता।

✿ **चन्द्र**-प्रजागण-जनसमाज-मध्यमवर्गीजन-महिला जगत।

✿ **मंगल** - सेनापति जल-थल-नभ, सभी वर्गीय सैनिक, चिकित्सक डॉक्टर-वैद्य, अणुशक्ति, आतंक, आन्दोलन, अग्निकाण्ड, हिंसक वर्ग, जन धन क्षति।

✿ **बुध** - लेखक, ग्रन्थकार, प्रकाशक, मुद्रक-समाचार जगत - पत्रकार - न्यूज पेपर, सम्पादक, वकील, राजदूत, बौद्धिकजीवी, स्वतंत्र कार्य क्रियाशील, व्यापारी।

✿ **गुरू** - न्यायाधीश, सभी न्यायालय वकील, आचार्य-मठाधीश-धर्माचार्य, मुद्राकोष बैंक कार्यशील वर्ग, उच्च उद्योगपति-श्रीमन्त वर्ग, व्याख्याता-कुलपति, वैज्ञानिक।

✿ **शुक्र** - चित्रकार, फिल्म उद्योग, फोटोग्राफर, नाटककार, गायक, वादक, नर्तक, महिला जगत, संगीतकार, फिल्म अभिनेता-अभिनेत्री, विविध उत्सव, सांसारिक भौतिक सुख।

✿ **शनि** - कृषि कर्म, कृषक, भूस्वामी, विविध खानें-भूगर्भीय पदार्थ, श्रमिक, मजदूर, खदान-खनिज, पत्थर व्यापारी, वयोवृद्धजन, स्मारक, प्राचीन स्थल, शासकीय सेवारत मध्यम वर्ग। **सप्त ग्रह गोचर ग्रह गतिचार चलन कलन शुभाऽशुभ प्रतिफल इन विषयक सहज भाव से प्रतीत होता है। सप्तग्रह दृष्टि न्यास, युति योग, षड़ाष्टक, समसप्तक ग्रहचार बनते इन पक्ष विषयक प्रभावशील प्रतिफल बन पाता है।**

द्वादश राशि चन्द्रफल सूत्र

स्वजन्मराशिमारभ्य चन्द्रराशि स्थितं फलम्।
आद्ये चन्द्रे शुभंज्ञेयं मनस्तोषं द्वितीयके ॥
तृतीये धन-सम्पत्तिश्चतुर्थे कलहागम: ।
पंचमे बुद्धिलाभश्च षष्ठे धान्यधनागम: ॥
सप्तमे राजसम्मानं चाष्टमे प्राणसंशय: ।
नवमे धर्मलाभ: स्यात् सिद्धिस्तु दशमे भवेत्।
एकादशे जयो नित्यं द्वादशे सर्वथा क्षति ॥

इत्यादि दैनिक चन्द्र स्थिति अनुसार अपनी जन्म नाम नक्षत्र राशि में इष्ट दिवस की चन्द्र राशि की गणना करके शुभाऽशुभ दैनिक प्रतिफल सुगमता से विदित कर सकते हैं।

देवानां कृते प्रियपत्रपुष्पाणि

शंकरस्य बिल्वपत्रं, विष्णोस्वतुलसीदलम्, गणेशस्य दुर्वान्कुरमं, अम्बायां नानाविध पुष्पाणि, सूर्यस्य रक्तं कन्वीरं पुष्पं, श्रीनाथ प्रभु: कमलप्रियम्॥ ♠ ♣ ♠

ग्रहजनित कुयोग रचना रोग विकार गति

✿ **सूर्य** - पित्त कुपित नेत्र विकार, अस्थिज्वर, अस्थिभंग, कर्णरोग, जलन, हृदयरोग, चित्तव्याकुलता, अग्नि-शस्त्र-काष्ठ-वाहन चोट, मस्तिष्क विकार, विविध ज्वर।

✿ **चन्द्र** - रक्त विकार, रक्तचाप, रक्त अल्पता, जलोदर, उन्माद, मति विभ्रम मानसिक प्रकोप, मानस अस्थिरता, शीत ज्वर, जुकाम, कफ विकार, पागलपन गतिमति।

✿ **मंगल** - पित्त प्रकोप, जलना, गिरना, गुप्त विकार, शिरशूल, मुख रोग, उदर विकार, फोड़े फुन्सी, आन्त्र रोग, बवासीर, खुजली, अल्सर, टाइफाइड-मोतीझरा, स्नायु दुर्बलता।

✿ **बुध** - वात-पित्त-कफ-चर्म-कर्ण आदि विकार, भ्रान्ति, गले एवं नासिका रोग, घाव का नहीं भरना, बौद्धिक असन्तुलन, पीलीया, खुजली, गुप्त रोग, उदर रोग, मधुमेह, मंदाग्नि, संग्रहणी, चेचक कुष्ठ, वाणि विकार, दाद, पक्षाघात

✿ **गुरू** - गठिया - कमर - वायु - कफ मुख आदि विकार, शोथ - सूजन, स्थूलता, दुर्बलता, पैर विकार, कब्ज, लीवर, कमर, कर्ण - विकार।

✿ **शुक्र** - शुक्र - वीर्य - मूत्र विषयक रोग, गुप्त रोग, स्नायविक दुर्बलता, मधुमेह कामान्ध वासना रोग, शीघ्रपतन, स्वप्न दोष, धातुक्षय, कफ-वायु विकार, कब्ज नेत्र रोग।

✿ **शनि** - पांव, घुटने, संधि स्थान विकार, पेट-मज्जा दुर्बलता, चोट-मोच संघात, रक्ताल्पता, वायु विकार, अंगवक्रता, पक्षाघात, गंजापन, केश न्यूनता, उन्माद, हृदय रोग।

✿ **राहु** - विविध अंग पीड़ा, रक्ताल्पता, त्वचा, मानस रोग, संक्रामक व्याधि, बवासीर, पशु विष जीव आदि से पीड़ा, वाहन पीड़ा, हाथ पैर सूजन, हृदय विकार।

✿ **केतु** - कामवासना सम - विषम से व्यथा, व्यवहार विकार, पाचन कमजोरी, गर्भपात, पथरी, गुप्त रोग एवं असाध्य रोग, खांसी, सर्दी, जुकाम तथा वात - पित्त जनित रोग विकार।

♣ **अखिलजगति पुंसां यज्ञयागादि कृत्यं, प्रभवति शुभकालाधीनमेवेह नित्यम्। स तु सुगणितगम्य - स्तन्यतेऽत: पवित्रं, विमलगणितयुक्तं पत्रमेतत्सचित्रम्॥ भवानीशंकरो यस्य माननीय: पितामह: । भारद्वाज - कुलोत्पन्न - रविशंकर शर्मण: ॥ सुत: शास्त्रीय आनन्द-स्वरूपो नीमच स्थित: । फलिते गणिते यश्च कुशलस्तेन निर्मितम् ॥ विशुद्धमेतत्पंचांगं बोभूयात् भूतले-सदा । व्यापारिणान्तु लाभाय हर्षाय विदुषां तथा ॥** ♣

स्मार्त्त - वैष्णव विभेद विषयेऽपि

**सूर्याद्भवन्ति भूतानि सूर्येण पालितानि तु।
सूर्ये लवं प्राप्नुवन्ति य: सूर्य: सोऽमेव च ॥
नमो विश्वप्रकाशाय सूर्ययामिततेजसे।
विश्ववन्द्यायगुरवे तद्धाम्ने च नमो नम: ॥**

व्रत पर्वादि लेखन में कभी स्मार्त्तानां (स्मा) अथवा वैष्णवानां-भागवतानां-निम्बार्काणाम् इत्यादि संज्ञा संकेत दिया जाता है एवं आस्थाशील धर्मनिष्ठ जनमानस विभ्रम में रह पाते हैं कि कौन संकेत का व्रत सम्पन्न किया जावे ? उन हेतु शास्त्रीय समाधान यह कि - धर्म सिन्धु काल माधव आदि व्रत पर्व निर्णायक ग्रन्थ में विचार विमर्श यह कि - अथात्र स्मार्त्त संज्ञा विषये - श्रौत - स्मार्त्त - पर्यवसितानां पंचरात्रादिदीक्षा - रहितानाम्। व्रताधिकारणो द्विविधा: - वैष्णवा: स्मार्त्ताश्च। तत्र यद्यपि "यस्य दीक्षास्ति वैष्णवी" इत्यादि लक्षण युक्ता वैष्णवास्तेद्भित्रा: स्मार्त्ता इति महानिबन्धेषूक्तम्॥

तथा च वैष्णव संज्ञा विषयेऽपि - पंचरात्रादिवैष्णव - वागमोक्त दीक्षां प्राप्तो वैष्णव: । समात्मा सर्वजीतेषु निजाचाराद विप्लुत:। विष्णवर्पिताऽखिलाचार: स हि वैष्णव उच्यते॥ पुनरपि संज्ञासूत्रम् - न चलति निज वर्णधर्मतो य: सममतिरात्म सुहृद विपक्ष पक्षे। न हरन्ति न च हन्तिक-ञ्चिदुच्चै: । सितमनसं तमवेहि विष्णुभक्तम्॥

इस विषयक सरल भावार्थ सरलार्थ यह कि जो जन समाज ने श्री रामानुजाचार्य अथवा श्री निम्बार्काचार्य अथवा श्री वल्लभाचार्य सम्प्रदाय विशेष के धर्माचार्य से निष्ठा सहित विधि विधान से दीक्षित होकर कण्ठी-तुलसीमाला तथा तिलक आदि नियम धारण करते तप्त मुद्रादि से शंख - चक्र अंकित करवाये हों, वे सभी वैष्णव संज्ञा के जन स्व स्व पंथ - मार्गीय संज्ञा का व्रत करें। तथा इस क्रिया से पृथक जन श्रुति - स्मृति के परिपालक-आस्तिक वेद-पुराणादि एवं पंचदेवोपासक "स्मार्त्त संज्ञा" में गणनीय होकर प्रथम पूर्व दिन के व्रत करने के स्पष्ट अधिकारी हैं। कर्मणोयस्य यत्कालस्तत्कालव्यापिनी तिथि-सूत्राधारम्। तथा जिनव्रत आदि पर "सर्वेषां" लिखा जाता है। यह व्रत दिवस सभी को समान रूप से आचरणीय है एवं विधवा स्त्रियों को दूसरे दिन का व्रत करने का एवं गृहस्थी को शुक्ल पक्षीय एकादशी तथा वानप्रस्थी सन्यासीगण दोनों पक्ष की एकादशी के अधिकारी हैं।

सुश्रुत-स्वास्थ्य संहिता

ॐ भद्रं कर्णेभि: श्रृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्रा:।
स्थिरैरंगैस्तुष्टुवा सस्तनुभिर्देवहितं यदायु: ॥

भावार्थ - हे देवो, हमारी जितनी आयु है उसमें कान-कर्णों से कल्याणकारी वार्ता ही सुने तथा नैत्र-चक्षुओं से कल्याणकारी पदार्थ ही देखें तथा हम सम्पूर्ण शरीर-आयु पर्यन्त अपने स्थिर (अविकल और दृढ) अंगों से (ईश्वर-सर्वेश्वर-परमात्मा) की आराधना करते हुए देवों का (पदार्थ मात्र का) हित ही करते रहें

ॐ द्यौ: शान्तिरन्तरिक्ष शान्ति: पृथिवी शान्तिराप: शान्तिरोषधय:
शान्ति: वनस्पतय: शान्तिर्विश्वेदेवा: शान्तिर्ब्रह्म शान्ति:
सर्व: शान्ति: शान्तिरेव शान्ति: सा मा शान्तिरेधि ॥
यतो यत: समीहसे ततो नोऽभयं कुरू।
शन्न: कुरू प्रजाभ्योऽभयन: पशुभ्य: सुशान्तिर्भवतु ॥

भावार्थ - स्वर्गलोक, आकाश, भूमि, वारि (जल) औषधि, वनस्पति, अशेष देवताओं तथा निराकार ब्रह्म में जो शान्ति है जो यथार्थ रूप में सर्वत्र शान्ति विद्यमान है वह प्रसिद्ध शान्ति मेरे लिये सर्वविध शान्तिकारक रहे। हे प्रभो! आप जिस जिस स्थान से समुचित समझते हैं उन उन स्थानों से हमें भय-विबाधा रहित करें। हमारी सन्तति हेतु सुख एवं हमारे पशुओं के लिये अभय देवें।

शतमिन्नु शरदो अन्ति देवा यत्रा नश्चक्रा जरसं तनूनाम्।
पुत्रासो यत्र पितरो भवन्ति मानो मध्या रीरिषतायुर्गन्तो: ॥

भावार्थ - हे देवगण। शत वर्ष-पर्यन्त आप निश्चयपूर्वक हमारे समीप रहें। सौ वर्षों में हमारे शरीर जीर्ण अथवा वृद्ध हो जायेंगे। हमारे पुत्र अपने आत्मजों के पिता-जनक हो जाएंगे। अर्थात् हम पौत्र-प्रपौत्र आदि वाले बन जायेंगे। अर्थात् हमारे जीवन को मध्य-बीच की आयु में ही नष्ट न करें। इत्यादिक वैदिक आयुष्य कामना सूत्रावली। इस मृत्युलोक में नैसर्गिक जन्म प्राप्त करके प्राथमिक रूप से पंचभौतिक शरीर, स्वास्थ्य, संरक्षा-सुरक्षा हेतु ही मनुष्य को लक्ष्य साधना रखना चाहिये। तदर्थ ही आयुर्विज्ञान विषयक सूत्र रचना -

सर्वमन्यत् परित्यज्य शरीरमनुपालयेत्।
तदभावे हि भावानां सर्वाभाव: शरीरिणाम् ॥
नगरी नगरस्येव रथस्येव रथी यथा।
स्वशरीरस्य मेधावी कृत्येष्ववहितो भवेत् ॥

भावार्थ - यह कि बुद्धिमान, प्रज्ञाशील पुरूष (नर-नारी) को चाहिये कि जिन आहार-विहारादि से शरीर का योगक्षेम-कल्याण हो तथा नाम-अनागत व्याधियों की अनुत्पत्ति एवं बलवीर्य-वर्णादि की प्राप्ति हो-उनके ही ज्ञान और अनुष्ठान हेतु दिनचर्या-रात्रिचर्या-ऋतुचर्या पर निरंतर ध्यान एवं प्रयत्नशील रहे। स्पष्टता यह भी कि धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष रूप पुरूषार्थों के आचरण में शरीर ही प्रमुख कारण है। कहा भी है - शेष सब कुछ छोड़कर पुरूष को शरीर का ही संरक्षण करना चाहिए। शरीर के अभाव में शेष सांसारिक सभी पदार्थों का अस्तित्व होते हुए भी उनका अभाव ही होता है। यथा नगरपति नगर के योगक्षेम के कार्यों में एवं रथी रथ के योगक्षेम के कार्यों में सुदक्ष-सावधान रहता है। वैसे ही प्रत्येक मेधावी-ज्ञानशील पुरूष को अपने शरीर के योगक्षेम में क्रियाशील रहना चाहिए एवं आभ्यंतर त्रिदोष (वात-पित्त-कफ) वैषम्यादि से तथा बाह्य बाहरी अहित वस्तुओं के संसर्ग से शरीर रक्षण तन्मयतापूर्वक करना चाहिए। तदर्थ ही आयुर्वेदोक्त सदुपदेश सूत्र -

आयु: कामयमानेन धर्मार्थसुखसाधनम्।
आयुर्वेदोपदेशेषु विधेय: परमादर: ॥ वाग्भट्ट ॥
धर्मार्थकाममोक्षाणामारोग्यं मूलमुत्तमम्।
रोगास्तस्यापहर्त्तार: श्रेयसो जीवितस्य च ॥ चरक संहिता सूत्र ॥

भावार्थ - यह कि धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष इन चार पुरूषार्थ के विकास कामना हेतु आयुर्वेदीय स्वास्थ्य रक्षा सूत्रों पर निष्ठापूर्वक प्रयास करना चाहिए। स्वस्थ आरोग्य युक्त शरीर ही उत्तम कारण है तथा इसके पतन विनाश का कारण रोग होते हैं। रोगी मनुष्य धर्मादिकों का साधन नहीं कर सकता, क्योंकि रोग सुख तथा जीवन के विनाशक ही होते हैं। तदर्थ ही आयुर्विज्ञान सूत्र -

तस्मादात्मवता नित्यमाहाराचारभैषजै:।
धीमता तदनुष्ठेयं स्वास्थ्यं येनानुवर्त्तते ॥

अभिप्राय यह कि पथ्यसेवी पुरूष आहार तथा आचार और शास्त्रीय औषधियों द्वारा ऐसा व्यवहार करें जिससे स्वास्थ्य की वृद्धि बनें। इस प्रकार शरीर स्वास्थ्य रक्षा का विशद वर्णन आयुर्वेद संहिता ग्रंथों में किया गया है। अत: अब यह प्रश्न विचार भी बनता है कि स्वास्थ्य की परिभाषा संज्ञा क्या है? तदर्थ ही स्वास्थ्य लक्षण एवं मूल तत्व विषयक सरल सारगर्भित बहुसम्मत आयुर्वेदोक्त सार्थक वचन सूत्र सुश्रुत संहिता-

समदोष: समाग्निश्च समधातुमलक्रिय:।
प्रसन्नात्मेन्द्रिय मना: स्वस्थ्य इत्यभिधीयते ॥

भावार्थ - यह कि जिस मनुष्य के शरीर में वात-पित्त-कफ ये तीनों विकार एवमेव रस-रक्त-मांस-मेद-अस्थि-मजा और शुक्र-वीर्य ये ७ सातों धातु जठराग्नि आदि सब अग्नि सम हो अर्थात् ये सभी अपना कार्य नैसर्गिक नियमानुसार और नियत समय पर उचित रीति से करते हों, मल-मूत्र उचित मात्रा में हो इसी प्रकार स्वेद आदि सभी धातुओं के मल भी ठीक मर्यादित परिमाण में हो, पंच ज्ञानेन्द्रिय तथा पंच कर्मेन्द्रिय के व्यापार चलने, फिरने, सोने, जागने नित्य के कार्यक्रम तथा देखने, सुनने, सूंघने, चखने और स्पर्श करने आदि यथा नियम बनतें हो उनमें कोई त्रुटि या कमी न हो, एवमेव आत्मा इन्द्रियां तथा मन प्रसन्नचित्त रहें। इस प्रकार की शरीर क्रिया बनते-रहते प्राणधारी मनुष्य को स्वस्थ्य-तन्दुरूस्त समझना चाहिये।

▲ वात धातु के व्यवस्थित रहने से श्वास का चलन कलन, बोलना, गाना-गायन, भोजन, जल आदि का आमाशय में पहुंचना तथा इनका व्यवस्थित पाचन-पचना, रस और मल-मूत्रादि का पृथक-पृथक यथा स्थान जाना, स्त्रियों के आर्तव-रजस्वला नियामक तथा गर्भादि का उचित समय पर क्रियारत होना, रूधिर-रक्त का पूरे शरीर में घूमना एवं ५ ज्ञानेन्द्रियों और ५ कर्मेन्द्रियों का अपने अपने व्यापार और चेष्टा में ठीक ठीक लगा रहना एवं मस्तिष्क सुषुम्ना काण्ड का सभी कार्य-व्यापार सोच विचार मानसिक क्रियाएं यह भी सभी वायु तत्व के सन्तुलित रहते स्वस्थ्य ठीक अन्यथा विपरीत स्थिति में इन सभी विषयक विकार दोष-रोग बन पाता है।

▲ पित्त-धातु के ठीक रहने से भोजन का पचना, रस से रक्त की रचना, रक्त से मांस मेद आदि धातु का निर्माण। बुद्धि-स्मृति आदि का सबल बनना तथा अपने अपने कर्तव्य के लिये सावधान रहना, एवमेव नेत्र ज्योति का सुखद प्रारूप। स्नान चन्दनादि लेपन-तैल अभ्यंग (मालिश) आदि का गुण शरीर में पहुंचना, शरीर का कोमल, तेजस्वी और सन्तुलित रहना गुण लाभ बनते हैं अन्यथा पित्त विकृति होते उपर्युक्त सभी कार्य सही सही नहीं होते हैं।

▲ कफ - कफ धातु के व्यवस्थित रहने से भोजन का स्वाद ठीक मालूम होना, मुख में ग्रास का गीला होना, मुख तर-तरल स्थिति का रहना, आमाशय में भोजन का नियमित समय पर पाचन होना, हृदय का तृप्त रहना, शरीरस्थ संधि संस्थान का चिकना और कार्यक्षम रहना, हिलने, डोलने, चलने-फिरने आदि कार्यों का सही सही होना तथा त्वचा चमड़ी का स्निग्ध एवं तेजस्वी रहना। ये सभी वार्त्ता-क्रियायें उचित सन्तुलित मात्रा में बनी रहती है तथा कफ विकृति बनते इन सभी वार्त्ता विषय पर कुप्रभाव बन जाता है।

▲ जठराग्नि अर्थात पाचन शक्ति - शरीरस्थ ये अग्नि चार प्रकार की होती है १ मन्दाग्नि २ तीक्ष्णाग्नि ३ विषमाग्नि ४ समाग्नि। शरीर में कफ की अधिकता से मन्दाग्नि, पित्त की अधिकता से तीक्ष्णाग्नि एवं वायु की विषमता से विषमाग्नि होती है। मन्दाग्नि से अल्प भोजन भी देरी एवं कठिनता से पचता है। तीक्ष्णाग्नि से भूख बहुत लगती है और भोजन तत्काल पच जाता है। विषमाग्नि से कभी भोजन पचता है कभी नहीं पचता। इन सभी अग्नियों में समाग्नि वस्तुत: योग्य विषयक रचना है। इससे भोजन उचित मात्रा में उचित समय पर किया हुआ और देश ऋतु प्रकृति अनुसार भोजन आहार ग्रहण करते नियमित पचन-पाचन क्रम तथा बल शक्ति वर्धक होता है। अत: समाग्नि ही सर्वश्रेष्ठ अग्नि संज्ञा आयुर्वेद में वर्णित है।

▲ प्रसन्नात्मेन्द्रियमना: - इसका सरलार्थ यह कि जिनकी आत्मा-इन्द्रियां और मन प्रसन्न हैं वे ही पूर्णतया निरोगी स्वस्थ्य हैं अन्यथा पूर्णतया स्वस्थ्य संज्ञा के नहीं रहते हैं। जो व्यक्ति आहार-विहार विचार में इन्द्रियों पर संयम-सन्तुलन तथा मन पर नियंत्रण एवं विशेषकर अति काम-क्रोध-लोभ-मोह-मद-मत्सर (ईर्ष्या)-राग-द्वेष आदि कुवृत्ति-दुर्गति के कारण सूचक इन उपर्युक्त विषय वार्त्ता पर पूर्णतया नियंत्रण रखने में सफल बन पाते हैं। उन्हीं मानव-व्यक्ति का योगक्षेम-परम कल्याण-सुख शांति विधायक जन जीवन चरितार्थ बनता है तथा इस भूलोक पर धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष आदि पुरूषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति में सफलता प्राप्तकरते मानद यशस्वी एवं स्तरीय जनजीवन की पात्रता सरलता से ही प्राप्त कर सकते हैं। यह आयुर्विज्ञान का परम सत्य-प्रमुख अन्तिम शाश्वत नियम सूत्र है। तदर्थ एक सर्वमान्य श्लोक रचना भी है।

............अवशेष भाग उच: पान गुण अग्रिम पृष्ठ पर

ज्योतिष द्वारा रोग निदान

ग्रहों का शुभाऽशुभ असर पृथ्वी के प्रत्येक प्राणी पर पड़ता है, यह निर्विवाद सत्य है। समस्त प्राणियों में मानव सर्वश्रेष्ठ है इसी कारण उसने अपने अनुभव द्वारा यह जानने का प्रयत्न किया कि जगत के कल्याण के लिए ज्योतिष-विज्ञान द्वारा यह सिद्ध कर दिखाया जाए कि ये ग्रह अपने नैसर्गिक प्रभामण्डल जनित रश्मि प्रसारण गुण-धर्म, रूप-रंग स्वभाव आदि शिशु-पिण्ड पर गर्भावस्था से ही दिखाते हैं यथाअनुक्रम रचना वराह मिहिर: -

१. प्रथम मास का स्वामी	मंगल	कलल (समिश्रण) शुक्र डिम्बाणु
२. द्वितीय मास का स्वामी	शुक्र	पेशी (अण्डा) प्रारूप - पिण्ड
३. तृतीय मास का स्वामी	बृहस्पति	अवयव-लिंगादि रचना
४. चतुर्थ मास का स्वामी	सूर्य	हड्डी, नस व जोड़ों की नस
५. पंचम मास का स्वामी	चन्द्रमा	चमड़ी-पृष्ठावरण रचना
६. षष्ठम मास का स्वामी	शनि	रूधिर, रोम, नखादि
७. सप्तम मास का स्वामी	चंद्र	चित्त में चैतन्यता प्राण रचना
८. अष्टम मास का स्वामी	लग्नेश	ओज, भूख, प्यास और स्वादगति
९. नवम मास का स्वामी	चन्द्रमा	बाहर निकलने की इच्छा
१०. दशम मास का स्वामी	सूर्य	और दशम मास तक जातक

बीवन समस्त अवयवों से परिपूर्ण होकर सूर्य के स्वामित्व में गर्भ से बाहर आता है। अत: जन्म से मरण तक जीव ग्रहों के चक्रव्यूह में रहता है। इन्हीं ग्रहों के शुभाऽशुभ प्रभाव के कारण इस जगत में नाना प्रकार के रूप-रंग, गुण-स्वभाव दिखाई पड़ते हैं। साथ ही उत्तम स्वास्थ्य का तथा रोग का होना ग्रहों की शुभाशुभ स्थिति पर अवलम्बित है। आयुर्वेद में वात, पित्त और कफ तीन विकारों की न्यूनाधिक रचना गति प्रमाण पर वर्णित है और इसी आधार पर ही कुशल वैद्यक (चिकित्सक) नाड़ी परीक्षण करते ही अपना निदान निश्चित करते हैं। प्रवीण वैद्य आयुर्वेद के अनुसार रोग का निदान रोगी की जिह्वा, नेत्र, त्वचा, मल-मूत्र व नाड़ी आदि अष्टविधि के आधार पर करते हैं। उसी तरह कुशल ज्योतिषज्ञ सम्पूर्ण ज्योतिष शास्त्र के अनुसार रोगी को न देखते हुए भी केवल उसकी जन्म कुण्डली लग्न-लग्नेश भाव, राशि, लग्न, ग्रह, युति, दृष्टि योग आदि से रोग निदान, शरीर के किस भाव पर पड़ रहा है, यह सहज विदित कर लेते हैं। यथा मौलिक गुणधर्म (१) वात - शनि, राहु, केतु (२) पित्त - सूर्य, मंगल (३) कफ - चंद्रमा, बृहस्पति (४) वात - कफात्मक - चंद्र, शुक्र (५) त्रिक्षेषात्मक - बुध (६) द्वंद्वज - विभिन्न ग्रहानुसार प्रतिफल निर्णय

✱ मानव प्रकृति प्रतिफल सूत्र ✱

● वात प्रकृति - अल्पकेश: कृशो रूक्षो वाचलाश्चलमानस:।
आकाशचारी स्वप्नेषु वातप्रकृतिको नर: ॥

● पित्त प्रकृति - अकाले पलितैर्व्याप्तो धीमान्स्वेदी च रोषण:।
स्वप्नेषु ज्योतिषां द्रष्टा पित्तप्रकृतिको नर: ॥

● कफ प्रकृति - गम्भीर बुद्धि: स्थूलांग्न: स्निग्धकेशो महाबल:।
स्वप्ने जलाशयालोकी श्लेष्म प्रकृतिको नर: ॥

● मिश्र प्रकृति - ज्ञात्वा मिश्राचिह्नैश्च द्वित्रिदोषोल्वणा नरा:।

रोगों की उत्पत्ति विशेषत: अशुभ ग्रहों के होने से, कुण्डली के किस भाव में अशुभ ग्रह पड़ा है तथा किस भाव से पीड़ा या रोग होना निश्चित है, यह नीचे लिखे अनुसार जाना जा सकता है - **प्रथम भाव से** - मुख, दांत, गला, जीभ, मस्तक में पीड़ा। **द्वितीय भाव से** - मुख व दाहिना नेत्र। **तृतीय भाव से** - कान, गर्दन व हाथ। **चतुर्थ भाव से** - पेट, कंधा, छाती। **पंचम भाव से** - कमर के उपर का भाग व जांघ। **षष्ठ भाव से** - दाहिना पांव व गुह्य भाग। **सप्तम भाव से** - नाभि स्थल व पेट का मध्य भाग। **अष्टम भाव से** - बायां पांव व गुह्य भाग व पुट्ठे। **नवम भाव से** - कमर के बीच का भाग **दशम भाव से** - पेट व कंधा। **एकादश भाव से** - बांया हाथ, कान और गर्दन। **द्वादश भाव से** - बांयीं आंख व पैर का तलुवा।

उपर लिखे हुए द्वादश भाव में से किसी भी भाव में यदि पाप ग्रह स्थित हो या उन ग्रहों की युति, प्रतियुति, दृष्टि आदि का अवलोकन कर शरीर के उसी भाग में पीड़ा व रोग का होना निश्चित किया जाता है। जन्मस्थ ग्रहों के बलाबल व कुण्डली में उनकी स्थिति के अनुसार अल्पकाल और दीर्घकाल के रोगों का पता लगाया जाता है। ग्रह गोचर के अनुसार भी व्यक्ति न्यूनाधिक रोगी होता है यह ग्रहों की गोचर स्थिति के अनुसार पता चलता है कि कौन सा ग्रह किस भाव में कितने समय के आगमन तथा उसके शुभाऽशुभ प्रभाव से ग्रसित हैं। यथा **सूर्य** - एक मास। **चन्द्रमा** - सवा दो दिन। **मंगल** - डेढ मास। **बुध** - एक मास। **बृहस्पति** - तेरह मास। **शुक्र** - अट्ठाईस दिन। **शनि** - ढाई वर्ष एवं **राहु-केतु** का गतिक्रम डेढ वर्ष लगभग नैसर्गिक गति नियामक से बन पाता है। परन्तु किस ग्रह से कौन सा रोग उत्पन्न होता है और उसका परिणाम शरीर पर कितना बुरा होगा, यह जानना आवश्यक है - **(१) सूर्य** - हृदय का भाग, मस्तक का मुख के पास पीड़ा, रक्तस्राव, नेत्र पीड़ा, दृष्टि दोष, हृदय रोग, मूर्छा, बुखार, पित्त, पीठ व पैरों में दर्द आदि। **(२) चन्द्रमा** - पेट में विकार, छाती में तकलीफ, जलोदर, सर्दी का बुखार, स्त्री प्रदर रोग, आर्तव दोष, अपस्मार, मृगी, सहन शक्ति आदि। **(३) बुध** - मस्तिष्क विकार, गला व गर्दन में पीड़ा, गण्डमाला, मज्जातन्तु की दुर्व्यवस्था, वाणी दोष, मानसिक व्यथा, सिरदर्द, गुह्य रोग, नपुंसकता आदि। **(४) बृहस्पति** - लीवर की बीमारी, रक्त संचय, दन्तरोग, घाव, कफ, नजला, जुकाम, खांसी, गुल्म रोग आदि। **(५) शुक्र** - वीर्यदोष, गर्मी, बादी, मूत्र विषय रोग, मधुमेह एवं रतिजन्य अन्य रोग। **(६) मंगल** - रक्तनाश, फोड़े, फुंसी, मुहांसे, खुजली, नाक का रोग, गुहा रोग, चीरफाड़, रक्तदोष, पित्त, अंड वृद्धि, व्रणरोग, अग्निपीड़ा आदि। **(७) शनि** - संधिवात (जोड़ों का दर्द, गठिया), अर्धांग वायु, वायु विकार, क्षयरोग (टी.बी.), खांसी, दमा, दाढ का दर्द, अपचन, वात विकार, नपुंसकता, दीर्घकालीन रोग आदि। **(८) राहु** - देवी प्रकोप, अपस्मार, प्रेत-पिशाच पीड़ा, अरूचि, दुष्ट विचार, शराब आदि नशा करना व आत्महत्या की प्रवृत्ति। **(९) केतु** - शत्रु का कपट, अपने से निम्न व्यक्तियों द्वारा पीड़ा, नि:संतान रहना तथा शारीरिक विकास में न्यूनता कमजोरी-मानसिक विभ्रमता।

शरीर में जिस धातु विकार का अधिपति जो ग्रह हो उसका जप, होम, दान आदि करने से मनुष्य रोग, शोक व भय से मुक्त होकर यश, बल व सुख को प्राप्त होता है। कहा जाता है कि मंत्र, तीर्थ, ब्राह्मण, देवता, ज्योतिषी, औषधि तथा गुरू में जिसकी जैसी भावना होती है, उसे वैसी ही सिद्धि मिलती है।

● **यथाशास्त्रीयसूत्रम् - मन्त्रे तीर्थे द्विजे देवे भेषजे च तथा गुरौ।**
यादृशी भावना यस्य सिद्धिर्भवति तादृशी ॥

●▲● गर्भाधान - प्रजनन सूत्र - प्रयोग ●▲●

(१) कामान्मिथुनसंयोगे शुद्धशोणित शुक्रज:। गर्भ: संजायेत नार्या: स जातो बाल उच्यते ॥ रति सुख या प्रजोत्पत्ति मनोकामना से नर-नारी के मध्य परस्पर आकर्षण उत्पन्न होता है एवं दोनों की उपस्थेन्द्रियों का स्नेहज प्रगाढ सम्मिलन होकर शुद्ध रज-डिम्बाणु तथा विशुद्ध शुक्र-वीर्य का संयोग बनते नारी के गर्भाशय में गर्भोत्पत्ति का प्रारूप चरितार्थ होता है एवं मासानुमासिक अभिवर्धित होते जब परिपक्व होकर जन्म लेता है उसे जातक अथवा बाल संज्ञा का स्वरूप मिलता है। (२) पुत्र-कन्या पक्ष हित आयुर्वेदशास्त्रीय वचन सूत्र-आधिक्ये रजस: कन्या पुत्र: शुक्राधिके भवेत्। नपुंसकं समत्वेन यथेच्छा पारमेश्वरी ॥ पवित्र रज+शुक्र का गर्भाशय में संयोग बनते-उस समय डिम्बाणु रज का परिमाण अधिक होने पर कन्या जन्म और यदि वीर्य (शुक्र) का परिमाण अधिक होने पर पुत्रोत्पत्ति का नियामक आयुर्वेद शास्त्र में वर्णित है। (३) रति विषय वासना एवं गर्भाधान प्रक्रिया हेतु शास्त्रकारों ने कतिपय सूत्र वर्जित क्षण-काल-दिवस का भी विवेचन किया है। यथा संभव इन सूत्रों पर सुविज्ञ नर-नारी को ध्यान में रखना चाहिये। चतुर्दश्यष्टमी चैव अमावस्या च पूर्णिमा। पर्वाण्येतानि राजेन्द्र ! रविसंक्रान्तिरेव च ॥ भावार्थ यह कि भद्रा-चतुर्थी-षष्ठी-अष्टमी-नवमी-चतुर्दशी-अमावस्या-पूर्णिमा आदि तिथि तथा रवि संक्रान्ति दिवस, संध्याकाल, माता पिता श्राद्ध दिवस-सूर्य चन्द्र ग्रहण दिवस एवं मंगल-रवि-शनिवार तथा रजस्वला ऋतुधर्म के आरंभ से ४ रात्रि गर्भाधान विषय में त्याग करें। इस नियामक पर ध्यान रखने से गर्भ प्रजनन एवं रचना कार्य शुभ होता है। (४) पुत्रोत्पत्ति की कामना हेतु भी शास्त्रीय वचन विशेष यह कि - युग्मासु पुत्रा जायन्ते स्त्रियोऽयुग्मासु रात्रिषु। तस्माद्युग्मासु पुत्रार्थी संविशेदार्त्तवे स्त्रियम् ॥ भावार्थ यह कि सम संख्यक दिवस ६-८-१०-१२-१४-१६ वीं रात्रि तथा कन्योत्पत्ति कामना हेतु ५-७-९-११-१३-१५ वीं रात्रि में स्त्री सम्भोग करना चाहिये। (५) इस पंचभौतिक शरीर में माता से उत्पन्न होने वाला भाग - शरीर का कोमल भाग यथा-रक्त, मांस, मज्जा, गुदा आदि। पिता प्रकृति जनित भाग - स्थिर (ठोस) वस्तु तथा शुक्र, धमनी, अस्थि, बाल आदि। उभय आत्मशक्ति द्वारा - चित्त (मन) इन्द्रियां आदि। (६) शुद्ध शुक्र (वीर्य) के लक्षण-शुक्रं शुक्लं गुरू स्निग्धं मधुरं बहलं बहु। धृतमाक्षिकतैलाभं सदगर्भायआर्तवं पुन: ॥ भावार्थ-यह स्फटिक श्वेत वर्ण का द्रव समान, स्निग्ध-चिकना, प्रगाढ, शहद के समान गंध वाला, अथवा तैल या शहद के समान शुक्र का रंग भी माना है तथा स्त्री के शुद्ध आर्त्तव रज के लक्षण - शशासृक् प्रतिमं ऋतु यद्वा लाक्षारसोपमम्। तदार्न्तवं प्रशंसन्ति यद्वासौ न विरंजयेत् ॥धौतं शशास्नाभं यच्च विरज्यते ॥ भावार्थ - शुद्ध रज लाख के रस या शशक (खरगोश) के रक्त के समान होता है तथा धोने पर वस्त्र-कपड़े से रंग चला जाता है। (७) पति-पत्नी रतिप्रसंग संभोग समय कृत संकल्प मन का वेग मनेच्छा ही महत्वपूर्ण स्तंभ है। जितना अधिक पौरूषीय वेग होगा उतना ही प्रबल पुल्लिंग योग अन्यथा स्थितियों में स्त्री लिंग की प्रधानता। सम्भोग दिवस पर सूर्यास्त पूर्व ही सुपाच्य भोजन करें तथा १-२ पके केले, चांवल-बूरा-देशी घी-दही-दूध से बने पदार्थ ही पुरूष सेवन करें।

❄✱❄ ग्रह शान्ति विधान - रत्न धारण नियामक ❄✱❄

उपरत्न	ग्रह का नाम	रत्न	कम से कम वजन	धातु आसन	किस अंगुली में पहनें ?	धारण वार
लालड़ी लाल पोटा	सूर्य	Rubby माणिक	५ रत्ती २।। के.	सोना ताँबा	अनामिका	रवि
चन्द्रमणि श्वेताभ	चंद्र	Pearl मोती	५ रत्ती २।। के.	चाँदी रजत	कनिष्ठिका अनामिका	सोम
विद्रुम	मंगल	Coral मूंगा	८ रत्ती ४ के.	सोना या ताँबा	अनामिका तर्जनी	मंगल
आनेक्स हरा नग	बुध	Emerald पन्ना	६ रत्ती ३ के.	सोना काँसी	कनिष्ठिका	बुध
सुनहला पीला	गुरू	Topaz पुखराज	५ रत्ती २।। के.	सोना पीतल	तर्जनी	गुरू
जरकन सफेद	शुक्र	Diamond हीरा	२ रत्ती १ के.	सोना शीशा पंचधातु	कनिष्ठिका मध्यमा	शुक्र
नीलमणि नीला नग	शनि	Saphire नीलम	५ रत्ती २।। के.	पंचधातु लोहा सोना	मध्यमा	शनि
फिरोजा समनील	राहु	Zircan गोमेद	७ रत्ती ३।। के.	पंचधातु रांगा	मध्यमा	शनि
लाजवर्द वैदूर्य	केतु	Cat's Eye लहसुनिया	७ रत्ती ३।। के.	पंचधातु जस्ता	कनिष्ठिका	बुध

आपकी जन्म दिनांक	भाग्यांक व प्रभावी ग्रह
१-१०-१९-२८	१-सूर्य
२-११-२०-२९	२-चंद्र
३-१२-२१-३०	३-गुरू
४-१३-२२-३१	४-प्रजापति
५-१४-२३	५-बुध
६-१५-२४	६-शुक्र
७-१६-२५	७-वरुण
८-१७-२६	८-शनि
९-१८-२७	९-मंगल

● **संकेत** - रत्न-नगों के वजन कम से कम उल्लेखित है। शक्ति सामर्थ्य अनुसार विशेष वजन के प्रभावी भी धारण कर सकते हैं।

● **पंच धातु नियामक** - सोना, चाँदी, ताम्बा, काँसी, लोहा एक समान मात्रा भाग में लेना सन्मार्गसूचक है।



● गण्डमूलादि गण्डान्तष नक्षत्राणि - चरणपाद फलं च ●

नक्षत्राणि	अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती
प्रथम पाद	पितृ प्रभार	सौख्यम्	मातृ प्रभार	भातृ प्रभार	पितृ प्रभार	लाभप्रदम्
द्वितीय पाद	सौख्यम्	धन प्रभार	पितृ प्रभार	भातृ प्रभार	मातृ प्रभार	सौख्यद
तृतीय पाद	सुयोगम्	मातृ प्रभार	सौख्यद	मातृ प्रभार	धन प्रभार	सुफलप्रदम्
चतुर्थ पाद	सौख्यद	पितृ प्रभार	शुभफलद	स्वयं प्रभार	सौख्यम्	कष्टसूचकम्

इन ६ गण्ड मूलादि नक्षत्रों में जन्म प्राप्त किये सन्तति-नवजातक का प्रतिफल उपर्युक्त चक्रानुसार जानना चाहिये। प्रभार से कष्ट सूचक, सौख्यद से शुभ फल, इन नक्षत्र में जन्म होने पर २७ वें दिन इन नक्षत्र विषयक हवन-शांति विधान आदि कार्य सम्पन्न करने से दोष विशेष प्रभावशील नहीं होता है।

● गणितागत-नवग्रह स्पष्टता अनुसार ●

नक्षत्र चरण प्रवेश समय-विबोधक सारिणी

राशि	नक्षत्र-चरण	रा.अं.क.	राशि	नक्षत्र-चरण	रा.अं.क.	राशि	नक्षत्र-चरण	रा.अं.क.
मेष	अश्विनी १	०-०-०	सिंह	पू.फा.१	४-१३-२०	धनु	उषा. १	८-२६-४०
मेष	अश्विनी २	०-३-२०	सिंह	पू.फा.२	४-१६-४०	मकर	उषा. २	९-०-०
मेष	अश्विनी ३	०-६-४०	सिंह	पू.फा.३	४-२०-०	मकर	उषा. ३	९-३-२०
मेष	अश्विनी ४	०-१०-०	सिंह	पू.फा.४	४-२३-२०	मकर	उषा. ४	९-६-४०
मेष	भरणी १	०-१३-२०	सिंह	उ.फा.१	४-२६-४०	मकर	श्रवण १	९-१०-०
मेष	भरणी २	०-१६-४०	कन्या	उ.फा.२	५-०-०	मकर	श्रवण २	९-१३-२०
मेष	भरणी ३	०-२०-०	कन्या	उ.फा.३	५-३-२०	मकर	श्रवण ३	९-१६-४०
मेष	भरणी ४	०-२३-२०	कन्या	उ.फा.४	५-६-४०	मकर	श्रवण ४	९-२०-०
मेष	कृतिका १	०-२६-४०	कन्या	हस्त १	५-१०-०	मकर	घनिष्ठा १	९-२३-२०
वृषभ	कृतिका २	१-०-०	कन्या	हस्त २	५-१३-२०	मकर	घनिष्ठा २	९-२६-४०
वृषभ	कृतिका ३	१-३-२०	कन्या	हस्त ३	५-१६-४०	कुंभ	घनिष्ठा ३	१०-०-०
वृषभ	कृतिका ४	१-६-४०	कन्या	हस्त ४	५-२०-०	कुंभ	घनिष्ठा ४	१०-३-२०
वृषभ	रोहिणी १	१-१०-०	कन्या	चित्रा १	५-२३-२०	कुंभ	शतभिषा १	१०-६-४०
वृषभ	रोहिणी २	१-१३-२०	कन्या	चित्रा २	५-२६-४०	कुंभ	शतभिषा २	१०-१०-०
वृषभ	रोहिणी ३	१-१६-४०	तुला	चित्रा ३	६-०-०	कुंभ	शतभिषा ३	१०-१३-२०
वृषभ	रोहिणी ४	१-२०-०	तुला	चित्रा ४	६-३-२०	कुंभ	शतभिषा ४	१०-१६-४०
वृषभ	मृगशिरा १	१-२३-२०	तुला	स्वाति १	६-६-४०	कुंभ	पूभा.१	१०-२०-०
वृषभ	मृगशिरा २	१-२६-४०	तुला	स्वाति २	६-१०-०	कुंभ	पूभा.२	१०-२३-२०
मिथुन	मृगशिरा ३	२-०-०	तुला	स्वाति ३	६-१३-२०	कुंभ	पूभा.३	१०-२६-४०
मिथुन	मृगशिरा ४	२-३-२०	तुला	स्वाति ४	६-१६-४०	मीन	पूभा.४	११-०-०
मिथुन	आर्द्रा १	२-६-४०	तुला	विशाखा १	६-२०-०	मीन	उभा.१	११-३-२०
मिथुन	आर्द्रा २	२-१०-०	तुला	विशाखा २	६-२३-२०	मीन	उभा.२	११-६-४०
मिथुन	आर्द्रा ३	२-१३-२०	तुला	विशाखा ३	६-२६-४०	मीन	उभा.३	११-१०-०
मिथुन	आर्द्रा ४	२-१६-४०	वृश्चिक	विशाखा ४	७-०-०	मीन	उभा.४	११-१३-२०
मिथुन	पुनर्वसु १	२-२०-०	वृश्चिक	अनुराधा १	७-३-२०	मीन	रेवती १	११-१६-४०
मिथुन	पुनर्वसु २	२-२३-२०	वृश्चिक	अनुराधा २	७-६-४०	मीन	रेवती २	११-२०-००
मिथुन	पुनर्वसु ३	२-२६-४०	वृश्चिक	अनुराधा ३	७-१०-०	मीन	रेवती ३	११-२३-२०
कर्क	पुनर्वसु ४	३-०-०	वृश्चिक	अनुराधा ४	७-१३-२०	मीन	रेवती ४	११-२६-४०
कर्क	पुष्य १	३-३-२०	वृश्चिक	ज्येष्ठा १	७-१६-४०	मीन	चरणपर्यन्त	१२-०-००
कर्क	पुष्य २	३-६-४०	वृश्चिक	ज्येष्ठा २	७-२०-०			
कर्क	पुष्य ३	३-१०-०	वृश्चिक	ज्येष्ठा ३	७-२३-२०			
कर्क	पुष्य ४	३-१३-२०	वृश्चिक	ज्येष्ठा ४	७-२६-४०			
कर्क	आश्लेषा १	३-१६-४०	धनु	मूल १	८-०-०			
कर्क	आश्लेषा २	३-२०-०	धनु	मूल २	८-३-२०			
कर्क	आश्लेषा ३	३-२३-२०	धनु	मूल ३	८-६-४०			
कर्क	आश्लेषा ४	३-२६-४०	धनु	मूल ४	८-१०-०			
सिंह	मघा १	४-०-०	धनु	पूषा. १	८-१३-२०			
सिंह	मघा २	४-३-२०	धनु	पूषा. २	८-१६-४०			
सिंह	मघा ३	४-६-४०	धनु	पूषा. ३	८-२०-०			
सिंह	मघा ४	४-१०-०	धनु	पूषा. ४	८-२३-२०			

सूर्य तथा चन्द्रमादि ग्रह अश्विनी आदि २७ नक्षत्रों के कान्तिवृत्त का पूरा परिभ्रमण करने में अपनी अपनी गतिमापक से पृथक पृथक समय लेते हैं। क्रान्तिवृत्त का मानक ३६० अंश का होता है एवं ३६० अंश में २७ का भाग देने से प्रत्येक नक्षत्र का माध्यमिक मानक १३ अंश २० कला बनता है तथा प्रत्येक नक्षत्र के ४ चरण होने से प्रत्येक नक्षत्र के १ चरण का मानक (१३-२०) भागित ४ करने से प्रति एक चरण का मानक ३ अंश २० कला बनेगा। तथा ०-०-० से चरण मान प्रारंभ होकर अग्रिम ३ अंश २० कला क्रम से १-२-३-४ चरण का गतिक्रम चरितार्थ होता है।

❄ जीवन पथ-कार्य व्यवसाय ❄

● ग्रह जनित संरचना नियामक से शिक्षा-वृत्ति विबोधन ●

ग्रहजनित संरचना योगानुयोग दृष्टि सम्बंधी भाव वर्ग संज्ञा विशेष अनुसार ग्रहों के प्रभावोत्पादक कार्य विषय का चयन कर व्यक्ति अपना भावी कैरियर-कार्य व्यवसाय का निर्धारण करने में सक्षम बन पाता है और अपने अपने क्षेत्र में कार्य योजना निर्धारित कर जीवन यापन का मार्ग तय कर सकते हैं। इसमें दशम राज्य भावेश-दशमेश एवं दशम भाव पर ग्रहदृष्टि, दशम स्थान पर किन ग्रहों का अस्तित्व विशेषकर है, यह विचारणीय विषय है। दशम स्थान पाप ग्रह अवलोकित दुष्कर कार्य रचना से धनोपार्जन प्रदायक एवं शुभग्रह अवलोकित शुभ पुण्यद-सुखद कार्य से धनोपार्जन में योगदान प्रदान करता है। कई व्यक्ति अपने क्षेत्र में विपुल धन-सम्पदा प्राप्त करते यशस्वी बनते हैं तथापि विशेषकर इस यश सम्पदा से वंचित ही प्रतीत होते हैं। इस विषय हेतु दशम भाव-लाभेश-लग्नेश-पराक्रमेश-भाग्येश-धनेश की भाव स्थिति रचना पर गहनता से विश्लेषण कर विचार विमर्श करना योग्य समाधान सूचक सूत्र भी स्पष्ट है। इस सन्दर्भ प्रकरण में ग्रहजनित कार्य गुण धर्म व्यवसाय पर शास्त्रोक्त एवं स्वानुभवगत सुतथ्य निर्णयसागरीय पंचांग अनुरागियों हेतु प्रस्तुत है।

(१) ❄ **सूर्य** - पुलिस विभाग, आरक्षी नायक, गुप्तचर, अपराध नियंत्रण निदेशक, विविध खेल खिलाड़ी, सेना-विभिन्न पदों पर नायक, वकालात, औषध निर्माण, विशेष जीवनीय औषध रचना, चिकित्सक, चाय-बागान-चाय कॉफी उद्योग, उनी वस्त्र, स्वर्णकारी, फोटोग्राफर, ठेकेदारी, जंगलात कार्य, भू-खनिज कार्य-सर्वेक्षण, वनविभागीय कार्य, राजकीय सेवा-विशेष पदाधिकार, विज्ञान-अनुसंधान-शोध कार्य, पी.एच.डी., अंग्रेजी भाषा, अर्थशास्त्र, शिल्पशास्त्र, चिकित्साशास्त्र, भूगर्भशास्त्र, प्रशासनिक राज्य शासन पद, गवर्नर, मन्त्री, प्रेसिडेन्ट, उच्च अभियंता, निदेशक-शासक, इमारती लकड़ी, टिम्बर, फर्नीचर, बिजली कार्य-इलेक्ट्रॉनिक, जवाहरात कार्य, जल संवहन जहाज कार्य तथा लाल वस्तु ताम्बा धातु सुयोग प्रदायक।

(२) ❄ **चन्द्र** - सुलेखन, अभिनय-अभिनेता, कवि, साहित्यकार, फिल्म निर्माण, टी.वी. सीरियल कार्य, अनुसंधान सिंचाई विभाग कार्य, कृषि कार्य, मछली उद्योग, जौहरी, जल तरल कार्य पदार्थ, जलसेना विभाग, रंग रसायन, मादक पदार्थ-शराब उद्योग, शरबत, दूध, दही, डीजल-पेट्रोल, वाहन-चालक, होटल, रेस्टॉरेन्ट, नित्य उपयोगी खाद्य पदार्थ विक्रय-निर्माण, इत्र-सुगंधी कार्य, मिष्ठान्न कार्य, स्त्री उपयोगी सामान निर्माण, पशु-पालन, डेयरी फार्म, वनस्पतिशास्त्र, पदार्थ विज्ञान, मौसम विज्ञान, नर्स-कम्पाउण्डर, कागज, शकर, घी, मोती, चाँदी धातु सुयोग प्रदायक।

(३) ❄ **मंगल** - आलोचक, पत्रकार, संवाददाता, लेखक, गणितज्ञ, ईंजीनियर, वैद्य, डॉक्टर, शल्य-सर्जरी चिकित्सक, शौर्य-पुरूषार्थ कार्य, जादूगर, पुलिस अधिकारी-आरक्षी नायक, दार्शनिक, पत्रकार, फोटोग्राफी, बैकरी, अग्नि समीप कार्यकारक, बिजली वस्तु क्रय-विक्रय, भूगर्भ खनिज कार्य, भूमि भवन निर्माण-बिल्डर्स, किराया-सूद ब्याज कार्य, मांस विक्रय, आतिश वस्तु पटाखा निर्माण, कृषि कर्म, जमीन जायदाद क्रय-विक्रय, खेल खिलाड़ी-खेल वस्तु प्रसाधन निर्माण, होटल व्यवसाय तथा गणित-इतिहास-रसायन-इन्जीनियर-भूगर्भ खनिज-गृहशास्त्र-भूगोल।

(४) ❄ **बुध**-परिवहन संचार-यातायात आडिटर, पोस्ट विभाग, कोरियर सेवा, रिसर्च शोध-स्कालर, सम्पादन, रिपोर्टर, टाईपिस्ट, कम्प्यूटर सेवा, शेयर मार्केट कार्य, कमीशन एजेन्ट-दलाल, वकील, बैंक-बीमा, मनोविज्ञान, लेन-देन, धन सम्पदा विनियोजक, लेखाधिकारी, मुद्रक, क्लर्क, स्टेशनरी, राजदूत, एकाउन्टेन्ट, साहित्यकार, प्रोफेसर, प्राचार्य, अध्यापन-कोचिंग क्लासेस, आमोद-प्रमोद खेल सामान, प्रकाशन, पर्यटन-यातायात-ट्रेफिक-डिजाईनर, मैनेजमेन्ट-व्यवस्थापन-मैनेजर, नक्शा नवीस, तम्बाकु-घड़ी-टेलीविजन-ब्रोकरशिप-इंजीनियर आदि कार्यधारक।

(५) ❄ **गुरू** - उपदेशक, आचार्य, मठाधीश, महन्त, दार्शनिक, कथावान, अध्यापन, कोचिंग क्लास, वकील, न्यायाधीश, कानूनवेत्ता, न्यायालय विभागीय कार्य, राजनेता, नायक-लीडरशिप, राजनीतिज्ञ, समाजसेवक, धर्माचार्य-पुजारी, परिवहन-यातायात कार्य, रसायनवेत्ता, टेक्स सलाहकार, टैक्स विभागीय सेवाकार्य, औषध विज्ञाता एवं निर्माता सुवक्ता, लेन-देन-सूद-ब्याज-किराया आमद, राजदूत, एम.पी., एम.एल.ऐ., प्रशासकीय पद विशेष नायक, नीति निर्णायक, योजना प्रदायक, तथा आर्थिक वित्तनीति रीति व्यवहार समायोजक कार्य, स्वर्ण, फल आयात निर्यात, मोम, शहद, पीले रंग की वस्तु व्यवसाय सुयोग प्रदायक तथा शोध विषयक पी.एच.डी. उपाधि विभूषित होने का सुयोग भी बने।

(६) ❄ **शुक्र** - राजनीतिज्ञ, निदेशक, सेक्रेटरी, अभिनेता, सरपंच, पटवारी, प्रधान, चित्रकारी, दूरदर्शन, टी.वी. चलचित्र-सिनेमा, वीडियो फिल्म, फोटोग्राफी, न्यायाधीश, ठेकेदारी, स्वर संगीत शिक्षक, गायक, वाद्य यंत्र सामान निर्माता-विक्रेता, वस्त्र बुनकर कार्य, डिजाइनर, मुनीम, समाजसेवक, नाट्यकला, अभिनय, फिल्म निर्माण, इनकम टैक्स-सेल टैक्स वकील, पायलट, ड्राईवर, विविध वाहन चालक, कवि, सोना-चाँदी सर्राफी कार्य, विदेशी मुद्रा कार्य, रेडिमेड वस्त्र, वस्त्र व्यवसाय विशेषज्ञ, फल व्यापार, शेयर मार्केट कार्य, सुगंध श्रृंगार वस्तु कार्य-विक्रय एवं निर्माण-फैन्सी प्रसाधन-दूरसंचार सेवा-मोबाईल सर्विस आदि कार्य धारक बनते हैं।

(७) ❄ **शनि** - भाषाविद्, दुभाषिया कार्य, लेखन, समाजसेवा, गाईड, निर्माता, बिल्डर्स, भू-खनिज सम्पदा कार्य, राजदूत, केशियर, निदेशक, वकील, रोड निर्माण कार्य, ठेकेदारी, पब्लिक सर्विस कार्य, श्रम विभाग कार्य, जमीन लेनदेन, कृषि यंत्र निर्माण तथा विक्रय, लोहा-वेल्डिंग कार्य, विविध यंत्र, मशीनरी, रेल्वे ठेकेदारी, सप्लायर, मेकेनिकल ईंजीनियर, विद्युत विभाग सेवा, बिजली सामान, पम्प-मोटर-गैस कार्य, मुद्रण कला, भवन निर्माण, स्वतंत्र एवं शासकीय ठेकेदारी, श्रमिक नेता आदि कार्य श्रीकार तथा चर्म उद्योग, मुर्गीपालन, पोलेट्री फार्म, उन, हाथी दांत कार्य, लोहा, कोयला, पेट्रोल-डीजल-चमड़ा, गैस-ईंधन, सीमेन्ट, लोहा-सरिया तथा रिफायनरी, नर्सरी, टेलरिंग, हाथकरघा-वीविंग बुनाई-वस्त्र मिल विषयक कार्य व्यवसाय भी धारक श्रीकार बनते हैं।

(८) ❄ **राहु-केतु** - छाया ग्रहों का प्रभाव भी जातक की जीवन शैली कार्य रचना-उद्योग व्यवसाय पर प्रभावी बनता है। इनके मूल प्रभाव अनुसार विमान सेवा, विद्युत, मोबाईल, टेलीफोन, दूरसंचार, शोध-गवेषणा कार्य, प्राणरक्षक विशेष औषध निर्माण करना बनता है। यह राजनीतिज्ञ-राजनेता बनाने में भी क्षमता रखता है। विषय निर्धारण चयन में उपर बताए गए ग्रहों का दशमेश से सम्बंध व अन्य भाव स्वामियों से सम्बंध आदि का विचार करके निर्णय लेना योग्य रहता है तथा सर्जरी-मंत्र-कूटनीति-गुप्त अंगशास्त्र-रतिशास्त्र-कॉमर्स-शिल्प-सर्जरी आदि कार्य व्यवसाय भी धारक रहते हैं। राहु-केतु भी जिस ग्रह भाव से सम्बंधशील बने उसका भी प्रभाव स्पष्ट बन पाता है।

❄ पदोन्नति पक्ष सुयोग ❄

शासकीय सेवालीन प्रति व्यक्ति की यह मनोकामना होती है कि वह पदोन्नति प्राप्त करे और मानद जीवन स्तर प्राप्त करते मान प्रतिष्ठा में अभिवृद्धि लेवें। ज्योतिष फलित नियामक अनुसार यदि जन्मपत्रिका में शुभ एवं प्रभावी ग्रह दशम स्थान भाव एवं दशमेश अथवा सूर्य से सम्बंध स्थापित करें तो वे शुभ प्रभावी ग्रह जातक के लिये अपनी दशा-अन्तरदशा में उन्नतिकारक सिद्ध होते हैं। एवमेव इसी विषयक भाव प्रतिफल स्पष्टता यह भी कि - ● दशमेश स्वगृही, उच्च आदि बली स्थिति में केन्द्र या त्रिकोण भाव में स्थित होवें। ● दशमेश अन्य सुयोग प्रदायक ग्रह के साथ अनुकूल स्थिति में निर्दोष रूप में स्थित होवें। ● लग्नेश-लग्नपति दशम भाव अथवा दशमेश के साथ स्वगृही हो या उच्च राशि का होवे। ● स्वराशि-उच्चराशि में स्थित सूर्य भी पदोन्नति प्रदायक अपनी दशा-अन्तरदशा में पदोन्नति प्रदान करता है। ● भाग्येश दशमेश की युति अथवा अपनी मित्र-उच्च-स्वराशि की रचना स्थिति दशा अन्तरदशा में उन्नति प्रदायक। ● जन्म पत्रिका में दशम भाव अथवा दशमेश से लग्नेश युति करता हो अथवा ५-९ भाव में स्थित हो तो गोचर में लग्नेश के दशम भाव अथवा दशमेश से त्रिकोण भाव में जाने पर अनुकूल उन्नति योग बनें। ● गुरू दशम भाव अथवा दशमेश से युति या त्रिकोण ५-९ भाव में सम्बंध स्थापित करता हो तथा बली वर्ग का हो तो गोचर में त्रिकोण स्थिति बनने पर भी पदोन्नति योग।

जन्मनक्षत्र फलश्रुति

हमारी पृथ्वी से नक्षत्र और चन्द्र का समीपस्थ होना गणितागत नियामक से स्पष्ट ही है। अतएव अन्य ग्रहजनित रश्मि प्रसारण के प्रभाव-प्रतिफल की अपेक्षा नक्षत्रनायक-अधिपति शशिराज-चन्द्रमा की विगणना शुभाऽशुभ अनुसंधान की प्रक्रिया आगकाल से ही सुप्रचलित है। एवमेव जन्म नक्षत्र का फलाशय जन्म के साथ ही देखा जाता है। जन्म नक्षत्र अनुसार व्यक्तित्व-वर्ण-स्वभाव-प्रकृति-व्यवहार कृतित्व आदि की रचना बन पाती है। यथा स्वाति नक्षत्र सूर्य रहते प्रवर्षण-वर्षा की बूंद मात्र सीप में प्रविष्ट होते मोती का रूप धारण तथा चित्रा-हस्त नक्षत्र के सूर्य किरणों में कृमि-कीटाणुओं का विनाश करने की क्षमता बनना आदि प्रतिफल प्रत्यक्ष अनुभव में आता है। इसी समाधान सूत्र से जन्म नक्षत्र फलाशय का सार्थक स्वरूप निर्णयसागीय पंचांग अनुरागियों हेतु प्रस्तुत।

(१) ❁ **अश्विनी** - देह आकृति से सुखद वर्ण प्रतिभा सामान्य ठीक, अपने कार्य संचालन में सुदक्ष, विलासी, धन सम्पदायुक्त, कलाप्रिय, दिशा-योजना निर्देशक, तकनीकी विषय ज्ञाता, मनोवैज्ञानिक, देश-विदेश यात्रा रूचि, अवसरवादी, व्यावसायिक गति मति।

(२) ❁ **भरणी** - सामान्य वर्ण, लोभी, स्वकार्य संचालन दक्षता, स्वार्थी, चतुर, अति उत्साही, अन्वेषक, ज्ञानसम्पन्न, प्रशासनिक क्षमता, समाजसेवी, अभिनेता, कलाप्रिय, कूटनीतिज्ञ, यशस्वी।

(३) ❁ **कृतिका** - स्वाभिमानी, प्रख्यात, तेजस्वी, वाचाल, विलासप्रिय, कला विषय विज्ञाता, दम्भी, परस्त्री आसक्त, भोगी, व्यवहार प्रिय, परिश्रमी, नेतृत्वक्षमता, साधन सम्पन्न, कर्मठ, न्याय प्रिय, कल्पनाशील, पर्यटन प्रवास में अभिरूचि।

(४) ❁ **रोहिणी** - मर्यादाशील, श्रीमन्त, अपने धन का संग्रही-परद्रव्य त्यागी, सौन्दर्यप्रेमी, विलासी, कामुक, मधुरभाषी, स्पष्टवक्ता, मध्यम कद-काठी, विवादी, ईर्ष्यालु, तथापि समाज सुधारक, गुण सम्पन्न, सेवाभावी।

(५) ❁ **मृगशिरा** - देह आकृति से ठीक, मनसा असन्तुष्ट, समाजप्रिय, अपने कार्य में सुदक्ष, चपल-चंचल, न्याय प्रदाता, संगीतप्रेमी, अभिनेता, सफल व्यवसायी, अन्वेषक, अल्पव्यवहारी, परोपकारी, नेतृत्व क्षमताशील

(६) ❁ **आर्द्रा** - वृथाभाषी, स्वाभिमानी, देहस्वरूप से ठीक, कल्पनाप्रिय, सद्गुणी, संघर्षशील, सिद्धान्तकारी, मनसा उदार, धनिक, प्रगतिशील, अनियमित दिनचर्या, विलासी-विकारी, असन्तोषी, वंशानुगत प्राप्त सम्पदा उपभोक्ता।

(७) ❁ **पुनर्वसु** - नीतिशील, गायक, संगीतप्रेमी, सतोगुणी, मादक उपभोक्ता, शान्त प्रवृत्ति, भोगी, व्यसनी, योजना निर्माता, दिशानिदेशक, भावुक मनोवृत्ति, आत्मविश्वासी, निष्ठाशील, शरीर वर्ण प्रतिभा से सामान्य योगद।

(८) ❁ **पुष्य** - ज्ञानी-विवेकशील, जितेन्द्रिय, धनवान, धर्मपरिपालक, सर्वप्रिय, गुणी, शान्त, तथापि चपल-अस्थिर स्वभाव, परिश्रमी, स्वकार्य में दक्ष, दूरदर्शी, अन्वेषक, न्याय प्रदाता, विलासी, धनसम्पदा, सांसारिक सुख उपभोक्ता।

(९) ❁ **आश्लेषा** - निन्दक, बहुभाषी, संचयी, चालाक, उच्च आकांक्षाशील, स्वाभिमानी, दृढ निश्चयी, संघर्षशील, धनोपासक, शरीर वर्ण से सामान्य, राजनीति-सामाज में गतिशील नायक मनोवृत्ति विशेष।

(१०) ❁ **मघा** - उत्साही, चपल, चंचल, भौतिक सुख भावना, समाज-देश के प्रति निष्ठाशील, गुप्तप्रेमी, स्त्रीद्वेषी, स्वतंत्र कार्य व्यवसाय में गतिमान सुदृढ शरीर, अस्थिर स्वभाव, अल्पमित्रता वाले, भौतिक सुख उपभोक्ता, उन्नत महत्वाकांक्षी।

(११) ❁ **पूर्वाफाल्गुनी** - प्रवास पर्यटनशील, मधुरभाषी, सेवाभावी, स्वाभिमानी, हठी, स्वर संगीत कला विद्या प्रेमी, योजना निर्माता, निदेशक, नायक, संघर्षशील, स्वार्थसाधक, नेतृत्वशक्तियुक्त, गोधूम वर्ण, विलक्षण प्रतिभा एवं धनी मानी।

(१२) ❁ **उत्तराफाल्गुनी** - ज्ञान विवेक प्रतिभाशील, उदारवादी, विद्यावान, जनसमाज-राष्ट्रप्रेमी, संस्कारित, शिक्षाविद्, लोक उपकारी, भावुक, सामान्य वर्ण-कद, अल्प परिवार एवं अल्पभाषी, सुलेखक, गुप्तप्रेमी, धन सम्पदा प्रतिभाशील।

(१३) ❁ **हस्त**-अपने कार्य में सुदक्ष, परद्रव्य हरण मनोवृत्ति, व्यसनप्रिय, स्पष्टवादी, समाजसेवी, विचारवान, कलावान, शिक्षाविद्, मार्गदर्शक, अल्पकामी, गोधूमवर्ण, उन्नत शरीर, मान सम्मान के अनुरागी तथा संघर्षशील मनोवृत्ति बनें।

(१४) ❁ **चित्रा** - विषय वासनाभोगी, सौन्दर्य अभिलाषी, उत्तम नेत्र, शरीर कद सामान्य, संशयी स्वभाव, वैज्ञानिक-आविष्कारक, समाजसेवी, प्रदर्शन रहित जीवन, कोमल हृदय, परिधान वेशभूषा के प्रेमी, धन सम्पदा सामान्य तथापि रहन सहन ठीक बनें।

(१५) ❁ **स्वाति** - अपने कार्य में सुदक्ष, कमीशन एजेन्ट, धन लेन-देन, आर्थिक व्यवसाय में चतुर, मधुरभाषी, दयालु, नीतिमान, धर्माभिमानी, उद्योगकार्य संचालन में अभिरूचि, सौन्दर्य श्रृंगार प्रेमी, लोकप्रसिद्ध, समाजसेवी, उत्साही।

(१६) ❁ **विशाखा** - स्वार्थशील, प्रलोभी, कलहप्रिय, स्वतंत्र विचारक, सिद्धान्तवादी, अन्वेषक, वैज्ञानिक, दृढ निश्चय मनोवृत्ति, आलोचक, कलाकार, समीक्षक, तर्क-वितर्क, संघर्षप्रेमी, सामान्य धनसम्पदाशील एवं धुन मिजाज के प्रवृत्ति वाले।

(१७) ❁ **अनुराधा** - प्रवासी पर्यटनशील प्रकृति, धन सम्पदाशील, परिधान आभूषण एवं परिवेश प्रिय, सौम्य व्यक्तित्व, शरीर वर्ण प्रतिभायुक्त, कोमल, अपने कार्य में सुदक्ष, आस्थावान, प्रकृति प्रेमी, स्वतंत्र कार्य उद्योग संचालक, व्यवहार कुशल, लोकनायक।

(१८) ❁ **ज्येष्ठा** - स्वतंत्र विचारक, कुपित-आवेश प्रकृति, अल्प व्यवहारी, संघर्षशील, वाद प्रतिवाद में निपुण, संकल्पवान एवं स्वाभिमानी मनोवृत्ति, मध्यम शरीर वर्ण प्रतिभा, सामान्य धनसम्पदा, क्रांतिकारी, कठोर परिश्रमी, अन्वेषक मनोत्साही, तथा माता-बन्धु आदि से व्यवहार न्यूनता

(१९) ❁ **मूल** - यशस्वी, समाजसेवी, कला विज्ञान विज्ञाता, राजनेता, नेतृत्व शक्ति, संकल्पशील, शरीर मध्यम सशक्त देह, कर्मठ, उत्तम विचारक, कामुक, विलासप्रिय, धनसम्पदाशील, साहसी, व्यवहार कुशल, मानव धर्मउपासक, समाजसेवी।

(२०) ❁ **पूर्वाषाढा** - महिला प्रेमी, विद्वान, वाचाल, साहसी, संघर्षशील, दृढ निश्चयी, गुप्तप्रेमी, नीति निर्माता, कूटनीतिज्ञ, स्वकार्यकुशल, सम्पादक, धैर्यवान, भाग्यवादी, सन्तोषी, शरीर वर्ण प्रतिभा सहित, व्यक्तित्व विधायक बन पाते हैं।

(२१) ❁ **उत्तराषाढ** - व्यवहार कुशल, अभिनेता, जनसमाज-राजनीति में गतिशील, मानवधर्मप्रेमी, अवसरवादी, यात्रा प्रवास-पर्यटनशील, स्वभाव से हठी, ज्ञान-विज्ञान विज्ञाता, चतुर, वाक्पटु, मान-सम्मान इच्छुक, राजकाज में अभिरूचिशील।

(२२) ❁ **श्रवण** - शरीर वर्ण प्रतिभा सम्पन्न, आकर्षक प्रारूप, सद्विचारक, नीतिशील, दिशानिदेशक, अभिनेता, कलाप्रिय, यशस्वी, उदार, जन समाज एवं देशप्रेमी, प्रगतिशील, सेवाभावी, सर्वप्रिय, परिश्रमी-संघर्षरत, महत्वाकांक्षी, नेतृत्व क्षमता।

(२३) ❁ **धनिष्ठा** - असंतोषी, हठी, संघर्षशील, स्वाभिमानी, स्पष्टवादी, उच्च विचारक, मनस्वी, वाचाल, चपल, स्थूल तथा मध्यम शरीर कद, नेतृत्व क्षमता, यात्रा प्रवास, पर्यटनप्रेमी, सामान्य धनसम्पदा, व्यय खर्च आसक्त, संगीतप्रेमी।

(२४) ❁ **शतभिषा** - कामवासना, भोगविलास आसक्त, यशस्वी, व्यवहार कुशल, वयोवृद्धसेवी, नीति निर्माता, दिशा निदेशक, ज्ञानी, मानी, गुणग्राही, संघर्षशील, परोपकारी, गुप्तप्रेमी, लेखक, उत्साही, विचारक, एकान्तप्रिय, विषय विज्ञाता, धनसम्पदाशील।

(२५) ❁ **पूर्वाभाद्रपद** - स्पष्टवादी, अल्पव्यवहारी, असंतुष्ट, नियम नियामक विज्ञाता, कृपण, धनसम्पदाशील, अपने कार्य में सुदक्ष, श्रम साधनाशील, भावुक, कोमल विचारक, सौम्य प्रकृति, वासनाभोगी, चिन्तक, भयभीत, आतुर मनोवृत्ति

(२६) ❁ **उत्तराभाद्रपद** - लोकप्रिय, आयोजक-समायोजक, ज्ञान-विज्ञान कलाप्रेमी, विचारक, मधुरवक्ता, स्वाभिमानी, बुद्धिमान, कलाकार, लेखक, व्यवसाय निपुण, प्रकृति प्रेमी, सन्तुलित भाषी, तथापि विवादग्रस्त, संग्राहक मनोवृत्तिशील।

(२७) ❁ **रेवती** - शरीर देह आकृति से प्रतिभाशील, सुधारवादी, जनसमाज एवं देशप्रेमी, अपने कार्य में चतुर, नीति निर्माता, दिशा निदेशक, स्वार्थशील मनोवृत्ति, विवादग्रस्त, तथापि लोकप्रिय, अन्वेषक, अनुसंधानशील गतिमति, योग्य विचारक, सामाजिक नेतृत्व क्षमता प्रदायक।

द्वादशजन्मलग्नफलश्रुतिः तथा च द्वादशजन्मराशिफलाशयश्रुतिः भावीफलसूत्रम्

१ मेषलग्ने समुत्पन्नश्चण्डो मानी सकोपकः ।
सुधीः स्वजनहन्ता च विक्रमी पर वत्सलः ॥
मेष लग्न वाले जीव स्पष्टवादी, अभिमानी, कुपित परन्तु गुणवान, निज पराक्रम से यशस्वी, परिवार वालों से पृथक तथा अन्य जीवों का प्रेमी, धन सम्पदायुक्त तथा गुणग्राही रहता है।

२ वृषलग्नोभवो बाल्ये गुरूभक्तः प्रियंवदः ।
गुणीकृती धनी लुब्धः शूरः सर्वजनप्रियः ॥
वृषभ लग्न वाले जीव मानव धर्म आस्थाशील गुणी जीवों का प्रेमी, प्रियवादी गुणशील, बुद्धिमान, धनवान, लोभी, पराक्रमी तथा जनसमाज का स्नेहभाजन एवं स्वकार्य कुशल होता है।

३ मिथुनोदयसंजातो मानी स्वजनवल्लभः ।
त्यागीभोगी धनीकामी दीर्घसूत्रोऽरिममर्दकः ॥
मिथुनलग्न वाले जीव मानी, बन्धुजनों का प्रेमी दानी-भोगी, शान्त गति से क्रियाशील, शत्रुहन्ता तथा वाहन सुख मित्र युक्त, उच्च जीवों के समीप, सहवासशील, नीतिमान् चतुर तथा बहुत सम्पर्क वाले होते हैं।

४ कर्कलग्ने समुत्पन्नो भोगी धर्मजनप्रियः ।
मिष्ठान्नपानसंयुक्तः सुभगः सुजनप्रियः ॥
कर्क लग्न वाला जीव भोगी, मानव धर्म उपासक मिष्ठान प्रेमी, धन-सम्पदाक ऐश्वर्य से सम्पन्न, उदार मनोवृत्ति, जलप्रिय, विनम्र परन्तु चपल बुद्धि, तत्वग्राही मनोवृत्तिशील होवे।

५ सिंहलग्नोदये जातो भोगी शत्रुविमर्दकः ।
स्वल्पोदरोऽल्पपुत्रश्च सोत्साही रण विक्रमी ॥
सिंह लग्न वाला जीव संसार भोगी, शत्रुनाशक, अल्पाहारी, परिवार नियोजक, पराक्रमशील, कर्मवादी साथ ही स्वाभिमानी प्रकृति विशेष रहे।

६ कन्यालग्नभवो बालो नानाशास्त्र विशारदः ।
सौभाग्यगुण सम्पन्नः सुन्दरः सुरतप्रियः ॥
कन्या लग्न वाला जीव विविध कला में प्रवीण, रूचिशील, कल्याण-शान्ति-विधायक, सौन्दर्य अभिलाषी, साफ-स्वच्छता का प्रेमी, नित्य लक्ष्मीयुत तथा कामी वासना प्रधानमति एवं विषय ज्ञानी एवं समलिंगिक रूचिशील होते हैं।

७ तुलालग्नोदये जातः सुधीः सत्कर्म जीविकः ।
विद्वान सर्वकलाभिज्ञो धनाढ्यो जनपूजितः ॥
तुला लग्न वाला जीव ज्ञानशील, विवेकी, सतकार्ययुक्त, मान-सम्मान वाला, धनसम्पदाशील अनेक कलाओं द्वारा जीवनयापन वाला, जनसमाज में पूज्य वाणिज्य कार्य में कुशल रहे।

८ वृंश्चिकोदयसंजातः शौर्यवानतिदुष्टधीः ।
विज्ञान ज्ञान सम्पन्न सुखीसुविग्रहः सुधीः ॥
वृश्चिक लग्न वाला जीव पराक्रम शक्तिशील, प्रपंचकर्ता, चतुर, स्वार्थी, वाद-विवाद में प्रवीण, विचारशील, वंश में प्रधान, हठवादी, साथ ही ज्ञान दम्भशील रहे।

९ धनुर्लग्नोदये जातौ नीतिमान् धर्मवान्, सुधीः ।
कुलमध्ये प्रधानश्च प्राज्ञः सर्वस्य पोषकः ॥
धनुलग्न वाला जीव धर्मिष्ठ, कुल वंश में प्रधान, सभी का परिपालक, सुन्दर, ज्ञानी, दृढ संकल्प वाला, राजसेवा कार्य तथा नीतिरीति निपुण रहे। विविध कला का परिज्ञाता, सतोगुणी, सुखद स्वभावयुक्त रहे।

१० मकरोदयसंजातो नीचकर्मा बहुप्रजः ।
लुब्धोऽलसो विनष्टश्च स्वकार्येषु कृतोद्यमः ॥
मकर लग्न वाला जीव लोभी, नीचकार्य में लीन, बहु उद्देश्य वाला तथा आलस्यमय, अपने कार्य में दक्ष, हठवादी, संहारक, स्वार्थ तत्व प्रधान रहे।

११ कुंभलग्ने नरे जातोऽचलचित्तोऽति सौहृदः ।
परदाररतो नित्यं मृदुकार्ये महासुखी ॥
कुम्भ लग्नवाला जीव धीर गंभीर, स्थिर मतिशील, स्पष्टवादी, कामवासना में मनोवृत्ति, भौतिकवादी, सुखभोक्ता, मित्रप्रेमी, आडम्बरशील रहे।

१२ मीनलग्नोदये जातो रत्नकांचनपूरितः ।
अल्पकामः कृशांगश्च दीर्घकालविचिन्तकः ॥
मीनलग्न वाला जीव धन-सम्पदायुक्त, अल्पकामी, चिन्तनशील-विचारक, स्वार्थ साधक, चतुर, शरीर प्रारूप सौन्दर्य सहित तथा अनेक कलाओं से जन जीवन युक्त एवं जीवनीय स्तर मानद् वर्ग का बनें।

* जन्मराशि फल स्पष्टता *

मेष - चपल नेत्र, विकारयुक्त, सिद्धान्तशील, गुणग्राही, मानद, उच्चाऽभिलाषी, नारी उत्थान प्रिय, उदार, जलाघाती, उद्यमी, सहज कुपित-सहज शांत, राजसेवी, अल्पभोजी, मानव सेवावादी, स्पष्टवादी।

वृषभ - पवित्र मानस, भोगी, दानी, मित्र मण्डलयुक्त, विलासी, चतुर, दम्भी, सभादक्ष, स्त्रीप्रिय, परोपकारी, धन सम्पदायुक्त, सत्यभाषी, स्वास्थ्य प्रिय, अल्प सन्तोषी, परिवार वल्लभ, प्रवीण

मिथुन - मधुर, भाषी, चपल नैत्र, दयावान, गायक, रतिप्रेमी, धनवान गुणवान, यथार्थवादी, अधिक भाषी, दृढ संकल्पशील, न्यायप्रिय, यशमान युक्त, गुणी कलाविद्, दृढ मैत्रीकारक चतुर।

कर्क - कर्मशील, धनवान, बलवान, मनोविकारी, हठवादी, कुटिल वृत्ति, कुपित, मानवतावादी, दुःखभोगी, मित्रप्रिय, शिरपीड़ित गुणवान, देश-विदेश प्रवासी, वस्तु संग्राहक गति-मति शील-चपल।

सिंह - क्षमावान, व्यसनी, विविध क्रियारत, यात्राप्रवास प्रिय, शीत भय, सहज कुपित, मित्रशील, परिवार प्रिय, उच्चाऽभिलाषी, शत्रुहन्ता, धनसम्पदायुक्त, विविधकला ज्ञाता।

कन्या - स्त्री विकार, प्रवास प्रिय, संगीत अभिरूचि, मानवतावादी, कलाकार, वृद्धवत् आचरणयुक्त, दयावान, सज्जनों का प्रेमी, परिवार प्रिय, उच्चाऽभिलाषी, धन सम्पदायुक्त मधुर भाषी।

तुला - कुपित, मनोविकार, बोलचाल में निपुण, चंचल, चपल नैत्र, सम-विषम स्थिति का उपभोक्ता, व्यापार दक्ष, बहु मित्रमंडलयुक्त, प्रवास प्रिय, क्रय-विक्रय निपुण, दयावान, वस्तु संग्राहक कलाविद् साहित्यप्रेमी।

वृश्चिक - देश-विदेश प्रवासरत, कुटिल, शक्तिशील, कामवासनारत, परिवार अनासक्त स्वार्थ तत्वी, अनैतिक कार्य क्रियारत, साहसी कुपित, द्वेषी, मित्रद्रोही, श्रमसाध्य लाभ आमद वाला, मातृसुख न्यून तथा दंशक मति।

धनु - बलवान, हठवादी, चतुर स्वार्थ परायण, विविधकला ज्ञाता, अभिमानी, स्त्री सुखदा, सेवाभावी, मधुर भाषी, भाग्यवान एवं गुण कला संग्राहक।

मकर - श्रमजीवी, स्त्रीआसक्त, सेवावादी, बहु परिवारी, धनवान, कलाविद्, सत्यभाषी, गंभीर मनोवृत्ति तथा विकारयुक्त, दोषाऽरोपक, राजसेवी।

कुम्भ - परोपकारी, चतुर, वस्तु संग्राहक, धन सम्पदाशील, कलाप्रिय, सुखद नैत्र, सरल स्वभाव, धनविद्या हेतु उद्यमशील, संगीतप्रिय।

मीन - शुभ आचरण, परिवार वल्लभ, संगीत प्रेमी, सेवाभावी, ज्ञानी, मितव्ययी, बोलचाल में दक्ष, विविध मार्ग से लाभद। स्पष्टवादी मानद जीव, कलाप्रिय, तथा जीवनीय स्तर सुखद।

निर्णयसागर पंचांग कार्यालय, मु.पो. नीमच (म.प्र.)

* जन्म राशि फलाशय *

**मेषे दीनो वृषेमानी पटुबुद्धिश्च मन्मथे ।
क्रूरः कर्के धृतिः सिंहे कन्यायां बहुमायिताः ॥
जूके स्त्रीत्वमलौ मानी चापे पापाशयोनरः ।
मुखरो मकरे कुम्भे चतुरः स्थिरधीर्झषे ॥**

संक्षेप में राशिफल लक्षणसूत्र यह कि - मेष - दीनवृत्ति, **वृषभ**-अभिमानी, **मिथुन-प्रवीण**, **कर्क**-हठवादी, **सिंह**-धैर्यशील, **कन्या**-मायाशील, **तुला**-चतुर स्त्री स्वभावी, **वृश्चिक**-दम्भी, **धनु**-मायावी, **मकर**-अतिभाषी, **कुम्भ**-चतुर दक्ष, **मीन**-गम्भीर कलावन्त।

चन्द्रदोष शान्ति विधि

चन्द्रमा के अशुभ स्थिति में रहते तथा आवश्यकता विशेष में शुभफलद रचना निर्माण समाधान - परिहार हेतु शास्त्रकारों द्वारा ये शास्त्रीय वचन प्रस्तुत हैं। **शंखं दद्याद् द्विजातिभ्यो हिमांशौ विफले सति । शंखाऽभावे महत्स्वच्छं तण्डुलं वा नवं दधि ॥** भावार्थ यह कि शंख अथवा उत्तम परिपूर्ण अक्षत्-चाँवल अथवा ताजा मीठा उत्तम दही का अनुदान परिहार विधायक है।

जन्म नक्षत्रानुसार - राशि - राशि स्वामी - वर्णवश्यादि - योनीगणनाड़ी - युंजा - हंसक - विविध विबोधक सूत्र

नक्षत्र	चरणाक्षर	राशि	स्वामी	वर्ण	वश्य	योनि	गण	नाड़ी	युंजा	हंसक तत्व	नक्षत्र पति	पु.स्त्री	सू.चं.	मण्डल	नक्षत्र संज्ञा	सप्तनाड़ी	लोचन
अश्विनी भरणी कृतिका	चू चे चो ला ली लू ले लो अ ० ० ०	मेष	मंगल	क्षत्रिय	चतुष्पद	अश्व गज मेष	देव नर राक्षस	आदि मध्य अन्त्य	पूर्व पूर्व पूर्व	अग्नि	अश्विनीकुमार यमराज अग्नि	पुरूष पुरूष पुरूष	चन्द्र चन्द्र चन्द्र	वायु अग्नि अग्नि	क्षिप्र लघु उग्र क्रूर मिश्र साधा	वायु चण्डा चण्डा	मन्द मध्य सुलोचन
कृतिका रोहिणी मृगशिरा	० इ उ ए ओ वा वी वु वे वो ० ०	वृषभ	शुक्र	वैश्य	चतुष्पद	मेष सर्प सर्प	राक्षस नर देव	अन्त्य अन्त्य मध्य	पूर्व पूर्व पूर्व	भूमि	अग्नि ब्रह्मा चन्द्रमा	पुरूष पुरूष पुरूष	चन्द्र सूर्य सूर्य	अग्नि महेन्द्र वायु	मिश्र साधा ध्रूव स्थिर मृदु मैत्र	चण्डा वायु दहना	सुलोचन अन्ध मन्द
मृगशिरा आर्द्रा पुनर्वसु	० ० क की कृ घ ङ छ के को ह ०	मिथुन	बुध	शूद्र	द्विपद नर	सर्प श्वान मार्जा	देव नर देव	मध्य आदि आदि	पूर्व मध्य मध्य	वायु	चन्द्रमा रूद्र शिव अदिति	पुरूष स्त्री स्त्री	सूर्य चन्द्र चन्द्र	वायु वरूण वायु	मृदु मैत्र तीक्ष्ण दारू चर चल	दहना सौम्य नीर	मन्द मध्य सुलोचन
पुनर्वसु पुष्य आश्लेषा	० ० ० ही हु हे हो डा डी डू डे डो	कर्क	चन्द्र	विप्र	जलचर	मार्जा मेष मार्जा	देव देव राक्षस	आदि मध्य अन्त्य	मध्य मध्य मध्य	जल	अदिति बृहस्पति सर्पदेव	स्त्री स्त्री स्त्री	चन्द्र चन्द्र चन्द्र	वायु अग्नि वरूण	चर चल क्षिप्र लघु तीक्ष्ण दारू	नीर जल अमृता	सुलोचन अन्ध मन्द
मघा पूर्वाफाल्गुनी उत्तराफाल्गुनी	मा मी मू मे मो टा टी टू टे ० ० ०	सिंह	सूर्य	क्षत्रिय	वनचर चतुष्पद	मूषक मूषक गौ	राक्षस नर नर	अन्त्य मध्य आदि	मध्य मध्य मध्य	अग्नि	पितर भग-सूर्य अर्यमा-सूर्य	स्त्री स्त्री स्त्री	चन्द्र सूर्य सूर्य	अग्नि अग्नि वायु	उग्र क्रूर उग्र क्रूर ध्रूव स्थिर	अमृता जल नीर	मध्य सुलोचन अन्ध
उत्तराफाल्गुनी हस्त चित्रा	० टो प पी पू ष ण ठ पे पो ० ०	कन्या	बुध	वैश्य	द्विपद नर	गौ महिष व्याघ्र	नर देव राक्षस	आदि आदि मध्य	मध्य मध्य मध्य	भूमि	अर्यमा-सूर्य सूर्यदेव विश्वकर्मा	स्त्री स्त्री स्त्री	सूर्य सूर्य सूर्य	वायु वायु वायु	ध्रूव स्थिर क्षिप्र लघु मृदु मैत्र	नीर सौम्य दहना	अन्ध मन्द मध्य
चित्रा स्वाति विशाखा	० ० रा री रू रे रो ता ती तू ते ०	तुला	शुक्र	शूद्र	द्विपद नर	व्याघ्र महिष व्याघ्र	राक्षस देव राक्षस	मध्य अन्त्य अन्त्य	मध्य मध्य मध्य	वायु	विश्वकर्मा वायुदेव इन्द्र अग्नि	स्त्री स्त्री नपुंसक	सूर्य सूर्य सूर्य	वायु वायु अग्नि	मृदु मैत्र चर चल मिश्र साधा	दहना वायु चण्डा	मध्य सुलोचन मध्य
विशाखा अनुराधा ज्येष्ठा	० ० ० तो ना नी नू ने नो या यी यू	वृश्चिक	मंगल	विप्र	कीट	व्याघ्र मृग मृग	राक्षस देव राक्षस	अन्त्य मध्य आदि	मध्य मध्य अन्त्य	जल	इन्द्र अग्नि मित्र सूर्य इन्द्र	नपुंसक नपुंसक नपुंसक	सूर्य सूर्य सूर्य	अग्नि महेन्द्र महेन्द्र	मिश्र साधा मृदु मैत्र तीक्ष्ण दारू	चण्डा चण्डा वायु	अन्ध मन्द मध्य
मूल पूर्वाषाढ उत्तराषाढ	ये यो भ भी भू ध फ ढ भे ० ० ०	धनु	गुरू	क्षत्रिय	द्विपद नर	श्वान वानर नकुल	राक्षस नर नर	आदि मध्य अन्त्य	अन्त्य अन्त्य अन्त्य	अग्नि	राक्षस जल विश्वदेव	पुरूष पुरूष पुरूष	सूर्य चन्द्र चन्द्र	वरूण वरूण महेन्द्र	तीक्ष दारू उग्र क्रूर ध्रुव स्थिर	दहना सौम्य नीर	सुलोचन अन्ध मन्द
उत्तराषाढ श्रवण घनिष्ठा	० भो ज जी खी खू खे खो गा गी ० ०	मकर	शनि	वैश्य	जलचर	नकुल वानर सिंह	नर देव राक्षस	अन्त्य अन्त्य मध्य	अन्त्य अन्त्य अन्त्य	भूमि	विश्वदेव विष्णु अष्टवसु	पुरूष पुरूष पुरूष	चन्द्र चन्द्र चन्द्र	महेन्द्र महेन्द्र महेन्द्र	ध्रुव स्थिर चर चल चर चल	नीर अमृता अमृता	मन्द सुलोचन अन्ध
घनिष्ठा शतभिषा पूर्वाभाद्रपद	० ० गू गे गो सा सी सू से सो द ०	कुंभ	शनि	शूद्र	द्विपद नर	सिंह अश्व सिंह	राक्षस राक्षस नर	मध्य आदि आदि	अन्त्य अन्त्य अन्त्य	वायु	अष्टवसु वरूण अजपाद-सूर्य	पुरूष पुरूष पुरूष	चन्द्र सूर्य सूर्य	महेन्द्र वरूण अग्नि	चर चल चर चल उग्र क्रूर	अमृता जल नीर	अन्ध मन्द मध्य
पूर्वाभाद्रपद उत्तराभाद्रपद रेवती	० ० ० दी दू थ झ ञ दे दो चा ची	मीन	गुरू	विप्र	जलचर	सिंह गौ गज	नर नर देव	आदि मध्य अन्त्य	अन्त्य अन्त्य पूर्व	जल	अजपाद-सूर्य अहिर्बुध्न्य-सूर्य पूषण-सूर्य	पुरूष पुरूष पुरूष	सूर्य चन्द्र चन्द्र	अग्नि वरूण वरूण	उग्र क्रूर ध्रुव स्थिर मृदु मैत्र	नीर सौम्य दहना	मध्य सुलोचन अन्ध

स्थूलमानेन मानव आयुर्दाय ज्ञानाय चक्रम्

दीर्घायुः	मध्यायुः	अल्पायुः
लग्नेश चर राशि अष्टमेश चर राशि	लग्नेश चर राशि अष्टमेश स्थिर राशि	लग्नेश चर राशि अष्टमेश द्विस्वभाव राशि
लग्नेश स्थिर राशि अष्टमेश द्विस्वभाव राशि	लग्नेश स्थिर राशि अष्टमेश चर राशि	लग्नेश स्थिर राशि अष्टमेश स्थिर राशि
लग्नेश द्विस्वभाव राशि अष्टमेश स्थिर राशि	लग्नेश द्विस्वभाव राशि अष्टमेश द्विस्वभाव राशि	लग्नेश द्विस्वभाव राशि अष्टमेश चर राशि

चर राशि - मेष, कर्क, तुला, मकर।
स्थिर राशि - वृष, सिंह, वृश्चिक, कुंभ।
द्विस्वभाव राशि - मिथुन, कन्या, धनु, मीन।

महर्षि जैमिनी रचित शास्त्र वचनानुसार आयुर्दाय वय-उम्र के ३ भेद होते हैं। यथा - १ दीर्घायु २ मध्यायु ३ अल्पायु प्रत्येक खण्ड का निर्णय-विचार भी तीन ३ प्रकार से पृथक-पृथक किया जाता है। १ लग्नेश तथा अष्टमेश २ शनि तथा चन्द्रमा ३ लग्न तथा होरा लग्न। उपर्युक्त आयु कोष्ठक रचना अनुसार - जन्माक्षर स्थित ग्रह राशि स्थिति अनुसार सामान्य गतिक विचार किया जाता है। प्रत्येक प्रकार के दो-दो अधिनायकों में दोनों चर राशि में हो या कोई एक द्विस्वभाव राशि में तथा दूसरा स्थिर राशि में हो जातक दीर्घायु तथा दोनों द्विस्वभाव राशि में हो अथवा कोई एक चर राशि में दूसरा स्थिर राशि में हो तो मध्यायु। एवमेव यदि दोनों स्थिर राशि में हों अथवा एक चर राशि में, दूसरा द्विस्वभाव राशि में हो जातक अल्पायु इस प्रकार के आयु निर्णय हेतु सामान्य दिशा निर्देशक सूत्र हैं।

८४ चौरासी लाख योनि का गणनानुक्रम

जलज जन्तु	९०००००	सप्त समुद्र
स्थावर जन्तु	२००००००	१ लवण मय सिन्धु
कृमि (कीट पतंग)	११०००००	२ क्षीर सिन्धु
पक्षिगण वर्ग	१००००००	३ दधि सिन्धु
पशु योनि वर्ग	३००००००	४ घृत सिन्धु
मानव वर्ग योनि	४०००००	५ इक्षुरसमय सिन्धु
एवं गणनानुक्रमे	८४०००००	६ मधुमय सिन्धु
		७ अमृत मय सिन्धु

सप्तपाताल - १ तल २ अतल ३ सुतल ४ वितल ५ तलातल ६ रसातल ७ पाताल सप्त द्वीप - १ जम्बु २ प्लक्ष ३ शाल्मलि ४ कुश ५ क्रौंच ६ शाक ७ पुष्कर जम्बूद्वीप नवखण्ड - १ इलावृत २ भद्राश्व ३ हरिवर्ष ४ केतुमाल ५ रम्यक ६ हिरण्यमय ७ कुरू ८ किंपुरूष ९ भारतवर्ष।

भवानीशंकरः शर्मा यस्याऽभूत प्राक् प्रवर्त्तकः। पंचाङ्ग तदिदं ग्राह्यं निर्णयसागराभिधम्॥ पंचाङ्ग तदिदं शुद्धं रविशंकर निर्मितम्। शुभयाऽस्तु सदानृणां निर्णयसागरसंज्ञकम्॥

❀ जन्मनामराशि निर्णय विवेचना ❀

♣ अवकहोड़ा शतपदचक्र अधिन्यास नियामक सूत्रानुसार ♣

जातक के नामकरण की महिमा सर्व विदित विषय हैं, नामकरण संस्कार भी जन्म से ११ या १२ वें दिन में किया जाता है। नामकरण की गरिमा हेतु शास्त्र वचन विशेष भी यथा-**नामाखिलस्य व्यवहार हेतु : शुभावहं कर्म सुभाग्य हेतुः। नाम्नैव कीर्ति लभते मनुष्यः ततः प्रशस्तं खलु नाम कर्म ॥** पीयूषधारा टीका में नामकरण की महिमा स्पष्ट ही है तद्नुसार जन्म + नाम + संयुक्ताक्षर राशि निर्णय हेतु शास्त्रीय विवेचना यह कि नक्षत्र चरण जनित राशि में (श) तथा (स) और (ब) एवं (व) अथवा अकारादि या आकारादि अक्षर राम या रमा में भी फरक-अन्तरांश नहीं होता है। यथा सूत्र - **ऋरयोः लृलयोश्चैव शसयो-र्बवयोस्तथा वदन्त्येषाञ्चसावर्ण्यं होरा चक्रविदो बुधाः ॥** अकारान्त अक्षर हो या आकारान्त इनमें विभेद नहीं बनता, एक समान राशि निर्णय होगा। यह ज्योतिर्विज्ञान होरा अवकहड़ा-शतपद चक्रन्यास नियामक से शाश्वत मौलिक मूल नियम है, एवमेव संयुक्त अक्षरों के राशि निर्णय की विधि यह है कि यथा ज्ञानचन्द्र की मकर राशि होगी। **पाणिनीय व्याकरण शास्त्र के भाषा सूत्र के अनुसार (ज ओ ञ्ः)** ज के प्रथम शब्द से ज्ञानचन्द्र की उत्पत्ति बनती है। ग अक्षर की मान्यता यहां नहीं समझें तथा श्रीधर तथा श्रवण की कुम्भ राशि ही मान्य होगी। इसी प्रकार 'क्षेमचन्द्र' की जन्म राशि **(क ष संयोगाद् क्षः)** अर्थात् क अक्षर की प्रधानता होने से मिथुन जन्म राशि प्रथमाक्षर के अनुसार बनी तथा यहां भी श-स की अक्षर मान्यता नहीं। तथा ज्ञानेश्वर-क्षेमचन्द्र-त्र्यम्बकनाथ इन नामों के आदि-आद्य अक्षर क्रमशः ज-क-त- हैं एवं क्रमशः उत्तराषाढ ३ मृगशिरा ३ तथा स्वाति ४ चरण अनुसार ही मकर-मिथुन-तुला राशि मान्य रहेगी तथा सूत्र - एक विशेष वचन यह भी कि **नाम्नि (ऋ लृ क्) इत्यादयः अनुस्वारा मात्रायां न भवन्ति ते च यदा भवन्ति तदा ज्ञेया इ. उ. ए. यथा क्रमम्।** इस सूत्रानुसार ऋषभदेव-लृतराम आदि की जन्म राशि क्रमशः वृषभ राशि बनेगी। ऋषभ हेतु - र-रा आदि का प्रयोजन नहीं। एवमेव संयुक्त अक्षर (प्रेम या प्रकाश) इस हेतु नियामक वचन यह कि **यदि नाम्नि भवेद्वर्णः संयुक्ताक्षर लक्षणः। ग्राह्यस्तदादिमो वर्ण इत्युक्तं ब्रह्मयामले ॥ 'संयोगजाक्षरे नाम्नि ग्राह्यतत्रादिमाक्षरम्'** अर्थात् नाम का प्रथम उच्चारित अक्षर (प् + र + ए) संधि विच्छेद करने से (प्रे या प्र) अक्षर की स्पष्टता सिद्ध है एवं नियमानुसार प्रहलाद-प्रकाश-प्रेम आदि की जन्म राशि उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र के टे.टो.प.पी. क्रमानुसार ३ चरण वश कन्या राशि मान्य होगी। इसी प्रकार द्रौपदी (द + र + ओ) नियम से पूर्वाभाद्रपद से.सो.द.दी. क्रमानुसार ३ चरण वश कुंभ राशि मान्य होगी। इस प्रकार संधियुक्त वाक्यों का निर्णय स्पष्ट है। **ऋरयोः लृलयोश्चैव शसयोर्ववयोस्तथा। वदंत्येषाञ्च सावर्ण्यंहोरा चक्रविदो बुधाः ॥** शतपदचक्र में अ, इ, उ, ए, ओ ये पांच स्वर वर्ण जो कथित हैं, उनसे ही यहां सवर्णी दीर्घ का तथा दीर्घ से सवर्णी ह्रस्व का भी ग्रहण करना शास्त्र सम्मत है। हस्त नक्षत्र के ३ चरण पर कोई नाम नहीं बनता है, अतः पू.ष.ठ.इन अक्षरों पर नाम रखना चाहिये। एवमेव उत्तराभाद्रपद के ४ चरण ञ अक्षर पर नाम नहीं बनने से दू थ झ आद्य अक्षरों से नाम रखना योग्य है। एवमेव आर्द्रा ३ चरण ङ अक्षर हेतु भी उपर्युक्त चरण भेद से विचार करना योग्य विषयक सूत्र है **न प्रोक्ता ङ ञ णा वर्णः नामादौ सन्ति ते नहि। चेद् भवन्ति तदा ज्ञेया गजडास्ते यथा क्रमम् ॥** अर्थात् किसी नक्षत्र चरण में जन्मवश ङ ञ ण वर्ण हो भी तो उसकी जगह पर क्रमशः ग ज ड वर्णों का प्रयोग करते नाम निर्णय करना चाहिए यह भी सूत्र मान्य है तथा नाम विधारणा हित युक्ति युक्त हैं।

❀ जन्मनाम राशिनाम निर्णय विवेचना विषयेऽपिः ❀

● **स्वामी दयानन्द सरस्वती** (२०० वर्ष पूर्व लगभग) - अजर, अमर, अविनाशी एक परमात्मा की उपासना करें। उस ईश्वर का मुख्य नाम ओम् है।

इस प्रकार सभी धर्मसूत्र प्रवर्तक आचार्यवर्यगण समुदाय द्वारा एकमात्र ब्रह्म ईश्वर की सर्वव्यापक प्रभुसत्ता का ही सन्मार्ग मोक्ष मुक्ति हेतु स्वीकार किया गया है।

♠ **ऋग्वेद** - ऋते ज्ञानात्र मुक्ति। प्रज्ञानं ब्रह्म

♠ **यजुर्वेद** - अहं ब्रह्माऽस्मि

♠ **सामवेद** - तत्वमसि

♠ **अथर्ववेद** - अयमात्मा ब्रह्म

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

ॐ = सच्चिदानन्दघनः। अदः = वह परब्रह्मः। पूर्णम् = सब प्रकार से पूर्ण है। इदम् = यह (जगत भी)। पूर्णम् = पूर्ण (ही) हैं क्योंकि पूर्णात् = उस पूर्ण (पर ब्रह्म) से ही। पूर्णम् = यह पूर्णः। उदच्यते = उत्पन्न हुआ है। पूर्णस्य = पूर्ण के। पूर्णम् = पूर्ण को। आदाय = निकाल देने पर भी। पूर्णम् = पूर्ण। एव = ही। अवशिष्यते = शेष रहता है।

ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्। तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद् धनम्॥

जगत्याम-अखिल ब्रह्माण्ड में। यत् किंच-जो कुछ भी। जगत्-जड़ चेतन स्वरूप जगत है। इदम्-यह। सर्वम्-समस्त। ईशा-ईश्वर से। वास्यम्-व्याप्त है। तेन-उस ईश्वर को साथ रखते। त्यक्तेन-त्यागपूर्वक। भुञ्जीथाः-भोगते रहो। मा गृधः-इसमें आसक्त नहीं होना-क्योंकि। धनम्-धनादि योग्य पदार्थ। कस्य स्वित्-किसका है अर्थात् किसी का भी नहीं है।

उषः पान गुण-ब्रह्म मुहूर्त वेला

● जल पीने की अनुक्रमणिका-आयुर्वेदीय सुगम विधान ●

आयुष्य वृद्धि की कामना करने वाला जीव विशेषकर सूर्योदय के पूर्व शयन त्याग करके आठ अंजलि (लगभग १ गिलास) रात्रि में ताम्र पात्र में रखा पानी पीता है और ऐसा नियमपूर्वक करता है वह जरा-वृद्धत्व को सहज प्राप्त नहीं होकर, आरोग्य लाभ प्राप्त करते शतायु होने का गुण लाभ प्राप्त करता है। भाव प्रकाश में स्पष्ट उल्लेख है कि-

सवितुरूदयकाले प्रसृतिः सलिलस्य यः पिवेदष्टौ।
रोगजरापरिमुक्तो जीवेद्वत्सरशतं साग्रम्॥
अम्भसः प्रसृतोरष्टौ सूर्याऽनुदिते पिबेत्।
वातपित्तकफान् जित्वा जीवेद्वर्षशतं सुखी॥

भावार्थ - यह कि सूर्योदय पूर्व में जल की आठ अंजलि जो मनुष्य पीता है, वह वृद्धावस्था से मुक्त होकर सौ वर्ष तक जीता है। सूर्योदय पूर्व जलपान से वात-पित्त-कफ विकृति दूर होकर शतायु का वरदान प्राप्त होता है। साथ ही उषः पान विधान से बवासीर-कोष्ठबद्धता, कब्ज, शोथ, संग्रहणी, ज्वर, जठर, जरा, कुष्ठ, मेद विकार, मूत्राघात, रक्तपत्ति, कर्णविकार, गलरोग, शिरारोग, कटिशूल, नेत्र रोगों का पलायन होता है।

रात्रि का अंधकार दूर होने पर जो मनुष्य प्रातःकाल नाक से पानी पीता है, उसकी बुद्धि सचेष्ट होते, नेत्रों की दृष्टि गरूड़ के सदृश्य हो जाती है तथा विविध रोगों के नष्ट होने की पात्रता प्राप्त होती है। अधिक जल पीने से अन्न नहीं पचता। मनुष्य को अग्नि बढाने के लिये जल थोड़ा-थोड़ा, बार-बार पीना चाहिये। मूर्च्छा-पित्त-गरमी-दाह-विष-रक्त विकार-मदात्य-परिश्रम, भ्रम, तमकश्वास, वमन और उर्ध्वगत रक्त पित्त इन रोगों में शीतल जल पीना चाहिये। परन्तु पसली के दर्द, जुकाम, वायु विकार, गले के रोग, कब्ज-कोष्ठबद्धता, जुलाब लेने के बाद, नवज्वर, अरूचि, संग्रहणी, गुल्म, खांसी, हिचकी रोग में शीतल जल नहीं पीना चाहिए। जल गरम करके कुछ ठंडा करके पीना योग्य सूत्र है।

साथ ही कथन यह भी कि - मंदाग्नि, शोथ-सूजन, क्षय, मुख से जल बहने, उदर रोग, कोढ, नेत्र रोग, ज्वर, अल्सर तथा मधुमेह में थोड़ा पानी पीना चाहिए। शीतल जल का पाचन दो प्रहर में होता है तथा गरम करके शीतल किया हुआ जल १ प्रहर में ही पच जाता है। गुनगुना पानी अगर पिया जाए तो चार घड़ी में ही पच जाता है। आहार तथा पानी कभी साथ साथ नहीं लेना चाहिए। पानी और भोजन साथ साथ लेने से गैस-वायु विकार बनता है तथा पाचक रस मन्द होते, पाचन क्रिया शिथिल होती है। मल आंतों में जमकर रक्त रस का निर्माण न्यून हो जाता है

भोजन के मध्य भाग में कुछ जल पीना तथा भोजनोपरान्त १ या १॥ घंटे बाद पानी पीना हितकर रहता है। ताम्बे के पात्र में रात में रखा जल सुबह सूर्योदय पूर्व ५-६ तुलसी के पत्तों के साथ पीने से सोने में सुहागे समान गुण धर्म समझना चाहिये।

● अजीर्णे भेषजं वारि जीर्णे वारि बलप्रदम्।
अमृतं भोजनार्धे तु भुक्तस्योपरि तद्विषम्॥ ●

★★ अवशेष भाग - सुश्रुत स्वास्थ्य संहिता....

नित्यं हिताहारविहार सेवी, समीक्ष्यकारी विषयेष्वसक्तः।
दाता समः सत्यपरः क्षमावानाप्तोसेवी च भवत्यरोगः॥

भावार्थ-यह कि सदैव हितकारी आहार, हित विहार-आचरण करने का स्वभाव वाला, सोच विचारकर क्रियाशील रहने वाला, बहु कामादि विषय वासना से वंचित, त्यागी-दाता एवं सभी प्राणियों में तथा सभी अवस्था में सम बुद्धि-क्षमावान, सत्यनिष्ठा, सहिष्णु प्रकृति तथा विज्ञजनों का सत्संगशील मनुष्य निरोगी-स्वस्थ्य बनता है।

दोषाः कदाचित् कुप्यन्ति जिता लंघन पाचनैः।
संशोधनैस्तु ये शुद्धा नस्तेषां पुनरूद्भवः॥
विनाऽपि भैषजैर्व्याधि पथ्यादैव निवर्त्तते।
न तु पथ्य विहीनानां भैषजनां शतैरपि॥

▲ आयुर्वेदीय वचनामृत-श्लोक सारावली ▲

आयुर्हिताहितं व्याधिर्निदानं शयनं तथा।
विद्यते यत्र विद्वद्भिः स आयुर्वेद उच्यते॥
हिताहितं सुखं दुःखमायुस्तस्य हिताहितम्॥
मानं च तच्च यत्रोक्तमायुर्वेदः स उच्यते॥
"स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणमातुरस्य विकार प्रशमनेऽप्रमादः"
सुखसंज्ञकमारोग्यं विकारो दुःख मेव च
दोषाणां साम्यमारोग्यं वैषम्यं व्याधिरूच्यते॥

भावार्थ - मानव जीव के आयु सुख विषयक हितकारी तथा अहितकारी गुण विषय का विवेचन एवं शारीरिक रोग उत्पन्न बनते उस विषयक चिकित्सा-औषध आदि का विचार जिस शास्त्र में वर्णित होता है वह आयुर्वेद नामकीय संज्ञा का मान्य। साथ ही आयुर्विज्ञान की विशेषता यह भी कि स्वस्थ्य पुरूष का स्वास्थ्य निरंतर कायम रहे तथापि कभी विकार-रोग बनते शांति विधायक उपक्रम औषध एवं दिनचर्या-रात्रिचर्या तथा विशेषकर पथ्य नियामक का निर्णय सन्देश प्रदान करना ही आयुर्वेद का अभिप्राय है। नित्य का जीवनक्रम दिनचर्या सुखपूर्वक बने यह स्वास्थ्य तथा रोग विकारशील बनते रोगी जीवन का उपकरण। मूलतया शरीरस्थ त्रिदोष वात-पित्त-कफ का सन्तुलन साम्य रूप बना रहे। इस प्रकार का ही आहार विचार-व्यवहार ऋतुचर्या पर बुद्धिमान पुरूष क्रियाशील रहता है।

न तक्रसेवी व्यथते कदाचित् न तक्रदग्धाः प्रभवन्ति रोगाः।
यथा सुराणाममृतं प्रधानं तथा नराणां भुवि तक्रमाहुः॥
भोजनान्ते पिबेत् तक्रं मैथुनान्ते च पयः
निशान्ते च पिबेत् वारि स्वप्नेऽपि वैद्यो न दृश्यते॥

भावार्थ - भोजन के अन्त में लवण-नमक-सिका जीरा युक्त छाछ सेवन करने वाला व्यक्ति विशेषकर स्वस्थ्य ही रहता है। यथा स्वर्ग में देवताओं हेतु रसपान अमृत संज्ञा का होता है उसी प्रकार मनुष्यों के लिये पृथ्वी-भूलोक पर तक्र (छाछ) अमृत संज्ञा से ही मान्य है। विशेष कथन यह भी कि भोजन के उपरान्त छाछ (मक्खन रहित) तथा कामवासना-रतिक्रिया-स्त्री प्रसंग के उपरान्त कुछ गरम दुग्ध पान करना बलवीर्य स्वास्थ्यवर्धक तथा रात्रि अन्त ब्रह्म मुहूर्त में यथाशक्ति जल का पीना सुखद सूत्र है।

यस्य देशस्य यो जन्तुस्तज्जं तस्यौषधं हितम्।
देशादन्यत्र वसतस्तत्तुल्य गुणमौषधम्॥

भावार्थ - जिस देश प्रदेश का मानव जीव जन्मज है मूलतया उसी देश-प्रदेश की जड़ी-बूटी-औषध का व्यवहार प्रयोग ही लाभदायी रहता है।

प्राणायाम : सद्सच्चामृतं प्राणैव



पंचभौतिक नर-नारी देह में स्थित "प्राण" ही सर्वोच्च सत्ता तंत्र है। यह सत् और असत् एवं उससे भी श्रेष्ठ जो अमृतस्वरूप परमात्मा है, वह भी यह प्राण ही है। "प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्" नित्य के जनजीवन के सुस्वस्थ्य तथा शक्तिप्रदायक रचना हेतु प्राणायाम ही मूलतया जीवन का आधार स्तंभ है। प्राणायाम से शरीर में विशुद्धि शक्ति-ओज-उर्जा प्राप्त होती है। अपने दाहिने अंगुष्ठ से दाहिने नासारन्ध्र (नाक) को दबाकर रखे तथा वाम-बांये नासारन्ध्र-नथुने छिद्र से सरलतया अपनी शक्ति अनुसार वायु को मस्तिष्क की तरफ खींचना चाहिये। फिर बायें-वाम नासापुट छिद्र को (तर्जनी-दीर्घा) अंगुली से दबाकर दाहिने नासिका छिद्र से वायु को निकालें। इस क्रिया को सूर्योदय से पूर्व-मध्याह्न काल तथा सूर्यास्त काल के समय तीन या पाँच बार करने से शरीरस्थ नाड़ियों का शुद्धिकरण बनते मनोत्साह एवं आत्मीय स्वास्थ्य का लाभ बन पाता है। शरीर-देहस्थ इस शरीर रूपी यन्त्र की गति को सन्तुलित-नियमित रखने हेतु श्वांस गति प्रक्रिया एकमात्र प्रमुख तन्त्र है। प्राणायाम का संविधान श्वांस परिचक्र रचना के व्यवस्थापन हेतु सर्वेश्वर प्रदत्त एक सुगम साधना का सूत्र है। भारतीय ऋषि-महर्षियों द्वारा इस विषयक बहुविध अनुसंधान करके ही प्राणायाम योग का नियामक सर्वजन हितार्थ चरितार्थ किया है। वस्तुत: प्राणायाम का भाव है - प्राणों को वश में करना। यह समस्त ब्रह्माण्ड और जो भी कुछ इसके अन्तराल में व्याप्त है, वह सभी कुछ आकाश और प्राण इन दोनों तत्व से बना हुआ है। प्राण वह शक्ति पुंज है, जिसने आकाश को भी अधिष्ठित कर विश्व की रचना की है। वस्तुगत जिस तरह आकाश सर्वशक्तिमान और सर्व व्यापक है, उसी प्रकार प्राण भी इस विश्व की सर्वसमर्थ एवं सर्वव्यापिनी शक्ति है। प्राण विश्व की मानसिक तथा शारीरिक सभी प्रकार की शक्तियों का समष्टिगत प्रारूप है एवं इसी प्राण विज्ञान और निग्रह क्रिया को प्राणायाम संज्ञा प्रदान की गई है। योगियों के मतानुगत जो व्यक्ति दिव्य आनंद का रसास्वादन करना चाहता है और विविध व्याधियों से मुक्त होना चाहता है, उन हेतु प्राथमिक रूप में प्राण को वश में करके इसी की सहायता से निर्वाण वा समाधि रूप में मग्न होकर अलौकिक ज्ञान विज्ञान को प्राप्त करना एक नैसर्गिक सन्मार्ग है।

इस प्राण को वश में करने हेतु अपने निकटतम पदार्थों को अधीन करने हेतु प्रयास बनावें। वैसे तो शरीर हमारे बहुत निकट है, परन्तु मन सर्वाधिक समीप है। जो प्राण हमारे शरीर और मन में कार्य कर रहा है, वह विश्व के अन्य सभी प्राणों की अपेक्षा हमारे निकट है एवं संसार सागर से निवृत्ति हेतु प्राणायाम की प्रसाधना नर देह हेतु परम सत्य विषय है।

♣♠ आर्यावर्त्तीय-आद्य ऋषि-महर्षय: ♠♣

अंगिरा जमदग्निश्च वशिष्ठः कश्यपो भृगुः।
आत्रेयौ गौतमः सांख्यः पुलस्त्यो नारदोऽसितः॥
अगस्त्यो वामदेवश्च मार्कण्डेयाश्वलायनौ।
पारीक्षिर्भिक्षुरात्रेयो भरद्वाजः कपिञ्जलः॥
विश्वामित्राश्वरथ्यौ च भार्गवश्च्यवनोऽभिजित्।
गार्ग्यः शाण्डिल्यकौण्डिन्यौ वार्क्षिर्देवलगालवौ॥
सांकृत्यो बैजपापिश्च कुशिको बादरायणः।
बडिशः शरलोमा च काप्यकात्यायनावुभौ॥
कांकायनः कैकशेयो धौम्यो मारीचिकाश्यणौ।
शर्कराक्षो हिरण्याक्षो लोकाक्षः पैंगिरैव च॥
शौनकः शाकुनेयश्च मैत्रेयो मैमतायनिः।
वैखानसा बालखिल्यास्तथा चान्ये महर्षयः।

छन्दः पादौ तु वेदस्य हस्तौकल्पोऽथ पठ्यते।
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरूक्तं श्रोत्रमुच्यते॥
शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम्।
अस्य च शास्त्रस्य वेदचक्षुष्टव मुक्तं शिक्षायाम्॥

● योगाश्चित्त वृत्ति निरोधः योग सूत्र ●

मानव इस असार संसार में रजोगुण-तमोगुण जनित प्रकृति का निवारण एवं मन की एकाग्रता करते, विशुद्ध सत्वगुण क्रियाधारित बनकर तदुपरान्त उसका निरोध कर 'एकाग्र' अर्थात् एकैव परमात्मा का सद्सिद्धान्त एवं सत्यपरायण मर्मसूत्र का जीवनीय कर्म इनके अग्रभाग में मन+बुद्धि+अहंकार (रूपक चित्त) मनोवृत्ति को भी धारण करते 'निरूद्ध' अर्थात् सांसारिक मिथ्या पाखण्ड प्रपंच से मन की गति को निर्धारित करने का नित्य प्रति अभ्यास स्थापित करने का निरन्तर (अहर्निश) साधक बनें एवं सरलतया निरापद मोक्ष-मुक्ति का आनंद स्वरूप ही चरितार्थ होगा-यह आत्मविश्वास-क्रिया पथ सुदृढ शाश्वत सत्य समझें।

♣ त्रिविध दुःख सूत्रावली ♣ (१) आध्यात्मिक-शरीर विषय विकार ज्वरादि संक्रामक रोग-पीड़ा (२) आधिभौतिक दूसरे अन्य जीव प्राणियों हिंसक क्रिया आतंक-उत्पातकारक वर्ग से पीड़ा (३) आधिदैविक-अतिवृष्टि, अतिताप, परिताप, अति शीत-मन इन्द्रियों की चंचलता, नवग्रहजनित मनोविकार आदि से मुक्ति पाना 'अत्यन्त' पुरूषार्थ सन्मार्ग ही समझें।

◆ परमगति मोक्ष का लक्षण ◆

यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह।
बुद्धिश्च न विचेष्टते तामाहुः परमां गतिम्॥ उपनिषद् सूत्र

भावार्थ यह कि निर्विकार गतिक मन के साथ पाँच ज्ञानेन्द्रिय जीव के साथ रहती है और बुद्धि तत्व का निर्णय-निश्चय स्थिर सत्य वैचारिक संज्ञा का होता है। उसको परमगति अर्थात् मोक्ष कहते हैं। इस सूत्रानुसार ही यह मुक्ति को प्राप्त जीव शुद्ध दिव्य नैत्र और शुद्ध मन-मानस से सांसारिक कार्यों को देखता-प्राप्त होता रमण करता है। आत्मा-परमात्मा (जीव-ब्रह्म) एक समान गुण संज्ञक नहीं ? परमेश्वर-परमात्मा अनन्त स्वरूप, सामर्थ्य, दिव्यदृष्टा, दिव्य शाश्वत सत्य रचेता, गुण कर्म स्वभाव वाला है। अत: वही कभी अविद्या और दु:ख बन्धनादि अनैतिक कार्य कर्मों में नहीं जा सकता है। परन्तु जन्मज मानव-जीव ज्ञान युक्त होकर भी पूर्णतया सम स्वरूप तथा अल्पज्ञ और सीमित-परिस्थिति गुणकर्म स्वभाव वाला रहता है तथा परमेश्वर परमब्रह्म के गुण-कर्म-स्वभाव तुल्य कभी नहीं हो सकता है अपितु मानव जीव परमेश्वर-परमात्मा ब्रह्म का ही अंशज अंश मात्र है।

● जीवन साधक - मिताहार ●

योग सिद्धि के चाहने वाले साधक को अल्पमात्रा में पौष्टिक तत्वों वाला भोजन करना चाहिए। मिताहार अथवा अल्पाहार एक दूसरे के पर्याय हैं। अत: अभ्यासपूर्वक अल्पाहारी बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। अल्पाहार से शरीर क्रियाशील बनता है तथा आलस्य-प्रमाद का पलायन सहज ही बन पाता है। साथ ही इस नियामक से जीवन में स्फूर्ति एवं उमंग-मनोत्साह का संचार भी बन पाता है। शुद्ध और हल्का आहार मन-चित्त शुद्धि और प्रसन्नता का मूल आधार है। विद्वानों का अभिकथन भी है कि "जैसा खावे अन्न वैसा बनता मन।" शुद्ध मधुर अल्प, स्निग्ध साधक ले आहार। बने उमंग स्फूर्ति घटे आलस्य विकार॥

सप्तवार कार्याऽकार्य विवेचना

१. **रविवार** - संगीत वाद्यादि-शिक्षा, स्वास्थ्य, विचार, औषधसेवन, मोटर, यान, सवारी, नौकरी, पशु खरीदी, हवन मंत्र, उपदेश शिक्षा, दीक्षा, अस्त्र, शस्त्र, वस्त्र धातु की खरीद व बेचान, वाद-विवाद, न्याय विषयक सलाह कार्य, नवीन कार्य पदग्रहण तथा राज्य प्रशासनिक कार्य, सेना संचालन आदि कार्य शुभ।

२. **सोमवार** - कृषि खेती यंत्र खरीदी, बीज बोना, बगीचा, फल, वृक्ष लगाना, वस्त्र तथा रत्न धारण, औषध क्रय-विक्रय, भ्रमण-यात्रा, कला-कार्य, स्त्री-प्रसंग, नवीन कार्य, अलंकार धारण, पशु पालन, वस्त्र भूषण क्रय-विक्रय हेतु शुभ।

३. **मंगलवार**- जासूसी कार्य, भेद लेना, ऋण देना, गवाही, चोरी, विष कार्य, असद् कार्य, अग्नि विषयक कार्य, सेना-संग्राम, युद्ध नीति-रीति, वाद-विवाद निर्णय, साहस कृत्य आदि कार्य शुभ, पर मंगल को ऋण लेना अशुभ है।

४. **बुधवार**- ऋण देना अहितकर तथा शिक्षा-दीक्षा विषयक कार्य, विद्यारम्भ, अध्ययन, चातुर्यकार्य, सेवावृत्ति, बही-खाता, हिसाब-विचार, शिल्प कार्य, निर्माण-कार्य, नोटिस देना, गृह-प्रवेश, राजनीति विचार, शालागमन शुभ हैं।

५. **गुरूवार** - ज्ञान-विज्ञान की शिक्षा, धर्म-न्याय विषयक कार्य, अनुष्ठान, साइंस, कानूनी व कला संकाय शिक्षा आरम्भ, ग्रह शान्ति, मांगलिक कार्य, नवीन पदग्रहण, वस्त्र आभूषण धारण, यात्रा, ट्रक-ट्रेक्टर, इंजन, मोटर, यान, चालन, औषध सेवन व निर्माण शुभ साथ ही शपथग्रहण शुभद।

६. **शुक्रवार** - सांसर्गिक काम, गुप्त विचार गोष्ठी, प्रेम-व्यवहार, मित्रता, वस्त्र, मणिरत्न धारण तथा निर्माण, अर्क, इत्र, नाटक, छाया-चित्र, फिल्म, संगीत आदि कार्य शुभ। भंडार भरना, खेती करना, हल प्रवाह, धान्यरोपण, आयु, ज्ञान, शिक्षा शुभ।

७. **शनिवार** - गृह प्रवेश व निर्माण, नौकर-चाकर रखना, धातु लोह, मशीनरी, कलपुर्जों के कार्य, गवाही, व्यापार विचार, वादविवादादि दुष्टकार्य, वाहन खरीदना, सेवा विषयक कार्य करना शुभ। परन्तु बीज बोना, कृषि खेती कार्य शुभ नहीं।

संकेत - इन सभी विचारों के अलावा 'समयशुद्धि' तथा अपनी जन्मराशि अनुसार चन्द्र चलन-कलन भी विचारें।

नक्षत्रसंज्ञा-फलविवेक

१. **ध्रुव स्थिर नक्षत्र** - तीनों उत्तरा, रोहिणी तथा रविवार, ध्रुव स्थिर संज्ञा के हैं। इनमें स्थिर कार्य, बीज बोना, गृहारम्भ, शान्तिकर्म, बाग-बगीचा, वृक्षारोपण, गायन, वादन, शिक्षा, मैत्री, संधिविचार, वस्त्राभूषण निर्माण व धारण करना शुभ, खेल, खिलाड़ी हेतु शुभद। मंत्रीपदीय व अन्य शपथग्रहण, स्थान ग्रहण शुभ।

२. **चर चल नक्षत्र** - स्वाति, पुनर्वसु, श्रवण, घनिष्ठा, शतभिषा तथा सोमवार। इनमें मोटर, ट्रक, टेक्टर, सायकल आदि विविधयानों का चलाना, यात्रा क्रय-विक्रय, दूकान खोलना, चित्रकारी, विद्या ज्ञान शुभ

३. **उग्र क्रूर नक्षत्र** - तीनों पूर्वा, भरणी, मघा तथा मंगलवार इनमें दुष्ट कार्य, तस्करी धन्धा, विष व शस्त्रकर्म शुभ हैं।

४. **मिश्र + साधारण नक्षत्र** - विशा, कृतिका नक्षत्र तथा बुधवार, इनमें मांगलिक कार्य, व्यापार, उपयोग शुभ तथा उग्र नक्षत्र कार्य भी कर सकते हैं।

५. **क्षिप्र लघु नक्षत्र** - हस्त, अश्विनी, पुष्य, अभि तथा गुरूवार इनमें चर + चल नक्षत्र में कहे कार्य भी शुभ।

६. **मृदु मैत्र नक्षत्र** - मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा तथा शुक्रवार इनमें ध्रुव + स्थिर नक्षत्र में कहे कार्य भी शुभ होते हैं।

७. **तीक्ष्ण दारूण नक्षत्र** - मूल, ज्येष्ठा, आर्द्रा, आश्लेषा तथा शनिवार इनमें उग्र + क्रूर नक्षत्र विचार में बताये गये कार्य भी शुभ होते हैं।

कुयोगपरिहार

शुभाऽशुभ तिथिवार नक्षत्रादि योग जो कथित हैं, उनके स्थान, राशि, दिशा, दिन भेद से परिहार वचन शास्त्रों में वर्णित हैं उन्हें भी विचार लेना उचित है। क्योंकि मुहूर्त्त वेला शोधन में परिहार शास्त्र वचनों पर ध्यान देना युक्तियुक्त है। '**मध्याह्नात् परतः शुभम्**' वचन विशेष से भद्रा, व्यतिपात, वैधृति, जन्म नक्षत्रादि विविध दोष दोपहर बाद न्यून होते हैं तथा सर्वार्थ-अमृत सिद्धि-रवि योग भी कुयोग दोषसंघविनाशक हैं। इसी प्रकार और भी शास्त्रीय सूत्र-**उत्पाते यमघण्टे च काणे च क्रकचे तथा तिथौदग्धे च काले च प्राग्यामात् परतः शुभम्॥ क्रकचो मृत्यु योगाख्यो दिन दग्ध तथैव च। चन्द्रे शुभे क्षयं यान्ति वृक्षा वज्राहता इव॥ वारर्क्ष तिथियोगेषु यात्रामेव विवर्जयेत्। विवाहादीनि कुर्वीत गर्गादीनामिदं वचः॥** अभिप्राय यह कि शुभ चन्द्रबल गणनाप्रधान विषयक है। यह सूत्र रचना परिहार समादेशिक स्पष्ट है।

तिथिवारनक्षत्रादिषु शुभाऽशुभयोगाः कोष्टकम्

योग	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	क्रम
चर. क्रकच. दग्ध.	पू.भा. १२ ति. १२ ति.	भरणी ११ ११	आर्द्रा. १० ५	मघा. ९ ३	चित्रा ८ ६	ज्येष्ठा ७ ८	अभि. ६ ९	१ २ ३
मृत्युदा.	१ ६ ११	२ ७ १२	१ ६ ११	३ ८ १३	४ ९ १४	२ ७ १२	५ १० १५	४
सिद्धि	०	०	३ ८ १३	२ ७ १२	५ १० १५	१ ६ ११	४ ९ १४	५
उत्पात मृत्यु काण. सिद्धिः	विशा. अनु. ज्ये. मूल	पू.षा. उत्त.षा. अभि. श्रव.	धनि शत. पू.भा. उ.भा.	रेव. अश्वि. भर. कृति.	रोहि. मृग. आर्द्रा पुन.	पुष्य. अश्ले. मघा. पू.फा.	उ.फा. हस्त चित्रा स्वाति	६ ७ ८ ९
यमदष्ट्र.	मघा घनि.	मूल विशा.	कृति. रोहि.	पू.षा. पुन.	उत्तराषा. अश्वि.	रोहि. अनु.	श्रव. शत.	१०
यमघण्ट मूसल. दग्ध अमृ.सि.	मघा अभि. भरणी हस्त	विशा. पू.भा. चित्रा मृग.	आर्द्रा भर. उत्त.षा. अश्वि	मूल आर्द्रा घनि. अनु.	कृति. मघा उत्त.फा. पुष्य	रोहि. चित्रा ज्ये. रेव.	हस्त ज्येष्ठा रेवती रोहि.	११ १२ १३ १४

रवियोग - सूर्य के नक्षत्र चार से इष्ट दिन नक्षत्र संख्या ४, ९, ६, १०, १३, २० वीं हो तो ये रवियोग विविध प्रकार से दोषसंघविनाशक एवं कुयोगनाशक हैं।

कार्य विशेष में सिद्धि योगों का भी त्याग - गृहप्रवेशे यात्रायां विवाहे च यथाक्रमम्। भौमेऽश्विनीं शनौ ब्राह्मं गुरौ पुष्यं विवर्जयेत्॥ भावार्थ - गृह प्रवेश में मंगल अश्विनी तथा शनि रोहिणी योग यात्रा में तथा गुरूपुष्य योग विवाह में मान्य नहीं। यह वचन मुहूर्त्तचिन्तामणिः अंतर्गत स्पष्ट उल्लेखित है।

गुरू-शुक्र अस्त-परिहार- आवश्यकेषु कार्येषु राज्ञां तत्कर्मकारिणाम्। विवाहीदीनि कुर्वीत मोढ्येऽपि गुरूशुक्रयोः॥ दुर्भिक्षे राष्ट्रभंगे वा पित्रोर्वा प्राण संशये। प्रोढायामपि कन्यायां प्रतिकूलं न दूष्यति॥ भावार्थ यह कि अति आवश्यकता, दुर्भिक्ष, संकटकाल, देशविपत्ति आदि स्थिति विशेष में राजनायक-राजकर्मचारी तथा समगतिक-आतुर व्यक्ति गुरू शुक्र अस्त कालांश में भी कार्य निर्वाह करें, ऐसा परिहार वचन प्रतीत होता है। तथा च - नित्ययाने गृहे जीर्णे प्राशने परिधानके। वधू प्रवेशे मांगल्ये न मोढ्य गुरूशुक्रयोः॥ नष्टेशुक्रे तथा जीवे सिंहस्थे च बृहस्पतौ कार्या चैव स्वदेव्यऽर्चा प्रत्यब्दं कुलधर्मतः॥ दैनिक यात्रा, जीर्ण गृह निर्माण, नवीन वस्त्र धारण, प्रतिवार्षिक व्रतोत्सव कुलदेवी पूजा, अन्नप्राशन आदि में भी गुरू शुक्रास्त समय निषेध नहीं।

✦ विविध ग्रहसंज्ञा विवेक ✦

नवग्रहों का भाग्योदयकालांश - रवि का २२ से २४ वर्ष तक। चन्द्र का २४ से २५ वर्ष तक। मंगल का २८ से ३२ वर्ष तक। बुध का ३२ से ३६ वर्ष तक। गुरू का १६ से २२ वर्ष तक। शुक्र का २५ से २८ वर्ष तक। शनि का ३६ से ४२ वर्ष तक तथा राहु ४२ से ४८ वर्ष तक और केतु ४८ से ५४ वर्ष तक प्रारब्ध विकासक कालांश

ग्रहाणां धात्वादि - सूर्य-अस्थि, चन्द्र-रूधिर, भौम-मज्जा एवं मांस बुध-चमड़ी, गुरू-चर्बी, शुक्र-वीर्य, शनि-राहु-केतु नसों के अधिपति हैं। इनकी विषम नेष्ट स्थिति में इन धातुओं की कमी एवं रोग तथा शुभ सबल स्थिति में इन धातुओं का सौख्य प्रभावशील बनना स्पष्ट है।

ग्रहाणां नैसर्गिक प्रतिफलं -
● सूर्य-पिता, आत्मा, प्रताप, आरोग्य, शक्ति, लक्ष्मी। ● चन्द्र-मन, बुद्धि, उत्तम सोसायटी, माता, धन का कारक। ● मंगल-पराक्रम, रोग, गुण, भाई, भूमि, जाति, शत्रु, शासक। ● बुध-विद्या, बंधु, विवेक, मामा, मित्र, वाणी-वचन। ● गुरू-बुद्धि, शरीर, पुष्टि, पुत्र और ज्ञान का प्रदायक है। ● शुक्र-स्त्री सुख, वाहन, भूषण, काम, श्रृंगार, व्यापार सुख। ● शनि-आयु, जीवन, मृत्यु, सुख, दु:ख कारक आदि उपलक्षक।

ग्रहाणां मौलिकतत्व - रवि, मंगल-तेजतत्व, चन्द्र, शुक्र - जलतत्व। बुध-पृथ्वी तत्व। गुरू-आकाशतत्व। शनि-वायुतत्व। राहु जल - वायुतत्व। केतु आकाश - तेजतत्व के गुणधर्म से योगवाही है।

अथ द्वादश भाव फल विबोधक यंत्रम्

फलित अन्वेषण के समय किस भाव से क्या क्या विचार होना चाहिए इस हेतु सुलभ कोष्ठ प्रस्तुत है। साथ ही ग्रह + राशि + कारक + नेष्ट ग्रहों के स्थान व भाव संज्ञा एवं विशेष प्रभावी स्थान भी स्थापित किये गये हैं। निर्णयसागर पंचांग-नीमच

प्रथम भाव - शरीर, वर्ण, आकृति, बुद्धि लक्षण, यश, मान, गुणत्व, विवेकशक्ति, सुख-दु:ख, प्रवास, तेज, जन जीवनीय विवेक, प्रारब्ध योग, जिज्ञासा, मस्तिष्क, स्वभाव, प्रतिष्ठा, आयु, शरीर चिह्न, व्रणादि, निद्रा, दादी, स्त्री का दादा। सूर्यकारक मिथुन, कन्या, तुला, कुम्भ बलवान राशि। भाव संज्ञा-केन्द्र संज्ञक।

द्वितीय भाव - धन, विवेक, दाहिना नेत्र, परिवार, कुटुम्ब सुख, स्वर विचार, गुणज्ञता, वचन-वाणी, विद्या, भोजन, सौन्दर्य, यात्रा, सुवर्णरत्नादि कोष, लक्षाधिपति तथा विपुल धन सम्पदा। गुरूकारक मंगल नेष्ट। भाव पणफर। खान पीन अभिरूचि तथा आकस्मिक धन लाभ-लॉटरी आदि पक्ष।

तृतीय भाव - बहन भाई, मूल अभिरूचि, पराक्रम, साहस, हाथ, कान, महत्वाकांक्षा, नौकर, सुख-दु:ख, हस्ताक्षर, मित्रता, रहन-सहन, वृत्ति, धैर्य, दत्तक, उद्योग, यश, अपयश, माता पिता, मरण, खांसी, दमा, औषध ज्ञान। मंगल कारक पाप ग्रह बली। भाव संज्ञा - आपोक्लिम, उपचय।

चतुर्थ भाव - विद्या विचार, मातृ सुख-दु:ख, पशुपालन, कृषि कर्म, जमीन, जायदाद, नव-निर्माण, मनोवृत्ति, मानसिक सुख दु:ख, गृह सुख, उपभोग, रहन-सहन, हृदय का साहस, जीवनीय उन्नति, कार्य प्रसाधन क्षमता, पूर्वार्जित विविध सुख, ऐश्वर्य, कीर्ति, वाहन सवारी योग। चन्द्र + बुधकारक बुध नेष्ट। भाव संज्ञा केन्द्र

पंचम भाव - बुद्धि, सन्तान, विवेक, देव भक्ति, विद्या योग, यांत्रिक विद्या, शास्त्रनिपुणता, सट्टा, लॉटरी, राजनीति, प्रतिभा, वाक्पटुता, साहित्य योग, लेखन कुशलता, मंत्र यंत्र शक्ति, सन्तान सुख-दु:ख, गर्भधारणा शक्ति। गुरूकारक गुरू एकमात्र विफल। भावसंज्ञा त्रिकोण-पणफर विशेष प्रेम विवाह

षष्ठ भाव - रोग, शत्रु, व्यसन, चोट, घाव, संसर्गिक रोग, मामा का पक्ष, नुकसानी, चोरी भय, हानि, स्वजन विरोध, काका, मामा, कारागार-जेल यातना, कमर, पैर, धोखा, मन:स्ताप, रकम अवरोध-विवाद शनि + मंगलकारक शुक्र नेष्ट। भाव त्रिक।

सप्तम भाव - पत्नी का रूप, रंग, गुण, स्वभाव, स्त्री सुखादि, लाभ-हानि, व्यापार-व्यवसाय, सुरत, काम कला, व्याभिचार, विवाह, न्यायालय, विवेक, व्यापार, क्रिया + गुप्त रोग विकार, मूत्राशय स्थान, अण्डकोष, साझेदारी, लिंग, योनि, भतीजा पक्ष, गुमा हुआ धन लाभ, मुकदमे, स्वतंत्र कार्य, अर्शरोग। शुक्रकारक शनि नेष्ट। भाव संज्ञा केन्द्र

अष्टम भाव - रिश्वत, भूगत द्रव्य, लॉटरी आदि से आकस्मिक धन लाभ, जलयात्रा, ससुराल से लाभ, चिन्ता, शत्रु, गुप्तरोग विकार, स्त्री लाभ, सर्पादि दंश, आयुष्य, आत्मघात, व्यसन, विदेश यात्रा योग ऋणत्व, संकट। शनिकारक। भाव-त्रिक्

नवम भाव - जल यात्रा, विदेश वायु यात्रा, धर्म, पाप, पुण्य आदि का विवेक। उदारता, दान, दैविक शक्ति। यंत्र मंत्र साधना, पर्यटन, पौत्र सुख, शील, संतोष, सम्पन्नता योग, भाग्य विकास, अधिकार मान। उच्च शिक्षा सूर्य + गुरू कारक। त्रिकोण का सर्व क्षेत्रीय विचार। भाव-त्रिकोण

दशम भाव - पिता का रूप रंग वृत्ति एवं पात्रता, गुण, स्वभाव, आयु, उत्कर्ष, मान सम्मान, उच्च पद, राजयोग, सत्ता, अधिकार, नौकरी, स्वतंत्र व्यापार, धंधा, पिता का सुख, कर्मसिद्धि, मान हानि, जन जीवनीय स्तर, अनुशासन, पद लाभ। राजमान्यता, परीक्षोत्तीर्ण, वैभव उपजीविका। मंगल योगद गुरू, सूर्य, बुध, शनिकारक। भाव-केन्द्र।

एकादश भाव - सम्पूर्ण धनागमन लॉटरी लाभ आदि का विचार, मित्र सुख, भाई जंवाई, समाज में श्रेष्ठता, वाहन, सवारी का लाभ, सुख, प्रॉपर्टी योग, मंगल कृत्य, मशीनरी कार्य, मेलमिलाप क्रिया कुशलता। आकस्मिक लाभ, आभूषण योग। गुरूकारक। भाव-पणफर उपचय।

द्वादश भाव - वाम नेत्र, दूर यात्रा का विचार, व्यसन, दुराचरण, कारावास, दण्ड, गुप्त शत्रु, अपव्यय, ऋण, अपघात, कलह, अच्छा-बुरा व्यय विचार, मुकदमा, शत्रुत्व, द्रव्य हानि, अपयश। शनिकारक। भाव-त्रिक आपोक्लिम। विदेश यात्रा स्थान परिवर्तन

✦ ग्रह परिहार विवेक ✦

ग्रहों के दोष शामक ग्रह - राहु का दोषनाशक बुध, राहु व बुध का दोषनाशक शनि और राहु बुध, शनि इन तीनों का दोषनाशक मंगल तथा राहु, बुध, शनि, मंगल इन चारों का दोषनाशक शुक्र है। शु.रा.बु.श. मंगल इन पांचों का दोषनाशक गुरू है। रा.मं.बु.गु. श.शु. इन ६ के दोष निवारण में चन्द्र तथा सभी ग्रहों का दोष नाश सूर्य के बलवान होनें पर समझें।

ग्रहाणां विफलत्वयोग- सूर्य के साथ चन्द्र, लग्न से चतुर्थ बुध, पांचवे भाग में गुरू, द्वितीय मंगल, छठे शुक्र, सातवें शनि हो तो विफल योग, अर्थात् मौलिक फल के नाशक हैं।

ग्रहाणां फलकाल - सूर्य + मंगल आदि में शनि तथा चन्द्र मध्य में, गुरू तथा शुक्र अन्त्य में तथा बुध सर्वदा शुभाऽशुभ फल के प्रतिकारक।

ग्रहों के अस्तकालांश- (उपकरण-सूर्य + चन्द्रान्तरम्) चन्द्र २, मंगल १७, बुध १३, गुरू ११, शुक्र ९, शनि १५ अंशान्तर कालांश से अस्तगत माध्यमिक स्थूल नियम से समझना चाहिये

ग्रहाणां भोग राशि - सूर्य बुध शुक्र १ मास, मंगल १॥ मास, शनि २॥ वर्ष, गुरू १ वर्ष, राहु १॥ वर्ष, १ राशि में मौलिक स्थूल नियम से गतिशील हैं तथा वक्र व अतिचार स्थिति बनने पर यह नियामक स्पष्ट गणना का नहीं। इसी प्रकार अस्त कालांश गणना हेतु भी नियम समझना चाहिये।

✿ **श्रीशिवपार्वतीसम्वादे सामुद्रिके हस्तरेखा शुभाऽशुभ फलं लिख्यते** ✿ **अथातः संप्रवक्ष्यामि हस्तरेखाविचारणम् । दक्षिणे पुरूषं ज्ञेयं वामे वामाकरं शुभं ॥ शिवोक्तं तत्र सामुद्रं हस्तरेखा शुभाऽशुभं । यस्य विज्ञानमात्रेण पुरूषो नहि शोचति ॥ यस्य मीनसमारेखा कर्म सिद्धिश्च जायते । धनाढ्यस्तु स विज्ञेयो बहुपुत्रो न संशयः ॥ तुला ग्रामं तथा वज्रं करमध्ये च दृश्यते । तस्यवाणिज्य सिद्धिः स्यात्पुरूषस्य न संशयः ॥ पद्मचापादि खडगं च अष्टकोणादि दृश्यते । स्त्रियाश्च पुरूषस्यापि धन्वान्सः सुखी नरः ॥ त्रिशूलं करमध्ये तु तेन मंत्री प्रवर्त्तते । यज्ञे धर्मे च दाने च देवद्विजप्रपूजकः ॥ शक्तितोमरबाणैश्च करमध्ये च दृश्यते । रथ चक्र ध्वजाकारौ स च शासनं लभेन्नरः ॥ अंकुशं कुण्डलं चक्रं यस्यपाणितले भवेत् । तस्य शासन महाश्रेष्ठं सामुद्रं वचनं यथा ॥ गिरिकंकण योनीनां नर मुण्डघटादिकं । करे वै यस्य चिन्हानि राजमंत्री भवेन्नरः ॥ रविचन्द्र लता नैत्र अष्टकोण त्रिकोणकम् । मंदिरस्य गजाश्वानां चिन्हे धनसुखीनरः ॥ अंगुष्ठोदरमध्यस्थो यवो यस्य विराजते । उत्पन्न भक्ष भोगीस्यात् स नरः सुखमेधते ॥ मध्यातर्जनीमूले यवो यस्य प्रदृश्यते । धनवान सुखभोगी स्यात्स्वस्वदारगृहादिषु ॥** ● **हस्त सामुद्रिक शास्त्र महिमा-गरिमा सूत्रम् - उन्मानमानगतिसंहतिसारवर्ण स्नेहस्वरप्रकृतिसत्वमनूक्रमादौ । क्षेत्रं मृजां च विधिवत कुशलोऽवलोक्य सामुद्रविद्धवति यातमनागतं वा ॥ इति सामुद्रिकं सूत्रं सुविख्याते पंचांगनिर्णयसागरे नीमच नगरस्थे ॥** ♣♣♣



♣ **ललाट मस्तिष्क रेखा विवेक -** ललाटे लिखितं धात्रा रेखा चिह्नं शुभाऽशुभम् यद ज्ञात्वापुरूषो लोके त्रिकालज्ञो भवेद् ध्रुवम् ॥ हस्तेरेखा प्रतिफल कथन सूत्र - **नैसर्गिकं कालजं च चिह्नं नैमेत्तिकं तथा कालदेशानुमानेन ज्ञात्वा फलमुदीरयेत् ॥** ललाट में स्वच्छ सरल सीधी पूर्ण स्पष्ट रेखा होने से मनुष्य सुखी और दीर्घायु होता है। छिन्न भिन्न रेखा से दु:खी और अल्पायु होता है। ललाट में खड़ी रेखा, त्रिशूल, स्वास्तिक आदि आकार की रेखाओं के होने से धन-पुत्र-स्त्री, सुख सुविधा से जीवन क्रम चलता है। जिस जातक के ललाट में एक भी रेखा नहीं होवे वो वह जीव धनवान, दीर्घजीवी तथा सुखी होता है। जिसका ललाट संकीर्ण होगा वह कृपण तथा दुर्जन प्रकृति का रहेगा, एवमेव उन्नत ललाट वाला दयालु व उदार मनोवृत्ति का बनेगा। जिस स्त्री का ललाट उन्नत नेत्र नील कमल सदृश तथा नासिका से कर्ण तक भोहें द्वितीया के चन्द्र तुल्य टेढी और चौडी तथा परस्पर मिली न हो तो यह लक्षण स्त्री हेतु सुख-सौभाग्य वर्धक है। जिस पुरूष के ललाट पर सीधी-सरल लम्बी ३ रेखा हो वह भाग्यवान, विचारक तथा मान प्रतिष्ठा वाला होगा। जिसके टुकडे टुकडे में उपर नीचे छिन्न-भिन्न रेखा चिन्ह वह निर्दयी, कठोर घाती, हठी-दुराग्रही, क्रूर स्वभाव का जाने। जिस जातक के ललाट पर उपर नीचे सीधी रेखा तथा मध्य भाग में सर्पाकार गति की रेखा हो वह प्रतापी धनी परन्तु मध्यायु वाला होवे। जिसके ललाट पर तीन रेखा सर्पाकार गति की हो उसे जलाघात जल में डूबने का कुयोग। जिसके ललाट पर ऊपर १ सीधी रेखा फिर २ भाग के समान २ रेखा फिर नीचे २ छोटी रेखा चिन्ह होने से विचारक मेधावी विद्वान अन्वेषक-चतुर-शान्त-धीर प्रकृति, अनेक गुणों से युक्त परन्तु आयु तथा धन सम्पदा से न्यूनता। जिसके ललाट पर उपर नीचे सर्पाकार गति की लम्बी रेखा तथा मध्य में सरल सीधी रेखा होवे एवं भाल विशाल हो तो सद्गुणों से युक्त विद्वान, सुखी, धनी स्त्री पुत्रादि से युक्त प्रतापी तथा दीर्घायु होवें। जिस स्त्री के ललाट पर उपर की रेखा से बडी दूसरी रेखा, इससे बडी तीसरी रेखा सीधी सरल हो तथा वाम कपोल पर दाल के समान तिल हो तो वह सौभाग्यवती व धन सम्पदाशील होवे। जिस स्त्री के ललाट पर छिन्न भिन्न रेखाएं हों तथा नासिका के अग्रभाग पर तिल या कालामसा वह दुर्भाग्य सूचक है। ♣ **शरीर अंग भाग प्रतिफल** ♣ मनुष्य की दोनों भौहें मिलकर एक हो जाए अथवा भौहें नहीं हो तो वह धन सम्पदा से चिन्तित बने। टेढी भौहें हों तथा दीर्घ हो तो भाग्य वैभव विकास प्रदायक। काले नैत्र धन सम्पदा सूचक, पीले वर्ण के माता-पिता पर प्रभारी, सफेद हो तो कभी हानि कमी लाभ, चित्र विचित्र होने से दुर्जन-सूचक। ♣ **विशेष फलाशय सूत्र** ♣ सबसे छोटी अंगुली को कनिष्ठा, इसके पास वाली को अनामिका (शुभ एवं देव कार्य संज्ञक) कहते हैं। इससे अग्रिम अंगुली को दीर्घा या मध्यमा सबसे बड़ी। तथा इसके आगे वाली अंगुली तर्जनी संज्ञक व इससे आगे अंगुष्ठ अंगुली रहती है। अनामिका मूल भाग से जो रेखा उठती है, उसे पुण्य रेखा समझें, इस रेखा वश जीव धर्मात्मा, मानवसेवी, विचारक तथा जनसेवा युक्त होता है। मध्या अंगुली के मूल से मणिबन्ध (करतल से बाहर की २-३ रेखा) तक गयी बनी रेखा उर्ध्व रेखा वा भाग्य रेखा होती है। इसके प्रभाव से सांसारिक विविध सुख सुविधा उपभोग वैभव मानद जीवन का योग समझें। अंगुष्ठ मध्य में यव (जौ) समान चिह्न होने से मनुष्य यशस्वी व अपने कुल का भूषण विशेष सुख सुविधायुक्त तथा विनम्र मधुर भाषी होता है। करतल मध्य का तिल लक्ष्मीवान सूचक, पैर के तलवे में तिल वाहन सुख प्रदाता व राजयोग प्रदायक। मणिबन्ध से शनि पर्वत तक जाने वाली रेखा भाग्य रेखा एवमेव चन्द्र स्थान से चलकर शनि पर्वत गामिनी रेखा चन्द्र रेखा वा भाग्य रेखा कहलाती है। इन दोनों रेखा के जीव यश धन सम्पदा युक्त व विविध वैभव के उपभोक्ता बनते हैं। मणिबन्ध में प्राय: तीन रेखा होती है, तीन से अधिक होने पर दुर्भाग्य सूचक तथा अंगुष्ठ मूल से लगी प्रथम मणिबन्ध संज्ञक रेखा धन सम्पदा की, मध्य वाली ज्ञान विज्ञान गुणज्ञता की सूचक, तथा हाथ से लगी अन्तिम तीसरी मणिबन्धरेखा भक्ति भावना-यश पुण्य पराक्रम सूचक। ये ३ रेखा स्वच्छ सरल होने से उपर्युक्त ३ रेखा फल सहज प्राप्त होता है। कनिष्ठा अंगुली मूल की रेखा स्त्री सुख विषयक तथा अंगुष्ठमूल की रेखा सन्तति सुख विषयक। कनिष्ठा से तर्जनी तक आयु रेखा। चन्द्रपर्वत से अंगुष्ठ तक मातृरेखा एवं अंगुष्ठ मूल से अंगुष्ठ पर्यन्त पितृ वा आयु रेखा। यह प्रतिफल निज अनुभवाऽगत व्यक्त किया है।

नवग्रह यंत्र विधान सुरचना

बृहददैवज्ञरंजन निबन्धग्रन्थमतानुगते स्पष्टता

वनं समाश्रिता येऽपि निर्ममा निष्परिग्रहाः। अपि ते परिपृच्छन्ति ज्योतिषां गति कोविदम् ॥ इस भूलोक-मृत्युलोक में सभी चर-अचर, जड़-चेतन, मूर्त्त-अमूर्त्त तत्व नवग्रह जनित सम-विषम, पोषक-शोषक, रश्मि विकरण-प्रस्तार, प्रभामण्डल जनित प्रक्रिया से शुभाऽशुभ सुखदु:खादि फल प्राप्त करते ही हैं। विषम प्रतिफल जनित विकार निवारण हेतु शास्त्रीय मनीषियों द्वारा विविध व्रत उपवास, अनुष्ठान, पाठ पूजा जप आदि सत्कर्म उल्लेखित किये गये इसी क्रमानुगत अरिष्ट निवारक नवग्रह यंत्र लेखन-धारण विधान भी शास्त्रों में वर्णित है। सर्वजन सुलभता हेतु निर्माण एवं धारण प्रक्रिया विधि -

● **सूर्ययंत्र** - किसी मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम रविवार अथवा रविपुष्य के दिन सूर्योदय उपरान्त भोजपत्र पर अनार की कलम से अष्टगन्ध की स्याही बनाते लिखें, धूप-दीप एवं सुगंधित लाल पुष्प अर्पित करके **ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं स: सूर्याय नम:** मंत्र उच्चारण सहित सात्विक मनस्थिति रखते धारण करना अथवा लिखना शास्त्र सम्मत हैं।

सूर्ययंत्र

६	१	८
७	५	३
२	९	४

● **चन्द्र यंत्र** - किसी मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार के दिन चन्द्रदर्शन उपरान्त भोजपत्र पर अनार या चांदी की कलम से अष्टगंध की स्याही से लिखें, धूप दीप एवं सफेद सुगंधित पुष्प प्रदान करके **ॐ श्रां श्रीं श्रौं स: चन्द्रमसे नम:** मंत्र उच्चारण सहित धारण करें अथवा लिखना समुचित सूत्र हैं।

चन्द्रयंत्र

७	२	९
८	६	४
३	१०	५

● **मंगल यंत्र** - किसी मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार को शुभादि चोघड़िया वेला समय में भोज पत्र पर अनार या ताम्बा की कलम से अष्टगंध स्याही से लिखें, धूप दीप एवं सुगंधित लाल पुष्प अर्पित करके **ॐ क्रां क्रीं क्रौं स: भौमाय नम:** मंत्र उच्चारण सहित धारण करें अथवा लिखें

मंगलयंत्र

८	३	१०
९	७	५
४	११	६

● **बुध यंत्र** - किसी मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार को शुभादि चोघड़िया वेला समय में भोज पत्र पर अनार की कलम से केशर की स्याही अथवा अष्टगंध स्याही से लिखे, धूपदीप एवं दूर्वा हरे मूंग अर्पित करके **ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं स: बुधाय नम:** मंत्र उच्चारण सहित धारण करें अथवा लिखें

बुधयंत्र

९	४	११
१०	८	६
५	१२	७

● **गुरूयंत्र** - किसी मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम गुरूवार को शुभादि चौघड़िया वेला समय में अथवा शुक्ल पक्षीय गुरू-पुष्य दिवस में भोजपत्र पर अनार की कलम से केशर की स्याही अथवा केशर चन्दन की स्याही से लिखें, धूप दीप एवं पीले रंग के पुष्प, केला फल, हल्दी अर्पित करके **ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं स: गुरवे नम:** मंत्र उच्चारण सहित धारण करें अथवा लिखें

गुरूयंत्र

१०	५	१२
११	९	७
६	१३	८

● **शुक्र यंत्र** - किसी मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम शुक्रवार को शुभादि चौघड़िया वेला समय में भोजपत्र पर अनार या चन्दन की कलम से अष्टगंध की स्याही से लिखें। धूप दीप एवं सुगंधित सफेद पुष्प अक्षत चाँवल गंगाजल अर्पित करके **ॐ द्रां द्रीं द्रौं स: शुक्राय नम:** बीज मत्र उच्चारण सहित धारण करें अथवा लिखें।

शुक्रयंत्र

११	६	१३
१२	१०	८
७	१४	९

● **शनि यंत्र** - किसी मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम शनिवार को सूर्यास्त से १ घन्टा पूर्व के समय में भोजपत्र पर अनार या काले घोडे की नाल से बनी कलम से अष्टगंध या गंध त्रय की स्याही से लिखें। धूप दीप एवं काला गुलाब पुष्प खेजड़े के पत्र पुष्प तथा सरसों अर्पित करके **ॐ प्रां प्रीं प्रौं स: शनये नम:** बीज मंत्र उच्चारण सहित धारण करें अथवा लिखें। **गंधत्रय स्याही वस्तु-सिन्दूर, हल्दी, कुंकुम।**

शनियंत्र

१२	७	१४
१३	११	९
८	१५	१०

● **राहु यंत्र** - किसी मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम शनिवार को रात्रि के प्रथम प्रहर सूर्यास्त बाद समय में भोजपत्र पर अनार की कलम से अष्टगंध या गंधत्रय की स्याही से लिखें। धूप दीप एवं कालागुलाब पुष्प, हरि दूब, भृंगराज पुष्प यथोचित अर्पित करके, कम्बल उनी आसन पर बैठकर **ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं स:** राहुवे नम: मंत्र उच्चारण सहित धारण करें अथवा लिखें। **सभी स्याही निर्माण में गंगाजल योग्य है।**

राहुयंत्र

१३	८	१५
१४	१२	१०
९	१६	११

● **केतु यंत्र** - किसी मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार या रविवार को सूर्यास्त बाद समय में भोज पत्र पर अनार की कलम से अष्टगंध या गंधत्रय की स्याही से लिखें। धूप दीप एवं काला गुलाब पुष्प, दर्भा, भृंगराज पुष्प यथोचित अर्पित करके, कम्बल उनी आसन पर बैठकर **ॐ स्रां स्रीं स्रौं स:** केतवे नम: मंत्र उच्चारण सहित धारण करें अथवा लिखें।

केतुयंत्र

१४	९	१६
१५	१३	११
१०	१७	१२

● **कतिपयसुविधासूत्राणि-यंत्रविषये** - सूर्य यंत्र को ताम्बा अथवा स्वर्णधातु ताबीज में अथवा लाल वस्त्र में धारण करें। इन धातु पत्र पर यंत्र अंकन किया जाकर भी स्थापित किया जा सकता है। चंद्रयंत्र चाँदी के ताबीज में तथा धातु पत्र चाँदी मान्य हैं। भौमयंत्र को सोना-ताम्बा के ताबीज में तथा धातु ताम्र -स्वर्ण पत्र मान्य हैं। बुध यंत्र को हरे रंग के वस्त्र अथवा स्वर्ण ताबीज में धारण करें। गुरू यंत्र को पीले रंग के वस्त्र अथवा स्वर्ण ताबीज में धारण करें। शुक्र यंत्र को सफेद रंग के वस्त्र अथवा चाँदी ताबीज में धारण करें। शनि-राहु-केतु आदि यंत्र को काले अथवा नीले रंग के वस्त्र अथवा स्वर्ण-रजत धातु ताबीज में धारण करें

● यंत्र धारण पक्ष में अभिकथन यह भी कि पुरूष वर्ग दाहिनी भुजा में तथा स्त्री वर्ग वाम भुजा में धारण करें। इन यंत्रों को स्वर्ण-रजत (चाँदी) ताम्बा के पत्र पर भी अंकित किया जा सकता है। तथा भुजा में धारण नहीं करें तो इन धातु पत्र पर अंकित कराकर यथाविधि धूप-दीप पुष्प-वस्त्रादि अर्पित करके यथोचित भवन कक्ष-व्यवसाय कक्ष पर भी स्थापित कर सकते हैं। **विशेष कथन** यह भी कि अष्टगंध गंधत्रय की स्याही के अभाव में सूर्य-मंगल के यंत्र लेखन में लाल चन्दन की स्याही बनाते तथा शुक्र-चन्द्रादिक यंत्र लेखन हेतु सफेद चन्दन की स्याही तथा बुध यंत्र को हरे रंग की स्याही से एवं गुरूयंत्र को चन्दन केशर स्याही बनाते तथा शनि-राहु-केतु यंत्र काली स्याही से लेखन भी समुचित परिहारक सूत्र हैं। **सामान्य अष्टगन्ध द्रव्य** कुंकुम, रक्त चन्दन, श्वेत चन्दन, कपूर, केशर, सिन्दूर, हल्दी तथा गंगाजल से मिश्रण क्रिया

❀ ग्रहजनित रश्मि प्रभाव - आभामण्डल ❀

ग्रह संचरित-रचित आभामण्डल वह माध्यम है, जिसमें से होकर उच्चतर शाश्वत सत्य अथवा यथार्थ से प्रतिक्रियात्मक उर्जाऐं गहन होकर भौतिक पंचतत्वीय देह में प्रविष्ट होती हैं। गर्भाधान जन्म समय से लेकर नवजात शिशु के कोषाणु ग्रहों की रश्मि-तरंगों को सहजभाविक ग्रहण कर लेते हैं। ये ग्रह जनित तीन ३ प्रभाव यथा-गुरुत्वाकर्षण प्रभाव-चुम्बकीय प्रभाव-विकिरण प्रभाव संज्ञा के हैं। किसी भी ग्रहजनित अनिष्ट विबाधा निवारण हेतु २ प्रकार के उपाय मान्य हैं। १ प्रथम लौकिक उपाय-इससे तात्पर्य यह कि आपके द्वारा किसी भी कार्य करने से पूर्व उसके समाधानपूर्ति हेतु 'वर्तमान' में उपलब्ध साधन-प्रसाधनों का विशुद्ध नीति रीति से उपयोग लेना। अपने कर्म सत्कर्म एवं सत्‌चिन्तन से जीवनधारा एवं धारणा में विपुल परिवर्तन बनना नैसर्गिक विषय हैं। २ द्वितीय शास्त्रीय उपाय से तात्पर्य उपासना-अनुदान-रत्नधारण-मंत्रजाप-स्तोत्र कवचादि के पाठ अनुष्ठान एवं व्रत तथा दानादि। इन दोनों प्रकार के प्रसाधन नियामक का ध्यान रखते ही समाधान होगा।

● **शनि पीड़ा निवारण स्तुति** ● ध्वाजिनी धामिनी चैव कंकाली कलह प्रिया। अजा महिष मातंगी शनेभार्या प्रकीर्त्तिता॥ एतासां शनिर्भायाणां प्रातरूत्थाय य: पठेत्। शनैश्चर कृतापीड़ा विनश्यति न संशय:॥ इस प्रकार की स्तुति से शनिजनित आदि-व्याधि नष्ट होती है

नवग्रह शान्ति

सबीज मंत्रादि-सूत्र रचना

(१) सूर्य वैदिक मंत्र - ॐ आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतम्मर्त्यंञ्च हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन् ॥

सूर्य गायत्री-आदित्याय विद्महे प्रभाकराय धीमहि तन्नः सूर्यः प्रचोदयात् ॥

एकाक्षरीबीजमन्त्र - ॐ घृणिः सूर्याय नमः।

तान्त्रिकसूर्यमन्त्र - ॐ ह्रां, ह्रीं, ह्रौं सः सूर्याय नमः

जप संख्या - ७००० सप्तसहस्राणि

ग्रहाणामादिरादित्यो लोकलक्षणकारकः।

विषमस्थानसम्भूतां पीड़ां दहतु मे रविः ॥

(२) चंद्रवैदिकमंत्र - ॐ इमन्देवाऽअसपत्नं सुवध्वं - महते क्षत्राय महते ज्यैष्ठाय्याय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय। इमममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विशऽएष वोऽमी राजा सोऽमोस्माकं ब्राह्मणानां राजा ॥

सोमगायत्री - ॐ अमृतांङ्गाय विद्महे कलारूपाय धीमहि तन्नः सोमः प्रचोदयात् ॥

एकाक्षरी बीजमंत्रः - ॐ सों सोमाय नमः।

तान्त्रिकमंत्र : - ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः।

जपसंख्या - ११००० एकादशसहस्राणि।

रोहिणीशः सुधामूर्तिः सुधागात्रो सुधाशनः।

विषमस्थानसम्भूतां पीड़ां दहतु मे विधुः ॥

(३) मंगलवैदिकमंत्रः - ॐ अग्निर्मूर्द्धादिवः ककुत्पतिःपृथिव्याऽअयम्। अपां रेतां सि जिन्वति ॥

भौमगायत्री - ॐ अङ्गारकाय विद्महे शक्ति हस्ताय धीमहि तन्नो भौमः प्रचोदयात् ॥

एकाक्षरीबीजमंत्रः - ॐ अं अंगारकाय नमः।

तान्त्रिक मन्त्रः - ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः।

जपसंख्या - १०००० दशसहस्राणि।

भूमिपुत्रो महातेजा जगतो भयकृत्सदा।

वृष्टिकृद-वृष्टिहर्ता च पीड़ां दहतु मे कुजः ॥

(४) बुधवैदिक मंत्रः - ॐ उदबुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहि त्वमिष्टापूर्त्ते स ठँ सृजेथामयं च अस्मिन्त्सधस्थेऽ अध्युत्तरस्मिन् विश्वे देवा यजमानश्च सीदत।

बुधगायत्री - ॐ सौम्य रूपाय विद्महे वाणेशाय धीमहि तन्नौ सौम्यः प्रचोदयात् ॥

एकाक्षरीबीजमंत्र - ॐ बुं बुधाय नमः।

तान्त्रिकबुधमंत्र - ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः।

जपसंख्या - ९००० नवसहस्राणि।

उत्पातरूपी जगतां चन्द्रपुत्रो महाद्युतिः।

सूर्यप्रियकरो विद्वान पीड़ा दहतु मे बुधः ॥

(५) गुरूवैदिकमन्त्रः - ॐ बृहस्पतेऽअति यदर्यो ऽअर्हाद्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु यद्दीदयच्छ वसऽऋतप्रजाततदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्।

गुरूगायत्री - ॐ आंङ्गिरसाय विद्महे दिव्यदेहाय धीमहि तन्नौः जीवः प्रचोदयात् ॥

एकाक्षरीबीजमंत्र - ॐ बृं बृहस्पतये नमः।

तान्त्रिकगुरूमन्त्रः- ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः।

जपसंख्या - १९००० एकोनविंशति सहस्राणि।

देवमंत्री विशालाक्षः सदा लोकहितेरतः।

अनेकशिष्यैः सम्पूर्णः पीड़ां दहतु मे गुरूः ॥

(६) शुक्रवैदिकमंत्रः:- ॐ अन्नात् परिस्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिवत्क्षत्रम्पयः सोमं प्रजापतिः। ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपान ठँशुक्रमंधसऽइन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतम्मधु ॥

शुक्रगायत्री - ॐ भृगुजाय विद्महे दिव्य देहाय धीमहि तन्नो शुक्रः प्रचोदयात् ॥

एकाक्षरीबीजमंत्रः - ॐ शुं शुक्राय नमः।

तान्त्रिकशुक्रमन्त्रः- ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः

जपसंख्या - १६००० षोड़शसहस्राणि।

दैत्यमन्त्री गुरूस्तेषां प्राणदश्च महाद्युतिः।

प्रभुस्ताराग्रहाणां च पीड़ा दहतु मे भृगुः ॥

(७) शनिवैदिक मंत्रः - ॐ शन्नो देवीरभिष्टऽआपो भवन्तुपीतये। शय्योरभिस्रवन्तु नः ॥

शनिगायत्री - ॐ भगभवाय विद्महे मृत्युपुरूषाय धीमहि तन्नौ शनिः प्रचोदयात् ॥

एकाक्षरीबीजमन्त्रः - ॐ शं शनैश्चराय नमः।

तांत्रिक शनिमंत्रः- ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः।

जपसंख्या - २३००० त्रयोविंशतिः सहस्राणि।

सूर्यपुत्रो दीर्घदेहो विशालाक्षः शिवप्रियः।

मन्दचारः प्रसन्नात्मा पीड़ां दहतु मे शनिः ॥

(८) राहुमन्त्र - ॐ कयानश्चित्रऽआभुवदूती सदा वृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता ॥

राहुगायत्री - ॐ शिरोरूपाय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो राहुः प्रचोदयात्।

एकाक्षरी बीजमन्त्र - ॐ रां राहवे नमः ॥

तान्त्रिकमन्त्र - ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः ॥

जपसंख्या - १८००० अष्टादशसहस्राणि

महाशीर्षो महावक्त्रो महाद्रंष्ट्रो महायशाः।

अतनुश्चोर्ध्व केशश्च पीड़ां दहतु मे तमः ॥

नाक्षत्रिक पंचक योग

मृतदाहकर्म, दक्षिण दिशा की यात्रा, पालना-शय्या-खाट का प्रयोग तथा मकान पर छत डालना आदि कार्य पंचकों में नहीं करें तथा अन्य विषयक कार्यों में पंचक दोषकारक नहीं होता

(९) केतुमन्त्रः - ॐ केतुं कृण्वन्न केतवे पेशो मर्य्याअपेशसे समुषद्भिरजायथाः।

केतु गायत्री - ॐ पद्मपुत्राय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नोः केतुः प्रचोदयात् ॥

एकाक्षरी बीजमन्त्र - ॐ कें केतवे नमः।

तान्त्रिक मन्त्र - ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः।

जपसंख्या - १७००० सप्तदशसहस्राणि।

अनेकरूपवर्णश्च शतशोऽथ सहस्रशः।

उत्पात रूपी घोरश्च पीड़ा दहतु मे शिखी ॥

घातचन्द्रविषये स्पष्टता

कार्यसिद्धि की यात्रा, उच्च वर्ग से सम्पर्क, न्यायालय-विवाद, मोटर-ट्रक, ट्रेक्टर, स्कूटर, साइकिल, गाड़ी आदि वाहन प्रयोग, रोगादि में घात चन्द्र देखें। परंतु विवाहोपनयन तथा अन्य सभी शुभ मांगलिक कार्य, तीर्थ-यात्रा प्रसंग में घात चन्द्र का विचार नहीं करें। यह मुहूर्त्तचिन्तामणि का अभिमत स्पष्टतया मान्य।

द्वादशराशितिथि, वार, मास, नक्षत्रादि स्त्रीणां सह घातचन्द्रचक्रम्

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि	धन	मकर	कुम्भ	मीन
मास	कार्तिक	मार्ग.	आषाढ	पौष	ज्येष्ठ	भाद्र	माघ	आश्वि.	श्रावण	वैशाख	चैत्र	फाल्गु.
तिथि	१-६-११	५-१०-१५	२-७-१२	२-७-१२	३-८-१३	५-१०-१५	४-९-१४	१-६-११	३-८-१३	४-९-१४	३-८-१३	५-१०-१५
वार	रवि	शनि	सोम	बुध	शनि	शनि	गुरू	शुक्र	शुक्र	मंगल	गुरू	शुक्र
नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनु.	मूल	श्रवण	शत.	रेवती	भरणी	रोहि.	आर्द्रा	आश्ले.
योग	विष्कुं.	शुक्ल	परिध	व्याधा	धृति	शूल	शूल	व्यती.	वरी.	वैधृति	गण्ड	वैधृति
करण	बव	शकुनि	चतु.	नाग	बव	कौल	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनि	किंस्तु	चतु.
लग्न	मेष	मिथुन	कन्या	मकर	वृष	सिंह	मीन	मिथुन	सिंह	वृश्चि.	मेष	कर्क
प्रहर	१ ला	४ था	३ रा	१ ला	१ ला	१ ला	४ था	१ ला	१ ला	४ था	३ रा	४ था
चं.पुरू.	मेष	कन्या	कुम्भ	सिंह	मकर	मिथुन	धनु	वृष	मीन	सिंह	धनु	कुम्भ
चं.स्त्री.	मेष	धनु	धनु	मीन	वृश्चि	वृश्चि	मीन	धनु	कन्या	वृश्चि	मिथुन	कुम्भ

बुध MERCURY

हरे मूँग. हरा वस्त्र. हरे रंग का फल. सुवर्ण. पन्ना, कांस्यपात्र. केसर-कस्तूरी. पंचरत्न. विविध पुष्प. कपूर. गजदन्त. शंख. घृत. मिश्री, दासी. शास्त्र-पुस्तक आदि का अनुदान।

ईशान्यांबाणाकार मण्डल, अंगुल ४. मगधदेशोद्भव, आत्रेय गोत्र, हरित वर्ण, बीज मंत्र - ॐ ऐं श्रीं श्रीं बुधाय नम: । जप संख्या ९००० सूर्योदय से ५ घटी पर्यन्त।



शुक्र VENUS

श्वेत छींट चित्र वस्त्र, सजावट-श्रृंगार वस्तु-युवा स्त्री सम्मान-तुलसी पूजा, सफेद घोड़ा. सवत्सा गाय. हीरा. श्वेत स्फटिक. सुवर्ण. रजत. चाँवल. सुगंध वस्तु. कपूर-श्वेत चन्दन अथवा पुष्प. घृत. शर्करा-मिश्री. दधि. गौशाला सेवा आदि का अनुदान।

पूर्वे पंचकोणमण्डल अंगुल ९ भोजकटदेशोद्भव भार्गव सगोत्र श्वेत वर्ण, बीज मंत्र - ॐ ह्रीं श्रीं शुक्राय नम: । जप संख्या १६००० सूर्योदय काल।



चंद्र MOON

वंशपात्र (टोकरी-टोकरा). चाँवल. कपूर. मोती, श्वेत वस्त्र. श्वेत चन्दन. श्वेत पुष्प. श्वेत वृषभ. रजत-चाँदी. शंख. घृतपूर्ण कुंभ. मिश्री-शर्करा. दुग्ध दधि. स्फटिक माला आदि का अनुदान।

आग्नेयां चुतुरस्त्रमण्डल अंगुल २४ यमुनातीरदेशोद्भव आत्रेय सगोत्र श्वेत वर्ण। बीज मंत्र-ॐ ऐं क्लीं सोमाय नम: । जप संख्या ११००० संध्याकाल



गुरु JUPITER

शर्करा, मधु. घृत, हल्दी, पीत अश्व. पीत वस्त्र, पीत धान्य, शास्त्र-पुस्तक, पुखराज, लवण, स्वर्ण. पीतपुष्प. केसर, पीतमुद्रा - मोहर कन्या भोजन, वयोवृद्ध जन की सेवा. भूमि तथा छत्रदान।


उत्तरे दीर्घचतुरस्त्रमण्डल अंगुल ६ सिन्धुदेशोद्भव, आंगिरसगोत्र, पीतवर्ण-बीज मंत्र - ॐ ऐं क्लीं बृहस्पतये नम: । जप संख्या १९००० संध्याकाल।



रवि SUN

माणिक्य. गेहूँ. सवत्सा धेनु. रक्तवस्त्र-पुष्प. गुड. केसर. स्वर्ण. ताम्र. रक्तचन्दन, रक्तकमल. भूमि भवन दान आदि।

मध्येवर्तुलमण्डल अंगुल १२ कलिंग देशोद्भव काश्यपगोत्र रक्तवर्ण बीजमंत्र - ॐ ह्रीं ह्रौं सूर्याय नम: । जप संख्या ७००० सूर्योदयकाल।



मंगल MARS

प्रवाल-मूंगा. गेहूँ. मसूर. लालवस्त्र - कनेरादिरक्त पुष्प. गुड़. ताम्रपात्र. रक्त चन्दन. केसर, रक्तवृषभ. भूमि आदि दान।

दक्षिणे त्रिकोणमण्डल अंगुल ३ अवंतिदेशोद्भव भारद्वाज गोत्र। रक्तवर्ण-बीजमंत्र - ॐ हूं श्रीं भौमाय नम: । जप संख्या १०००० सूर्योदय से १ घण्टा।



केतु KETU

वैदूर्य (लहसुनिया), तिल, कम्बल, कस्तूरी, शस्त्र, कालावस्त्र, काला पुष्प, सभी तैल, उड़द, कालीमिर्च. सप्तधान्य. बकरा. लौह धातु. छतरी. सीसा-रांगा आदि का अनुदान।

वायव्ये ध्वजाकारमण्डल अंगुल ६ अवन्तिदेशोद्भव जैमिनि गोत्र धूम्रवर्ण - बीजमंत्र - ॐ ह्रीं ऐं केतवे नम: । जप संख्या १७००० रात्रिकाल।



शनि SATURN

उड़द, तिल, सभी तैल, महिषी. लौह धातु, छतरी, श्याम धेनु, श्यामवस्त्र. नीलम, कुलथी, जूता-उपानह, स्वर्ण. कम्बल आदि का अनुदान।

पश्चिमे धनुषाकार मंडल अंगुल २ सौराष्ट्र देशोद्भव काश्यप गोत्र, कृष्णवर्ण-बीज मंत्र - ॐ ऐं ह्रीं श्रीं शनैश्चराय नम: । जप संख्या २३००० संध्या काल।



राहु RAHU

गेहूँ, उड़द, गोमेद, कालाघोड़ा. खड्ग, नीलवस्त्र, कम्बल. तिल. तैल. लौह धातु. सप्त धान्य. रत्न. अभ्रक. स्वर्ण आदि का अनुदान।

नैऋत्यां शूर्पाकारमण्डल अंगुल १२ राठीनादेशोद्भव पेठीनस गोत्र, धूम्रवर्ण - बीज मंत्र - ॐ ऐं ह्रीं राहवे नम: । जप संख्या १८००० रात्रिकाल।



भारत में सर्वाधिक प्रामाणिक बिक्री वाले इस पञ्चाङ्ग को लेते समय "निर्णयसागर पञ्चाङ्ग कार्यालय, नीमच" नाम अवश्य देखें।

निर्णयसागर पञ्चाङ्ग कार्यालय, नीमच छावनी













यह जोधपुरीय ♣ श्रीचण्डमार्त्तण्डनिर्णयसागरपञ्चाङ्ग ♣ नीमचनगरस्थ सुप्रसिद्ध ज्योतिर्विद् पण्डित श्रीयुत भवानीशंकररविशंकरात्मज वैद्य श्री आनन्दस्वरूप शास्त्री द्वारा अभिनव सुसंस्कारित ग्रहगणितानुसार शुद्धकर, विविधशास्त्रीय विषयों से अलंकृत, धर्मकृत्योपयोगी सर्वजनहितार्थ स्व निर्णयसागरपञ्चाङ्ग कार्यालय, नीमच छावनी (म.प्र.) से प्रकाशित किया।













Published, Printed & Prepared by Late Pt. Bhawani Shankar Ravishankar Sharma, Vaidya Anand Swaroop Shastri , Shobha Devi & Sons as
NIRNAY SAGAR PANCHANG KARYALAY, 503, Tilak Marg, Neemuch - 458441 (M.P.) Ph. : 9425974174, 07423-220520
Email us : nspkn1@gmail.com Message us : 8964098640 Search us : "Nirnay Sagar Panchang Prakashan"